आषाढ़ कृष्ण पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 1 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 311, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

रविंद्र जडेजा ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय को कहा अलविदा 15

सोनाक्षी की फिल्म ककुडा का दमदार पोस्टर रिलीज 16

31 अक्टूबर तक पुरानी पेंशन चुनने का विकल्प

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 30 जून 2025 से बंद कर दिए जाएंगे एनपीएस खाते

अमृत विचार : राज्य सरकार ने राज्य कर्मियों को पुरानी पेंशन चुनने का विकल्प इस साल 31 अक्टूबर तक दिया है। वित्त विभाग की ओर से शासनादेश जारी कर दिया गया है। राज्य सरकार ने पिछले दिनों कैबिनेट की बैठक में पुरानी पेंशन से जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इसके तहत उन राज्य कर्मियों को पुरानी पेंशन चुनने का विकल्प दिया है, जिनकी भर्ती प्रक्रिया के लिए विज्ञापन राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली की अधिसूचना की तारीख 28 मार्च 2005 से पहले दिए गए थे और उन्हें बाद में सेवा में नियुक्त किया गया।

शासनादेश के तहत विज्ञापन के सापेक्ष नियुक्ति के बाद एक अप्रैल 2005 या उसके बाद कार्यभार ग्रहण करने वाले कर्मचारी पुरानी पेंशन के दायरे में होंगे। यह प्रावधान कार्मिक, शासन के नियंत्रण वाली स्वायत्तशासी संस्थाओं और सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के कर्मियों व शिक्षकों पर लागू किया गया है। जो कर्मचारी पुरानी पेंशन स्कीम का विकल्प चुनेंगे, उनके एनपीएस खाते 30 जून 2025 से बंद कर दिए जाएंगे।

1 जुलाई से लागू होने जा रहे कई नए नियम, आम आदमी की जेब होगी प्रभावित

आज से ये होंगे बदलाव, जिनका आप पर होगा असर

नई दिल्ली, एजेंसी। जुलाई का महीना आर्थिक बदलावों से भरा होता है। इस बार भी 1 जुलाई से कई नए नियम लागू होने जा रहे हैं, जिनमें इनकम टैक्स रिटर्न, बैंकिंग नियमों में बदलाव और ईंधन कीमतों में संभावित बदलाव शामिल हैं। इसके अलावा भी जुलाई महीने में कई ऐसे नियम बदलने वाले हैं, जिसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ने वाला है। आइए जानते हैं, जुलाई में क्या-क्या बदलाव होने वाले हैं।

पेट्रोल-डीजल, एलपीजी की कीमतों में बदलाव संभव

1 जुलाई को सरकारी तेल कंपनियों की तरह से गैस सिलेंडर की नई कीमतें तय की जाएगी। बता दें कि हर महीने की पहली तारीख को गैस सिलेंडर की कीमतें तय की जाती हैं। बीते महीने 19 किग्रा के कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में 69 रुपये की कमी की गई थी। हालांकि, 14.2 किग्रा वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 803 रुपये ही है। वहीं, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव हो सकता है।

महंगे होंगे जियो, एयरटेल, वोडाफोन आइडिया के रिचार्ज प्लान

मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने अपने रिचार्ज प्लान महंगे कर दिए हैं। ये नए रिचार्ज प्लान 3 जुलाई से लागू होंगे। जियो का बेसिक प्लान 155 से बढ़ाकर 189 रुपये कर दिया गया है। इसी तरह एयरटेल और वोडाफोन आइडिया भी रिचार्ज प्लान के मूल्य में 15 से 20 प्रतिशत का इजाफा कर रही हैं।

वाहन खरीदना होगा महंगा

टाटा मोटर्स ने 1 जुलाई से अपने कॉमर्शियल वाहनों की कीमतों में 2 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। यह वृद्धि बढ़ती हुई सामानों की कीमतों को कवर करने के लिए की जा रही है। भारत की सबसे बड़ी वाहन बनाने वाली कंपनी टाटा मोटर्स ने मार्च में भी अपने कॉमर्शियल वाहनों की कीमतों में 2 प्रतिशत तक का इजाफा किया था। हीरो मोटोकॉर्प ने भी अपने चुनिंदा स्कूटर और मोटरसाइकिल मॉडल की कीमतों में 1 जुलाई से 1,500 रुपये तक की बढ़ोतरी करने की घोषणा की है।

क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट सिस्टम में बदलाव

1 जुलाई से ही क्रेडिट कार्ड पेमेंट से जुड़ा बड़ा बदलाव लागू होने जा रहा है। इसके बाद कुछ पेमेंट प्लेटफॉर्म के जरिए बिल पेमेंट में परेशानी पेश आ सकती है। इन प्लेटफॉर्म्स में क्रेड, फोनपे, बिलडेस्क जैसे कुछ फिनटेक शामिल हैं। आरबीआई के नए रेग्युलेशन के मुताबिक 1 जुलाई से सभी क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट भारत बिल पेमेंट सिस्टम यानी बीबीपीएस से किए जाने हैं।

3 साल से ट्रांजेक्शन नहीं तो पीएनबी बंद करेगा खाता

अगर आपका पीएनबी में खाता है और उसे सालों से इस्तेमाल नहीं किया है, तो 1 जुलाई से बंद हो सकता है। बैंक की ओर से कुछ समय से अलर्ट किया जा रहा है कि जिन खाते में 3 साल से कोई ट्रांजेक्शन नहीं हुआ है तो 1 जुलाई से ये बंद किए जा सकते हैं।

अब हत्यारों को धारा 101 में होगी सजा

ब्रिटिश काल के कानूनों का होगा खात्मा, आज से लागू होंगे तीन नए आपराधिक कानून

नई दिल्ली, एजेंसी

तीन नए आपराधिक कानून सोमवार यानी आज से देशभर में लागू हो जाएंगे, जिससे भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव आएंगे और औपनिवेशिक काल के कानूनों का अंत हो जाएगा। तीनों नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम कहे जाएंगे, जो क्रमशः भारतीय दंड संहिता (1860), आपराधिक प्रक्रिया संहिता (1898) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (1872) का स्थान लेंगे। अहम धाराओं में बदलाव हो जाएगा। मसलन, पहले किसी की हत्या करने वाला धारा 302 के तहत आरोपी बनाया जाता था। अब ऐसे अपराधियों को धारा 101 के तहत सजा मिलेगी।

बहरहाल, नए कानूनों से एक आधुनिक न्याय प्रणाली स्थापित होगी, जिसमें 'जीरो एफआईआर', पुलिस में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराना, 'एसएमएस' के जरिये समन भेजने जैसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यम और जघन्य अपराधों के वारदात स्थल की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रावधान होंगे। आपराधिक मामलों में फैसला मुकदमा पूरा होने के 45 दिन के भीतर आएगा और पहली सुनवाई के 60 दिन के भीतर आरोप तय होंगे। दुष्कर्म पीड़िताओं का बयान कोई महिला पुलिस अधिकारी उसके अभिभावक या रिश्तेदार की मौजूदगी में दर्ज करेगी और मेडिकल रिपोर्ट सात दिन के भीतर देनी होगी। नए कानूनों में संगठित अपराधों और आतंकवाद को परिभाषित किया गया है, राजद्रोह की जगह देशद्रोह लाया गया है। महिलाओं, पंद्रह वर्ष की आयु से कम उम्र के लोगों, 60 वर्ष की आयु से अधिक के लोगों तथा दिव्यांग या गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को थाने आने से छूट दी जाएगी। 12 दिसंबर 2023 को केंद्र सरकार ने लोकसभा में तीन संशोधित आपराधिक विधियकों को पेश किया था। इन विधेयकों को लोकसभा ने 20 दिसंबर, 2023 को और राज्यसभा ने 21 दिसंबर, 2023 को मंजूरी दी।

- ठग 420 नहीं 316 कहलाएंगे, हत्या के प्रयास में अब लगेगी धारा 109

आईपीसी में 511 धाराएं थी न्याय संहिता में 358

भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में 511 धाराएं थीं, लेकिन भारतीय न्याय संहिता में धाराएं 358 रह गई हैं। संशोधन के जरिए इसमें 20 नए अपराध शामिल किए गए हैं, तो 33 अपराधों में सजा अवधि बढ़ाई गई है। 83 अपराधों में जुर्माने की रकम भी बढ़ाई है। 23 अपराधों में अनिवार्य न्यूनतम सजा और छह अपराधों में सामुदायिक सेवा की सजा का प्रावधान किया गया है।

सीआरपीसी की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता

दंड प्रक्रिया संहिता यानी सीआरपीसी की जगह अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता ने ले ली है। सीआरपीसी की 484 धाराओं के बदले भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में 531 धाराएं हैं। नए कानून के तहत 177 प्रावधान बदले गए हैं, जबकि 9 नई धाराएं और 39 उपधाराएं जोड़ी हैं। 35 धाराओं में समय सीमा तय की गई है। वहीं, नए भारतीय साक्ष्य अधिनियम में 170 प्रावधान हैं। इससे पहले 167 प्रावधान थे। अब 24 प्रावधान बदले गए हैं।

बदलेगी आईपीसी की इन धाराओं की पहचान

जुर्म	आईपीसी	भारतीय न्याय संहिता
देशद्रोह	धारा 124	धारा 152
गैर-कानूनी सभा	धारा 144	धारा 189
हत्या	धारा 302	धारा 101
हत्या का प्रयास	धारा 307	धारा 109
दुष्कर्म	धारा 376	धारा 63
मानहानि	धारा 399	धारा 356
ठगी	धारा 420	धारा 316

तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता में क्या है?

	पुराना	नया
	भारतीय दण्ड संहिता, 1860	भारतीय न्याय संहिता, 2023
कुल धाराएं	511	356
संशोधित धाराएं		175
नई धाराएं		8
निरस्त धाराएं		22

मथुरा में पानी की टंकी ढही, 12 गंभीर

मथुरा (उप्र), एजेंसी

- डीएम और एसएसपी मौके पर पहुंचे, बचाव कार्य में कई विभागों की टीम लगी
- कृष्णा विहार कॉलोनी में बूंदाबांदी के बीच हुआ हादसा एनडीआरएफ बुलाई गई

मथुरा नगर में रविवार शाम आवासीय कॉलोनी में पानी की टंकी अचानक ढह गई, जिससे कई मकान टंकी की चपेट में आ गए। टंकी के मलबे में दबे होने से करीब 12 लोग गंभीर घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि घटना शाम छह बजे बीएसए डिग्री कॉलेज के पीछे उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद की ओर से विकसित कॉलोनी कृष्णा विहार की है जब सामान्य बूंदाबांदी के बीच पानी की टंकी अचानक ढह गई। टंकी की चपेट में आसपास के कई मकान आ गए, जिससे उनमें रहने वाले और गली में खेल रहे बच्चे टंकी और मकानों के मलबे में दब गए। जानकारी पर पहुंचीं पुलिस और दमकलकर्मियों की टीम ने अब तक 12 घायलों को मलबे से निकाला जा चुका है, जिनकी हालत बेहद गंभीर बताई है।

जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दमकलकर्मी और पुलिस के अलावा राजस्व, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग आदि की टीम बचाव कार्य में लगी हुई हैं।

तीन साल में ही ढह गई पानी की टंकी

जिलाधिकारी ने कहा कि पानी की टंकी का निर्माण 2021 में ही पूरा हुआ था। ऐसे में केवल तीन वर्ष में ही टंकी का इस प्रकार ढह जाना कई प्रकार के सवाल खड़े करता है, जिनकी जांच कराई जाएगी।

हालांकि इस घटना में अब तक किसी की भी मौत होने की जानकारी नहीं है। जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेष पांडेय सहित जिले के सभी आला अधिकारी मौके पर बचाव कार्य की निगरानी कर रहे हैं। राजस्व विभाग प्रभावित परिवारों को भोजन और रहने की सुविधा मुहैया कराने में जुटा है। जिलाधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम को भी बचाव कार्य के लिए बुलाया गया है, जिनके जल्द यहां पहुंचने की उम्मीद है।

एक नजर

एनआईए ने की राजौरी में कई स्थानों पर छापेमारी

नई दिल्ली। एनआईए ने रियासी आतंकवादी हमला मामले में रविवार को जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में कई स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि छापेमारी के दौरान विभिन्न वस्तुएं जब्त की गईं जिनसे आतंकवादियों और उनके सहयोगियों के बीच संबंधों का पता चलता है।

बिभव कुमार की याचिका पर आज आएगा फैसला

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार की उस याचिका की विचारणीयता के मुद्दे पर सोमवार को अपना फैसला सुनाएगा, जिसमें उसने आप सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री आवास पर कथित मारपीट के सिलसिले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी।

लोस चुनाव में लोगों ने लोकतांत्रिक व्यवस्था में दोहराया विश्वास

नई दिल्ली, एजेंसी

- तीसरे कार्यकाल के पहले 'मन की बात' में बोले प्रधानमंत्री मोदी
- चीयर 4 हैशटैग से बढ़ाएं ओलंपिक में अपने खिलाड़ियों का उत्साह

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार देश की कमान संभालने के बाद अपने पहले 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम में रविवार को कहा कि लोगों ने दुनिया के सबसे बड़े चुनाव में देश के संविधान और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपना अटूट विश्वास व्यक्त किया है। उन्होंने लोगों को धन्यवाद दिया और निर्वाचन आयोग तथा इस प्रक्रिया से जुड़े हर व्यक्ति को बधाई दी। आकाशवाणी के इस मासिक रेडियो कार्यक्रम के 30 मिनट के अपने संबोधन में पेरिस ओलंपिक, 'वोकल फोर लोकल' और भारतीय संस्कृति के दुनिया भर में बढ़ते प्रभाव सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और लोगों से उनका उत्साहवर्धन करने के लिए सोशल मीडिया पर 'चीयर 4 भारत' हैशटैग का उपयोग करने का आग्रह किया।

मोदी ने तुर्कमेनिस्तान में योग दिवस, राष्ट्रीय कवि गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर की जयंती मनाए जाने और कैरेबियाई देशों में भारतीय विरासत का जश्न मनाए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि आज दुनिया भर में भारतीय संस्कृति का गौरव गान हो रहा है, जिसकी हर देशवासी खुशी मना रहे हैं।

'वोकल फोर लोकल' कार्यक्रम का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि हमारे कई उत्पादों की दुनिया-भर में बहुत मांग है। उन्होंने कहा कि जब हम भारत के किसी स्थानीय उत्पाद को वैश्विक होते देखते हैं तो गर्व से भर जाना स्वाभाविक है।उन्होंने आंध्र प्रदेश के अराकू काफी, जम्मू एवं कश्मीर के पुलवामा के बर्फीले मटर और अन्य सब्जियों का जिक्र किया। कहा कि जम्मू एवं कश्मीर के लोगों की समृद्धि के लिए नए द्वार खोले हैं।

एक पेड़ मां के नाम पर

मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर इस साल आरंभ किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का उल्लेख किया और कहा कि हर कोई अपनी मां के लिए पेड़ लगा रहा है। चाहे वह अमीर हो या गरीब, चाहे वह कामकाजी महिलाएं हों या घरेलू। इस अभियान ने मां के प्रति स्नेह जताने का समान अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि मां के नाम पेड़ लगाने के अभियान से अपनी मां का सम्मान तो होगा ही, साथ ही धरती मां की भी रक्षा होगी।

मनोज सिंह ने संभाला मुख्य सचिव का पदभार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दुर्गाशंकर मिश्र को नहीं मिला चौथा सेवा विस्तार

अमृत विचार : 1988 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मनोज कुमार सिंह राज्य के नए मुख्य सचिव बनाए गए हैं। उन्होंने रविवार शाम को अपने पूर्ववर्ती दुर्गाशंकर मिश्र से लोकभवन में कार्यभार ग्रहण किया। दुर्गाशंकर मिश्र मुख्य सचिव पद से रविवार को सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने मनोज सिंह को चार्ज सौंपते हुए उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। इस बार केंद्र से दुर्गा शंकर मिश्र को चौथा सेवा विस्तार नहीं मिला, ऐसे में औद्योगिक विकास एवं कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह के मुख्य सचिव बनने का रास्ता साफ हुआ।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के साथ औद्योगिक विकास आयुक्त, अध्यक्ष पिकप और सीईओ यूपीईडा फिलहाल अभी बना रहेगा। वहीं, 1989 बैच के आईएएस देवेश चतुर्वेदी अब अपर मुख्य सचिव नियुक्ति के साथ कृषि, कृषि शिक्षा और कृषि उत्पादन आयुक्त की भी जिम्मेदारी संभालेंगे।

जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने थलसेना प्रमुख का पदभार संभाला

- मनोज पांडे का स्थान लिया, थलसेना के 30वें प्रमुख

नई दिल्ली। चीन और पाकिस्तान से सटी सीमाओं पर कार्य करने का व्यापक अनुभव रखने वाले जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को भारतीय थलसेना के 30वें प्रमुख के रूप में पदभार संभाल लिया। उन्होंने जनरल मनोज पांडे का स्थान लिया है। जनरल द्विवेदी ऐसे समय में सेना प्रमुख बने हैं जब भारत, चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) सहित अनेक सुरक्षा संबंधी चुनौतियों का सामना कर रहा है। वह उप सेना प्रमुख के रूप में भी काम कर चुके हैं। जनरल द्विवेदी ने जनरल मनोज पांडे का स्थान लिया है, जो थलसेना में चार दशक से अधिक की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं। सेना ने एक बयान में कहा कि जनरल द्विवेदी के पास अप्रत्याशित परिस्थितियों के लिए प्रभावी योजना बनाने और उसे क्रियान्वित करने का व्यापक अनुभव एवं शानदार ट्रैक रिकॉर्ड है।

केदारनाथ में फिर हिमस्खलन खाई में समाया बर्फ का गुबार

- चोराबाड़ी क्षेत्र की बर्फीली पहाड़ी पर आया था एवलांच

देहरादून। केदारनाथ मंदिर के पीछे की पहाड़ियों पर रविवार सुबह फिर हिमस्खलन हुआ। हालांकि इससे जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। चोराबाड़ी क्षेत्र की इस बर्फीली पहाड़ी पर अक्सर ऐसे हिमस्खलन (एवलांच) होते रहते हैं। केदारनाथ धाम के पीछे की पहाड़ी पर रविवार सुबह 5.46 बजे के आस-पास हिमस्ख्लन हुआ। पहाड़ी पर बर्फ का गुबार उड़ता दिखाई दिया। आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि रविवार सुबह केदारनाश मंदिर के पीछे की पहाड़ी पर हिमस्ख्लन हुआ। यहां बर्फ अधिक गिरने पर ऐसी घटनाएं होती रहती हैं।

हालांकि पर्यावरणविद् जगत सिंह जंगली ने कहा कि हिमालय क्षेत्र में लगातार हो रही इस प्रकार की घटनाओं पर सोचने की आवश्यकता है।

कांवड़ यात्रा हो या मोहर्रम जुलूस, सुरक्षा में न लगे सेंध

मुख्यमंत्री ने पर्वों के मद्देनजर अधिकारियों साथ की तैयारियों की समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ऐसी कोई घटना न हो, जिससे दूसरे धर्म के लोगों की भावनाएं आहत हों

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि, कांवड़ यात्रा हो या मोहर्रम का जुलूस, शरारती तत्व दूसरे सम्प्रदाय के लोगों को अनावश्यक उत्तेजित करने की कुत्सित कोशिश कर सकते हैं। ऐसे लोगों पर नजर रखें ताकि सुरक्षा में कोई सेंध न लगा पाए। कांवड़ शिविर लगाने वालों का सत्यापन करें। ताजिया वहीं रखे जाएं जहां विवाद न हो। धार्मिक यात्राओं, जुलूसों में अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन नहीं होना चाहिए। ऐसी कोई घटना न हो, जिससे दूसरे धर्म के लोगों की भावनाएं आहत हों।

मुख्यमंत्री ने कहा, अराजकतत्वों के साथ पूरी कठोरता से निपटा जाए। ड्रोन से भी निगरानी करें। पर्व-त्योहार में प्रशासन द्वारा आम जन को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। धार्मिक परंपरा, आस्था को सम्मान दें, लेकिन परंपरा के विरुद्ध कोई कार्य न हो। मुख्यमंत्री ने रविवार को अपने सरकारी आवास पर पर्व-त्योहारों के मद्देनजर कानून व्यवस्था और महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पुलिस कमिश्नरों, मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों व पुलिस कप्तानों की तैयारियों की समीक्षा की।

डीजे की आवाज तय सीमा में ही रहे

कांवड़ यात्रा की नजर से उत्तराखण्ड की सीमा से लगे जिले और गाजियाबाद, मेरठ, अयोध्या, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी, बाराबंकी, बस्ती आदि महत्वपूर्ण हैं। स्थानीय प्रशासन सीमावर्ती राज्यों से सतत संवाद-संपर्क-समन्वय बनाए रखें। कांवड़ यात्रा में डीजे, गीत-संगीत की आवाज तय सीमा में रहे। कांवड़ यात्रा मार्ग पर खुले में मांस आदि की बिक्री न हो।

ओवरसाइज ताजिया जुलूस में न शामिल हों

मोहर्रम जुलूस के दौरान निकलने वाली ताजिया से जुड़ी समितियों और पीस कमेटी के साथ स्थानीय प्रशासन द्वारा संवाद-समन्वय बनाया जाए। ताजिया की ऊंचाई परंपरा के अनुरूप ही हो। दुर्घटना का कारक बनने वाले अनावश्यक रूप से ओवरसाइज ताजिया जुलूस में न शामिल हों। मार्ग पर जर्जर बिजली के खंभे, झूलते-लटकते बिजली के तार आदि प्रबंधन समय से कर लिया जाए ताकि दुर्घटना की स्थिति न आए।

बिहार के बाद झारखंड में ढहा निर्माणाधीन पुल

गिरिडीह, एजेंसी

- रांची से 235 किमी दूर देवरी प्रखंड में हुआ हादसा
- गिरिडीह में अरगा नदी पर बनाया जा रहा था पुल

बिहार में गत 10 दिनों में 5 पुलों के गिरने के बाद अब झारखंड के गिरिडीह जिले में अरगा नदी पर निर्माणाधीन पुल का एक गर्डर भारी बारिश के कारण गिर गया और एक पिलर भी झुक गया। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि घटना झारखंड की राजधानी रांची से 235 किलोमीटर दूर देवरी प्रखंड में हुई। यह पुल डुबरीटोला और करिहरी गांव को जोड़ने के लिए फतेहपुर-भेलवाघाटी मार्ग पर बनाया जा रहा है। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

गिरिडीह से सड़क निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता विनय कुमार ने बताया कि पुल का निर्माण हो रहा है। शनिवार रात भारी बारिश से पुल का सिंगल-स्पैन गर्डर गिर गया और एक पिलर झुक गया है। ठेकेदार को उस हिस्से को दोबारा बनाने के लिए कहा गया है। हालांकि, उन्होंने पुल के निर्माण की लागत के बारे में नहीं बताया। सूत्रों ने बताया कि लगभग पांच करोड़ रुपये की लागत से पुल का निर्माण किया जा रहा है और यह झारखंड के गिरिडीह और बिहार के जमुई जिले को जोड़ेगा।

नाले-नालियां चोक, आधे घंटे की बारिश में नहर बना हाईवे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) हाईवे पर सफर करने वालों को सुगम यातायात मुहैया कराने टोल टैक्स की वसूली करता है। एनएचएआई की जिम्मेदारी होती है राहगीरों को सफर करने के दौरान सुव्यवस्थित रोड मिले, मार्ग प्रकाश की व्यवस्था हो, हाईवे मवेशियों से मुक्त हो, कहीं पर भी जलभराव न हो। लेकिन रामादेवी से भौंती हाईवे इन व्यवस्थाओं से इतर साबित हो रहा है। ओवरलोडिंग के कारण रामादेवी, जाजमऊ के पास हाईवे कई जगह से धंस चुका है। किनारे पर बने नालों पर अधिकांश समय भारी वाहनों की पार्किंग रहती है, जिस कारण नालों की पटियां टूट चुकी हैं। जलनिकासी को बनी नालियां चोक पड़ी हुई हैं, जिस कारण आधे घंटे की बारिश में ही हाईवे जलमग्न हो जाता है। ऐसे में मूसलाधार होने पर क्या हाल होगा।

बीते कुछ दिनों में छिटपुट हुई बारिश से ही हाईवे से हाईवे और उसकी सर्विस लेन 'दरिया' के रूप में तब्दील हो गईं। जलभराव होने से रामादेवी भौंती हाईवे पर भीषण जलभराव हो गया। रविवार को हाईवे पर की गई पड़ताल के दौरान साफ सफाई में लापरवाही की सच्चाई सामने आई। रविवार को मुश्किल से आधे घंटे की बारिश में हाईवे पूरी तरह से जलमग्न हो गया, जलभराव के कारण गुजैनी हाईवे से सचेंडी की ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। यशोदा नगर, नौबस्ता फ्लाई ओवर पर जलमग्न हाईवे से ट्रक गुजरते हुए नजर आए। हाईवे से गुजर रहे तेज रफ्तार वाहनों के कारण बारिश का पानी सर्विस लेन से गुजरने वालों पर गिर रहा था। वहीं बड़े वाहनों के पीछे चल रहे वाहनों को भी भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा।

नौबस्ता फ्लाईओवर पर जलमग्न हाईवे से गुजरता ट्रक। अमृत विचार

- कोयला नगर से नौबस्ता हाईवे पर जगह-जगह पर नालों पर खड़े होते वाहन
- वाहन खड़े होने से क्षतिग्रस्त हुए नाले, जल निकासी के पाइप पर बनाई स्लैब

सर्विस लेन पर नालों के ऊपर खड़े ट्रक। अमृत विचार

> हाईवे पर समय समय पर मेंटीनेंस का कार्य कराया जाता है, बारिश से पूर्व भी नालों की सफाई कराई गई थी। जहां पर जलभराव की समस्या आ रही है, उन स्थानों पर भी टीम लगा कर नालियों की सफाई कराई जाएगी, अभियान चला कर अवैध पार्किंग करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> -अर्जुन ढांगे, प्रबंधक, एनएचएआई

अतिक्रमण की जद में सर्विस लेन, स्लैब से बंद हुए नाले

कोयला नगर चौकी से नौबस्ता की ओर बढ़ने पर सर्विस लेन पर जगह-जगह पर नालों में वाहनों की पार्किंग व दुकानें नजर आईं। सतबरी रोड से गोपाल नगर की ओर 50-50 मीटर के दायरे में वाहनों की पार्किंग थी। हाईवे किनारे स्थित दुकानों के बाहर अधिकांश खराब महीनों से हाईवे के नालों पर खड़े मिले, जिनके भार से नालों की पटियां टूट चुकी थी। जलनिकासी को फ्लाईओवर पर लगे पाइप क्षतिग्रस्त मिले, साथ ही पानी की निकासी के लिए बनाए गए स्थान पर क्षेत्रीय लोगों ने सीमेंटड व मिट्टी का स्लैब बना दिया था, जिस कारण नाले उफान मार रहे थे।

हरजेंदर नगर में कूड़े से पटी नाली, कहां जाए पानी

हरजेंदर नगर हाईवे पर नालियां कूड़े से पटी मिलीं। श्याम नगर पास जलनिवासी के लिए डिवाइडर काट कर बनाई गई नाली कूड़े के कारण पूरी तरह से बंद हो चुकी थी। स्वर्ण जयंती विहार से गुजर रहे हाईवे पर सड़क किनारे पानी भरा मिला। साथ ही बमुश्किल आधे घंटे की बारिश से नौबस्ता व यशोदा नगर फ्लाईओवर पूरी तरह से लबालब हो गया था। लबालब सड़कों से ट्रकों के गुजरने से पानी की बौछार से दोपहिया वाहन चालक अनियंत्रित हो रहे थे, आलम यह था कि जरा सी चूक हादसे को न्योता दे सकती थी।

हरजेंदर नगर के पास हाईवे पर बंद पड़ी नाली।

एक नजर

उपनिरीक्षक को विदाई समारोह में किया सम्मानित

कानपुर। कमिश्नरेट के पूर्वी जोन के गोपनीय कार्यालय में नियुक्त उपनिरीक्षक अरविंद भदौरिया सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त पूर्वी एसके सिंह ने उनको विदाई समारोह में भगवान राधा-कृष्ण की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया।

पेंडिंग विवेचनाओं का शीघ्र करें निस्तारण

कानपुर। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने थाना कोतवाली पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, सभी विवेचकों व उपनिरीक्षक के साथ बैठक कर पेंडिंग विवेचनाओं की समीक्षा कर उनके शीघ्र निस्तारण के लिए निर्देश दिए। पेंडिंग केसो के वर्कआउट के लिए टीमे गठित कर संबंधित को दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली आशुतोष कुमार मौजूद रहे।

पनकी पुलिस ने चार लुटेरे पकड़े

कानपुर। पनकी पुलिस ने चार शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह ने बताया कि शिवा यादव, योगेश, अजय शर्मा निवासी गोपालपुर, श्याम जी शुक्ला उर्फ नितेश शुक्ला निवासी अंबेडकर नगर को गिरफ्तार किया गया है। श्यामजी पर चार मुकदमे पहले से दर्ज हैं, वहीं तीनों अन्य पर एक-एक मुकदमा है। आरोपियों के पास से पांच मोबाइल, दो मोटरसाइकिल, एक तमंचा कारतूस बरामद किया है।

घाट किनारे और कटरी में रहने वाले लोगों को पीएस सिस्टम से दी जानकारी

गंगा का जलस्तर बढ़ने पर कटरी में अलर्ट जारी

बाढ़ का खतरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। पहाड़ों पर हो रही बारिश का असर गंगा नदी में भी नजर आने लगा है। नदी का जलस्तर भी धीरे-धीरे बढ़ना शुरू हो गया है, जिसे देखते हुए बांध और बैराज पर अलर्ट जारी कर दिया गया है। गंगातट और कटरी में रहने वाले लोगों को पुलिस ने ऊंचाई पर आने के निर्देश दिए हैं।

कमिश्नरेट पुलिस ने अफसरों को अलर्ट करते हुए दिशा निर्देश जारी किए हैं। डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने गंगा किनारे के बने अटल घाट, परमट घाट, सरसैया घाट, रानी घाट समेत दर्जन भर घाटों में जाकर पीएस सिस्टम से घाट किनारे रहने वाले और कटरी में रह रहे ग्रामीणों को सामान हटाकर सावधान करते हुए ऊपर आने के लिए निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि हरिद्वार में गंगा के जलस्तर में अचानक ज्यादा वृद्धि हुई है। संभावना जताई जा रही है कि कुछ ही घंटों में शहर के घाटों पर भी जलस्तर में वृद्धि होगी। थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वह लोग घाटों पर जाकर मानीटरिंग करते रहेंगे।डीसीपी ने बताया कि पुलिस ने सभी घाटों पर डुगडुगी पिटवाई है। घाट किनारे और कटरीवासियों को आगाह किया गया है कि वह लोग सुरक्षित स्थानों पर पहुंच जाएं। घाटों पर हर समय गोताखोर और नाविकों को अलर्ट पर रखा गया है।

अटल घाट पर रहने वाले लोगों को सावधान करते डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम।

जलस्तर बढ़ने पर इन गांवों में बढ़ेगा खतरा

गंगा किनारे रहने वाले ग्रामीणों संजय निषाद, भिखारीलाल, ज्योद्दी, नत्थू का कहना था कि बढ़ता जलस्तर तीन थानाक्षेत्र ग्वालटोली, नवाबगंज और कोहना में रहने वाले लाखों लोगों को प्रभावित करता है। सबसे पहले चैनपुरवा, घारमखेड़ा, द्विवनीपुरवा, बनियापुरवा, भोपालपुरवा, नत्थापुरवा, बड़ा मंगलपुरवा, मनभौना, पहाड़ीपुर, दुर्गापुरवा, मक्कापुरवा, लक्ष्मणपुरवा, सुदिनपुरवा, पपरिया, प्रतापुर, कल्लूपुरवा आदि गांवों में खतरा बढ़ने लगेगा।

किसान खेती को लेकर जता रहे चिंता

गंगा किनारे रहने वाले लोगों की रोजी रोटी मछली पालन या तो कटरी में की जाने वाली खेती है। जलस्तर जैसे ही बढ़ रहा है, वैसे ही उन लोगों को भी चिंता सता रही है। उन लोगों का कहना है, कि पुलिस तो सुरक्षित स्थान तक पहुंचने के लिए कह गए हैं। वह लोग तो ऊपर आ जाएंगे लेकिन जिससे पेट रोजी रोटी चलती है, उसे कैसे छोड़ दिया जाए।

- डीसीपी ने कटरीवासियों को गृहस्थी समेटकर ऊंचाई पर आने के दिए निर्देश

> गंगा में लगातार जलस्तर की वृद्धि हो रही है। ऐसे में घाट किनारे और कटरी में रह रहे लोगों को सावधान किया गया है। गोताखोरों और नाविकों को सभी घाटों पर अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं।
>
> -आरएस गौतम, डीसीपी सेंट्रल

गंगा का बढ़ रहा है जलस्तर। अमृत विचार

पीछे से आ रहा पानी, तीन दिन में 32 सेमी चढ़ गई बैराज पर गंगा की धारा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। पहाड़ों के साथ हरिद्वार में मूसलाधार बारिश होने की वजह से शहर में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। पिछले तीन दिनों में गंगा बैराज पर 32 सेंटीमीटर पानी बढ़ गया है। वहीं, डाउन स्ट्रीम पर भी 10 सेंटीमीटर गंगा का पानी चढ़ा है।

गंगा बैराज पंप पर तैनात गेज रीडर उत्तम पाल ने बताया कि 27 जून से लगातार पानी पीछे से बढ़ रहा है। 27 को 3950 क्यूसेक पानी हरिद्वार डैम से छोड़ा गया। इसके बाद वहां से निरंतर पानी छोड़े जाने की मात्रा बढ़ रही है। 28 जून को 6098 क्यूसेक और 29 जून को 3882 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। रविवार को सुबह के समय सर्वाधिक 13022 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। गंगा बैराज पर 27 जून को अप स्ट्रीम में 112.40 मीटर पानी दर्ज किया गया। वहीं, रविवार को यह बढ़कर 112.72 मीटर हो गया है। डाउन स्ट्रीम में चार दिनों में 10 सेमी. पानी बढ़ गया है। 27 को 109.31 तो रविवार को डाउन स्ट्रीम में 109.41 सेंटीमीटर पानी दर्ज किया गया।

30 जून को गंगा की हालत

अप स्ट्रीम में जल स्तर	112.720 मीटर
डाउन स्ट्रीम पर जल स्तर	109.410 मीटर
शुक्लागंज में जल स्तर	106.930 मीटर
हरिद्वार से छोड़ा गया पानी	13022 क्यूसेक
नरोरा से छोड़ा गया पानी	1727 क्यूसेक
कानपुर से छोड़ा गया पानी	1797 क्यूसेक

थाने में सुनवाई न होने पर हाईवे पर लेटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। महाराजपुर थानाक्षेत्र में रहने वाले एक पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसकी नाबालिग बेटी को एक युवक ने मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजा है। उसने पुलिस से लिखित शिकायत की पर कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़ित ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर जमकर हंगामा काटा और हाईवे पर लेट गया। पुलिस ने समझाबुझाकर उसे शांत कराया।

महाराजपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसकी नाबालिग बेटी को गांव के ही एक युवक का साला पिछले दस दिनों से अश्लील मैसेज भेजकर परेशान कर रहा है। पीड़िता ने इसका विरोध किया तो वह बदनाम करने की धमकी देकर परेशान कर रहा है। उन्होंने उसके घर जाकर विरोध किया तो आरोपियों ने उसके घर धावा बोल दिया और उसे मारापीटा और गाली-गलौज की। जिससे वह लोग घायल हो गए। दोपहर में पीड़ित परिवार थाने में पहुंचा और सुनवाई न होने पर जमकर हंगामा काटा। आरोप है, कि सफेदपोश नेताओं ने थाने में बैठकर पुलिस के सामने पीड़ित परिवार पर दबाव बनाया। आरोप है, इस दौरान पुलिस मूकदर्शक बनकर देखती रही। कार्रवाई न होता देखकर पीड़िता का चाचा हाईवे पर लेट गया। जिसके बाद पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया। किसी तरह पुलिस व लोगों ने मिलकर समझाबुझा कर शांत कराया। इस संबंध में महाराजपुर थानाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह का कहना है कि तहरीर मिली है, कार्रवाई की जा रही है।

महाराजपुर थाने के बाहर हाईवे पर लेटा पीड़िता का चाचा। अमृत विचार

मैगी की दुकान पर गांजा की बिक्री, एक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नौबस्ता पुलिस ने 520 ग्राम गांजा बरामद किया

अमृत विचार। नौबस्ता थानाक्षेत्र में मैगी की दुकान पर पुलिस ने छापेमारी करके दुकान से 520 ग्राम गांजा बरामद किया। दुकान में फास्ट फूड की आड़ में काफी समय से मादक पदार्थ की ब्रिकी हो रही थी। पुलिस ने दुकान संचालक को गिरफ्तार किया।

नौबस्ता इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद पांडेय ने बताया कि यशोदा नगर 13 नंबर पुलिया पर एक फास्ट फूड की दुकान है, जहां से मादक पदार्थों की ब्रिकी की जानकारी सामने आ रही थी। रविवार को मुखबिर की सूचना पर यशोदा नगर चौकी इंचार्ज फोरन सिंह ने फास्ट फूड दुकान में छापेमारी की, जहां से 540 ग्राम गांजा बरामद हुआ। जिसकी जानकारी पर एसीपी नौबस्ता मंजय सिंह मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी ने बताया कि मूलरूप से अंबेडकर नगर निवासी विजय कनौजिया, पिछले कई वर्षों से 13 नंबर पुलिया के पास रह कर घर से कुछ दूरी पर ही दुकान संचालित कर रहा था। फास्ट फूड की आड़ में वह गांजा बेच रहा था। आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जा रही है। पता किया जा रहा है कि वह गांजा कहां से लाता था और किसको-किसको सप्लाई करता था।

!! श्रद्धांजलि सभा !!

ओम् शांति ओम् शांति

वायु: अनिलम् अमृतम्, अथ इदम् भस्मान्तम् शरीरम्। ओउम् क्रतो स्मर, क्लिबे स्मर, कृतम् स्मर ।।
(यजुर्वेद, अध्याय 40, मंत्र 15)
वायु अनिल वह अमृत है, यह भस्मान्त शरीर। ओम् जपो, कृत ध्यान कर, प्राणी धरकर धीर।।
(काव्यानुवाद स्त्रोत-वेदायन, ओम् स्तुति मंत्र 15)

अत्यंत शोकाकुल होकर सूचित कर रहा हूँ कि मेरी पूज्य माता जी
आशा पालीवाल जी
का स्वर्गवास दिनांक 26.06.2024 (बुधवार)
आषाण मास कृष्ण पक्ष पंचमी, विक्रम संवत 2081 रात्रि 10:30
पर हो गया है। श्रद्धांजलि सभा दिनांक 01.07.2024 (सोमवार)
को सायं 6:00 से 7:00 बजे
गैंजेस क्लब, आर्य नगर, कानपुर में संपन्न होगी।

शोकाकुल परिवार
डॉ. उमेश पालीवाल, डॉ. मृदुला पालीवाल (पुत्र, पुत्रवधू)
सुधा-रविन्द्र पालीवाल, प्रभा-कमलेश पालीवाल (पुत्री, दामाद)
गीता पालीवाल (पुत्री), विकास पालीवाल, अमित पालीवाल (भतीजे)
कार्तिकेय पालीवाल - पौत्र एवं समस्त पालीवाल परिवार।

प्रतिष्ठान
पालीवाल डायग्नोस्टिक्स एवं मेडिकेयर प्रा.लि.
परख डायग्नोस्टिक्स सेन्टर • पालीवाल आई एवं ईयर सेन्टर
आशादीप इन्फ्राडेवलपर्स प्रा.लि. • पालीवाल नेचुरल इण्डिया प्रा.लि.
Mob.: 9839034844, 9336849215

विभागीय लापरवाही — प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत प्रसव के बाद नहीं मिल रहे रुपये

पोर्टल बंद, मातृत्व वंदना योजना में मदद मिलना हुआ ठप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फरवरी से जिले की लाभार्थियों को आ रहीं दिक्कतें

अमृत विचार। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का पोर्टल बंद होने के कारण जिले की लाभार्थियों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पोर्टल बंद होने से लाभार्थी आवेदन भी नहीं कर पा रही हैं। इस वजह से लाभार्थियों को शासन से मिलने वाली आर्थिक सहायता भी नहीं मिल पा रही है। पोर्टल बंद होने से दो विभागों के फेर में भुगतान भी फंसा है।

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना की शुरुआत वर्ष 2017 में की थी। योजना का उद्देश्य गरीब व आर्थिक रूप से कमजोर गर्भवती महिलाओं को आर्थिक सहायता मुहैया कराना है। योजना से मिलने वाली आर्थिक सहायता से लाभार्थी स्वास्थ्य संबंधी उचित सुविधाएं ले सकती हैं और खानपान पर भी ध्यान रख सकती हैं। साथ ही मिलने वाली आर्थिक मदद से जन्म के समय बच्चे की सही देखरेख भी कर सकती हैं। ऐसा गर्भवती व शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए किया जा रहा है। योजना के तहत पहला बच्चा होने पर माता को दो किस्त में पांच हजार रुपये और दूसरी बार प्रसव में बेटी होने पर छह हजार देने का प्रवधान है। लेकिन फरवरी माह के बाद से माताओं को प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से जानकारी करने पर पता चला कि आचार संहिता के चलते मार्च से योजना के तहत भुगतान पर रोक लगा दी गई है।

योजना के संचालन की जिम्मेदारी एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) को सौंप गई है। अग्रिम आदेश तक आईसीडीएस विभाग को ही योजना का लाभ देना है। जबकि मार्च से लेकर अब तक तीन हजार से अधिक महिलाएं आवेदन कर चुकी हैं। लेकिन स्वास्थ्य और एकीकृत बाल विकास सेवा के बीच अब मामला फंसा है।

> मार्च माह से पोर्टल बंद हो गया है। इस वजह से उसमे कोई रिकॉर्ड नहीं दिख रहा है। फरवरी तक 11,870 महिलाओं को लाभ दिया जा चुका है। अब योजना का लाभ बाल विकास सेवा की ओर से दिया जाएगा। इसके लिए बजट भी आ चुका है।
>
> डॉ.आलोक रंजन, सीएमओ।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में नहीं पूरा हो सका था लक्ष्य

शासन की ओर से स्वास्थ्य विभाग को वित्तीय वर्ष 2023-24 में 28,382 महिलाओं को योजना के तहत अनुदान देने का लक्ष्य दिया गया था। लेकिन स्वास्थ्य विभाग इस लक्ष्य के आधे आवेदन भी नहीं करा पाया था। जबकि सरकारी अस्पतालों में प्रतिदिन गर्भवती महिलाएं प्रसव के लिए आतीं हैं। आंकड़ों के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2023-24 में 11,870 आवेदन आए थे, जिन्हे लाभ भी मिला। पोर्टल बंद होने से माताओं को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। वह सीएमओ कार्यालय जाती हैं तो उन्हें आईसीडीएस में भुगतान की बात कहीं जाती है। जब माताएं विकास भवन स्थित कार्यालय जाती हैं तो उन्हें सीएमओ कार्यालय का रास्ता दिखा दिया जाता है।

आज का मौसम

बादल छाए रहने के कारण तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

31.2° अधिकतम तापमान	26.8° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05 : 19	सूर्यास्त 07 : 06

एक नजर

करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

कानपुर। बर्रा थानाक्षेत्र के गुंजन विहार इलाके में रविवार दोपहर निर्माणाधीन मकान में वायरिंग करा रहे युवक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई है। बर्रा पुलिस के मुताबिक अशोक यादव (37) प्राइवेट कर्मी था। उसका मकान बन रहा है। मकान में वायरिंग का काम चल रहा है। रविवार दोपहर वायरिंग के दौरान कहीं बिजली का तार खुला था, जिसकी चपेट में आने से उसकी मौत हो गई है।

गार्ड को बांध मुंह में ठूंसा कपड़ा, लूटी सरिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महाराजपुर थानाक्षेत्र में निर्माणाधीन शोरूम में वारदात

अमृत विचार। महाराजपुर थानाक्षेत्र में बदमाशों ने हाईवे किनारे निर्माणाधीन शोरूम की रखवाली कर रहे सिक्योरिटी गार्ड को बांधकर मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। इसके बाद लाखों रुपये कीमत की 10 टन सरिया और अन्य सामान लूटकर भाग निकले। पुलिस ने टीमें गठित कर दी हैं।

गांधीग्राम रामादेवी चकेरी निवासी अखंड प्रताप सिंह ने पुलिस को बताया कि वह सरसौल हाईवे में आईटीबीपी के बगल में नए हांडा शोरूम का निर्माण कार्य करा रहे हैं। जिसमें हाथीगांव निवासी सिंटू सक्सेना सिक्योरिटी गार्ड है। उन्होंने बताया कि शनिवार देर रात करीब एक बजे के बाद एक डीसीएम से एक दर्जन बदमाश आए और सो रहे गार्ड सिंटू को पकड़ लिया। मुंह में कपड़ा ठूंस कर बंधक बनाकर उसे मारापीटा। बदमाश लगभग दस टन सरिया सहित तमाम सामग्री डीसीएम में लाद ले गए। किसी तरह गार्ड बंधन से मुक्त हुआ और पड़ोसी नसीम को फोन पर सूचना दी। पुलिस को घटनास्थल से एक चाकू बरामद हुई है। महाराजपुर थानाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज निकलवाए जा रहे हैं, टीमें गठित कर दी गई हैं, जल्द खुलासा किया जाएगा। वारदात के बाद महाराजपुर, सरसौल के व्यापारियों में रोष व्याप्त है।

कच्चे मकान में बिजली का बिल 23 लाख रुपये आया

अंधेरनगरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चार माह से बिल नहीं आने पर उपभोक्ता पहुंचा था सबस्टेशन
- सबस्टेशन में बार-बार जानकारी करने पर थमाया 23 लाख रुपये का बिल


बिजली बिल की फोटो। अमृत विचार

अमृत विचार। कच्चे मकान में दो कूलर, दो पंखे, फ्रिज व टीवी का संचालन करना एक उपभोक्ता को भारी पड़ गया। पहले तो उसका चार माह से बिजली का बिल नहीं आया, लेकिन जब वह जानकारी करने फूलबाग सबस्टेशन पहुंचा तो उसके हाथ में चार माह का बकाया बिजली का बिल 23 लाख 94 हजार 512 रुपये का थमा दिया गया, जिसे देखकर युवक के होश उड़ गए। जानकारी करने पर अधिकारी बोले, बिल है तो जमा करना ही पड़ेगा। अब उपभोक्ता परेशान होकर अफसरों के चक्कर काट रहा है।

कैंट में संजय नगर निवासी चंद्रशेखर प्राइवेट काम करते हैं। इनके दामाद रंजीत कुमार ने बताया कि घर में बिजली का बिल करीब पांच महीने से नहीं आ रहा था। दो माह पहले जानकारी करने फूलबाग सबस्टेशन पहुंचे तो अधिकारियों ने जानकारी दी कि पोर्टल पर बिल संशोधन समेत आदि कार्य किए जा रहे हैं, जिसकी वजह से बिल नहीं आ रहा है। चुनाव के बाद सब कार्य होंगे। चुनाव खत्म और शपथ ग्रहण होने के बाद वह बीते सप्ताह सबस्टेशन में दोबारा जानकारी करने पहुंचे। बताया कि लखनऊ से मीटर होल्ड हो गया है, इस वजह से बिल नहीं निकल पा रहा है। उसके बाद जेई ने रंजीत को एसडीओ के पास भेज दिया। एसडीओ ने रंजीत से थोडे दिन सब्र करने को बोला। जब वह शनिवार को सबस्टेशन में जानकारी करने फिर से पहुंचे तो अधिकारियों ने रंजीत को 23 लाख 94 हजार 512 रुपये का बिजली का बिल थमा दिया। यह देख युवक के होश उड़ गए। रंजीत का आरोप है कि इस संबंध में जब सबस्टेशन में मौजूद जेई और एसडीओ से जानकारी कर बिल में संशोधन करने और घर में चलने वाले उपकरणों की जानकारी दी तो अधिकारी बोले कि जो भी बिल आया है, उसे जमा तो करना ही पड़ेगा।

> सिस्टम में कमी के कारण ऐसा हो गया होगा। बिल में संशोधन का कार्य किया जाएगा। इसके अलावा गलती कहां हुई, इसकी भी जानकारी संबंधित सबस्टेशन से की जाएगी।
>
> **श्रीकांत रंगीला, केस्को मीडिया प्रभारी**

घर में नहीं हैं ज्यादा उपकरण

रंजीत ने बताया कि संजय नगर की बस्ती में कच्चा घर बना है। घर में दो कूलर, दो पंखे, एक फ्रिज व टीवी है और सबमर्सिबल पंप चलता है। जनवरी माह में करीब 2200 रुपये बिजली का बिल दो माह का जमा किया था, उसके बाद से बिल आया नहीं। अब 23 लाख रुपये बिल आने पर पूरा परिवार परेशान है। अधिकारी सुन नहीं रहे हैं।

67 वार्डों के लाखों लोग पेयजल संकट से जूझे

भैरवघाट पंपिंग स्टेशन के 10 घंटों तक शटडाउन करने से समस्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- वाटर सप्लाई स्काडा योजना के तहत वॉल्व में सेंसर्स करना है फिट

अमृत विचार। भैरवघाट पंपिंग स्टेशन बंद होने की वजह से रविवार को 67 वार्डों की करीब 20 लाख जनता पीने के पानी को तरस गई। भैरवघाट पंपिंग स्टेशन में वाटर सप्लाई स्काडा योजना के तहत वॉल्व में सेंसर्स को फिट करने की वजह से पंपिंग स्टेशन पर 10 घंटों का शटडाउन लिया गया। जलकल सचिव के मुताबिक सुबह सप्लाई के बाद पंपिंग स्टेशन को बंद कर दिया गया। जिससे शाम को लोगों के घरों में पानी की सप्लाई नहीं हो सकी। इस दौरान 20 करोड़ लीटर पानी शहर में नहीं पहुंचा।

भैरवघाट पंपिंग स्टेशन को रविवार को बंद करना पड़ा। अमृत विचार

जलापूर्ति न होने की वजह से रानी कानपुर के रानी घाट के अलावा विष्णुपुरी, नवाबगंज, आजाद नगर, ग्वालटोली, अहिराना, सूटरगंज, चमनगंज, बेकनगंज, पी रोड, के साथ शास्त्री नगर, विजय नगर, कानपुर दक्षिण के बर्रा के सभी सेक्टर, साकेत नगर, गोविंद नगर, दबौली, रतनलाल नगर समेत 67 वार्डों में पानी की सप्लाई नहीं हुई।

दिक्कत की सूचना फोन पर दें

जलकल सचिव ने बताया कि सोमवार से पानी की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। जहां पानी की ज्यादा किल्लत होगी, वहां टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति की जाएगी। जलकल विभाग के जीएम एके त्रिपाठी के अनुसार जिन मोहल्लों में पानी की दिक्कत हो, वहां के लोग जलकल विभाग कंट्रोल रूम का फोन नंबर 0512-2549018 डायल कर सूचना दे सकते हैं। वहां पानी का टैंकर निशुल्क भेजा जाएगा। विभाग के पास 51 टैंकर मौजूद हैं।

11 जेडपीएस दो दिन रहेंगे बंद

जलकल अफसरों ने बताया कि इंद्रा नगर, विकास नगर, दयानंद विहार, मकड़ीखेड़ा, सत्यम विहार, शारदा नगर, महाबलीपुरम, पनकी, मसवानपुर, रतनपुर, गंगागंज में दो दिन जेडपीएस (जोनल पंपिंग स्टेशन) बंद रहेंगे। कार्य खत्म होने के बाद जेडपीएस सुचारू कर दिया जायेगा।

मध्य प्रदेश की सीमाओं पर चेकिंग चौकियां खत्म

- प्रदेश की सभी सीमाओं पर जमकर होती थी वसूली
- ट्रांसपोर्टर कई बार शिवपुरी बार्डर पर बवाल कर चुके थे

कानपुर। मध्य प्रदेश के परिवहन विभाग के सचिव सिबि चक्रवर्ती ने इस आशय का शासनादेश जारी कर दिया है कि पहली जुलाई से परिवहन जांच चौकियां खत्म हो जायेंगी।

मध्य प्रदेश शासन द्वारा 30 जून को जारी अपने आदेश में कहा है कि प्रदेश में अंतर्राज्यीय सीमाओं पर संचालित जांच चौकियों का संचालन 1 जुलाई 2024 से बंद कर दिया जायेगा। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश में प्रवेश करने वाली सभी सीमाओं पर बैरियर लगाकर भारी वसूली की जाती थी। इसको लेकर कानपुर के ट्रांसपोर्टर कई बार शिवपुरी बार्डर पर बवाल भी कर चुके हैं। इस आदेश से उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि मध्य प्रदेश के कारोबार में भी बढ़ोतरी होगी क्योंकि बार्डर पर 1000 से 3000 रुपये तक की वसूली की जाती थी जो बंद हो जाएगी। यही कारण है कि तमाम कामर्शियल वाहन मध्य प्रदेश सीमा में प्रवेश करने से पहले कारोबारी से पड़ने वाला टोकन वसूल लेते थे।

नौबस्ता-सचेंडी में जाम, दो ट्रैफिक इंस्पेक्टर सस्पेंड

कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 26 जून को यशोदा नगर फ्लाई ओवर में हुआ था एक्सीडेंट, नौबस्ता तक लगा था जाम
- सचेंडी अंडरपास पर डायवर्जन में भी लापरवाही से लग रहा था जाम

अमृत विचार। जाम खुलवाने में लापरवाही बरतने पर डीसीपी ट्रैफिक ने साउथ व वेस्ट जोन के दो ट्रैफिक इंस्पेक्टरों को सस्पेंड कर दिया। वेस्ट जोन में एक टीएसआई की नियुक्ति की गई। वहीं साउथ जोन में फिलहाल एक ही टीआई रहेंगे।

26 जून को यशोदा नगर फ्लाईओवर के पास ट्रक व ट्राला में भिड़ंत हो गई थी। ट्रक व ट्राला में आग लग गई थी। हादसे में कई घंटे तक भीषण जाम लगा रहा था जो कि नौबस्ता फ्लाईओवर तक पहुंच गया था। कई घंटे तक जाम लगने के बावजूद मौके पर कोई भी ट्रैफिक पुलिसकर्मी नहीं पहुंचा था। हजारों लोग भीषण गर्मी में परेशान हुए थे। सोमवार को डीसीपी ट्रैफिक आरती सिंह ने लापरवाही बरतने पर टीआई साउथ मोबिन खान को सस्पेंड किया। वहीं सचेंडी हाईवे पर अंडरपास निर्माण के दौरान डायवर्जन व्यवस्था लागू होने के बावजूद रोजाना सचेंडी में जाम लगने की शिकायतें सामने आ रही थी। जिसको संज्ञान में लेकर डीसीपी ट्रैफिक ने टीआई वेस्ट धर्मवीर सरोज को सस्पेंड किया। एसीपी ट्रैफिक सृष्टि सिंह ने बताया कि साउथ का पूरा कार्यभार टीआई साउथ हरिकेश आर्या को सौंपा गया है, वहीं वेस्ट जोन में एक टीएसआई की नियुक्ति की गई है।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक आज शहर में

कानपुर। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक सोमवार को शहर में मौजूद रहेंगे। वह सुबह 9 :15 बजे लखनऊ से चलकर 11 बजे काशीराम संयुक्त चिकित्सालय रामादेवी में विशेष संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद डिप्टी सीएम 11 .50 बजे साकेत नगर दीप सिनेमा रोड होटल मंदाकिनी रॉयल में भाजपा द्वारा आयोजित डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर संगोष्ठी को संबोधित करेंगे। दोपहर 1 बजे लखनऊ रवाना हो जाएंगे। यह जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने दी।

आईटीआई में चलेगा साइबर सिक्योरिटी असिस्टेंट कोर्स

कानपुर। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बिल्हौर में इस बार साइबर सिक्योरिटी असिस्टेंट कोर्स शुरू होने जा रहा है। यह कोर्स संस्थान में कौशल विकास योजना के तहत कराया जाएगा। कोर्स में प्रवेश शुरू हो गया है। इसके लिए युवा 5 जुलाई तक अंतिम आवेदन कर सकते हैं।

यह कोर्स तीन महीने के लिए संचालित किया जाएगा। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत युवाओं को यह कोर्स निशुल्क कराया जाएगा। ऐसे युवा जो साइगर सुरक्षा के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहते हैं वे संस्थान में प्रवेश ले सकते हैं। इसके लिए युवाओं की शैक्षिक योग्यता हाई स्कूल पास मांगी गई है। आईटीआई बिल्हौर के प्रधानाचार्य मयंक मिश्रा ने बताया कि यह कोर्स रोजगार परक होने के साथ आम जीवन में काम आने वाला है। जिसके तहत साइबर अपराध से बचाव में मदद मिलेगी। विभिन्न सरकारी व प्राइवेट संस्थानों में कोर्स की डिमांड है। इसके साथ ही साइबर पुलिस विभाग के साथ वॉलेंटियर के रूप में काम करने में यह कोर्स मददगार होगा। इस योजना के अंतर्गत प्राप्त सर्टिफिकेट अप्रेंटिसशिप व जॉब के लिये मान्य होता है।



तेजस राजधानी पर पथराव, टूटे शीशे, यात्रियों में हड़कंप

सेंट्रल स्टेशन पर घबराए यात्रियों ने आरपीएफ को बताई आपबीती, आधा घंटा सेंट्रल पर खड़ी रही ट्रेन, टूटे शीशों पर लगाया गया टेप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

टूटे शीशे की फोटो लेते जांच टीम के अधिकारी। अमृत विचार

टूटे शीशे पर अंदर से टेप लगाए गए। अमृत विचार

आरपीएफ और रेलवे अधिकारी स्टेशन पर पहुंचे। अमृत विचार

अमृत विचार। नई दिल्ली से चलकर भुवनेश्वर जाने वाली सुपरफास्ट तेजस राजधानी पर गाजियाबाद के पास दुस्साहसी युवकों ने जमकर पथराव कर दिया। पथराव में कोच के कई शीशे टूट गए। यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। पथराव की सूचना कंट्रोल से मिलने पर रेलवे अधिकारियों में हड़कंप मच गया। खबर पाकर आरपीएफ ने गाजियाबाद से राजधानी को सुरक्षित निकाला और सेंट्रल स्टेशन के अधिकारियों को कंट्रोल पर सूचना दी। सेंट्रल स्टेशन पर डरे-घबराए यात्रियों से घटना की जानकारी लेने के बाद आरपीएफ और रेलवे ने जांच शुरू की।

भुवनेश्वर तेजस राजधानी 20818 रविवार शाम पांच बजे नई दिल्ली स्टेशन से रवाना हुई। ट्रेन गाजियाबाद स्टेशन पार कर रही थी, तभी ट्रेन पर ताबड़तोड़ पथराव होने लगा। दर्जनों पत्थर कोच बी-5, बी-9 और बी-11 के

● गाजियाबाद के पास अराजकतत्वों ने की वारदात

शीशे पर लगे और टूट गए। यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। कोच अटेंडेंट, सीआईटी और ट्रेन में चल रहा स्कॉट भागकर मौके पर पहुंचा और यात्रियों को किनारे किया। इन सबके बीच ट्रेन वहां से रवाना हुई और कुछ दूरी पर जाकर कुछ देर के लिए रुकी। इस बीच आरपीएफ और रेलवे कर्मचारी पहुंचे। स्थिति देखने के बाद ट्रेन को सेंट्रल स्टेशन के लिए रवाना कर दिया। कंट्रोल से घटना की जानकारी सेंट्रल स्टेशन को दी गई। उधर, आरपीएफ ने गाजियाबाद स्टेशन के आसपास, घटनास्थल पर चेकिंग की, लेकिन कुछ हाथ नहीं लगा। रात करीब 9.48 बजे ट्रेन सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर पांच पर पहुंची। उससे पहले प्लेटफार्म पर रेलवे के तकनीकी स्टॉफ, आरपीएफ, जीआरपी मौजूद थी। आरपीएफ ने कोच के यात्रियों व टीसी निरंजन ज्योति से पथराव की जानकारी ली। तकनीकी स्टाफ ने जांच के बाद टूटे शीशों पर टेप लगाया। यात्रियों की देखभाल के लिए चिकित्सक भी मौजूद रहे। आरपीएफ ने बताया शीशे के नीचे एक और शीशा होता है। सिर्फ ऊपरी शीशा ही टूटा है, इसलिए यात्री सुरक्षित हैं। घबराए यात्रियों को नाश्ता, पानी के बाद रात करीब 10.03 बजे ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया।

रेलवे के डॉक्टरों की टीम भी पहुंची। अमृत विचार

डिप्टी सीएम शुरू करेंगे रोग नियंत्रण अभियान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● बारिश में होने वाली बीमारियों की रोकथाम पर विशेष जोर

अमृत विचार। जिले में एक जुलाई से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दूसरा चरण का संचालन किया जाएगा। इसके साथ ही 11 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान भी चलेगा। अभियान की शुरुआत सोमवार को कांशीराम संयुक्त चिकित्सालय एवं ट्रामा सेंटर से उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक करेंगे।

बारिश के मौसम में होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए जिले में सोमवार से राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलेगा। डीएम राकेश सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के साथ ही सहयोगी 12 विभागों को माइक्रोप्लान के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को पूरे समर्पण से अभियान में जुटने को कहा। सीएमओ डॉ.आलोक रंजन ने बताया कि अभियान के सफलतापूर्वक संचालन के लिए विभाग ने तैयारियां कर ली गई हैं।

विभागों में आपसी समन्वय है जरूरी

बैठक में डीएम ने कहा कि सभी विभागों के आपसी समन्वय से ही संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान को सफल बनाया जा सकता है। सभी विभाग के अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का पूर्ण रूप से पालन करें। दस्तक अभियान में विभिन्न विभागों के फ्रंटलाइन वर्कर्स, वेक्टर जनित एवं संक्रामक रोगों से बचाव की जानकारी घर-घर जाकर देंगे।

सभी रिपोर्ट को ई-कवच पोर्टल पर फीड किया जाएगा और परिवार के सभी सदस्यों की आभा आईडी भी बनाई जाएगी, जिसकी नियमित समीक्षा और मॉनिटरिंग होगी। विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान एक जुलाई से 31 जुलाई और इसके साथ स्टॉप डायरिया अभियान का भी संचालन किया जाएगा।

परिजन बोले-मेरा बेटा बेकसूर, सीबीआई से जांच कराई जाए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

घायल छात्र। अमृत विचार

थाने में पंखे के सामने कुर्सी पर बैठे आरोपी वकील व बाहर निकलने पर इशारा करता आरोपी। (फोटो सोशल मीडिया ग्रैब)

● बिठूर में डीफार्मा छात्र का अपहरण कर बर्बरतापूर्वक यातनाएं देने का मामला

● हैलट के एनेस्थीसिया डिपार्टमेंट के आईसीयू में चल रहा इलाज, दर्जनों चोटें

अमृत विचार। बिठूर थानाक्षेत्र में डीफार्मा छात्र की बर्बरतापूर्वक पिटाई और यातनाएं देने के बाद गंभीर हालत में उसका इलाज हैलट अस्पताल के एनेस्थीसिया डिपार्टमेंट के आईसीयू में चल रहा है। अस्पताल में छात्र के पिता ने बताया कि उनका बेटा बेकसूर है, चाहे सीबीआई से जांच करा ली जाए और आरोपियों के घर बुलडोजर चलाया जाए। परिजनों का कहना था कि अगर पुलिस को पहुंचने में कुछ देरी हो जाती तो न तो उन्हें उनका बेटा मिलता और न ही उसका शव मिलता। एसीपी कल्याणपुर ने बताया कि वे रास्ते के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं। मिलने पर केस को मजबूत किया जाएगा। सीडीआर और बयान के आधार के बाद पुलिस विधिक राय भी लेगी, जिसके बाद इस मामले को मजबूती से कोर्ट में पेश किया जाएगा।

परिजनों का कहना है, कि उनकी बेटा बेकसूर है। अगर वह किशोरी के साथ कोल्डड्रिंक पी भी रहा था तो उसका इतना बड़ा दोष तो नहीं कि उसे इस तरह से अपहरण करके बर्बरतापूर्ण पीटा गया और पानी में डुबोकर मारने का प्रयास किया गया। इसके अलावा उसके खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज करा दी गई जिससे उसका भविष्य और कैरियर दांव पर लग सकता है। छात्र की मां ने कहा कि आरोपियों ने फोन कर 5 लाख रुपये मांगे थे। कहा था अगर एक घंटे में रुपये और तुम लोग नहीं पहुंचे तो बेटे के टुकड़े-टुकड़े करके गंगा में फेंक देंगे। मेरे बेटे ने कुछ गलत नहीं किया, सिर्फ उनकी बेटी के साथ खड़ा था। कहा कि आरोपी वकील हैं, तो क्या कुछ भी करेंगे। मेरा योगी जी से हाथ जोड़कर निवेदन है, कि आरोपी वकील के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए और उसके ऊपर भी बुलडोजर चलना चाहिए।

थाने का वीडियो वायरल

आरोपी वकील के थाने से दो वीडियो सामने आए हैं। पहले वीडियो में वह कुर्सी पर फर्राटा पंखा के सामने आराम से बैठा है। दूसरे में वह थाने से निकल कर वकीलों और नजदीकियों को कुछ निर्देश दे रहा है। आरोपी अधिवक्ता बृजनारायण और उसका भाई तेज नारायण कुर्सी पर बैठा दिखाई दिया। हवा के लिए उसके सामने फर्राटा पंखा भी लगाया गया था।

पूरा शरीर पिटाई से काला पड़ा

इलाज कर रहे डॉक्टरों ने बताया छात्र की हालत गंभीर है। शरीर पर कोई ऐसा अंग नहीं जहां पर चोट के निशान न हों। पूरा शरीर पिटाई से काला पड़ा हुआ है। शरीर में कई जगह फ्रेक्चर हैं। पूरे शरीर का सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड समेत अन्य सभी जांचें कराई गई हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर इलाज किया जा रहा है।

ये है मामला

मामला शुक्रवार शाम का है। जब वकील ने अपनी बेटी के साथ छात्र को कोल्डड्रिंक पीते देखा। उसने साथियों की मदद से छात्र को रास्ते में रोककर कार से अपहरण कर लिया और एक फार्म हाउस में बंधक बनाकर बर्बरतापूर्वक पीटा और यातनाएं दीं। छात्र के ओंठ और कान को प्लास से नोचा था। परिजनों को फोन करके 5 लाख की फिरौती भी मांगी। मामला बढ़ा तो वकील बृजनारायन निषाद और बड़े भाई तेजनारायन निषाद के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। कोर्ट में पेश करके उन्हें जेल भेजा गया।

पुलिस ने आरोपी की पत्नी को हिरासत से छोड़ा

रविवार को थाने के बाहर वकीलों का समूह दिखाई दिया। पुलिस पर दबाव बनाने के लिए भारी संख्या में महिलाओं को भी लाया गया था। कई गांव के प्रधान भी आरोपियों की पैरवी करने के लिए आए थे। वकीलों के दबाव को देखते हुए पुलिस ने आरोपी बृजनारायण की पत्नी को हिरासत से छोड़ दिया। आरोपी थाने के अंदर फोन पर बात करके अपने मामले को मैनेज कर रहा था। इस मामले में आठ आरोपी शामिल थे, लेकिन अभी तक अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है।

उत्पीड़न के विरोध में आज हड़ताल पर रहेंगे अधिवक्ता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● न्याय भवन के सामने देंगे धरना, बैठक कर तय की जाएगी रणनीति

● फर्जी मुकदमे दर्ज कर अधिवक्ताओं का दमन करने का लगाया आरोप

अमृत विचार। कमिश्नरेट प्रणाली व पुलिस कमिश्नर के खिलाफ अधिवक्ताओं ने मोर्चा खोल दिया है। अधिवक्ताओं के खिलाफ दर्ज किए जा रहे मुकदमें के विरोध में अधिवक्ता सोमवार को हड़ताल कर पुलिस की कार्यशैली के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन के बाद संयुक्त आमसभा की जाएगी, जिसमें अधिवक्ता रणनीति तय करेंगे।

बार एसोसिएशन महामंत्री आदित्य कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस कमिश्नर के इशारे पर विभिन्न थानों में अधिवक्ताओं के ऊपर फर्जी मुकदमें कायम करके बदनाम करने का कार्य किया जा रहा है। लॉयर्स महामंत्री अभिषेक तिवारी ने कहा कि पिछले दिनों काकादेव थाने में लायर्स के पूर्व संयुक्त मंत्री के प्लॉट पर कब्जा किया गया और पुलिस ने उनके ही खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया। गोविंद नगर में अधिवक्ता के साथ थाना प्रभारी ने बदसलूकी की। सेन पश्चिमपारा में अधिवक्ताओं से हुए विवाद को समाप्त कराने के लिए बार एसोसिएशन के संयुक्त मंत्री शेखर सिंह तोमर को भेजा गया, जिस पर उनके खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कर दिया गया।

शांतिभंग की आशंका की मामूली धाराओं में पुलिस आमजन को जेल भेज रही है, जो विधिक तरीके से गलत है। बिठूर पुलिस ने फर्जी मुकदमा लिख कर पूर्व उपाध्यक्ष को जेल भेज दिया। अधिवक्ता के परिवार के साथ मारपीट की गई। पुलिस के इस रवैया को देखते हुए बार व लायर्स एसोसिएशन ने निर्णय लिया कि एक जुलाई को अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे। सुबह 11 से 2 बजे तक न्याय भवन के चैनल गेट के पास धरना देंगे। इसके बाद साढ़े तीन बजे संयुक्त बैठक की जाएगी।

पियक्कड़ों के खिलाफ ऑपरेशन ऑलआउट

कानपुर। अपराध पर अंकुश लगाने और हादसों को रोकने के लिए पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के निर्देश पर शनिवार रात 11 बजे से देर रात तक पियक्कड़ों के लिए ऑपरेशन ऑल आउट चलाया गया। सड़कों पर चेकिंग अभियान चला।

शराब की दुकानों के बाहर सार्वजनिक स्थानों पर खुले में शराब का सेवन करने वालों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान ऑपरेशन ऑल आउट चलाया गया। शराब की दुकान के बाहर खड़े होकर तथा सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करने वाले व्यक्तियों की चेकिंग की गई व उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की गई। शराब पीकर वाहन चलाने वालों ब्रीथ एनेलाइजर से परीक्षण कर उनके कार्रवाई की गई। पश्चिम जोन के अन्तर्गत चेकिंग के दौरान 90 चालान किए गए। एमवी एक्ट के तहत 185 वाहनों का चालान किया गया। पूर्वी जोन में 44 व्यक्तियों के विरुद्ध चालान किया गया। एमवी एक्ट में 84 वाहनों का चालान किया गया।

एडीजी ने नए कानूनों को लेकर दिए निर्देश

कानपुर। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन आलोक सिंह ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से कानपुर जोन के परिक्षेत्रीय और जनपद प्रभारियों के साथ एक जुलाई से लागू होने वाले तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संबंध में गोष्ठी कर दिशा-निर्देश। निर्देशित किया कि नय कानूनों का अक्षरशः अनुपालन किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि पुलिसकर्मियों को नए कानून के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान कर प्रशिक्षित किया जाए।

अफीम के साथ पकड़े गए तस्करों को जेल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

चकेरी थाने में मौजूद अफीम के साथ पकड़े गए तस्कर। अमृत विचार

● शनिवार को नारकोटिक्स टीम ने पुलिस के साथ किया था गिरफ्तार

अमृत विचार। चकेरी थानाक्षेत्र में कार से मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक गैंग के चार सदस्यों को पुलिस व नारकोटिक्स की टीम ने शनिवार को संयुक्त रूप से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपियों को रविवार को जेल भेज दिया है।

डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने रविवार को मामले का खुलासा करते हुए बताया कि नारकोटिक्स टीम ने शनिवार को चकेरी पुलिस को सूचना दी थी कि झारखंड नंबर की एक वरना कार से मादक पदार्थ की तस्करी होने जा रही है। इस पर प्रभारी निरीक्षक चकेरी अशोक दुबे ने पुलिस व नारकोटिक्स टीम के साथ मिलकर रामादेवी फ्लाईओवर पर चेकिंग लगा कर झारखंड नंबर की वरना कार को रोका था। वाहन को चेक करने पर कार की बोनट से 10 किलोग्राम अफीम बरामद हुई थी। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम झारखंड के ग्राम छूट निवासी रामनाथ मुडो, करम सिंह और झारखंड के ग्राम रांगरोंग निवासी रतन सिंह बताया था। साथ ही पुलिस को बताया कि वह लोग मादक पदार्थ की डिलीवरी बरेली के मऊ चंद्रपुर निवासी मेराज अहमद को करने वाले थे। पुलिस ने आरोपी मेराज को भी गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ पर पुलिस को आरोपियों ने बताया कि वह लोग इस काम को करीब एक वर्ष के कर रहे थे, इसी काम के जरिए मिले रुपयों से उन्होंने कार खरीदी थी। महंगी कार होने से उन लोगों पर जल्दी कोई शक नहीं करता था। बरामद माल की कीमत अंतराष्ट्रीय बाजार में करीब 60 लाख रुपये है। प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि आरोपी मेराज के खिलाफ बरेली के आंवला में मुकदमे दर्ज हैं। सभी आरोपियों को रविवार को जेल भेज दिया गया है।

नाबालिग के अपहरण का आरोप

कानपुर। चकेरी थानाक्षेत्र में एक महिला ने दूसरे समुदाय के किशोर पर अपनी नाबालिग बेटी को ले जाने का आरोप लगा रिपोर्ट दर्ज कराई।

सनिगवां निवासी महिला के अनुसार उनकी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी शनिवार रात से उनकी बेटी घर से गायब है। उन्हें जानकारी हुई कि जाजमऊ निवासी किशोर साहिल खान उसे भगा ले गया है। इस पर रविवार को पीड़ित मां ने मामले की शिकायत चकेरी थाने में की। थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ अपहरण की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

सार-संक्षेप

4 से शुरू होंगी अग्निवीर की परीक्षाएं

कानपुर। अग्निवीर योजना के तहत चार से 12 जुलाई और 23 से 31 जुलाई तक वायु सेना स्टेशन परिसर में अग्निवीर वायु भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। वायुसेना और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने परीक्षा के आयोजन को लेकर तैयारियों की समीक्षा शुरू कर दी है। पहले चरण में प्रतिदिन 650 सहित कुल 5850 अभ्यर्थी और दूसरे चरण में 400 सहित कुल 3600 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। चार से 12 जुलाई तक सुबह चार से नौ बजे तक अग्निवीर वायु संगीतकार की भर्ती परीक्षा होगी। दूसरे चरण में शारीरिक एवं चिकित्सा परीक्षा सुबह चार से नौ बजे तक होगी। भर्ती की तैयारियों को लेकर एएससी गेट के बाहर से एचएएल तक स्कूल बस और वाहन आदि की पार्किंग नहीं होगी। भर्ती के दौरान चिकित्सकों के दल और एंबुलेंस वाहन मौजूद रहेंगे। निगरानी के लिए आसपास कैमरे भी लगेंगे। वायुसेना स्टेशन के बाहर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस सुरक्षा व्यवस्था संभालेगी।

पदाधिकारियों की हुई घोषणा

कानपुर। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल सं संबद्ध ग्रामीण व्यापार मंडल से जुड़ी इकाइयों के पदाधिकारियों का रविवार को ऐलान किया गया। इस दौरान उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष दीप अवस्थी व वरिष्ठ पदाधिकारीयों के निर्देश पर चुनाव अधिकारी राकेश सिंह व सरताज अहमद के पर्यवेक्षण में इकाइयों का गठन किया गया। मुख्य रूप से अतुल शुक्ला, राम राजपाल, आनन्द शुक्ला, शील कुमार मिश्रा, बड़े चन्देल, पंकज अवस्थी, ,शैलेन्द्र सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम में बताया गया कि इंदिरा नगर बिठूर रोड जीटी रोड व्यापार मंडल में चेयरमैन के रूप में मनोज कलवानी, अध्यक्ष प्रभाकर तिवारी, महामंत्री मोनी सिंह, कोषाध्यक्ष राम जी को चुना गया है। इसी तरह कल्याणपुर युवा उद्योग व्यापार मंडल में अध्यक्ष राजेश चंदेल, कार्यकारी अध्यक्ष मनीष दुबे, महामंत्री अनिल गुप्ता बब्बन, कोषाध्यक्ष अमित मिश्रा, प्रभारी पंकज अवस्थी, चेयरमैन अनुज राणावत को बनाया गया है।

सैय्यद फरीद अख्तर नगर निगम के मुख्य अभियंता

कानपुर। नगर आयुक्त के बाद रविवार को मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी का स्थानांतरण हो गया। उन्हें बरेली नगर निगम भेजा गया है। वहीं, गाजियाबाद नगर निगम में मुख्य अभियंता पद पर तैनात सैय्यद फरीद अख्तर जैदी को कानपुर नगर निगम का मुख्य अभियंता (सिविल) बनाया गया है। सोमवार को शासन के निर्देश पर जैदी कानपुर नगर निगम में पद गृहण कर सकते हैं।

लखनऊ भेजे गए सहायक आयुक्त खाद्य

कानपुर। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सहायक आयुक्त खाद्य-द्वितीय विजय प्रताप सिंह का स्थानांतरण कानपुर से लखनऊ किया गया है। उनके स्थान पर वाराणसी के सहायक आयुक्त खाद्य-द्वितीय संजय प्रताप सिंह को कानपुर भेजा गया है।

दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

कानपुर। चकेरी थानाक्षेत्र में एक महिला ने अपने परिचित पर दुष्कर्म करने और फोटो वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाकर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। चकेरी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सनिगंवा निवासी महिला के अनुसार कानपुर देहात के रसूलाबाद के झींझक रोड निवासी विजय मिश्रा ने उनके साथ दुष्कर्म किया, इस दौरान उनका अश्लील वीडियो और फोटो बना लिया। आरोपी वीडियो व फोटो सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देकर उनके साथ कई बार दुष्कर्म किया। चकेरी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। जांच इंस्पेक्टर अनिल कुमार पांडे कर रहे थे। शनिवार रात पुलिस ने आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया और रविवार को कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया।

राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस — इमरजेंसी में मरीजों और घायलों की उखड़ती सांसों को संभालने में जेआर-1, जेआर-2 व जेआर-3 का रोल अहम

हैलट में जूनियर रेजीडेंट के समर्पण और योगदान को सलाम

विकास कुमार, कानपुर

● मजबूत इच्छा शक्ति, संकल्प और सेवाभाव से कम करते रोगियों की पीड़ा और तीमारदारों को देते संबल

● कानपुर समेत 18 जिलों के रोगियों को संभालते

अमृत विचार। डॉक्टरों को धरती का भगवान ऐसे ही नहीं कहा जाता है, उनका कौशल, मेहनत और सेवाभाव दम तोड़ती सांसों को नया जीवन देती है। जीएसवीएम मेडिकल कालेज से संबद्ध हैलट अस्पताल इसी बात की मिसाल है, जहां डॉक्टरों की विशेषज्ञता के भरोसे ही कानपुर समेत 18 जिलों के मरीज इलाज कराने पहुंचते हैं। अस्पताल में सुबह से शाम तक बीमारों और घायलों का मेला लगा रहता है। इमरजेंसी में पहुंचने वाले मरीज हों या घायल, यहां सारी व्यवस्था तत्परता के साथ जूनियर रेजीडेंट ही संभालते हैं। हैलट इमरजेंसी में जेआर-1, जेआर-2 व जेआर-3 की मजबूत इच्छाशक्ति रोगियों की पीड़ा कम करने के साथ तीमारदारों को संबल प्रदान करती है। अस्पताल के सीनियर डॉक्टर आए दिन जटिल ऑपरेशन करके मरीजों की जान बचाते हैं, इस दौरान भी जूनियर रेजीडेंट का रोल काफी अहम होता है, वे भूख-प्यास और नींद भूलकर मरीज की जान बचाने में जुटे रहते हैं। लोगों की प्राण रक्षा करने वाले डॉक्टरों की सेवा, समर्पण और स्वस्थ समाज में उनके योगदान के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने के लिए ही हर साल एक जुलाई को राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस मनाया जाता है।

इलाज, जांच और दवा, सब काम जेआर पर

जेआर-1 डॉ.एकांश ने बताया कि सड़क हादसे, मारपीट, गोली लगने, किसी हथियार से हमला होने पर घायल मरीज हैलट अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचते हैं। इन मरीजों का सामना सबसे पहले इमरजेंसी में जेआर-1 करते हैं। ऑपरेशन के लिए जांच लिखने से लेकर दवा तक जेआर-1 प्रबंध करते हैं। इस दौरान कभी-कभी मरीज के तीमारदारों का व्यवहार डॉक्टरों के प्रति बिगड़ जाता है, जिसका सामना जेआर-1 को करना होता है। इसके बावजूद सभी जेआर-1 अपना काम मेहनत व लगन से करते है।

जरूरत पर मरीजों की जांच व ब्लड भी फ्री

जेआर-2 डॉ. अपूर्वा माथुर ने बताया कि हैलट इमरजेंसी में अधिकतर निम्न और मध्यमम वर्ग के मरीज ही इलाज कराने आते हैं। इनमें बहुत से मरीज ऐसे होते हैं, जिनको ब्लड की जरूरत होती है, लेकिन उनके तीमारदारों के पास इसकी व्यवस्था करने के लिए रुपये नहीं होते हैं। मरीज की जांच कराने के लिए भी अक्सर रुपये नहीं होते हैं। ऐसे में जेआर यूनिट के सीनियर डॉक्टर को सूचना देकर मरीज की जरूरी जांचें इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर या प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह की मदद नि:शुल्क कराते हैं और ब्लड का बंदोबस्त करते हैं।

हैलट में है पेरी एम्पुल्लरी कैंसर का इलाज

जेआर-3 डॉ.निर्मल मिश्रा ने बताया कि जेआर-3 का कॉलेज में आखिरी समय होता है, जो काफी महत्वपूर्ण होता है। मरीज को देखने से लेकर ऑपरेशन थिएटर में नई तकनीक और बारीकियां सीखने का अवसर मिलता है। कॉलेज में विपल्स प्रोसीजर शुरू हुआ है, जो पेरी एम्पुल्लरी कैंसर के ऑपरेशन में किया जाता है, इसमें अमाशय, आंत व पित्त की नली का कुछ हिस्सा काटकर कैंसर के सेल को खत्म किया जाता है, उसके बाद बचे हुए अंग को आपस में जोड़ दिया जाता है।

पहली बार दूरबीन से लंग ट्यूमर की सर्जरी

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बताया कि हैलट अस्पताल में अभी तक फेफड़े में ट्यूमर की सर्जरी दूरबीन विधि से नहीं हुई है। पहली बार एक मरीज के फेफड़े में हुए ट्यूमर की सर्जरी मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों द्वारा जुलाई माह के अंतिम सप्ताह में की जाएगी। यह कॉलेज के लिए एक नई उपलब्धि होगी। हैलट अस्पताल में मरीजों की सभी जांचे एक ही छत के नीचे हो सकें, इसके लिए डायग्नोस्टिक हब का निर्माण कराया जाएगा। मेडिसिन इमरजेंसी का अलग से संचालन किया जाएगा।

अमृत विचार समूह के अधिवेशन में तथ्यपरक और सकारात्मक पत्रकारिता के दम पर पाठकों के दिल में उतरने का संकल्प

राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित होने के लिए दिल्ली में कदम रखने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : अमृत विचार समूह के वार्षिक अधिवेशन में रविवार को तथ्यपरक और सकारात्मक पत्रकारिता का संकल्प लेने के साथ राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित होने के लिए जल्द देश की राजधानी दिल्ली से भी संस्करण शुरू करने पर विचार किया गया। समूह के चेयरमैन एवं प्रबंध संपादक डॉ. केशव कुमार अग्रवाल ने गुणवत्ता के साथ पाठकों के लिए समर्पित अखबार निकालने पर जोर दिया तो समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी ने तय लक्ष्यों को हासिल करने के लिए आगे का सफर और तेजी से तय करने की प्रतिबद्धता जताई।

रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज के सभागार में हुए अधिवेशन में डॉ. केशव ने कहा कि अखबार को विश्वसनीय बनाने के लिए तथ्यों के प्रति सतर्कता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रिंट मीडिया की अहमियत कभी कम नहीं हो सकती क्योंकि अखबार एक स्थाई दस्तावेज है। अखबार जैसी

- **प्रिंट मीडिया की अहमियत बरकरार, पाठकों के फीडबैक के मुताबिक खुद को ढालें : डॉ. केशव**
- **प्रसार बढ़ाने के लक्ष्य तय करेंगे, ब्रांडिंग की योजनाओं पर भी रहेगा फोकस : डॉ. अशोक**
- **आगे और तेज प्रगति की जरूरत, संपादकीय विभाग निभाए प्रमुख भूमिका : शंभूदयाल वाजपेयी**

विश्वसनीयता और उसे पढ़ने जैसा एहसास किसी डिजिटल प्लेटफार्म से हासिल नहीं हो सकता। समय की कमी की वजह से लोग डिजिटल प्लेटफार्म से जुड़े तो हैं लेकिन उस पर ज्यादा भरोसा नहीं करते। उन्होंने कहा कि एक बेहतर अखबार बनने के लिए पाठकों से लगातार फीडबैक लेना और उसके अनुरूप खुद को ढालने से सबसे ज्यादा जरूरी है। उन्होंने अमृत विचार के विस्तार पर चर्चा के बीच समूह की कार्यप्रणाली को तकनीकी तौर पर दुरुस्त करने को कहा।

वाइस चेयरमैन डॉ. अशोक अग्रवाल ने अमृत विचार के प्रसार और ब्रांडिंग की योजनाओं पर विचार करने के साथ उसे पूरी तरह त्रुटिरहित और विश्वसनीय बनाने पर फोकस करने को कहा। उन्होंने समूह में अलग-अलग स्तर पर समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी ने कहा कि अमृत विचार ने कोरोना के दौर में संघर्षशील शुरुआत के बाद बहुत तेजी से विशिष्ट पहचान हासिल की है लेकिन अब और तेजी की जरूरत है।

लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रसार, विज्ञापन और संपादकीय तीनों विभागों का समन्वय जरूरी है लेकिन प्रमुख भूमिका संपादकीय को ही निभानी है। उन्होंने कहा कि अमृत विचार ने जो इतिहास रचा है, उसके पीछे सहयोगियों की मेहनत तो है ही, लेकिन प्रबंधन का जज्बा भी बेमिसाल है। इसका एहसास करते हुए नए संकल्पों को आत्मसात करने की जरूरत है।

डायरेक्टर डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने कहा कि अमृत विचार एक सामूहिक प्रयास है और हम लोग परिवार हैं। इसे कैसे और आगे ले जाया जाए, इसके लिए लक्ष्य तय किए जाने चाहिए। डायरेक्टर डॉ. वरुण अग्रवाल ने एकाउंट्स की तकनीकी दिक्कतों के बारे में चर्चा की और कई सुझाव रखे। समूह के कार्यकारी संपादक नवीन गुप्ता ने कहा कि संपादकीय विभाग का फोकस नई योजनाओं के क्रियान्वयन पर रहेगा।

लखनऊ के विज्ञापन प्रबंधक आरपी सिंह ने कहा कि अब अगली मंजिल दिल्ली में स्थापित होने के साथ तेजी से और नए संस्करण शुरू करने की होनी चाहिए। फीचर संपादक पूजन प्रियदर्शी ने अमृत विचार के अब तक की यात्रा के बारे में बताया।

अमृत विचार ग्रुप के सम्मानित हुए सहयोगियों के साथ चेयरमैन एवं प्रबंध संपादक डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, वाइस चेयरमैन डॉ. अशोक अग्रवाल, समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी, डायरेक्टर डॉ. अर्जुन अग्रवाल व डॉ. वरुण अग्रवाल। अमृत विचार

सेवा और समर्पण को सम्मान

अमृत विचार समूह की ओर से विशिष्ट सेवाओं के लिए कई सहयोगियों को सम्मानित किया गया। इनमें लखनऊ के मैनेजर मार्केटिंग आरपी सिंह, इलेक्ट्रिकल मैनेजर श्रीश चंद्र शर्मा, सिद्धार्थनगर के ब्यूरो इंचार्ज सुनील मिश्रा, कानपुर के एडिटोरियल हेड दिग्विजय सिंह, हल्द्वानी की असिस्टेंट मैनेजर रीता मटियाली, नैनीताल के स्पेशल रिपोर्टर चंदन आर्या उर्फ बबलू चंद्रा, बरेली के डिप्टी मैनेजर मार्केटिंग चंदन यादव और सरिता मौर्य, चीफ अकाउंटेंट वानिया इरशाद और सरकुलेशन विभाग के एग्जीक्यूटिव कृष्ण कुमार शर्मा शामिल थे। इन्हें चेयरमैन डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, समूह संपादक शंभूदयाल वाजपेयी, वाइस चेयरमैन डॉ. अशोक अग्रवाल, डायरेक्टर डॉ. अर्जुन अग्रवाल और डॉ. वरुण अग्रवाल ने प्रशस्तिपत्र के साथ पुरस्कार दिया।

अधिवेशन में ये भी रहे मौजूद

अधिवेशन में बरेली से डिप्टी जनरल मैनेजर अनिरुद्ध त्यागी, सिटी इंचार्ज अनूप शर्मा, डिजिटल इंचार्ज अतीक अहमद, डिप्टी मैनेजर मार्केटिंग नवीन खाती, डिप्टी मैनेजर मार्केटिंग आशुतोष शर्मा, आईटी मैनेजर हरिओम गुप्ता, अयोध्या के एडिटोरियल हेड विवेक सक्सेना, लखनऊ के एडिटोरियल हेड अनिल त्रिगुणायत, जीएम त्रिनाथ शुक्ला, डिजिटल हेड वीरेंद्र पांडेय, डिप्टी न्यूज एडिटर ऋषिकांत यादव, सिटी इंचार्ज सुनील मिश्रा, डिप्टी मैनेजर मार्केटिंग अजीत सरीन, हल्द्वानी से एडिटोरियल हेड अरविंद मलिक और सरकुलेशन अजय सक्सेना, कानपुर से मार्केटिंग मैनेजर राजेश श्रीवास्तव, सरकुलेशन मैनेजर जितेंद्र गुप्ता, आईटी और डिजिटल प्रभारी वैभव शुक्ला, मुरादाबाद से मार्केटिंग मैनेजर राहुल शर्मा, सर्कुलेशन मैनेजर अभयवीर गुप्ता और सिटी इंचार्ज विद्याकांत शुक्ला ने हिस्सा लिया।

एक नजर

इनाम का झांसा देकर क्रेडिट कार्ड से उड़ाए 76 हजार

कानपुर। साइबर ठग ने इनाम मिलने का झांसा देकर महिला के क्रेडिट कार्ड से 76 हजार रुपये उड़ा दिए। पीड़िता ने साइबर सेल में मामले की शिकायत की है। जाजमऊ के तिवारीपुर निवासी रवि चौरसिया के अनुसार उनकी पत्नी अमिता चौरसिया का चार दिन पहले क्रेडिट कार्ड आया था। शनिवार को उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को एक ऑनलाइन शॉपिंग कम्पनी का कर्मचारी बताते हुए उन्हें खरीदी के बाउचर मिलने का झांसा दिया। अमिता आरोपित के झांसे में आ गई। फिर आरोपित ने उनसे कार्ड की जानकारी के उसके माध्यम से 76 हजार रुपये उड़ा दिए। उन्होंने साइबर सेल में शिकायत की।

रावतपुर में ईंट मारकर युवक का सिर फोड़ा

कानपुर। रावतपुर थानाक्षेत्र में राम विहार रोड शिवपुरी निवासी अनुज कुमार सिंह ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि घर के सामने रोशन नगर के कुछ लड़के झगड़ा करते हैं। घर में ईंट पत्थर चलाते हैं, हमेशा गाली गलौज करते हैं। मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हैं। रविवार उनके घर प्लॉट छोड़कर चले जाने को लेकर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे उनका सिर फट गया। इस दौरान बीच बचाव करने आए पिता को भी मारपीटा। पूरी घटना घर पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। रावतपुर पुलिस ने बताया कि घायल का मेडिकल कराकर प्रार्थना पत्र के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

जिम ट्रेनर का एक सप्ताह बाद भी नहीं लगा सुराग

कानपुर। ग्रीनपार्क की जिम से महिला को लेकर फरार ट्रेनर का एक सप्ताह बाद भी सुराग नहीं लग सका। इस बीच पुलिस ने शहर के होटल, बस अड्डे और रेलवे स्टेशन के आसपास लगे सैकड़ों कैमरे खंगाल डाले। पुलिस ने दोनों की सीडीआर भी निकलवाई है। कोतवाली थाना प्रभारी संतोष शुक्ला ने बताया, 24 जून को जिम ट्रेनर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई थी। सीडीआर में घटना वाले दिन से पहले सबसे ज्यादा बात हुई, उसमें महिला की एक गुड़गांव निवासी दोस्त का भी नंबर है। पूछताछ की गई तो वह भी कुछ नहीं बता सकीं। थाना प्रभारी के अनुसार पुलिस और सर्विलांस सेल की टीम लगातार काम कर रही है।

4 मार्गों का सुंदरीकरण करेगी प्रदेश सरकार

चिन्मय वृद्धाश्रम, जाजमऊ टीले से हनुमान मंदिर, ख्योरा और जागेश्वर मंदिर जाने वाली सड़क चिह्नित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

अमृत विचार। शहर के तीर्थ स्थलों और उनतक जाने वाले मार्गों को प्रदेश सरकार लगातार सुधार रही है। जल्द ही शहर के चार और तीर्थस्थल तक जाने वाले मार्गों का सुन्दरीकरण होगा। धार्मिक स्थलों के मार्गों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण एवं विकास योजना के तहत बिठूर सड़क से चिन्मय वृद्धआश्रम को जोड़ने वाली सड़क, सिद्धनाथ मंदिर जाजमऊ से टीले वाले हनुमान मंदिर जाने वाली सड़क, शिव मंदिर ख़्योरा जाने वाली सड़क, गंगा बैराज से जागेश्वर मंदिर जाने वाली सड़क को विकसित करने की योजना है। इसको लेकर शासन ने डीएम को पत्र भेजा है। नगर निगम से जानकारी मांगी गई है।

शहर में तीर्थ स्थलों और मंदिरों का लगातार योगी सरकार कायाकल्प कर रही है। मुख्यमंत्री की प्राथमिकता पर शहर के आनंदेश्वर कॉरिडोर का निर्माण किया गया है। स्मार्ट सिटी योजना के तहत यहां लगातार विकास कार्य हो रहे हैं जिससे धार्मिक पर्यटन में इजाफा हो रहा है। इसी तरह सिद्धनाथ घाट को भी कॉरिडोर बनाया जा रहा है। नगर निगम के अधिकारी मंदिर के विकास का खाका पहले ही खींच चुके हैं। जिसके बाद निर्माण कार्य भी शुरू हो गये हैं। प्रदेश शासन इस क्रम में सीमापुर, मथुरा, चित्रकूट, जालौन, कानपुर नगर और देहात के 74 मार्गों को चयनित किया गया है जिसका निर्माण कराया जाना है। इस संबंध में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी शामिल किया जायेगा।

जाजमऊ में टीले वाले हनुमान जी व मखदूम शाह की दरगाह और सिद्धनाथ मंदिर को जाने वाला रास्ता सुधरेगा। अमृत विचार

एमएलसी सलिल विश्नोई ने की संस्तुति

- चारों सड़कों के निर्माण की पहल एमएलसी सलिल विश्नोई ने की है। केडीए, आवास विकास, जिला पंचायत का सभापति होने के नाते उन्होंने विभागों में व्याप्त अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिये जांच को भी कहा है ताकि योजना के तहत पारदर्शी रूप से काम किया जा सके।

हनुमान मंदिर जाने वाला मार्ग सबसे ज्यादा खराब

- धर्म स्थलों तक जाने वाली जो चार सड़कें बननी हैं उसमें जाजमऊ में टीले वाले हनुमान जी व मखदूम शाह की दरगाह और सिद्धनाथ मंदिर को जाने वाला रास्ता बहुत खराब है। बारिश की वजह से यहां जलभराव है। कच्चा रास्ता होने और अतिक्रमण होने की वजह से लोग परेशान रहते हैं। सीवर समस्या भी चरम पर है इससे बदबू और गंदगी से भी लोग परेशान रहते हैं। यहां आने वाले दर्शनार्थी भी इसी समस्या से दो-चार होते हैं।

एकता दौड़ में शहरियों ने हिस्सा लिया। अमृत विचार

लगाई दौड़ और किया जागरूक

कानपुर । सड़कों पर दौड़कर युवाओं ने शहरवासियों को जागरूक किया। एकता दौड़ में चार्टर्ड एकाउंटेंट ने ऊर्जा बचत एवं यातायात नियमों के पालन पर भी जोर दिया।

द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की सिविल लाइन स्थिति सेंट्रल इंडिया रीजनल कौंसिल के तत्वावधान में सीए रन फार विकसित भारत के तहत एकता दौड़ का आयोजन किया गया। मोतीझील गेट से तमाम युवा एकता दौड़ कार्यक्रम के तहत सड़क पर दौड़े। सीए नवल कपूर के निर्देशन में सदस्यों एवं छात्रों ने ऊर्जा बचत, यातायात नियमों का पालन एवं सफाई करने पर जोर दिया तो शहर वासियों को जल संरक्षण आदि पर भी जागरूक किया।

जीत कार्यकर्ताओं की, उनके परिश्रम की

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सांसद रमेश अवस्थी ने वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मान समारोह आयोजित किया

अमृत विचार। नरेंद्र मोदी के तीसरी बार पीएम बनने पर भाजपा सांसद रमेश अवस्थी ने रविवार को होटल डीजे ग्रैंड में वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मान समारोह आयोजित किया। जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ प्रदेश, क्षेत्र, जिला पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान सभी वरिष्ठ नेताओं को पुष्प कुछ एवं अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि अनेक विदेशी शक्तियों एवं इंडी गठबंधन के द्वारा फैलाए गए भ्रम को तोड़ते हुए भाजपा के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार बनी। तीसरी बार बनी यह सरकार कार्यकर्ताओं की अटूट मेहनत और निष्ठा का परिणाम है।

इस मौके पर सांसद रमेश अवस्थी ने कहा कि यह जीत कार्यकर्ताओं की जीत है। कार्यकर्ताओं के इस परिश्रम को कभी नहीं भूल पाऊंगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष दीपू पांडे, शिवराम सिंह, विधायक महेश त्रिवेदी, सुरेंद्र मैथानी, विधान परिषद सदस्य सलिल बिश्नोई सहित सभी प्रदेश क्षेत्र व जिला पदाधिकारी ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा की वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री प्रेमलता कटियार, नीरज दीक्षित, क्षेत्रीय महामंत्री पूनम द्विवेदी, आनंद राजपाल, अनूप अवस्थी, दिवाकर मिश्रा, अनूप पचौरी, बॉबी पाठक सहित लोकसभा चुनाव संचालन समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे।

पूर्व मंत्री भाजपा की वरिष्ठ नेता प्रेमलता कटियार को सम्मानित करते सांसद रमेश अवस्थी। अमृत विचार

सार-संक्षेप

आशा देवी मंदिर में चलाया सफाई अभियान

कानपुर। वूमेन एम्पावरमेंट वेलफेयर सोसाइटी ने मिशन क्लीन कानपुर के अंतर्गत रविवार को सफाई अभियान के सातवें हफ्ते इंदिरा नगर स्थित आशा देवी मंदिर में सफाई की। संस्था की संस्थापक डॉ. प्रतिभा मिश्रा ने लोगों और पूजन सामग्री वितरण करने वाले दुकानदारों को समझाया कि पॉलिथीन का इस्तेमाल न करें और उसकी जगह पर डलिया का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि हमें पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देना चाहिए। जिससे हर जगह साफ सफाई रह सके। सफाई अभियान में संस्था से अमित शुक्ला, ममता, रानू, कल्पना, रुचि, मान्या, सोमाली, नीलम आदि सदस्य रहे।

सफाई अभियान चलातीं संस्था की सदस्य। अमृत विचार

मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुनते भाजपाई।

20887 बूथों पर सुनी गई पीएम मोदी के मन की बात

कानपुर। कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने रविवार को सीसामऊ विधानसभा के बूथ नंबर 254 पर पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इसके साथ ही क्षेत्र के सभी 17 जिलों के 20887 बूथों पर कार्यक्रम को सुना गया। क्षेत्रीय संयोजक अनूप अवस्थी, मंडल अध्यक्ष गौरव पांडे और बूथ अध्यक्ष रोशन कुमार, पार्षद अंकित मिश्रा, रोहित गिहार, अनंत मिश्रा सहित बूथ समिति के सभी सदस्य मन की बात कार्यक्रम में रहे।

गरीब बच्चों के लिये मुफ्त कोचिंग सेंटर का उद्घाटन करतीं मन्नत गुरु मां।

गरीब बच्चों के लिए मुफ्त कोचिंग

कानपुर। गरीब बच्चों के लिये मुफ्त कोचिंग की व्यवस्था गंगापार मुख्तार नगर में की गई है जिसका उद्घाटन मन्नत गुरु मां ने किया। समाज सेवा समिति ने निशुल्क शिक्षा कोचिंग सेंटर की शुरुआत की। जाजमऊ कानपुर बुढ़िया घाट में भी इसकी शुरुआत की जाएगी। समिति के अध्यक्ष साजिद सिद्दकी ने हर समाज के लोगों को जोड़ने का काम शुरु किया है। डॉक्टर नासिर खान ने बताया कि हर जाति के गरीब बच्चों को शिक्षा मुफ्त उपलब्ध कराई जायेगी। राशिद जमाल, डॉ मोहम्मद इमरान, जरीना पार्षद, फरजाना जब्बार, आसमां बेगम, गुफरान अहमद आदि रहे।

मौसम | दक्षिण में तेज बारिश से सड़कों पर जगह-जगह जलभराव, उत्तर क्षेत्र के ज्यादातर मोहल्ले सूखे

झमाझम बारिश से सड़कें लबालब, जलभराव में फंसे राहगीर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। दिन में दक्षिण क्षेत्र में हुई झमाझम बारिश से लोगों को जहां राहत मिली वहीं उत्तर क्षेत्र में ज्यादातर मोहल्ले सूखे रहे। बारिश के चलते अधिकतम और न्यूनतम तापमान जरूर सामान्य से नीचे आ गए हैं।

रविवार को गर्मी से लोग परेशान थे। दोपहर में अचानक काली घटा छाने लगी और करीब डेढ़ घंटे तक तेज बारिश होने से यशोदा नगर, नौबस्ता, बर्रा, करही, जरौली आदि क्षेत्रों में झमाझम बारिश से सड़कों पर पानी उफनाने लगा। नौबस्ता थाना से गल्ला मंडी के बीच किसी भी मार्ग से से बर्रा-करही-अर्रा की तरफ जाना लोगों के किसी मुसीबत से कम नहीं था। करीब हर लिंक रोड पर जबरदस्त जलभराव था। कई वाहन जलभराव में फंसे जिससे राहगीरों को काफी परेशानी हुई। किदवई नगर में सब्जी की दुकानों तक पानी भरा हुआ था। वहीं सड़कों पर जहां-जहां मिट्टी पड़ी थी वहां लोगों का निकलना मुश्किल हो रहा था। कुछ लोग तो फिसलकर गिर भी पड़े। उधर गर्मी से परेशान लोगों ने बारिश का मजा भी खूब लिया। जिसे जहां भी मौका मिला बारिश में भीगकर खूब आनंद भी उठाया। वहीं उत्तर क्षेत्र के ज्यादातर मोहल्ले में बारिश का कोई भी अता-पता नहीं था। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डा. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि अधिकतम तापमान सामान्य से 5.2 डि.से. नीचे लुढ़ककर 31.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 0.2 डि.से. नीचे गिरकर 26.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। करीब 8 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली हवा के चलते आर्द्रता भी अधिकतम 83 एवं न्यूनतम 80 फीसद रिकार्ड की गई। 3 जुलाई तक बदली छाई रहने के आसार हैं। तेज हवाओं एवं गरज चमक के साथ वर्षा होने की संभावना है।

जीटी रोड पर धंसी सीवर लाइन, 10 फिट चौड़ा गड्ढा: सोमवार को बारिश के दौरान जीटी रोड पर जर्जर सीवर लाइन धंस गई, जिससे करीब 10 फिट चौड़ा गड्ढा हो गया। सड़क धंसने से जीटी रोड पर भीषण जाम की समस्या हो गई।

किदवई नगर में सब्जी की दुकानों में भरा पानी। अमृत विचार

बारिश के चलते मिट्टी की फिसलन से सड़क पर चलना हुआ दूभर।

कानपुर मंडल में तेज बारिश के बन रहे आसार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कानपुर मंडल और दक्षिण पश्चिम जिलों में तेज मानसूनी बारिश की संभावना है। बिजली गिरने की आशंका भी है।

इस बार बिहार के रास्ते गोरखपुर, वाराणसी मानसून देर से पहुंचा और बारिश की मात्रा भी कम रही जबकि अरब सागर की शाखा पर चक्रवात जैसा कोई असर नहीं पड़ा और यह लगातार आगे बढ़ती रही। यह जानकारी देते हुए सीएसए के मौसम वैज्ञानिक डा. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि मानसून ने मध्य प्रदेश के रास्ते उत्तर प्रदेश में ललितपुर पहुंचकर बुंदेलखंड में बारिश शुरू की। पश्चिम की अपेक्षा पूर्व में बारिश कुछ कमजोर है। पूर्वांचल के स्थान पर मानसून पश्चिमी यूपी व बुंदेलखंड पर ज्यादा मेहरबान हो रहा है। पिछले साल ऐसा हुआ और इस बार भी ऐसा ही है।

मौसम के कारण मुंबई और दिल्ली की फ्लाइट लेट

कानपुर। रविवार को मौसम खराब होने के कारण कानपुर से मुंबई और कानपुर से दिल्ली जाने वाली दोनों फ्लाइट एक घंटे लेट रही। इस संबंध में कानपुर एयरपोर्ट के डायरेक्टर संजय कुमार का कहना है कि दिल्ली और मुंबई में मौसम खराब होने के कारण दोनों फ्लाइट एक एक घंटे लेट रही।

14 साल से अदालत का आदेश फाइल में दबा

पंकज त्रिपाठी, घाटमपुर

देश के

- एसडीएम कोर्ट ने 2010 में अवैध कब्जेदारों को बेदखल करने का दिया था आदेश
- अदालत के इस आदेश के क्रियान्वयन को लेकर नगर पालिका की भूमिका पर सवाल

अमृत विचार। नगर पालिका परिषद की करोड़ों रुपये की बेशकीमती भूमि अवैध लोगों के कब्जे में है। खास बात यह है कि अवैध कब्जेदारों को बेदखल करने और उनसे जुर्माना वसूलने का 14 साल पहले अदालत का आदेश हुआ था, लेकिन अदालत का यह आदेश फाइलों में दबा है और आज तक अवैध कब्जेदारों को बेदखल नहीं किया जा सका है। इस पूरे मामले में नगर पालिका परिषद के जिम्मेदारों की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं।

नगर पालिका की जमीनों पर अवैध कब्जे कर भवन बनाने वालों को बेदखल करने का आदेश एसडीएम कोर्ट ने वर्ष 2010 में दिया था, लेकिन न्यायालय का यह आदेश अभी तक नगर पालिका की फाइलों में दबा रहा। इस दौरान तैनात रहे नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी आंख बन्द कर काम करते रहे। नगर पालिका के सभासद गुड्डू पंडित की ओर से आरटीआई के तहत मांगी गई सूचना के बाद इस पूरे मामले का खुलासा हुआ है।

नगर पालिका परिषद की वेशकीमती भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर भवन खड़ा करने वाले 39 लोगों के खिलाफ एसडीएम कोर्ट में वाद दाखिल हुआ था। वर्ष 2010 में पीपी एक्ट के तहत एसडीएम कोर्ट ने अवैध कब्जेदारों को हटाने और उनसे जुर्माना वसूलने के आदेश हुए थे। इनमें रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित गाटा संख्या- 859 के 10 कब्जेदारों के साथ गाटा संख्या-406, 835 व 859 के 29 कब्जेदार शामिल हैं।

14 साल गुजरने के बाद भी यह आदेश नगर पालिका की फाइलों में दबा रहा या यह कह सकते हैं कि इस आदेश को जानबूझ कर दबाकर रखा गया। इनमें गाटा संख्या-406 तहसील परिसर से जुड़ा हुआ है, जिसमें कई तहसील कर्मी भी मकान बनाकर सालों से रह रहे हैं। अब पूरे मामले का खुलासा होने के बाद नगर पालिका प्रशासन ने कार्रवाई की कवायद शुरू की है। इतने साल तक आदेश की फाइल दबी रहने के पीछे नगर पालिका कर्मियों की मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता है।

39 अवैध कब्जेदारों पर होगी बेदखली की कार्रवाई

- पूरा मामला सामने आने के बाद अधिशासी अधिकारी ने आदेश को अमल में लाने के लिए उच्चाधिकारियों से पत्राचार की तैयारी शुरू कर दी है। अधिशासी अधिकारी महेन्द्र कुमार ने कहा कि एसडीएम कोर्ट के आदेश की जानकारी हुई है। उसे अमल में लाने के लिए उच्चाधिकारियों से पत्राचार की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि 14 साल तक आदेश का पालन न कराया जाना आश्चर्यजनक है। इसके लिए जिम्मेदार नगर पालिका कर्मियों के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

आरटीआई से हुआ पूरे मामले का खुलासा

नगर पालिका परिषद के सभासद राकेश तिवारी उर्फ गुड्डू पंडित की ओर से आरटीआई के तहत सूचना मांगे जाने के बाद इस पूरे मामले का खुलासा हुआ है। सभासद का कहना है कि अगर नगर पालिका प्रशासन की ओर से आदेश को अमल में नहीं लाया जाता है तो वह इस मामले को शासन तक पहुंचाएंगे और कार्रवाई की मांग करेंगे।

पंखे के करंट से अधेड़ की मौत

भीतरगांव। साढ़ क्षेत्र के गुगुरा गांव में रविवार की सुबह बिजली के बोर्ड में प्लग लगाकर फर्राटा पंखा चलाते समय अधेड़ की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई।

गुगुरा गांव निवासी धर्मेश कुमार (55) अविवाहित था। वह गांव में रोहित सिंह के घर रहकर खेती-बाड़ी और मवेशियों की देखभाल कर अपना गुजारा करता था। रविवार की सुबह उमस से परेशान होकर उसने फर्राटा पंखा के प्लग को बिजली के बोर्ड में लगाया और जैसे ही हाथ से पंखा घुमाने लगा, तभी पंखे में उतरे करंट की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। रोहित ने घटना की सूचना भीतरगांव चौकी में दी। चौकी के कार्यवाहक दरोगा देवेश कुमार ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सार-संक्षेप

घाटमपुर में लोगों को पौधे बांटते बजरंग दल कार्यकर्ता। अमृत विचार

'वृक्ष लगाओ-प्रकृति बचाओ' का दिया संदेश

घाटमपुर। बजरंग दल ने सेवा सप्ताह के तहत रविवार को वृक्ष लगाओ-प्रकृति बचाओ का संदेश दिया। कस्बे के कान्हा गौशाला, बरीश्वर महादेव मंदिर, रविदास पार्क, कूष्मांडा देवी मन्दिर, हमीरपुर रोड स्थित दूर भवानी मंदिर में पौधरोपण किया गया। इसके बाद मुख्य चौराहे पर 300 से अधिक पौधे वितरित कर लोगों को पौधरोपण के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर बजरंग दल के विभाग सह संयोजक शुभम शौर्य अग्निहोत्री, नगर अध्यक्ष शशिभूषण द्विवेदी, रोहित सोनी, गौरव पाण्डेय, रमन अवस्थी, शिवम परिहार, सत्या सिंह, आशीष तिवारी, मनेंद्र चंदेल, शिवम सोनी, सत्यम चौहान, सोनू पाण्डेय, सोनू पटेल आदि उपस्थित रहे।

रेलवे के खंभे पर चढ़ा अधेड़ करंट से झुलसा

घाटमपुर। रेलवे स्टेशन पर टहलते हुए मंदबुद्धि व्यक्ति अचानक बिजली के खंभे पर चढ़ गया, जिससे करंट की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। जीआरपी ने उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर उसे कानपुर रेफर किया है। घटनाक्रम के अनुसार रेलवे स्टेशन के आसपास रहने वाला मंदबुद्धि आजाद अंसारी पुत्र इस्लाम अंसारी झारखंड के गढ़वा जिले के मकड़ी भवनाथपुर का रहने वाला है। रविवार को वह अचानक रेलवे स्टेशन में लगे बिजली के पोल पर चढ़ गया, जिससे वह करंट की चपेट में आ गया और उसकी हालत गंभीर हो गई। गम्भीर हालत में उसे जीआरपी ने एम्बुलेंस से सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर उसे कानपुर रेफर कर दिया। वहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

हादसे में युवक की मौत, बवाल

मंधना क्षेत्र के गंगपुर गांव के सामने हाईवे पर हादसा, भीड़ के आगे पुलिस रही बेबस

संवाददाता, बिठूर

हंगामे के बीच लोगों को समझाने की कोशिश करती पुलिस।

जाम के दौरान भारी वाहनों की कतार लगी रही। अमृत विचार

अमृत विचारः मंधना क्षेत्र के गंगपुर गांव के सामने हाईवे पर सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जिससे लोगों का गुस्सा भड़क गया। गुस्साए गांव वालों ने जाम लगाकर हंगामा शुरू कर दिया और पथराव किया। शाम साढ़े सात बजे हादसे के बाद देर रात तक अंधेरे में हंगामा चलता रहा और पुलिस असहाय सी नजर आई। हादसे के बाद कार सवार लोग गाड़ी छोड़कर भाग खड़े हुए।

बिठूर थाना क्षेत्र के गंगपुर के रहने वाले रामसजीवन वर्मा का 28 वर्षीय पुत्र अजय कुमार मजदूरी करता था। रविवार की शाम करीब 7:15 बजे वह मजदूरी करने के बाद घर लौट रहा था। गांव के सामने दूसरी लेन पर वाहन से उतरने के बाद वह एक प्राइवेट अस्पताल के सामने हाईवे पार कर रहा था, चौबेपुर से कानपुर की तरफ जा रही कार ने उसे टक्कर मार दी, जिससे अजय की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे के बाद पीछे से तेज रफ्तार दो गाड़ियां कार में टकरा गईं।हादसे के बाद कार सवार लोग गाड़ी छोड़कर भाग निकले।

हादसे की सूचना गांव पहुंची तो भीड़ हाईवे पर पहुंच गई और शव को वहीं रखकर जाम लगा दिया। जाम और हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन मुआवजा और घटनास्थल के आसपास हाईवे पर बिजली का इंतजाम किए जाने की मांग पर लोग अड़े रहे। पुलिस ने सख्ती दिखाने की कोशिश की तो लोगों ने पथराव शुरू कर दिया, जिससे भगदड़ वाले हालात बन गए। देर रात तक हंगामा जारी रहा। देर रात तहसीलदार रितेश कुमार मौके पर पहुंचे।

तीन थानों का फोर्स, नहीं पहुंचे अफसर

शाम करीब साढ़े सात बजे हंगामा शुरू होने के बाद बिठूर के साथ चौबेपुर और कल्याणपुर थानों के फोर्स के अलावा मंधना, टिकरा चौकी का फोर्स पहुंच गया। रात 11 बजे तक हंगामा और रुक-रुककर पथराव होता रहा, लेकिन पुलिस और प्रशासन का कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। हंगामे वाली जगह पर बिजली का कोई इंतजाम नहीं होने के कारण अंधेरा पसरा रहा। मोबाइल की रोशनी के बीच थानों का फोर्स प्रदर्शनकारियों से निपटने की कोशिश करता रहा।

कल्याणपुर से डायवर्ट किया गया हाईवे का ट्रैफिक

हंगामे और बवाल के बीच कल्याणपुर एसीपी अभिषेक पांडेय पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन विफल रहे। इसके बाद एसीपी ने हाईवे का ट्रैफिक डायवर्ट करा दिया। कानपुर की ओर से आने वाले वाहनों को कल्याणपुर से सिंहपुर होते हुए मंधना की ओर भेजा गया। इसी रूट से चौबेपुर से कानपुर की तरफ जाने वाले वाहनों को रवाना किया गया।

सड़क हादसे में एक की मौत, चार गंभीर घायल

संवाददाता, बिल्हौर

- बिल्हौर क्षेत्र के नानामऊ तिराहे पर हुआ हादसा
- एक ही बाइक पर सवार थे दंपति और तीन बच्चे

अमृत विचारः नेशनल हाईवे पर नानामऊ तिराहे के पास तेज रफ्तार वाहन ने एक बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि दो बच्चों के साथ दंपति घायल हो गए। टक्कर मारने वाला वाहन भाग निकला। हाईवे की एंबुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।

हादसे में घायल बच्चे। अमृत विचार

चौबेपुर कस्बा निवासी इश्तियाक पुत्र मुश्ताक पड़ोसी कन्नौज जनपद के गुरसहायगंज अपनी ससुराल गया था। वहां से रविवार को बाइक पर अपनी पत्नी मैकशा और तीन बच्चों उवैस, ज़ुबैर व जीशान को लेकर चौबेपुर लौट रहा था। कानपुर-अलीगढ़ हाईवे पर बिल्हौर बाईपास पर गौरी गांव के सामने तेज रफ्तार वाहन ने उसकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में बाइक पर सवार सभी लोग घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची हाईवे की एंबुलेंस से सभी घायलों को उपचार के सीएचसी पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद छह वर्षीय जुबैर को मृत घोषित कर दिया। इश्तियाक, मैकशा, उवैस व जिशान को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में कानपुर हैलट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। थाना प्रभारी केशव तिवारी के अनुसार इश्तियाक के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है। बच्चे का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

चोरी का घंटा बरामद

घाटमपुर। बीबीपुर के जंगल के ईशूनंद मंदिर में 27 जून की रात दानपत्र से ढाई सौ रुपये और एक घंटा चोरी हुआ था, जो पास में ही रखा मिल गया। डॉग स्क्वॉड मंदिर परिसर में बने पुजारी की झोपड़ी में गया। पुजारी को मंदिर के संचालक राजू सैनी ने ही रखा है। पुलिस का कहना है कि मंदिर के संचालक राजू सैनी की ओर से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

सीडीपीओ के जेवरात चोरी कर भागा ड्राइवर

संवाददाता, घाटमपुर

रिपोर्ट दर्ज

- तहरीर पर घाटमपुर कोतवाली में दर्ज हुई एफआईआर
- लखनऊ शहर की रहने वाली हैं सीडीपीओ सुषमा उत्तम

अमृत विचार। घाटमपुर ब्लाक की बाल विकास परियोजना अधिकारी सुषमा उत्तम का ड्राइवर उनके जेवरात चोरी कर भाग निकला। इस सिलसिले में सीडीपीओ ने पुलिस को तहरीर दी है, जिसके आधार पर एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

लखनऊ के बी ब्लॉक राजाजीपुरम निवासी बाल विकास परियोजना अधिकारी सुषमा उत्तम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह घाटमपुर कस्बे के जवाहर नगर पूर्वी मोहल्ले में किराए का मकान लेकर रहती है। इसी मकान में राजस्थान के झुंझनू जिले के खड़खड़ी गांव रहने वाला उनका ड्राइवर हनुमान सिंह भी रहता था।

बाल विकास परियोजना अधिकारी ने पुलिस को बताया कि ड्राइवर हनुमान ने अपनी मां को कैंसर की बीमारी बताकर दो लाख रुपये उधार लिए थे। उन्होंने बताया कि दोबारा फिर ड्राइवर के रुपये मांगने पर उन्होंने देने से इंकार कर दिया था। इसके बाद ड्राइवर अपने गांव चला गया। ड्राइवर के जाने के बाद जब उन्होंने अपने जेवरात चेक किए तो उनमें सोने की चेन, दो कंगन, तीन अंगूठी, दो जोड़ी कान की बाली और एक टैबलेट गायब था। सीडीपीओ की तहरीर के आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। ड्राइवर का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

सिपाही ने पड़ोसी दंपति को पीटा

संवाददाता, बिधनू

अमृत विचारः थाना क्षेत्र के हरबसपुर गांव में एक सिपाही ने पड़ोसी दंपति को डंडे से बुरी तरह पीटा। परिवार वाले चीखते-चिल्लाते रहे और सिपाही उन्हें पीटता रहा। इस मारपीट का वीडियो भी वायरल हो गया। पीड़ित परिवार की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू की है।

मनीषा।

हरबसपुर निवासी राधेलाल विश्वकर्मा के मुताबिक पड़ोसी सिपाही लाल कठेरिया वर्तमान में प्रतापगढ़ जिले में सिपाही पद पर तैनात है। इस समय वह छुट्टी पर घर आया है। राधेलाल ने बताया कि उसके और सिपाही लाल के मकान के बीच से करीब तीन फीट की गली है। गली की जमीन उसकी खुद की है। मकान पर छत डालने के दौरान सिपाही लाल ने दीवार से सटाकर छज्जा डालने की हामी भरी थी, जिस पर उसने छज्जा का निर्माण करा लिया। आरोप है कि छुट्टी पर आए सिपाही लाल रविवार की दोपहर शराब के नशे में डंडा लेकर उसके दरवाजे आया और पत्नी मनीषा से गालीगलौज करते हुए छज्जा बनाने का विरोध शुरू कर दिया। वह घर से बाहर निकला और गालीगलौज का विरोध करने लगा तो सिपाही लाल ने डंडे से पीटना शुरू कर दिया। पत्नी और परिवार की महिलाएं बीचबचाव करने आईं तो उन्हें भी डंडे से पीटकर घायल कर दिया। उसने पत्नी के साथ थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत की। थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि घटना की जांच कर आरोपित सिपाही के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

घर में घुसकर दंपति को पीटा, कपड़े फाड़ डाले

बिधनू। सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के कठोगर गांव में शनिवार रात रास्ते से निकलने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के घर में घुसकर महिला, उसके पति और बेटे की बुरी तरह पिटाई कर दी। इस दौरान महिला के कपड़े भी फाड़ने का आरोप है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के कठोगर निवासी मुन्ना वर्मा ने बताया कि शनिवार रात वह अपनी पत्नी सुनीता और बेटे के साथ घर पर थे। अचानक पड़ोसी शिवचरण सविता, रोहित सविता, विवेक सविता उसके घर के अंदर लाठी-डंडा और लोहे की रॉड लेकर घुस आए और उसे और उसकी पत्नी व बेटे पर हमला कर दिया। आरोप है कि पड़ोसियों ने पहले उन्हें पीटा, इसके बाद पत्नी के कपड़े फाड़ दिए। पीड़ित मुन्ना वर्मा ने बताया कि उनकी पत्नी के कपड़े फाड़ने के बाद अभद्र हरकत की गई और उनका मोबाइल भी छीन लिया गया। घटना के बाद पीड़ित ने इसकी सूचना कंट्रोल रूम में दी। पुलिस पहुंची, लेकिन आरोपी नहीं मिले। पिटाई से मुन्ना वर्मा के पीठ और हाथ, जबकि पत्नी सुनीता के सिर, पेट और हाथ में चोट आई है। पीड़ित ने थाने में तीन लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर पर अभियोग दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

पुलिस को चुनौती चौबेपुर क्षेत्र के रौतापुर बंबा चौराहे पर शनिवार देर रात चोरों ने की वारदात

गोदाम से डेढ़ लाख की लाही, सरसों चोरी

संवाददाता, चौबेपुर

घटनास्थल पर जांच-पड़ताल करती चौबेपुर पुलिस। अमृत विचार

अमृत विचार। क्षेत्र के रौतापुर बम्बा चौराहे पर शनिवार देर रात एक गोदाम का शटर काटकर चोरों ने करीब डेढ़ लाख कीमत की लाही व सरसों पार कर दी। घटना की जानकारी दुकानदार को सुबह गोदाम खोलने के दौरान हुई। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज किये जाने की बात कही है।

क्षेत्र के गौरी लक्खा निवासी आशीष शुक्ला की बेला रोड पर रौतापुर बम्बा चौराहे के निकट लाही व सरसों के तेल का कारखाना व गोदाम है। बताया गया कि शनिवार रात करीब 10 बजे आशीष कारखाना व गोदाम बंद कर घर चले गए। इसके बाद देर रात चोरों ने गोदाम के बिजली कनेक्शन की मेन लाइन काट दी और सीसीटीवी कैमरों के तार भी क्षतिग्रस्त कर दिए। गोदाम के पीछे साइड का शटर काटकर अंदर घुसे चोरों ने लाही व सरसों की बोरियां पार कर दीं।

रविवार की सुबह गोदाम खोलने पर बोरियां गायब देख दुकानदार हैरान रह गया और मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस को आशीष ने बताया कि चोर लाही व सरसों की करीब 45 बोरी उठा कर ले गए हैं। दुकानदार के अनुसार चोरी में करीब डेढ़ लाख रुपये का माल गया है। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जांच कर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। चोरों का सुराग लगाया जा रहा है।

10 दिन में खाद्यान्न चोरी की दूसरी बड़ी वारदात

- शनिवार रात चोरों ने जिस गोदाम का शटर काटकर करीब डेढ़ लाख कीमत की लाही व सरसों की बोरियां पार कर दीं, वहां करीब दो दर्जन दुकानें हैं। पुलिस की गश्त पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इसके पहले 20 जून की रात भी चोरों ने मरियानी निवासी प्रत्यूष त्रिपाठी के गोदाम में नकब लगाकर लगभग ढाई लाख रुपये का खाद्यान्न पार कर दिया था। हालांकि इसका पुलिस ने पर्दाफाश कर चोरों की गिरफ्तारी के साथ चोरी हुआ खाद्यान्न भी बरामद कर लिया था, शनिवार रात फिर वारदात ने दुकानदारों की नींद उड़ा दी है। पुलिस की गश्त न होने से दुकानदार खासे परेशान हैं।

युवक ने फांसी लगा दे दी जान

पतारा। कस्बे में 25 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने घटना की प्रारंभिक छानबीन की, लेकिन आत्महत्या की वजह साफ नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कस्बा निवासी हरिगोविंद (25) मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। रविवार की दोपहर हरिगोविंद ने गांव के किनारे स्थित बगीचे में आम के पेड़ पर दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। ग्रामीणों ने युवक का शव पेड़ पर फंदे से लटकता देखा तो पुलिस और परिजनों को घटना की सूचना दी। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाने के साथ युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस घटना की जांच-पड़ताल कर रही है। घाटमपुर इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

कोर्स	अवधि	योग्यता
एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी	3 वर्ष	अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए।
एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री	3 वर्ष	
एम.एस.सी. फिजियोलॉजी	3 वर्ष	
एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी	3 वर्ष	
एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी	3 वर्ष	
बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस	3 वर्ष	पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0)

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

कोर्स	अवधि	योग्यता
एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन)	2 वर्ष	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वद्यिालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों।
एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ)	2 वर्ष	

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.
प्रवेश हेतु संपर्क करें
डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504
डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सुपरिटेन्डेन्ट) मो. 9956248504

रोडवेज बस पीछे से ट्राला में भिड़ी, 10 यात्री घायल

रेलबाजार के सीओडी पुल के पास देर रात हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कैंट थाना क्षेत्र के सीओडी आरओबी के पास रविवार रात 11.30 बजे गोरखपुर से पडरौना जा रही फजलगंज डिपो की बस आगे चल रहे ट्राला से जा भिड़ी। घटना में बस में बैठीं 10 सवारियां घायल हो गईं। घटना के बाद राहगीरों की मदद से पुलिस ने उन्हें कांशीराम अस्पताल ले गई। जहां से प्राथमिक उपचार हुआ। घटना में गम्भीर रूप से घायल चालक को हैलट रेफर किया गया। वहीं, घटना के बाद पुलिस ने वाहनों को हटवाया।

थाना साढ़ के गोपालपुर निवासी परिचालक विनीत मिश्रा (38) ने बताया कि वह फजलगंज डिपो में परिचालक हैं। उन्होंने बताया रविवार रात वह चालक हमीरपुर निवासी सचिन कुमार (40) बस

हादसे के बाद जाम लगा रहा। अमृत विचार

लेकर गोरखपुर से पडरौना जा रहे थे। इस दौरान झकरकटी बाद अड्डे से सीओडी आरोबी से नीचे उतरते समय आगे चल रहे ट्राला से टकरा गई। इस दौरान बस में करीब दो दर्जन सवारियां बैठी थीं। बताया कि ट्राला चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी। घटना में करीब 8 से 10 लोग घायल हो गए। उन्हें राहगीरों की मदद से पुलिस ने कांशीराम अस्पताल पहुंचाया। इसमें गोरखपुर निवासी अनुज रावत (32) व गोरखपुर के सलीलाबाद निवासी दिनेश शर्मा (45) समेत अन्य लोग मामूली रूप से घायल हो गए। जिसमें चालक सचिन को कांशीराम अस्पताल से हैलट रेफर किया गया। मामले में कैंट इंस्पेक्टर कमलेश राय का कहना है कि आगे चल रहे ट्रॉले पर पीछे से बस की टक्कर लगी थी। जिसमें 10 लोग घायल हुए थे। उन्हें काशीराम अस्पताल भेजा गया था। वाहनों को सड़क से किनारे कर रास्ता साफ कर दिया गया है।

गोंडा से नेपाल तक किशोर का नहीं लग सका सुराग

रनियां। नगर पंचायत रनिया के वार्ड माधव नगर मालबर से लापता किशोर का छह दिन बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा है। किशोर का पता न चलने से माता-पिता व परिवारीजन परेशान है। हालांकि पुलिस ने अपहरण की रिपोर्ट दर्जकर छानबीन कर रही है।

मालबर निवासी राजू तिवारी का 13 साल का बेटा शिव तिवारी बीते 25 जून की शाम को अचानक लापता हो गया था। वह कक्षा आठ का छात्र है। किशोर के घर से लापता होने के बाद परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका था। जिसपर पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस किशोर की तलाश में जनपद गोंडा से लेकर नेपाल तक गई, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। उसके पिता राजू, मां संगीता, बाबा पुत्तन लाल, दादी आशा तिवारी, बहन, शुभी, उर्मी, छोटा भाई वैभव तिवारी काफी परेशान हैं। रनियां एसओ महेंद्र पटेल ने बताया कि पुलिस लापता किशोर की तलाश में जुटी है।

सांसद रमेश अवस्थी व एमएलसी सलिल विश्नोई को स्मृति चिह्न देते डॉक्टर।

आईएमए के शिविर में 242 मरीजों की हुई जांच

कानपुर। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने सोमवार को डॉक्टर्स डे के पर रविवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन परेड स्थित आईएमए भवन में किया गया। शिविर का उद्घाटन सांसद रमेश अवस्थी, एमएलसी सलिल विश्नोई, कम्युनिटी वेलफेयर सब कमेटी के चैयरमैन डॉ. वीसी रस्तोगी, सचिव डॉ. कुनाल सहाय ने किया। सांसद रमेश अवस्थी ने बताया कि डॉक्टर्स डे डॉ. बीसी राय के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। डॉ. राय पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहते हुए प्रतिदिन दो घंटे मरीजों को देखते थे। इससे ही प्रेणना लेकर आईएमए भी समय समय पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करता है। सचिव डॉ. कुनाल सहाय ने बताया कि शिविर में 242 मरीज आए। 32 मरीजों की ईसीजी, 27 की कैलेस्ट्रोल व 64 की ब्लड शुगर की जांच निशुल्क की गई। 78 मरीजों की खून की जांच 50 प्रतिशत छूट में की गई। 12 मरीजों का अल्ट्रासाउंड रियायती दरों में किया गया। इस दौरान डॉ. एसी अग्रवाल, डॉ.शालिनी मोहन, डॉ.सविता रस्तोगी, डॉ. बृजेंद्र शुक्ला, डॉ.अंकिता चतुर्वेदी, डॉ.सविता रस्तोगी, डॉ.आरके सिंह, डॉ.अविजित कुमार आदि डॉक्टर रहे।

सार-संक्षेप

कार स्टेयरिंग डिवाइस का आइडिया देकर जीता पुरस्कार

कानपुर। फिक्की फ्लो की कानपुर शाखा की ओर से आयोजित तीन दिवसीय यंग फाउंडर समिट के अंतिम दिन रविवार को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल कैंट में हुए पुरस्कार वितरण समारोह में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान कार की स्टेयरिंग डिवाइस का विचार बताकर टीम सेफ स्टीयर ने पहला पुरस्कार जीता। समारोह में निर्णायक मंडल की भूमिका में डा. आरती गुप्ता, अर्क श्रीनिवास, आकाश गोयनका, अंकित अग्रवाल, मानस सेठ ने टीमों को अंक दिए। समारोह में टीम सेफ स्टीयर को प्रथम और टीम इको इरा ने द्वितीय पुरस्कार हासिल किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एडीजी आलोक सिंह, पत्नी आकांक्षा ने विजेता टीम को 20 हजार रुपये का प्रथम और उप विजेता टीम को 10 हजार रुपये का द्वितीय पुरस्कार दिया। बताया गया कि टीम सेफ स्टीयर की सदस्य मायरा, वार्निका, रिद्धिमा, धैर्य और कुशाग्र की टीम ने कार की स्टीयरिंग में संसरयुक्त डिवाइस लगाने का आइडिया दिया।

पत्र वितरक संजय को वैवाहिक वर्षगांठ की मिली बधाई

कानपुर। श्रमजीवी समाचार पत्र वितरक मंच के संयोजक संजय शुक्ला को 23 वीं वैवाहिक वर्षगांठ पर लोगों ने बधाई दी। संजय ने पत्नी सरिता के साथ केक काटा।

संजय और पत्नी सरिता।

कमल को वैवाहिक वर्षगांठ पर मिलीं शुभकामनाएं

कानपुर। समाचार पत्र वितरक कमल को उनकी 25 वीं वैवाहिक वर्षगांठ पर साथियों ने बधाई दी। उन्होंने पत्नी मनोरमा के साथ इस अवसर पर जश्न मनाया। इस अवसर पर उन्हें समाचार पत्र वितरक अनिल बाजपेई, राजू दिनेश पांडेय, मोनू ने बधाई दी।

कमल और पत्नी मनोरमा।

यीशु के सामने मानव कल्याण की प्रार्थना

कानपुर। न्यू इंडिया चर्च ऑफ गॉड गोविंदनगर में पादरी जितेंद्र सिंह ने भक्तों से आंखें बंद कराकर हाथ ऊपर उठाकर प्रार्थना कराई कि हे प्रभु हमारे मुल्क के आपसी सौहार्द को और मजबूत कर दो। प्रार्थना सभा में बड़ी संख्या में भक्तों ने शिरकत की और पादरी से आशीर्वाद लिया। रविवार को न्यू इंडिया चर्च ऑफ गॉड में पादरी जितेंद्र सिंह ने विशेष आराधना सभा का आयोजन किया जिसमें सभी क्लास में पास हुए बच्चों के लिए प्रार्थना की गयी। साथ ही सभी धर्मों के लिये प्रार्थना की गई ताकि सभी लोग मिलकर एकता के साथ देश की उन्नति के लिए कार्य करें। न्यू इंडिया वर्च ऑफ गॉड के रीजनल पादरी व पास्टर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के महासचिव पादरी जितेंद्र सिंह ने बताया कि पास्टर्स एसोसिएशन आने वाले दिनों में क्रिश्चियन समाज के बच्चों की आई ए एस व पी सी एस पढ़ाई के लिए उनकी कोचिंग की जिम्मेदारी का इंतजाम भी करेगा। प्रार्थना सभा में हैलिना सिंह, पादरी रवि कुमार, पादरी संजय आलविन, पादरी अनिल गिलबर्ट, भाई यशराज साइलस, पूर्णिमा जेम्स, पादरी राकेश मसीह, पादरी ब्रजेश कुमार, पादरी पप्पू यादव, विजय श्रीवास्तव, पादरी हरि सिंह आदि मौजूद रहे।

इस्लाम के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे बाबा को गिरफ्तार करें

कानपुर। इस्लाम धर्म के लिये मनगढ़ंत एवं भ्रामक बातें फेसबुक और यूट्यूब के माध्यम से फैलाकर एक तंत्र-मंत्र करने वाला बाबा धार्मिक उन्माद पैदा कर रहा है और वर्गों के बीच शत्रुता पैदा करने का प्रयास कर रहा है। ऐसे बाबा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करके उसे गिरफ्तार किया जाये। उलमा ने पुलिस कमिश्नर से मुलाकात करके ये मांग की है। सुन्नी संगठन के प्रमुख सैयद सुल्तान हाशमी की अगुवाई में पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से उलेमा ने मुलाकात करके और उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया कि तथाकथित बाबा और उसके सहयोगी वीडियो बनाकर यूट्यूब पर डाल रहे हैं और खुले तौर पर धमकी देते हैं। सुन्नी उलेमा ने आरोप लगाया कि धर्म को निशाना बनाकर सद्भाव बिगाड़ करके वर्गों में धार्मिक उन्माद पैदा करके समाज को बांटने का प्रयास हो रहा है। डॉक्टर सैयद सुल्तान हाशमी शहर काजी मुफ्ती मोहम्मद, यूनुस रजा ओवैसी, मौलाना मुजफ्फर हुसैन, मुफ्ती अजमल, मुफ्ती इरफान, मौलाना शरिक रजा नूरी, मौलाना आसिफ इकबाल, मौलाना हम्माद, अनवर मौलाना अनवर उल्लाह, मौलाना तनवीर बिलाल, सूफी लाल मोहम्मद कादरी, मौलाना फारूक, कारी मुहम्मद शोएब, हाफिज हफीजुल्लाह, हाफिज इदरीस, हाफिज यूनुस, हाफिज नूर अहमद रहे।

अपर पुलिस आयुक्त को मांगपत्र देते।

एक नजर

ऑनलाइन जॉब का झांसा देकर 1.32 ठगे

कानपुर। बजरिया थानाक्षेत्र के नेहरू नगर निवासिनी प्रतिभा जैसवार ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि ऑनलाइन जॉब के नाम पर आरोपियों ने 1.32 लाख रुपये ले लिए। लेकिन उसके बाद कोई संपर्क नहीं किया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अजय सिंह ने बताया कि पीड़िता ने 2 जनवरी को साइबर सेल से मामले की शिकायत की थी। आईटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

मर्दनपुर नहर में मिला युवक का शव

कानपुर। पनकी थानाक्षेत्र के मर्दनपुर के पास नहर पुल के नीचे एक शव फंसा मिला। पनकी पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। शव पुरुष का था। आसपास के लोगों से पहचान कराने की कोशिश की गई। पहचान न होने पर शव को मार्चुरी भिजवा दिया गया है। पुलिस शिनाख्त का प्रयास कर रही है।

लेखाधिकारी आरके गुप्ता का तबादला

कानपुर। माध्यमिक शिक्षा विभाग में वित्त व लेखाधिकारी के रूप में तैनात राजेश कुमार गुप्ता का तबादला हो गया है। शासन की जारी सूची में उन्हें वित्त एवं लेखाधिकारी के रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय कानपुर देहात में नई तैनाती मिली है। शिक्षा विभाग में तैनात लेखाधिकारी का नाम शिक्षा विभाग में हाल ही में हुए भर्ती घोटाले में भी सामने आया था। इसकी वजह फर्जी रूप से नियुक्त पाई शिक्षिका का वेतन बगैर सत्यापन के पास होना रहा था। बताया गया कि लेखाधिकारी का तबादला उनके ही अनुरोध पर किया गया है।

युवती की इंस्टाग्राम आईडी बनाकर वायरल की फोटो

कानपुर। नजीराबाद थानाक्षेत्र में रहने वाली युवती ने युवक के खिलाफ आईटी एक्ट समेत धमकाने संबंधी धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थानाक्षेत्र निवासी युवती ने आरोप लगाया कि आदर्श पटेल नाम का युवक उसे फोन कर कॉल और मैसेज करके परेशान कर रहा है। 27 जून की रात आरोपी ने कई बार कॉल की। फोन नहीं उठा तो युवती के नाम से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर उसकी फोटो अपलोड कर दी। जानकारी हुई तो रिपोर्ट करके आईडी बंद करा दी। लेकिन आरोपी ने दोबारा दूसरी आईडी बनाकर फोटो वायरल कर दी। आरोपी है, कि वह लगातार उसे बदनाम करने की धमकी दे रहा है।

मिले चार डॉक्टर

कानपुर। शासन की ओर से रविवार को प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में तैनात डॉक्टरों का स्थानांतरण किया गया, जिसमें जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज को चार डॉक्टर और मिल गए हैं। सहारनपुर मेडिकल कॉलेज के आर्थोपेडिक्स विभाग के डॉ.सौरभ सक्सेना व चेस्ट विभाग के डॉ.अवधेश कुमार, कन्नौज से माइक्रोबॉयलोजी विभाग की डॉ.रुचि गुप्ता, जालौन से पैथोलॉजी विभाग की डॉ. वंदना मिश्रा का स्थानांतरण जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज किया गया है।

आज से स्कूलों में पढ़ाई शुरू

कानपुर। स्कूलों में सोमवार से पढ़ाई शुरू हो जाएगी। ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित स्कूल 28 जून से खुल गए थे। इन स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई सोमवार से शुरू होगी। उधर माध्यमिक स्कूलों में भी सोमवार से विद्यालयों में छात्रों का आना शुरू होगा। निजी स्कूलों में 8 जुलाई तक बच्चों का आना शुरू हो जाएगा।

हार्मोन असंतुलन से बच्चों में मोटापा और डायबिटीज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। तकनीक के दौर में बच्चे आसान जीवनशैली जी रहे हैं। बाहर खेलने जाने के बजाए वह मोबाइल पर गेम्स खेलना और रील्स देखना पसंद कर रहे हैं। इससे उनकी फिजिकल एक्टिविटी काफी कम होती जा रही है। वहीं, फास्ट फूड अब ज्यादा आसानी से और लगभग हर जगह मिल जाते हैं। इस कारण बच्चे खाने में नमक व शुगर आदि का सेवन अधिक मात्रा कर रहे हैं, जिस कारण मोटापे की समस्या बढ़ रही है। यह जानकारी डॉ.अनुराग बाजपेई ने दी।

हर्ष नगर स्थित होटल रीजेंटा में रविवार को इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स कानपुर, ग्रो इंडिया सोसाइटी, मेड ई-क्लासेस व रीजेंसी अस्पताल ने संयुक्त रूप से एंडोक्रोनोलॉजी पर कार्यशाला आयोजित की, जिसमें देश व विदेश के करीब सौ डॉक्टरों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला की शुरुआत

कार्यशाला में मौजूद डॉक्टर। अमृत विचार

रीजेंसी अस्पताल के डॉ.अतुल कपूर, डॉ.रश्मि कपूर, डॉ.आरएन चौरसिया व डॉ.ऋषि शुक्ला ने की। डॉ.अनुराग बाजपेई ने बताया कि पहले खान-पान में कम से कम नमक, तेल, शुगर, मैदा और प्रोसेस्ड फूड्स को शामिल किया जाता था। डाइट में साबुत अनाज, हरी सब्जियां, मौसमी फल, सब्जियां, दही, दूध आदि की मात्रा अधिक होती है। इन खाद्य पदार्थों से शरीर को पोषण मिलता है, लेकिन कैलोरी अधिक नहीं होती है। इस कारण से इस डाइट से बीमारियों से बचाव होता था और शरीर स्वस्थ रहता है। इसके अलावा बच्चे बाहर खेलते थे, दौड़ते-भागते थे, लेकिन वर्तमान स्थिति में बच्चों की रुचि ऑनलाइन गेम की ओर बढ़ी है, जिससे वह मोटापा ग्रस्त हो रहे हैं। डॉ.युथिका बाजपेई ने बताया कि शरीर में कई हार्मोंस ऐसे होते हैं, जिनका प्रभाव मेटाबॉलिज्म पर होता है। थायरॉइड हार्मोन, कोर्टिसोल, एस्ट्रोजन जैसे हार्मोंस के असंतुलित होने की वजह से वजन बढ़ने लगता है। बचपन में ही वजन बढ़ना चिंता का विषय बन सकता है। हार्मोंस में बदलाव की वजह से मेटाबॉलिज्म अधिक तेज भी हो सकता है, जो वजन कम होने की वजह बन सकता है। विशेषज्ञों ने बच्चों में होने वाले डायबिटीज, मोटापा, शारीरिक विकास, यौन संबंधित विकारों व जटिलताओं के बारे में जानकारी दी।

ऐसे कर सकते हैं बचाव

- बच्चों के बाहर के पैक्ड फूड की जगह, हेल्दी फूड्स खिलाएं
- डाइट में साबुत अनाज, फल, सब्जियां आदि को शामिल करें
- बच्चों को घर के कामों में शामिल करें और बाहर खेलने भेजें।
- बच्चों का स्क्रीन टाइम कम करवाएं।
- कम से कम स्मार्ट फोन और कंप्यूटर का इस्तेमाल करें।
- बच्चों को कम से कम सात से आठ नींद लेने को बोले।
- बच्चों को तनाव से फ्री रखने की कोशिश करें।

सात फीडर क्षेत्रों में बिजली न आने से लोग परेशान

कानपुर। रविवार को आरपीएच पारेषण उपकेंद्र के यार्ड में अनुरक्षण कार्य कराने की वजह से जल संस्थान फीडर व मेडिकल कॉलेज फीडर, फूलबाग के छप्पर फीडर व 33 केवी बीएस पार्क फीडर की विद्युत आपूर्ति सुबह सात बजे से करीब 10 बजे तक बाधित रही।

भूमिगत केबिल टेस्टिंग के कार्य की वजह से फजलगंज उपकेंद्र के 11 केवी स्टेट बैंक फीडर की आपूर्ति सुबह नौ बजे से एक बजे तक, 250 केवीए के वितरण ट्रांसफार्मर के स्थान पर चार सौ केवीए का ट्रांसफार्मर स्थापित करने की वजह से एक बजे से तीन बजे तक और बारिश के कारण पिन इंसुलेटर क्षतिग्रस्त होने पर हैरिसगंज उपकेंद्र के 11 केवी शांति नगर फीडर की आपूर्ति तीन बजे से शाम सात तक बाधित रही।

फाइनल में भिड़ेंगे लॉर्ड्स और बटरफ्लाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। गैंजेस क्लब प्रीमियर लीग (जीसीपीएल) के सेमीफाइनल में दो मैच खेले गए। लॉर्ड्स ऑफ विक्ट्री व बटरफ्लाई रॉयल ने जीत दर्ज की। क्रेजी क्राउड टीम को 39 और मलिक लाइंस को 53 रनों से हार का सामना करना पड़ा। अब खिताबी मुकाबले में दोनों टीमें भिड़ेंगी।

गैंजेस क्लब की ओर से आयोजित जीसीपीएल का पहला सेमीफाइनल मुकाबला लॉर्ड्स ऑफ विक्ट्री और क्रेजी क्राउड के बीच खेला गया। लॉर्ड्स ऑफ विक्ट्री टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 14 ओवर में 3 विकेट पर 266 रनों का स्कोर खड़ा किया। टीम के शाश्वत ने

एडीशनल सीपी हरीशचंदर का स्वागत करते डॉ. संजय कपूर व विजय कपूर।

108 और अंकित गुप्ता नाबाद 120 रनों की शतकीय पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी क्रेजी क्राउड टीम ने 14 ओवर में 7 विकेट पर 227 रन ही बना सकी। टीम के सुमित धवन ने 113, गुरमीत ने 41 रन बनाए। विजयी टीम से आदित्य ने 3 और नितिन बत्रा ने 2 विकेट लिया। दूसरे सेमीफाइनल में बटरफ्लाइ रॉयल ने 14 ओवर में 7 विकेट पर 214 रन बनाए। टीम के तेजस कनोडिया ने 128 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। देवांश ने 5 विकेट झटके।

ताइक्वांडो टेस्ट में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। ताइक्वांडो कलर बेल्ट टेस्ट में रविवार को खिलाड़ियों ने अपने दमखम का प्रदर्शन किया। कानपुर ताइक्वांडो एसोसिएशन की ओर से आयोजित कलर बेल्ट टेस्ट सन साइन पब्लिक स्कूल केशवपुरम में आयोजित हुआ। कलर बेल्ट प्रतियोगिता में 25 क्लब व स्कूलों के 150 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

ताइक्वांडो संघ के महासचिव प्रदीप सिंह चौहान ने बताया कि व्हाइट बेल्ट में इरा गुप्ता, आरोही पांडे, अंशिका कुमारी, प्रखर गैर, राघव गुप्ता, अनमोल गुप्ता, रिद्धिमा वार्ष्णेय, जियांश कावतरा, सुधांशु मिश्रा प्रथम रहे, अंश कुमार, अनन्य

ताइक्वांडो कलर बेल्ट टेस्ट में अभ्यास करते खिलाड़ी। अमृत विचार

शर्मा, जयंत यादव, नित्य कटियार को द्वितीय और श्रेष्ठ राठौर, उत्कर्ष तिवारी, अयंश सिन्हा तीसरे स्थान पर रहे। यलो बेल्ट में अभिश्री शुक्ला, खुशी गुप्ता, सौरभ कुमार, ध्रुव गौतम, सौम्या प्रथम और कुशल श्रीवास्तव, शिवम सोनकर, नंदिनी सिंह गौर द्वितीय व गौरी सिंह, रुद्र प्रताप सिंह, प्रकृति पटेल तृतीय स्थान पर रहे। ग्रीन बेल्ट में विराट अवस्थी, तन्मिष्का सोनकर, दीपाली सिंह, इब्राहीम अब्दुल्लाह, शौर्य प्रताप सिंह, नवनीत पाल प्रथम और मानसी तिवारी, कार्तिकेय वर्मा, अथर्व सिंह, राशि पांडेय द्वितीय व यशस्वी सोनकर, इच्छा कनोजिया, कुणाल पांडे तृतीय स्थान पर रहे। ग्रीन प्रथम बेल्ट में भाविका त्रिपाठी, मनस्वी त्रिपाठी प्रथम और सृष्टि गुप्ता द्वितीय व आयुष्मान काशीवार, तृतीय स्थान पर रहे। ब्लू बेल्ट में देवादित्य त्रिपाठी, अंश तिवारी, आदर्श कपूर, सारांश अवस्थी प्रथम और नीरज थापा, कुशाक सिंह, अभिषेक शुक्ला द्वितीय व शिवांश सिंह, दैविक अग्रवाल, देवश्री त्रिपाठी तीसरे स्थान पर रहे। रेड बेल्ट में देवाशीष दीक्षित, अयांशी यादव प्रथम व शगुन राठौर, लोवनीश सिंह द्वितीय और शगुन राठौर, सुगंध सिंह, अयांशि यादव, दिव्यान कुमार तीसरे स्थान पर रहे। पर्यवेक्षक दीपक चौरसिया, दिनेश दीक्षित, प्रयाग सिंह, सत्येंद्र सिंह यादव, राहुल तिवारी, सोनू धानुक, अतुल दुबे आदि रहे। स्कूल प्रबंधक निर्मल तिवारी मौजूद रहे।

खेल-खिलाड़ी छह राउंड चली प्रतियोगिता में 92 खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग

स्टेट शतरंज में चुने शहर के चार खिलाड़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। अंडर-15 शतरंज प्रतियोगिता में शहर के 92 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। 6 राउंड चली प्रतियोगिता में बालक वर्ग में अरिहंत राय चौधरी, ओजस पुरी और बालिका वर्ग में अंकिता त्रिवेदी व हिमानी शाह ने बाजी मारी। चारों खिलाड़ियों का चयन स्टेट प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

कानपुर चेस एसोसिएशन और जेएमडी वर्ल्ड स्कूल की ओर से 15 वर्ष से कम आयु वर्ग के लिए शतरंज चयन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ जेएमडी स्कूल के एडमिन राजेश जायसवाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। कानपुर चेस एसोसिएशन के सचिव दिलीप श्रीवास्तव ने बताया कि अंडर-15 बालक वर्ग में डीपीएस के छात्र अरिहंत राय चौधरी 6 अंक पाकर पहले, डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन

शतरंज प्रतियोगिता में चाल चलते खिलाड़ी। अमृत विचार

सेंटर के ओजसपुरी 5.5 अंक के साथ दूसरे और केंद्रीय विद्यालय कैंट के सिद्धार्थ राठौर 5 अंक पाकर तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर की अंकित त्रिवेदी 5 अंक के साथ पहले, सीलिंग हाउस की हिमानी शाह 5.5 अंक के साथ दूसरे, सर पदमपत सिंघानिया एजुकेशन सेंटर की काशवी गुप्ता 4 अंक पाकर तीसरे स्थान पर रहीं। अंडर-15 में चयनित खिलाड़ी 10 व 12 जुलाई को बलिया में होने वाली राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में शहर का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने बताया कि अंडर-11 में विशेष पुरस्कार भी रखा गया है। जिसमें बालक वर्ग में श्रीराम एजुकेशन सेंटर के श्रेयांश शर्मा 4 अंक पाकर प्रथम, सेठ आनंदराम जयपुरिया के कृष्णव अग्रवाल 4 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में डीपीएस कल्याणपुर की परिधि यादव 3.5 अंक के साथ पहले व डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर की चैतन्या पुरी 3 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। चीफ ऑर्बिटर हरीश रस्तोगी, कुसुम शर्मा, रूपा शुक्ला व राजेश शर्मा मौजूद रहे।

अंडर-9 का परिणाम

अंडर-9 बालक वर्ग में डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर के अद्विक महेश्वरी 4 अंक पाकर पहले व द चिंटल स्कूल के विराज कश्यप 2 अंक पाकर दूसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में बिलाबांग हाईस्कूल की सान्वी ओमर 2 अंक पाकर पहले स्थान पर रहीं।

अंडर-7 का परिणाम

अंडर-7 बालक वर्ग में द चिंटल स्कूल के अनघ वासुदेव 1 अंक पाकर प्रथम व श्रीसनातन धर्म एजुकेशन सेंटर के त्रिजल मिश्रा 1 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में सीलिंग हाउस की मायरा गुप्ता 1.5 अंक पाकर पहले व इसी स्कूल की काशवी नागर 1.5 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं।

आईआईटी ने जीता डबल्स मुकाबला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कानपुर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन व रागेंद्र स्वरूप स्पोर्ट्स एकेडमी की ओर से प्रथम इनविटेशन वेटरन्स डबल्स बैडमिंटन टूर्नामेंट रागेंद्र स्वरूप स्पोर्ट्स अकेडमी में आयोजित हुई। जिसमें शहर के 32 खिलाड़ियों (16 जोड़ी) ने प्रतिभाग किया।

आईआईटी से मनीष कुमार खरवार, राजेंद्र रावत ने मेडिकल कालेज की जोड़ी डॉ. आनंद कुमार व अमित अग्रवाल को 30-19 से हराकर फाइनल मुकाबला जीता। सेमीफाइनल में अमित अग्रवाल व डॉ. आनंद कुमार ने मनोज गुप्ता व प्रफुल्ल झा को 30-16 से, मनीष कुमार खरवार व राजेंद्र रावत ने मोहम्मद आसिफ व सूफियान को 30-19 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले क्वार्टर फाइनल में अमित अग्रवाल व डॉ. आनंद कुमार ने शोभित मिश्रा व विजय दीक्षित को 30-11 से, मनोज गुप्ता व प्रफुल्ल झा ने डॉ. अरविंद भारती व नरोत्तम को 30-24 से, मोहम्मद आसिफ व सूफियान ने अरविंद सिंह व संजय तिवारी को 30-09 से, मनीष कुमार खरवार व राजू रावत ने जसप्रीत भाटिया व राम मिश्रा को 30-12 से हराकर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। वहीं पहले राउंड में शोभित व विजय दीक्षित ने आशुतोष दुबे व महेश मिश्रा को 30-24 से, डॉ. आनंद कुमार व अमित अग्रवाल ने प्रशांत पांडेय व सुमित लूथरा को 30-21 से, प्रफुल्ल झा व मनोज गुप्ता ने देवेंद्र सिंह व देवेंद्र कुमार को 30-20 से, अरविंद भारती व नरोत्तम ने अश्वनी तिवारी व विजय कुमार को 30-25 से, मोहम्मद आसिफ व सूफियान ने लाल सिंह पाल व महेंद्र कुमार को 30-14 से, अरविंद सिंह व संजय तिवारी ने अंबरीश गुप्ता व आदित्य को 30-27 से, मनीष कुमार खरवार व राजू रावत ने करण जैन व कुणाल जैन को 30-24 से हराया। एसजीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर डॉ. सुनील कुमार, सुशील गुप्ता वाइस चेयरमैन बैडमिंटन एसोसिएशन, आशुतोष सत्यम झा आयोजन सचिव, आनंद कुमार, कमलेश यादव रैफरी, केशव द्विवेदी डिप्टी रेफरी ने विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिया।

वेटरंस डबल्स बैडमिंटन में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी।

टी-20 विश्व कप जीतने पर आतिशबाजी से आकाश हुआ सतरंगी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

राहगीरों का मुंह मीठा कराते सदर विधायक। अमृत विचार

डीसीए की महिला क्रिकेटर्स को लड्डू खिलाकर खुशी मनाई।

अमृत विचार। टी-20 विश्व कप-2024 पर दक्षिण अफ्रीका को हराकर भारत का कब्जा होते ही खेल प्रेमियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। क्रिकेट प्रेमियों द्वारा शहर के बड़ा चौराहा सहित अधिकांश मोहल्लों में आतिशबाजी की जाने लगी। इससे रात में आकाश सतरंगी हो उठा। वहीं रविवार को सदर विधायक पंकज गुप्ता ने झंडेश्वर मंदिर पहुंचकर प्रसाद चढ़ाकर खेल प्रेमी कार्यकर्ताओं सहित राहगीरों का मुंह मीठा कराया। इसी तरह डीसीए कार्यालय में भी बधाइयां देते हुए लोगों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा किया।

शनिवार देर रात तक क्रिकेट प्रेमी टीवी स्क्रीन से चिपके नजर आए। हालांकि मैच रोमांचकारी होने पर खेल प्रेमियों की सांसें ऊपर-नीचे होती रहीं। सभी भारतीय टीम को जीतता हुआ देखना चाहते थे, पर फाइनल मुकाबले के अंतिम कुछ ओवर में बनी संघर्षपूर्ण स्थिति में क्रिकेट प्रेमियों को हार का भय सताने लगा। अंतिम ओवर में भारत के विजेता बनते ही खेल प्रेमी खुशी से उछल पड़े। साथ ही शहर के हृदय स्थल बड़ा चौराहा, आवास विकास कॉलोनी, सिविललाइंस, मोतीनगर, पीडीनगर, इंदिरानगर, लोकनगर, पीतांबरनगर व कल्याणी आदि मोहल्लों में आतिशबाजी होने का सिलसिला शुरू हो गया। इधर, रविवार को दिन में करीब 12 बजे सदर विधायक पंकज गुप्ता ने बड़ा चौराहा स्थित झंडेश्वर मंदिर पहुंचकर भारतीय टीम के विजेता बनने के उपलक्ष्य पर प्रसाद चढ़ाया। इस दौरान यहां बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी समर्थक व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। विधायक ने यहां महिला क्रिकेटरों का मुंह मीठा कराते हुए माला पहना कर सम्मानित भी किया। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि मनोयोग से अभ्यास करते हुए अपनी प्रतिभा निखर कर जिले के साथ प्रदेश व देश का गौरव बढ़ाने का लक्ष्य प्राप्त करें। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के मोतीनगर स्थित कार्यालय में एकत्र होकर पदाधिकारियों सहित खिलाड़ियों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराते हुए जीत की बधाइयां दीं। डीसीए महासचिव पीके मिश्र ने कहा कि विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं में देश के विजेता बनने पर भावी पीढ़ी को प्रेरणा प्राप्त होती है। संजय श्रीवास्तव ने देश के खेल प्रेमियों की मुराद पूरी होने की बात कही। इस मौके पर महिला क्रिकेटर सोनाली कुशवाहा, प्रतिभा भारती, समीरा फातिमा, आस्था, ऋच्या, निशि, प्रिंस, उज्ज्वल व मानविक आदि भी मौजूद रहे।

भारत की जीत पर जमकर छुड़ाए पटाखे, पूरी रात झूमते रहे लोग

शुक्लागंज उन्नाव। शनिवार को भारत और दक्षित अफ्रीका के बीच खेले गये टी-20 के फाइनल मैच में जैसे ही भारत ने जीत दर्ज की, वैसे ही गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में लोग झूम उठे और जमकर आतिशबाजी छुड़ाई। इसके साथ ही लड्डू बांटकर मुंह मीठा कराया। लोग राष्ट्रीय ध्वज लेकर सड़क पर घूमते रहे। भारत की जीत का जश्न युवा, बुजुर्ग व बच्चों से लेकर हर किसी ने मनाया। वहीं विभिन्न जगहों पर हुयी आतिशबाजियों से आसमान सतरंगी हो गया। ढोल की थाप पर लोग जमकर झूमें और भारत माता की जय का उद्घोष करते दिखे। वहीं शुक्लागंज राजधानी मार्ग, चंपापुरवा, मिश्रा कॉलोनी, गांधी नगर, नेहरू नगर, साकेतपुरी में युवाओं ने पटाखों के साथ ढोल ताशों पर झूमते रहे। वहीं युवाओं ने तिरंगा लेकर बाइक से निकले और भारत की जीत पर जश्न मनाया।

चंपापुरवा में जश्न मनाते लोग। अमृत विचार

घटिया सड़क निर्माण से ग्रामीणों का चढ़ा पारा

संवाददाता, चकलवंशी उन्नाव

गिट्टियों के साथ डस्ट के बजाए मिट्टी भरकर चलाया जाता रोलर। अमृत विचार

अमृत विचार। हादसे रोकने के नाम पर कानपुर-बालामऊ रेलमार्ग पर मेथीटीकुर रेलवे स्टेशन व गांव के एक समपार रेलवे क्रासिंग बंद करने के लिए बनाई जा रही। यहां की सड़क के घटिया निर्माण से क्षेत्रवासियों में नाराजगी है। उन्होंने ठेकेदार से मनमानी न करने की सलाह दी। इसके बावजूद ग्रामीणों का आरोप है कि मानक का पालन नहीं किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि मेथीटीकूर ग्राम पंचायत के बगल से ही बिठूर-लखनऊ मार्ग गुजरता है। रेलवे इस समपार रेलवे क्रासिंग को आवागमन के लिए बनाए रखते हुए करीब दो किलोमीटर दूर स्थित एक अन्य समपार क्रासिंग को बंद कर रहा है। बंद होने जा रही क्रासिंग का उपयोग करने वालों को भविष्य में रेल ट्रैक पार करने में दिक्कतों का सामना न करना पड़े। इसके लिए दोनों समपर क्रासिंग को सड़क का निर्माण करा जोड़ा जा रहा है। इस बन रही सड़क के निर्माण को लेकर क्षेत्रीय ग्रामीणों में आक्रोश पनप है। ग्रामीण आरोप लगा रहे हैं कि ठेकेदार नाममात्र की गिट्टी डालकर लेपन कराने की तैयारी में रोलर चलवा रहा है। गिट्टियों के साथ डस्ट के बजाए मिट्टी का उपयोग किया जा रहा है, जिससे यह सड़क बनते ही क्षतिग्रस्त हो जाएगी। इसके बाद क्षेत्रीय ग्रामीणों को आवामन करने में हमेशा दुश्वारियों का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने डीआरएम मुरादाबाद को डाक से शिकायती पत्र भेजा है।

24 घंटे में महिला समेत 4 ने फांसी लगाई

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में महिला का लटका मिला शव, सोहरामऊ में कर्ज से ऊबे युवक ने दे दी जान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। बीते 24 घंटों के दौरान 4 लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के बहाउद्दीनपुर (खांखरमऊ) गांव में एक महिला शव उसके घर में फंदे से लटका मिला। वहीं सोहरामऊ थाना क्षेत्र के दरेहटा गांव में युवक ने घर में लगे पेड़ में फंदा बनाकर लटक गया। औरास थाना क्षेत्र में भी युवक का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला। बीघापुर क्षेत्र में युवक ने फांसी लगा जान दे दी। संबंधित थानों की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की।

केस 01

बीघापुर रावतपुर गांव निवासी शैलेंद्र कुरील (29) पुत्र गोवर्धन ने रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में घर में रखा कीटनाशक निगल लिया। हालत बिगड़ने पर उसे उल्टियां करते देख परिजनों को जानकारी हुई। इस पर वह उसे पास के स्वास्थ्य केंद्र लाए लेकिन उसकी हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। तभी रास्ते में उसकी मौत उसकी मौत हो गई। जांच में पुलिस को पता चला वह शनिवार को नशे में घर लौटा था। इसको लेकर घर कहासुनी हुई थी। वह किसानी करता था। उसकी पांच साल पहले शादी हुई थी लेकिन शराब का लती होने की वजह से उसकी पत्नी ने तलाक ले लिया था। जवान बेटे की मौत से मां मीना और अन्य परिजन बेहाल हैं। एसओ राजपाल ने बताया कि कोई आरोप नही लगाया गया है।

केस 02

सफीपुर। कोतवालीक्षेत्र बहाउद्दीनपुर (खांखरमऊ) गांव निवासी फकीरे राजमिस्त्री का कार्य करता है। वह शराब का भी लती है और अक्सर गांव में नशे में मारपीट करता है। उसकी पत्नी अनीता (40) कानपुर में एक निजी अस्पताल में काम करती है और रविवार को उसकी छुट्टी होने से वह शनिवार को गांव आती है। शनिवार को भी वह कानपुर से गांव आई थी। सुबह पड़ोसियों उसका शव कमरे में रस्सी के फंदे से पंखे में लटका देखा। बताया जाता है कि शनिवार को भी पति ने शराब पीकर गांव में किसी से मारपीट की थी। इसकी सूचना पर पीआरवी उसे कोतवाली लाई थी। चर्चा है कि पति की हरकतों से ऊब कर महिला ने फांसी लगा ली। एसएचओ श्याम नारायण सिंह बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

केस 03

सोहरामऊ। थाना क्षेत्र दरेहटा गांव निवासी रावेंद्र उर्फ छोटू (25) पुत्र मानसिंह का अपने घर के आंगन में लगे नीम के पेड़ में दुपट्टे से फंदे से लटक गया। सुबह सोकर उठे पिता ने उसका शव लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। चीख पुकार सुनकर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। पिता की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वह अपने पिता का इकलौता बेटा था। चर्चा है कि उसने कर्ज ले रखा था और इसी से परेशान रहता था। वहीं बेटे की मौत से पिता रो-रो कर बेहाल रहे। एसओ सुनील सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला लग रहा है।

रावेंद्र।

केस 04

औरास। थानाक्षेत्र के नरसा गांव निवासी इंद्रपाल मौर्या का 24 वर्षीय बेटा संदीप शनिवार को खाना खा कर सोने गया था। रविवार को सुबह छोटा भाई अनिल टहलते हुए घर से करीब 500 मीटर दूर बाग की ओर गया। जहां आम के पेड़ में प्लास्टिक की रस्सी के फंदे से बड़े भाई का शव लटका देख उसकी चीख निकल गई। इसकी जानकारी पर परिजन पहुंचे और शव देख कर बेहाल हो गए। बड़े भाई रज्जन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव को नीचे उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दिवंगत युवक पांच भाईयों में चौथे नंबर का था। उसकी मौत से मां यशोदा सहित परिजन रो-रोकर बेहाल है।

संदीप।

महिला और दो किशोरों को जहरीले कीड़े ने काटा, अस्पताल में भर्ती

बांगरमऊ उन्नाव। अलग-अलग तीन गांवों में जहरीले कीड़े के काटने से एक महिला व दो किशोरों की हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उन्हे सीएचसी पहुंचाया जहां से तीनों को जिला अस्पताल भेजा गया है।

फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के गोंदरी निवासी रामप्रकाश की पत्नी फूलकुमारी (35) रविवार सुबह घर में झाड़ू लगा रही थी तभी कोठरी में छिपे बैठे जहरीले कीड़े ने उसके हाथ में काट लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे बांगरमऊ सीएचसी लाए। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं शनिवार को देर शाम बांगरमऊ नगर के मोहल्ला प्रेमगंज निवासी आशीष (14) पुत्र रामदास और हरियावर गांव निवासी अनुज (15) पुत्र रामचंद्र को भी किसी जहरीले कीड़े ने डस लिया। उनके परिजनों ने उन्हे यहां के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन उनकी हालत गंभीर होने से डाक्टर ने उनको जिला अस्पताल भेजा है।

शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मनाई खुशी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

बैठक के बाद निराला उद्यान में विक्ट्री साइन दिखाते शिक्षक-शिक्षिकाएं।

अमृत विचार। रविवारीय अवकाश के दिन परिषदीय शिक्षकों ने ओपीएस (ओल्ड पेंशन स्कीम) का लाभ प्राप्त होना तय होने पर बैठक कर खुशी जताई। शिक्षक-शिक्षिकाएं पहले निराला उद्यान में एकत्र हुए और एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। बाद में शिक्षक विधायक राजबहादुर सिंह के आवास पहुंचकर शिक्षक समस्याओं का निराकरण कराने में सहयोग करते रहने के लिए आभार जताया।

उल्लेखनीय है कि 25 जून को प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक में कतिपय शिक्षकों को ओपीएस प्राप्त करने का अवसर दिए जाने का निर्णय हुआ था। उच्च न्यायालय ने संबंधित शिक्षकों को करीब एक साल पहले ओपीएस दिए जाने का फैसला जारी किया था, जिस पर अमल नहीं हो सका था। अब कैबिनेट के निर्णय के बाद 28 मार्च 2005 से पूर्व जारी विज्ञप्ति के आधार सेवारत सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को ओपीएस

● कहा, किसी भी शिक्षक से नहीं छीना जाना चाहिए ओपीएस

का लाभ प्राप्त होगा। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि जिले के 750 शिक्षक-शिक्षिकाओं को लाभांवित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार है। कहा कि 19 वर्षों तक निरंतर संघर्ष करने के बाद शिक्षकों को हक प्राप्त हो सका है। वक्ताओं ने कहा कि लड़ाई में शिक्षक विधायक निरंतर सहयोग व मार्गदर्शन करते रहे हैं। साथ ही सरकार से सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को बुढ़ापे की लाठी साबित होने वाली ओपीएस से लाभांवित किए जाने की मांग दोहराई। लिए गए निर्णय के तहत शिक्षकों ने शिक्षक विधायक के घर जाकर मुंह मीठा कराया। इस मौके पर संगठन के जिला महामंत्री अमित सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कनौजिया, महेंद्र कुमार, विजय प्रताप सिंह, आशुतोष त्रिपाठी, संजय सिंह, सुनील कुमार, प्रत्यूष मिश्रा, प्रदीप सोनकर, अतुल शुक्ला, रचना सिंह, नीतू त्रिपाठी, सूर्यकांत सिंह, सुषमा वर्मा, धर्मेंद्र सिंह, अजय त्रिपाठी, अभय बाजपेयी, संजीव कुमार दीक्षित, शिव सहाय तिवारी, साधना सिंह व सुरेंद्र कुमार आदि शिक्षक रहे।

तेज रफ्तार जेसीबी की टक्कर से लोडर चालक की मौत, दो घायल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

● अचलगंज क्षेत्र में उन्नाव लालगंज हाईवे पर शनिवार देर रात हादसा

अमृत विचार। अचलगंज थानाक्षेत्र के कोरारी गांव के पास जेसीबी और लोडर की टक्कर हो गई। हादसे के बाद लोडर अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और चालक सहित तीन लोग उसी में फंस गए। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद उन्हे बाहर निकाला लेकिन तब तक चालक की मौत हो गई थी। घायलों को अस्पताल में भर्ती करा पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया है।

फतेहपुर जिला के थाना किशनपुर क्षेत्र के विजयपुर गांव निवासी राजेंद्र उर्फ मुन्ना सिंह (54) लोडर चालक था। शनिवार देर रात वह मंडी से आम लादकर प्रयागराज जाने के लिए निकला था। इसके साथ सदर कोतवाली के ईदगाह शांति नगर मोहल्ला निवासी बउरा व एक अन्य व्यक्ति लोडर पर बैठा था। तभी उन्नाव-लालगंज हाईवे पर अचलगंज थाना क्षेत्र के कोरारी मोड़ के पास सामने से आई जेसीबी ने उसके लोडर में टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप लोडर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और लोडर पलट गया। चालक सहित सभी लोग केबिन में फंस गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची और करीब एक घंटे मशक्कत के उन्हे बाहर निकाला गया लेकिन तब तक चालक की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां से उनके परिजन उन्हे निजी अस्पताल लेकर चले गए। चालक के शव को मोर्चरी में रखवाने के साथ उसके पास मिले मोबाइल से परिजनों को इसकी सूचना दी।

हत्या में कार्रवाई न होने पर एसपी आफिस के बाहर हंगामा

फालोअप

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

परिजनों को समझाते एसडीएम हिमांशु गुप्ता। अमृत विचार

अमृत विचार। किसान की हत्या पर अजगैन पुलिस द्वारा कार्यवाही नहीं करने का आरोप लगाते हुए परिजन शव लेकर एसपी आफिस जाने लगे। पुलिस ने उन्हे रोकने का प्रयास भी किया लेकिन गुस्साए लोग पुलिस की घेराबंदी तोड़कर एसपी आफिस तक पहुंच गए। हंगामा होने पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, हसनगंज एसडीएम व सीओ ने आर्थिक सहायता दिलाने व आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। तब जाकर नाराज लोग अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए।

कोतवाली क्षेत्र के कोरारा गांव में 13 जून की रात घर के बाहर लेटे किसान रजनीश पर धारदार हथियार से हमला हुआ था। शनिवार को उसकी लखनऊ के ट्रामा सेन्टर में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। घटना के बाद बेटे साहिल की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही विशाल, सुभाष, अजय सहित एक किशोर के खिलाफ तहरीर दी थी। पुलिस जानलेवा हमला करने की धारा में रिपोर्ट दर्ज की थी लेकिन आरोपियों को पकड़ा नहीं गया। पोस्टमार्टम के

● अजगैन पुलिस की घेराबंदी को तोड़ कर पहुंचे एसपी आफिस

बाद शव लेकर देर रात ग्रामीण घर लौटे और रविवार सुबह परिजनो ने पुलिस पर आरोपियों से मिलीभगत और कार्यवाही न करने का आरोप लगा हंगामा करने लगे। इसमें उनके साथ ग्रामीण भी शामिल रहे। एसएचओ फोर्स के साथ पहुंचे और उन्हें समझाने का प्रयास किया लेकिन आक्रोशित लोग शव को लोडर में रख कर एसपी आफिस ले जाने पर अड़ गए। इस पर पुलिस ने उन्हे रोकने के कई जतन किए। आरोप है कि वाहनों की चाबियां भी छीनी गई लेकिन वह लोग मुख्य मार्ग से न जाकर किसी अन्य रास्ते से एसपी आफिस पहुंच गए और हंगामा किया। जानकारी पर वहां पहुंचे एसडीएम हिमांशु गुप्ता और सीओ हसनगंज ने उन्हे शांत कराया। ग्रामीण आर्थिक सहायता और कार्रवाई के आश्वासन पर माने और शव लेकर गांव लौटे। एसएचओ अवनीश कुमार ने बताया आरोपियों पर पूर्व में ही अभियोग दर्ज था। जिसमे तीन लोगो को गिरफ्तार किया गया है और हत्या धारा तरमीम कर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। वहीं एसडीएम ने कहा भीड़ एकत्र न हो इसलिए परिजनों को रोका गया था। चाभी छीनने और परिजनों से अभद्रता के सवाल पर उन्होंने कहा ऐसा हुआ है तो जांच कराई जाएगी।

मानसून का इंतजार गर्म हवाओं के साथ उमस भरी गर्मी से लोगों का जीना हुआ दुश्वार, किसानों की पिछड़ रही बोआई

किसानों के अरमानों को झुलसा रही आषाढ़ की तपिश

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

बारिश न होने से सूखा पड़ा तालाब। अमृत विचार

तालाब में पानी न होने से उड़ती धूल। अमृत विचार

अमृत विचार। अप्रैल, मई और जून माह में पड़ी भीषण गर्मी से आम जन मानस बेहाल हो गये थे, इधर मानसून ने दस्तक तो दे दी है लेकिन अभी बारिश न के बराबर हुई है। जिससे आषाढ़ माह में भी चल रही गर्म हवाओं के साथ-साथ उमस भरी गर्मी से लोगों के लिए जीना दुश्वार हो गया है। वहीं बारिश न होने के कारण किसान बोआई नहीं कर पा रहे हैं।

आषाढ़ के महीने में बारिश न होने से किसानों के खेतों में हरियाली की जगह धूल उड़ रही है। आषाढ़ मास आने के बाद भी वर्षा न होने से किसान चिंतित हैं। वर्षा न होने से धान की फसल भी पिछड़ रही है। क्षेत्र के रहने वाले किसान मूंगफली, मक्का, सोयाबीन, धान, अरहर की बोआई करती है लेकिन न के बराबर बारिश होने के कारण उनकी फसलें पिछड़ रही है। वहीं इन्हीं फसलों के सहारे वह अपना परिवार चलाते हैं, किसानों ने बताया कि डीजल महंगा होने के कारण खेतों में पानी नहीं लगा पा रहे हैं, टकटकी लगाकर आसमान की ओर निहार रहे हैं, काले बादल तो छाते हैं लेकिन बारिश नहीं हो रही है। ऐसे में उनकी फसलों की बुआई पिछड़ रही है।

मुख्य विकास अधिकारी बोले

सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि बारिश का मौसम आ गया। साथ ही जिन गांव के तालाबों का ग्रामीणों द्वारा ज्यादा उपयोग किया जा रहा है। वहां प्रधान और अधिकारियों के माध्यम से जानकारी की जाएगी और सूखे तालाबों में पानी भरवाया जायेगा।

पिछड़ सकती है मूंग, तिल, उर्द की बोआई

किसानों ने बताया कि अगर एक-दो सप्ताह में बारिश नहीं हुई तो खरीफ की फसल से भरोसा उठ जाएगा क्योंकि मक्का, उर्द, मूंग, तिल की बोआई अंतिम जुलाई तक हो सकती है, लेकिन मानसून के आसार नहीं दिख रहे।

ताल तलैया सब सूखे पानी को तरसे बेजुबान

इस बार जेठ माह में भी बरसात न होने की वजह से ताल तलैया सभी सूखे पड़े हुए हैं। जहां बेजुबान पशु पक्षी पानी को तरस रहे हैं। वहीं प्रभु से पानी की उम्मीद लगाए बैठे हुए हैं। आषाढ़ मास की शुरुआत में भी बारिश न होना से पशु-पक्षी भी पानी के लिये भटक रहे हैं।

सरकार से लेकर सीडीओ के आदेश हुए बेअसर

भीषण गर्मी को देखते हुये योगी सरकार ने समस्त तालाबों को शीघ्र भरने के आदेश दिए थे। वही जनपद के मुख्य विकास अधिकारी ने भी पत्र जारी कर सभी विकासखंड अधिकारियों को आदेश दिया गया था सूखे पड़े सभी तालाबों को जल्द भरवाया जाए। इसके बावजूद धरातल पर आदेश सफेद हाथी साबित हुए।

भव्य होगी इस बार तिरंगा यात्रा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

नर सेवा-नारायण सेवा संस्था की बैठक में सदस्यों से बात करते अध्यक्ष विमल द्विवेदी।

अमृत विचार। नर सेवा-नारायण सेवा संस्था की सिविल लाइंस स्थिति संगठन कार्यालय में हुई बैठक में स्वतंत्रता दिवस पर निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा की तैयारियां शुरू करने का फैसला लिया गया। संस्थापक अध्यक्ष विमल द्विवेदी ने कहा कि पिछले कई वर्षों से लगातार तिरंगा यात्रा की भव्यता बढ़ी है। इसलिए इस बार अभी से तैयारी शुरू कर इसे अधिक गौरवपूर्ण बनाया जाएगा। साथ ही अन्य अभियान भी जारी रखने पर जोर दिया गया।

संस्था अध्यक्ष ने बैठक की शुरुआत में संगठन को और अधिक प्रभावशाली बनाने पर जोर दिया। कहा कि विभिन्न तहसील, ब्लाक व निकाय क्षेत्रों में इकाईयों का गठन किया जाएगा। साथ ही संस्था की ओर से जनकल्याण और सामाजिक सहभागिता के कार्यक्रमों को विस्तार देने की बात कही। कहा कि तिरंगा यात्रा को इस बार पहले से अधिक

● नर सेवा-नारायण सेवा संस्था कई वर्षों से निकाल रही यात्रा

भव्यता से निकालना है। इस बार भी यात्रा में 151 मीटर लंबा तिरंगा शामिल किया जाएगा। हमेशा की तरह स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या 14 अगस्त को ही यात्रा निकाली जाएगी। इसके अलावा तुलसी पूजन दिवस यात्रा, पौधरोपण, गौ सेवा, स्वच्छता व प्लास्टिक मुक्त अभियान, व शिवरात्रि पर भोलेनाथ की बारात निकालने पर भी चर्चा हुई। सभी ने महापुरुषों की जयंती मनाने और सनातन संस्कृति को जीवंत बनाए रखने के लिए समय-समय पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में जनसहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक में हिंजामं के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, सुरेश सिंह सेंगर, कमलेश बाजपेयी, योगेंद्र तिवारी, विष्णु गुप्ता, शैलेंद्र त्रिवेदी, आचार्य वाशु द्विवेदी, आशु दीक्षित, अखिल मिश्रा, राकेश राजपूत, अभिषेक तिवारी, राघवेंद्र पांडेय, मनीष अवस्थी, धर्मेंद्र शुक्ल, परिमल मिश्रा, अनिल सोनी, केतन अवस्थी, आकाश यादव, मनीष यादव, सुरेश, इरफ़ान व अमित सोनी आदि मौजूद थे।

बारिश के मौसम में सड़क पर दौड़ रहीं रोडवेज बसों के वाइपर गायब

चालक को गाड़ी को रोक कर शीशों पर बारिश के पानी को हाथ से साफ करना पड़ रहा

पड़ताल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

बस स्टॉप कर खड़ी रोडवेज बस।

रोडवेज बस के गायब शीशे।

अमृत विचार। बारिश का मौसम शुरू हो गया हैं लेकिन उन्नाव डिपो की कई बसों में शीशा साफ करने के लिए वाइपर ही नहीं हैं। ऐसे में इन बसों से सफर करना खतरे से खाली नहीं है। वहीं कई यात्री सीटों पर शीशे तक नहीं हैं। बसों की छत से पानी भी टपकता है।

शासन और मुख्यालय की सख्ती के बाद भी बसों की दशा नहीं सुधर रही है। बारिश के मौसम में बसों की हालत और ज्यादा खराब हो गई है। तमाम बसों के वाइपर गायब हैं। चालकों ने नाम न छापने की शर्त पर बनाया की कुछ पुरानी बसों में वाइपर लगे तो हैं लेकिन चलते नहीं बारिश होने पर चालक के लिए आगे का दृश्य देखना मुश्किल हो रहा हैं। चालक को गाड़ी को रोककर शीशों को हाथ से साफ करना पड़ रहा है। अगर शीशा साफ न किया जाए तो हादसे का डर बना रहता है।

यदि दूर-दराज जाने वाली बसों को छोड़ दिया जाए तो काफी बसों की खिड़की के शीशे पूरे नहीं हैं। यहां तक की बारिश में सफर करने वाले यात्री सीट छोड़कर खड़े हो जाते हैं ताकि भीगने से बच सकें।

क्या बोले जिम्मेदार

रोडवेज के सहायक क्षेत्रीय प्रबधंक गिरीश चंद्र वर्मा से जब इस संदर्भ में बात की गई तो उनका कहना था कि सभी बसों के वाइपर सही हैं। अगर किसी में नही चल रहे हैं, या खराब हैं तो फोरमैन से कहकर खराब वाइपर को सही कराया जाएगा।

यात्रियों की बात सुनिए

अधिकांश बसों में बारिश का पानी अंदर आता है। तो किसी की खिड़की क्षतिग्रस्त होने से पानी नहीं रुकतर। इससे यात्री और सामान भीग जाता है।

–अनुज मिश्रा, उन्नाव

अधिकांश पुरानी रोडवेज बसों की हालत खस्ता हो चुकी है। बारिश में बसों को छत से पानी टपकता रहता है। जिससे यात्रियों को सफर करने में परेशानी उठानी पड़ती है।

–अनुराग त्रिवेदी, जरगांव

कुत्ते के हमले से घायल पड़ा मोर।

कुत्तों के हमले से घायल मोर का कराया इलाज

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के शंकरपुर सरायं गांव में रविवार को राष्ट्रीय पक्षी पर आवारा कुत्तों ने हमला बोल दिया। जिससे वह घायल को गया। जानकारी पर पहुंचे गौरक्षक दल ने उसका इलाज कराया और वन विभाग को सूचना दी।

शंकरपुर सरायं गांव में रविवार को एक राष्ट्रीय पक्षी बागों से घूमता हुआ गांव पर पहुंच गया। इस दौरान आवारा कुत्तों ने उस पर हमला बोल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल होने पर ग्रामीणों ने इसकी जानकारी गौरक्षक दल के लोगों को दी। इसपर मिली जानकारी पर पहुंचे गौरक्षक दल के अध्यक्ष नीरज सिंह ने घायल मोर का इलाज कराया। जिसके बाद वन विभाग को सूचना दी।

बीघापुर रेलवे स्टेशन में इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग सिस्टम हो गया शुरू

सहायक स्टेशन मास्टर कक्ष में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करने के लिए स्थापित किया गया सिस्टम। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। जिले के बीघापुर रेलवे स्टेशन पर आधुनिक इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग व्यवस्था की शुरुआत हो गई। इससे न सिर्फ ट्रेनों की रफ्तार बढ़ेगी, बल्कि रेल यात्रा अधिक सुरक्षित हो सकेगी। इस व्यवस्था के तहत स्टेशन की जद में आते ही ड्यूटी पर तैनात एएसएम संबंधित ट्रेन को आगे बढ़ते हुए देख भी सकेंगे।

रेलवे को अत्याधुनिक सुविधायुक्त किया जा रहा है। अब तक एएसएम ट्रेन को स्टेशन के प्लेटफार्म पर लेने के लिए केबिनमैन का सहयोग लेते थे। इस व्यवस्था में चूक की संभावना रहती थी। अब एएसएम ही केबिन से होने वाले कार्य को करते हुए ट्रेन को प्लेटफार्म पर लेने की व्यवस्था करेंगे। रेल अधिकारियों का कहना है कि नई व्यवस्था संरक्षा को प्राथमिकता पर रखते हुए की गई है। इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग व्यवस्था को रेल अधिकारी सुगम व सुरक्षित बताते हैं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने बताया कि बीघापुर स्टेशन पर 30 रूटों के इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग कार्य को पूर्ण कर लिया गया है। साथ ही कानपुर-रायबरेली रेल रूट स्थित समपार रेलवे क्रासिंग संख्या-01 (एलसी-99) पर स्लाडिंग बैरियर में बदल दिया गया है। इन कार्यों से केंद्रीकृत ट्रेन संचालन किया जा सकेगा।

छत पर सोता रहा परिवार, ताला तोड़ कर चोरों ने उड़ाया लाखों का माल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

चोरों द्वारा बिखराया सामान दिखाते दंपति। अमृत विचार

अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बिंदा नगर चौकी अंतर्गत राम नगर मोहल्ले में रहने वाला एक परिवार शनिवार रात छत पर सो रहा था, तभी अज्ञात चोरों ने छत के रास्ते पर लगे दरवाजे में कुंडी लगा दी। जिसके बाद मुख्य दरवाजे पर लगे दो तालों को तोड़कर कमरे में पहुंच गये। जहां बक्से और आलमारी का ताला तोड़कर चोरों ने नकदी जेवर समेत लाखों का माल पार कर दिया। जानकारी होने पर पीड़ित ने पुलिस को जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की है।

राम नगर निवासी इस्माइल सब्जी बेचने के अलावा शादी बारातों में उनकी दूल्हे की बग्घी चलती हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार रात खाना खाने के बाद उन्होंने मुख्य दरवाजे में ताला लगा दिया। जिसके बाद बाहर से बने जीने से छत पर पत्नी उजमा परवीन, बेटी आयशा रैनी के साथ सोने चले गये। इस दौरान अज्ञात चोरों ने छत के रास्ते में लगे दरवाजे में कुंडी लगा दी। जिसके बाद मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ दिया और कमरे में पहुंच गये। जहां चोरों ने कमरे में रखी आलमारी और बक्से का ताला तोड़कर दो सोने के हार, चेन, मांग बेंदी, दो अंगूठी के अलावा चांदी के हाथ के फूल, दो जोड़ी पायल ढाई-ढाई सौ ग्राम, एक चांदी का हार, बच्चे के हाथ के कड़े, पायल व 15 हजार की नकदी समेत तीन लाख से अधिक का माल चोरों ने पार कर दिया। सुबह उठने पर बाहर से दरवाजा बंद होने पर आवाजा लगाई। जिस पर पड़ोसियों ने दरवाजा खोला। मुख्य दरवाजे पर लगा ताला टूट देख उनके होश उड़ गये। कमरे का बिखरा सामान देख गंगाघाट कोतवाली पुलिस को चोरी की जानकारी दी। बिंदा नगर चौकी पुलिस ने जांच की। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्यवाही को लेकर तहरीर दी है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं।

सेवानिवृत्त होने पर वन क्षेत्रीय अधिकारी को दी विदाई

उन्नाव। वन विभाग के द्वारा क्षेत्रीय वन अधिकारी के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजित किया गया। वन विभाग के अधिकारियों ने समारोह में पहुंचकर उन्हें विदाई दी। प्रेम शंकर तिवारी सेवानिवृत्ति होने पर रविवार को दही थाना क्षेत्र के एक गेस्ट हाउस में विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वन विभाग की ओर से अधिकारियों ने वस्त्र पुस्तक देकर व माला पहनकर विदाई दी गई। अधिकारियों ने वृक्षारोपण से लेकर विभागीय कार्यों को लेकर प्रशंसा की गई।

सेवानिवृत्ति होने पर प्रेम शंकर तिवारी ने उपस्थित लोगों को भाव विभोर करते हुए कहा कि रिटायरमेंट एक सतत चलने वाली प्रक्रिया है। हर एक को किसी न किसी दिन रिटायर होना है। हां इतना जरूर है, कि साथी का बिछड़ना हमेशा कष्टदायक होता है। साथ ही अपने जीवन के विचार भी कर्मचारियों के साथ साझा किये।

ऑटो चालक समेत 4 के शव पहुंचे घर, मचा हाहाकार

संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव

- रोडवेज बस और ऑटो की भिड़ंत में गई थी चार लोगों की जान

अमृत विचार। कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र में शनिवार को उन्नाव हरदोई मार्ग पर कस्बा गंजमुरादाबाद मोड़ पर तेज़ रफ़्तार रोडवेज बस ने विपरीत दिशा से आ रही ऑटो रिक्शा के जोरदार टक्कर मार दी थी। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो रिक्शा के परखच्चे उड़ गए थे और चालक सहित उसमें बैठे चार यात्रियों की दर्दनाक मौत हो गई थी। जबकि दो यात्री गंभीर घायल हो गए थे। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद चारों शव घर पहुंचे। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया।

बांगरमऊ अंतर्गत ग्राम बल्लापुर निवासी चालक रामचन्द्र पुत्र मथुरा प्रसाद अपने आटो रिक्शा में बांगरमऊ स्थित तिकोनिया पार्क से सवारियां बैठाकर मल्लावां हरदोई जा रहा था। तभी रास्ते में हरदोई की ओर से तेज गति से आ रही हरदोई डिपो की रोडवेज बस ने ऑटो रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में ऑटो रिक्शा चालक रामचन्द्र पुत्र मथुरा प्रसाद निवासी बल्लापुर सहित श्रीकृष्ण पुत्र गुलाब निवासी पंपापुर थाना बांगरमऊ कोतवाली, सुनील उर्फ कल्लू निवासी खेतहरा गंज जलालाबाद हरदोई व लक्ष्मण निवासी ग्राम हज़रत पुर थाना मल्लावां हरदोई की मौत हो गई थी।

जबकि गंभीर रूप से घायल रामसनेही निवासी ग्राम जोगी कोट थाना बेहटा मुजावर और बब्लू निवासी मुन्नू मियां तलैया कस्बा बांगरमऊ को जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव मृतकों के घर लाए जाते परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मृतक की पुत्रियां शैलेन्द्री व अर्चना तथा महेंद्र शव देखते ही रोने लगे। मृतक की पत्नी और मां-बाप की मौत पूर्व में ही हो चुकी है। वहीं मृतक लक्ष्मण का शव देखकर पत्नी रंजना बेहोश हो गई।

सार-संक्षेप

पारिवारिक विवाद को लेकर भाई को पीटा, रिपोर्ट

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली के बसधना गांव में पारिवारिक विवाद को लेकर दो भाइयों में विवाद हो गया। जिस पर एक ने बेटे के साथ मिलकर दूसरे भाई को मारा पीटा। जिससे उसका सिर फट गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की है। बसधना गांव निवासी महेन्द्र सिंह ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि शुक्रवार रात उसका अपने भाई बुधई से पारिवारिक विवाद हो गया। जिस पर वह गाली गलौज करने लगा। जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर बुधई और भतीजे हाकिम सिंह ने उसे लाठी डंडों से मारा पीटा। जिससे उसका सिर फट गया। घायलावस्था में कोतवाली पहुंचा। जहां पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिये भेजा और दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

पासी समाज ने धूमधाम से मनाई वीरांगना ऊदा देवी पासी की जयंती

शुक्लागंज उन्नाव। नगर के पासी समाज के लोगो ने रविवार को धूमधाम से वीरांगना ऊदा देवी पासी की जयंती मनाई। इस दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। जिसके बाद मुख्य अतिथियों ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। नगर के पासी समाज ने रविवार को ऊदा देवी पासी की जयंती बहुत ही धूमधाम के साथ मानाई। कार्यक्रम के तहत पासी समाज का गौरव ऊदा देवी पासी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके बारे में जानकारी दी गई। भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष राजकिशोर रावत ने बताया कि 16 नवम्बर 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अदम्य साहस का परिचय देते हुए 36 अंग्रेज़ी सैनिको को मौत के घाट उतारकर वीरगति को प्राप्त हो गई थी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रमोद पासी, दीपक रावत, विवेक रावत, राम बाबू, आकाश वर्मा, राकेश रावत, शिवा पासी, संतोष रावत, डॉ. मोहन रावत, शशि कांत, विशाल पासी मुन्नी लाल पासी मौजूद रहे।

दुष्कर्म का वांछित चढ़ा पुलिस के हत्थे

उन्नाव। एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान बांगरमऊ कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया। जहां उसके खिलाफ दर्ज मुकदमें के आधार पर कार्यवाही कर कोर्ट भेजा है। रविवार को प्रभारी निरीक्षक राजकुमार हमराहियों के साथ गशत पर थे, तभी पुलिस ने ग्राम दरियापुर निवासी शहाबुद्दीन पुत्र बफाती को कल्याणी नदी पुल से गिरफ्तार किया। प्रभारी ने बताया कि पकड़े गये आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट का मामला दर्ज था। पुलिस ने उसके खिलाफ दर्ज दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के मामले में कार्यवाही करते हुये कोर्ट भेजा है।

पुलिस ने फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

बांगरमऊ उन्नाव। एसपी के निर्देश पर बांगरमऊ पुलिस संदिग्धों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी, तभी पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर कोर्ट भेजा है। रविवार को दरोगा वीरेन्द्र विक्रम सिंह हमराहियों के साथ चेकिंग कर रहे थे, तभी पुलिस ने ग्राम चकपीर नगर निवासी जमुना प्रसाद को गांव के पास से गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि पकड़े आरोपी का कोर्ट से वारंट जारी हुआ था, उसी को लेकर उसके खिलाफ कार्यवाही की गई है।

रिपोर्ट दर्ज होने के बाद अंतिम संस्कार को तैयार हुए परिजन

उन्नाव। बारासगवर थाना क्षेत्र के खरझारा गांव में शराब ठेका की रखवाली करने वाले सेल्समैन के बेटे का शव रस्सी ठेके के बगल में फंदे से लटका मिला था। पोस्टमार्टम के शनिवार को शव गांव पहुंच गया था। रविवार को परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से मना कर पुनः पोस्टमार्टम कराने की मांग पर अड़ गए। हंगामा बढ़ता देख तीन थानों की पुलिस शाम तक परिजनों को समझाती रही। बाद में गांव के युवकों पर रिपोर्ट दर्ज होने पर वह लोग शांत हुए। थाना क्षेत्र के खरझारा गांव के शराब के ठेके की रात में रखवाली करने वाले प्रदीप का शव शनिवार को रस्सी से लटका मिला था। पिता गंगाधर उसी ठेके में सेल्समैन का काम करते है। रविवार सुबह भीम आर्मी के बुलावे पर भारी संख्या में वहां भीड़ एकत्र हो गई। भीम आर्मी विधानसभा अध्यक्ष मनोज कुमार, जिला सचिव शिवेन्द्र गौतम, विधानसभा अध्यक्ष पूजा गौतम, नगर अध्यक्ष दीपक धानुक आदि लोग मौके पर पहुंच कर मामले का खुलासा करने की मांग करने लगे। मामला बढ़ता देख थ बारासगवर, बीघापुर व बिहार थानों से फोर्स बुलाया गया। परिजन गांव के युवकों पर हत्या करने का आरोप लगा रहे थे लेकिन हैंगिंग से मौत की बात सामने आई। इस पर वह पुनः पोस्टमार्टम की मांग करने लगे। पिता ने बताया गांव रोहित पुत्र वीर पाल, कमलेश सिंह पुत्र उदयपाल सिंह, राम प्रताप उर्फ राजू पुत्र राम नरेश से बेटे का उधार शराब के लेनदेन में झगड़ा हुआ था। उन्ही लोगो ने हत्या कर उसका शव लटकाया है। बारासगवर पुलिस ने तहरीर में नामजद तीनो लोगो को हिरासत में लेकर पूछताछ की। तब जाकर परिजन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए।

करंट की चपेट में आने से गोवंश की मौत

औरास। विद्युत पोल से करंट उतरने से पशुपालक का गोवंश चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। औरास थाना क्षेत्र के पेरौरी गांव निवासी अर्जुन पुत्र शिवपाल के घर के पास विद्युत पोल के सपोर्ट सिस्टम में बारिश के कारण विद्युत पोल से करंट उतर आया। जिससे किसान अपने गोवंश को खेतों से लेकर आ रहा था तभी गोवंश करंट की चपेट में आ गया। जब तक बचाने का प्रयास करते तब तक गोवंश की मौत हो गई। किसान ने पशु विभाग के अधिकारियों को सूचना दी हैं। वहीं किसान ने विद्युत विभाग से मुआवजे की मांग की है।

एक्सप्रेस वे पर डिवाइडर से टकराई कार, चार घायल

बांगरमऊ उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर पीतमपुरा पुलिस चौकी के निकट चालक को अचानक झपकी आ जाने से तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराते हुए विपरीत लेन पर जा पहुंची और क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार चालक और एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम और चौकी पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। बिहार प्रांत के थाना घनश्यामपुर अंतर्गत ग्राम लगमा निवासी गणेश पोद्दार (40) अपनी पत्नी जयमाला देवी (35) और परिवार की ही रुचिमा देवी (37) को लेकर कार से झारखंड से ग्रेटर नोएडा जा रहा था। कार गांव का ही चंद्र भूषण चला रहा था। रास्ते में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर पीतमपुरा पुलिस चौकी के निकट रविवार सुबह चालक को अचानक झपकी आ जाने से तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराते हुए विपरीत लेन पर स्थित पुलिस चौकी के सामने जा पहुंची। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई और कार सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। चौकी पुलिस और यूपीडा रेस्क्यू टीम ने आनन-फानन सभी घायलों को कार से बाहर निकाला और एम्बुलेंस से यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां सभी घायलों का इलाज चल रहा है। यूपीडा कर्मियों ने क्षतिग्रस्त कार को हाइड्रा के जरिए लेन से अलग हटाकर आवागमन बहाल कराया।

युवती की हत्या करने वाला भाई का साला भेजा गया जेल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। माखी थानाक्षेत्र में गला रेतकर हुई युवती की हत्या का रविवार पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से आलाकत्ल चाकू भी बरामद हुई है। हत्या प्रेम प्रसंग को लेकर हुई थी और युवती के सगे भाई के साले ने वारदात को अंजाम दिया था।

आरोपी सुनील।

माखी थाना क्षेत्र के अमलोना निवासी सरदार यादव की बेटी मोहनी (22) की गला रेत कर हत्या कर दी गई थी। पुलिस हत्या की जांच के दौरान रात से सुबह तक घटनास्थल के पास एक्टिव मोबाइलों को सर्विलांस पर लगाया था। इसमें पता चला कि युवती के बड़े भाई अजय का साला सुनील निवासी बाबूखेडा थाना अचलगंज ने युवती से बात की थी। उसके और युवती का प्रेम प्रसंग था लेकिन उसने शादी कर ली थी। 28 जून की रात सुनील मोहनी से मिलने पहुंचा और उसकी हत्या कर दी। एसओ संदीप मिश्रा ने बताया कि युवक को रायबरेली मार्ग पर लोहचा मोड़ से गिरफ्तार कर चाकू बरामद किया।

तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर गिरी, युवक घायल

बांगरमऊ, उन्नाव। जिला फर्रुखाबाद के ग्राम कलुआ पुर रूमानी निवासी योगेन्द्र कुमार (28) अपने बीमार मित्र को देखने के लिये बाइक से किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज लखनऊ जा रहा था। तभी रास्ते में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर ग्राम जोगी कोट के पास शनिवार देर शाम अचानक बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बाइक चालक योगेन्द्र कुमार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम ने घायल को एंबुलेंस से सीएचसी भेजा।

मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में आए 57 मरीज

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

स्वास्थ्य मेले में मरीजों का परीक्षण करते डॉक्टर। अमृत विचार

अमृत विचार। रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास से मरीज मेले में पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और दवाइयां दी।

राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. रवि प्रकाश सचान, डा. शिप्रा झा, विमल किशोर ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 57 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां दी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, खून की कमी, गर्भवती महिला व अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे। इस दौरान सिद्धार्थ बाजपेई, अवनीश मिश्रा, अमित कुशवाहा समेत अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

बिजली व्यवस्था | 3 कनेक्शन काट कर 9 .75 लाख के बकाया की हुई रिकवरी

बकायेदारों के खिलाफ चला अभियान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

बड़े बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाते बिजली कर्मी। अमृत विचार

अमृत विचार। नगर में बड़े बकायेदारों की बिजली विभाग ने लंबी फेहरिस्त बनाई है। इसके बावजूद उनके खिलाफ अभियान नहीं चलाया जा रहा था, जिस पर रविवार को एक्सईएन ने मातहतों की क्लास लगाई। जिसके बाद बिजली कर्मियों ने नगर के कई मोहल्लों में जाकर अभियान चलाकर कई के कनेक्शन काटने के साथ ही उनसे राजस्व वसूला।

रविवार को अधिशाषी अभियंता सूर्यादय कुमार ने शुक्लागंज सबस्टेशन के उपखंड़ अधिकारी समेत अबर अभियंताओं की क्लास लगाई। जहां उन्होंने कहा कि नगर में कई बड़े बकायेदार पड़े हुये हैं। इसके बावजूद न तो उनके खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है और न ही बिजली का बिल जमा कराया जा रहा है। एक्सईएन के निर्देश पर रविवार को बिजली कर्मी सड़क पर उतरे। जहां टीजी 2 वीरेन्द्र प्रताप सिंह, अनुराग पाल, पिंटू, रोहिंत समेत अन्य विजली कर्मियों ने मिश्रा कालोनी, पोनी रोड, ब्रह्मनगर, शक्तिनगर, गंगानगर, राजमार्ग, आसाम बंगाल में अभियान चलाया। इस दौरान बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटे और उनसे बकाया बिजली का बिल जमा कराया। अभियान में 9 लाख 75 हजार बकाया राशि और तीन बिजली कनेक्शन काटे गये हैं।

दशरथ ने राम को राजा बनने का लिया था निर्णय

उन्नाव। सदर तहसील के कोलुहागाड़ा गांव स्थित मां चंद्रिका देवी मंदिर परिसर में चल रही श्रीराम कथा के छठवें दिन कथावाचक पं. भव्य शंकर अवस्थी ने कथा में भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की तैयारी के प्रसंग को सुनाया।

व्यास ने प्रसंग की व्याख्या करते हुए कहा कि जनकपुरी में माता सीता से विवाह के बाद भगवान श्रीराम प्रजा के साथ बाजे-गाजे सहित अयोध्या पधारे। इधर राजा दशरथ ने संन्यास मार्ग ग्रहण करने का निर्णय ले लिया एवं श्रीराम को राजगद्दी सौंपने का मन बनाया। राज्यसभा में दशरथ की मंशा को भांप कर महामंत्री ने श्रीराम चंद्र के राज्याभिषेक का विचार रखा। जिसे एकमत से सभी सभासदों ने स्वीकार कर लिया। मुख्य यजमान शिवांकर मिश्रा, रजनीश, राहुल द्विवेदी, शशिकांत शुक्ला आदि मौजूद रहे।

साकेतपुरी की गली में डंप ठेकेदारों की निर्माण सामग्री। अमृत विचार

सड़क पर निर्माण सामग्री डंप करने की ईओ से शिकायत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। नगर पालिका क्षेत्र के साकेतपुरी की एक गली में पालिका के ठेकेदारों ने भारी मात्रा में निर्माण सामग्री डंप कर रखी है। जिस कारण गली में रहने वाले लोगों को आने जाने में दिक्कतें उठानी पड़ रही है। जिसे देखते हुये क्षेत्रीय लोगों ने पालिका के अधिशाषी अधिकारी से शिकायत की है। वहीं लोगों ने बताया कि जिलाधिकारी से भी इसकी शिकायत करेंगे।

नगर पालिका के वार्ड 16 साकेतपुरी पॉश इलाका है। मोहल्ले की एक गली काफी चौड़ी है। जिसे देखते हुये पालिका के कई ठेकेदारों ने फोरलेन से लेकर गली के अंदर तक जगह-जगह गिट्टी, मौरंग आदि निर्माण सामग्री के ढेर लगा दिये हैं। चौड़ी गली होने के बावजूद सड़क संकरी हो गई है। जिससे चौपहिया वाहन नहीं निकल पा रहे हैं। वहीं मौरंग पड़ी होने के कारण अक्सर बाइक सवार ब्रेक लगाते हैं। जिससे वह गिरकर चुटहिल हो रहे हैं। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि कई बार ठेकेदार से गली में निर्माण सामग्री न डंप करने को कहा। इसके बावजूद गली में सामग्री डंप की जा रही है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

प्रलये भिन्नमर्यादा भवन्ति किल सागरा: ।
सागरा भेदमिच्छन्ति प्रलयेऽपि न साधव: ॥

समुद्र में प्रलय आने पर वह मर्यादा भूल किनारों को तोड़ देती है, लेकिन सज्जन पुरुष किसी भी प्रकार की प्रलय के सामने अपनी मर्यादा नहीं भूलते।

संपादकीय

बदलते दौर का भारत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनावों के बाद अपने पहले मन की बात कार्यक्रम में भारत के सांस्कृतिक गौरव के साथ देश की विविधता की चर्चा की। उन्होंने देश के 65 करोड़ से ज़्यादा मतदाताओं की भागीदारी की सराहना की। लगभग 30 मिनट के संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा चुनाव, पेरिस ओलंपिक, 'वोकल फॉर लोकल', पर्यावरण, संस्कृत और भारतीय संस्कृति के दुनिया भर में बढ़ते प्रभाव सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने उन लोगों की चर्चा की जो अपने कामों से समाज में, देश में, बदलाव ला रहे हैं। कहा जा सकता है कि प्रधानमंत्री ने मन की बात के जरिए लोगों के दिल को छुआ और उनकी उपलब्धियों को गिनाया। प्रेरक कहानियों को साझा किया। इन दिनों भारतीय उत्पादों की विश्व बाजार में बड़ी मांग है। हमारे देश में ऐसे यूनिक उत्पाद की कमी नहीं है। लोकल उत्पाद को ग्लोबल बनाने में हम पीछे नहीं हैं। जम्मू कश्मीर की सब्जी लंदन के बाजार में बिक रही है। इससे साबित होता है कि हमें अपने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना है और वैश्विक मांग को पूरा करने में योगदान देना है। इससे देश नई ऊंचाइयां छुएगा और विकास के पथ पर अग्रसर होगा।

प्रधानमंत्री ने वैश्विक मंच पर स्थानीय शिल्प कौशल की सफलता को रेखांकित करते हुए कहा कि केरल की आदिवासी महिलाओं द्वारा बनाए गए कार्थुम्बी छाते बेहद खूबसूरत होते हैं और पूरे देश में इनकी मांग बढ़ रही है। छातों के जरिये ये अपनी परंपरा, अपनी संस्कृति से भी दुनिया को परिचित करा रही हैं। गौरतलब है कि मन की बात कार्यक्रम फरवरी में लोकसभा चुनावों के कारण स्थगित कर दिया गया था। प्रधानमंत्री ने इसके 110वें संस्करण में कहा था कि अगली बार जब वह इस कार्यक्रम के जरिए लोगों से रुबरु होंगे तो नई ऊर्जा और नई जानकारी के साथ मिलेंगे। मन की बात को 22 भारतीय भाषाओं, 29 बोलियों और 11 विदेशी भाषाओं में प्रसारित किया जाता है। इनमें फ्रेंच, चीनी, इंडोनेशियाई, तिब्बती, बर्मी, बलूची, अरबी, पश्तू, फारसी, दारी और सिंहली भाषा शामिल हैं। कार्यक्रम का ब्रॉडकास्ट आकाशवाणी के 500 से अधिक केंद्रों द्वारा किया जाता है। देश में सकारात्मक माहौल बनाने में मन की बात की महत्वपूर्ण भूमिका है और मन की बात से देश का विमर्श सकारात्मक धरातल पर आएगा। वास्तव में बदलते दौर के भारत में अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हो रही है। दुनियाभर में हमारी संस्कृति का जिस तरह गौरवगान हो रहा है इसके लिए प्रधानमंत्री की अंतर्दृष्टि की सराहना की जानी चाहिए।

इतिहास बने ब्रिटिश काल से लागू तीन आपराधिक कानून

नुसरत जहां
अपर शासकीय अधिवक्ता हाईकोर्ट, बेंच लखनऊ

नए कानून महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराधों के पीड़ितों को सभी अस्पतालों में नि:शुल्क प्राथमिक उपचार या चिकित्सा उपचार की गारंटी देते हैं। नए कानून की धारा 152 के तहत एक नया अपराध जोड़ा गया है।

ब्रिटिश काल से देश में लागू तीन आपराधिक कानून 1 जुलाई 2024 से इतिहास बन जाएंगे। भारतीय दंड संहिता 1860 की जगह अब 'भारतीय न्याय संहिता',2023 दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम,1872 के स्थान पर अब भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएनएस), 2023 लागू होंगे।

30 जून की रात 12 बजे से पहले यदि अपराध हुआ है तो पुराने कानून और 1 जुलाई से यदि कोई अपराध हुआ है तो नए कानून लागू होंगे, क्योंकि आपराधिक कानून पूर्वव्यापी (रेट्रोस्पेक्टिव) लागू नहीं होते। आपराधिक कानून के पूर्वव्यापी नहीं होने का कारण भारतीय संविधान के अनुच्छेद 20 (1) पर आधारित है, जो आपराधिक कानून के सिद्धांतों को दर्शाता है कि घटना के समय स्थापित कानून के अलावा अन्य में आरोपी के खिलाफ कोई प्रक्रिया नहीं चलाई जा सकती या उसे सजा नहीं दी जा सकती। यह नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय वाचा के तहत अनुच्छेद 15 पर आधारित है। नए आपराधिक कानून लाए जाने का उद्देश्य ब्रिटिश काल के आपराधिक कानूनों को 'उपनिवेशवाद से मुक्त' करना और 'भारतीयता' को बनाए रखना है। इन विधेयकों को आपराधिक प्रक्रिया के अधिकांश पहलुओं को डिजिटल बनाने के उद्देश्य से पेश किया गया था। एफआईआर दर्ज करने से लेकर, आरोप पत्र तैयार करने और निर्णय सुनाने तक आपराधिक जांच के हर चरण को डिजिटल रूप से रिकार्ड किया जाना आवश्यक है। बीएनएसएस के तहत समन इलेक्टॉनिक रूप से जारी किए जा सकते हैं और गवाहों विशेषज्ञों, अभियुक्तों और अन्य पक्षों की गवाही भी वर्जुअल रूप से प्रस्तुत की जा सकती है। इन कानूनों के लागू होने के बाद आपराधिक न्याय प्रणाली में बड़े बदलाव होंगे।

भारतीय न्याय संहिता 2023 में यह परिभाषित किया गया है कि कौन सा कृत्य या लोप अपराध है और उसके लिए क्या सजा निर्धारित की गई है। पुराने भारतीय दंड संहिता,1860 में 511 धाराएं थीं। अब नए भारतीय न्याय संहिता में कुल 358 धाराएं हैं तथा 20 नए अपराधों को जोड़ा गया है और 19 प्रावधानों को पुराने कानून से हटा दिया गया है।

नए कानूनों में सुधारों एवं संभावित कमियों का समाधान करने लिए अधिक समावेशी एवं व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। पुनर्स्थापना न्याय सिद्धांतों को अपनाना जो अपराध के मूल कारणों को हल करता है।

इसके अलावा 33 अपराधों में सजा बढ़ा दी गई है। दंड प्रक्रिया संहिता 1973 में 484 धाराएं थीं, जबकि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता,2023 में 531 धाराएं हैं। इनमें 177 धाराओं को बदल दिया गया है और 9 नई धाराएं जोड़ी गई है। बीएनएसएस के तहत अभियुक्त की गिरफ्तारी, जांच और मुकदमा चलाने आदि की प्रक्रिया होती है। इसमें समयबद्ध जांच, सुनवाई और बहस पूरी होने के 30 दिनों के भीतर फैसला देने का प्रावधान है। यौन उत्पीड़न पीड़ितों के बयान की वीडियो रिकार्डिंग अनिवार्य की गई है। अपराधी की संपत्ति और आय की कुर्की के लिए नए प्रावधान किए गए हैं। भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 ने भारतीय साक्ष्य अधिनियम,1872 का स्थान लिया है। अदालतों में पेश और स्वीकार्य साक्ष्य में इलेक्टॉनिक या डिजिटल रिकार्ड, ईमेल, सर्वर सांग, कंप्यूटर, स्मार्टफोन, लैपटॉप, एसएमएस, वेबसाइट, स्थानीय साक्ष्य, मेल, उपकरणों पर संदेश शामिल होंगे। केस डायरी एफआईआर आरोप पत्र और फैसले सहित सभी रिकार्ड का डिजिटलीकरण होगा।

जेंडर समावेश-जेंडर की परिभाषा में अब ट्रांसजेंडर व्यक्ति भी शामिल है, जो समावेश और समानता को बढ़ावा देगा। महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने ताकझांक के अपराध में कुल बीएनएस के तहत आरोपियों के लिए जेंडर न्यूट्रेलिटी लागू होगा। यानि अब महिलाओं पर भी कानून के तहत मामला दर्ज किया जा सकता है। नाबालिगों के अपहरण के मामलों में पुरुष के लिए 16 वर्ष और महिला के लिए 18 वर्ष आयु सीमा निधारित थी। बीएनएस में इसे दोनों के लिए 18 वर्ष निर्धारित कर दिया है। वहीं अब कोई भी व्यक्ति संचार के इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से घटनाओं की रिपोर्ट कर सकता है। इसके लिए उसे पुलिस स्टेशन जाने की आवश्यकता नहीं है। पीड़ितों को एफआईआर की नि:शुल्क प्रति प्राप्त होगी, जिससे कानूनी प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित होगी। भारतीय न्याय संहिता में कुछ नए अपराधों को जोड़ा गया है। जैसे मॉब लिंचिंग यानी 5 या अधिक लोगों का समूह मिलकर जाति या समुदाय आदि के आधार पर हत्या करता है तो ग्रुप के हर सदस्य को आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी। महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराधों पर कार्रवाई करने तथा उनकी सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए बीएनएस में एक नया अध्याय जोड़ा गया है। पुलिस स्टेशन जाने से छूट- महिलाओं ,15 वर्ष के कम आयु के बच्चों,60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों तथा विकलांग या गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को पुलिस स्टेशन जाने से छूट दी गई है तथा वे अपने निवास स्थान पर पुलिस सहायता प्राप्त कर सकते हैं। (बीएनएसएस धारा 179)

नए कानूनों को सभी राज्य सरकारों के लिए गवाहों की सुरक्षा और सहयोग सुनिश्चित करने, कानूनी कार्यवाही की विश्वसनीयता और प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए गवाह सुरक्षा योजना को अनिवार्य किया गया है। (बीएनएसएस धारा 398), पीड़ितों के 90 दिनों के भीतर अपने मामले की प्रगति के बारे में नियमित अपडेट प्राप्त करने का अधिकार होगा। (बीएनएसएस धारा 193) नए कानून महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराधों के पीड़ितों को सभी अस्पतालों में नि:शुल्क प्राथमिक उपचार या चिकित्सा उपचार की गारंटी देते हैं। नए कानून की धारा 152 के तहत एक नया अपराध जोड़ा गया है। इसके तहत भारत से अलग होने ,पृथकवादी भावना रखने या भारत की एकता और संप्रभुता को खतरा पहुंचाने को अपराध माना जाएगा। यह देशद्रोह का अपराध होगा। आतंकवाद बीएनएस की धारा 113 में अपराध घोषित किया गया है। इस कानून के तहत जो भी शख्स देश के कानून को नुकसान पहुंचाने के लिए डायनामाइट या जहरीली गैस जैसे खतरनाक पदार्थों का इस्तेमाल करते हैं, उन्हें आतंकवादी माना जाएगा। नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषियों को अब फांसी की सजा दी जा सकेगी। हिट एंड रन मामलों से संबंधित मामलों में भी कठोर प्रावधान किए गए हैं। हालांकि ट्रक चालकों के विरोध के कारण सरकार ने इन अपराधों को लागू न करने का निर्णय लिया है। अप्राकृतिक यौन शोषण एवं व्याभिचारिता के अपराधों को नए कानून से हटा दिया गया है।

पुराने कानून में बदलाव समय की प्रासंगिकता, कई समितियों द्वारा भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार हेतु सिफारिशें की गई, जिनमें दोहरा समिति 1993, मसिपथ समिति 2003, माधव मेनन समिति 2007 तथा समय-समय पर उच्चतम न्यायालय द्वारा भी न्याय प्रणाली में एवं पुलिस सुधार पर निर्देश दिए गए, जिसमें पुलिस सुधार पर उच्चतम न्यायलय के निर्देश 2006 अहम है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम पुलिस अधिकारी के समक्ष किए गए बयानों को साक्ष्य के रूप में स्वीकार्य होने की अनुमति देता है, जिससे हिरासत में यातना एवं दबाव का खतरा बढ़ सकता है। बीएनएसएस पुलिस अधिकारी को बिना किसी न्यायिक निगरानी या सुरक्षा उपायों के गिरफ्तारी, तलाशी, जब्ती एवं हिरासत में लेने की व्यापक शक्तियां प्रदान करता है। बीएनएसएस अपराधों की एक नई श्रेणी निर्मित करता है जिसे "सामाजिक कल्याण अपराध" कहा जाता है, जिसमें जुर्माना अथवा सामुदायिक सेवा कराकर समाधान किया जा सकता है, लेकिन यह निर्दिष्ट नहीं करता कि कौन से अपराध इस श्रेणी में आते हैं। नए कानूनों में सुधारों एवं संभावित कमियों का समाधान करने लिए अधिक समावेशी एवं व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। पुनर्स्थापना न्याय सिद्धांतों को अपनाना जो अपराध के मूल कारणों को हल करता है। अपराध की पुनरावृत्ति को कम करना और पीड़ितों को समाधान प्रदान करने लिए सुलह, पुनर्स्थापना तथा पुर्नवास पर ध्यान केंद्रित करना। 1 जुलाई 2024 को लागू होने वाले नए कानून को कुछ लोग काला कानून कहकर विरोध भी कर रहे हैं। वहीं नया कानून अदालतों और अधिवक्तागणों के लिए भी चुनौती। गृह मंत्री अमित शाह ने जब तीनों कानूनों को लोकसभा में पेश किया था तो कहा था अब नया कानून भारतीयों द्वारा भारतीयों के लिए और भारतीय संसद द्वारा बनाए गए कानून का शासन होगा। अब इसके लागू होने के बाद तारीख पर तारीख युग का अंत सुनिश्चित होगा और 3 साल में न्याय मिलेगा।

email:nusratfahad8@gmail.com

प्रसंगवश

संविधान में आस्था का मतलब

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

आजकल संविधान शब्द चर्चा के केंद्र में आ गया है। संविधान में आस्था की बातें हो रही हैं। संविधान में आस्था का मतलब किसी ऐसी किताब में आस्था नहीं है, जो अपरिवर्तनीय है। संविधान में आस्था का मतलब किसी व्यक्ति में आस्था से भी नहीं हो सकता, क्योंकि कोई भी संविधान व्यक्ति रचना नहीं है।

लोकतंत्र में संविधान व्यक्ति रचना हो भी नहीं सकता। संविधान व्यक्ति रचना नहीं समष्टि रचना है। संविधान सभा की कितनी बैठकों और उसमें चलने वाले विमर्श की रचना है। उसका जो भी महत्व है, वह समष्टि के कारण ही है।

संविधान में आस्था का मतलब है, समष्टि चेतना में आस्था, सर्वजन-चेतना में आस्था। संविधान में आस्था का मतलब है, सामान्यजन चेतना में आस्था, भारत के लोकजीवन की निरंतरता में आस्था। भारत में विभिन्न धर्म, जाति और वर्ग होने के बावजूद हम एक हैं। देश में इतनी विविधता होने के बाद भी हम एक ही संविधान के तहत काम कर रहे हैं। संविधान की प्रस्तावना में पहला ही वाक्य है-हम भारत के लोग। लोग शब्द लोक का ही वाचक है। लोक से भावित और ओतप्रोत। लोकतंत्र का सबसे बड़ा सत्य लोक है। मनुष्य की उस सत्ता का नाम लोक है, जहां जाति-पाति, ऊंच-नीच, गरीब-अमीर, शासक-शासित, स्त्री-पुरुष, शिक्षित अशिक्षित, धर्म-संप्रदाय तथा क्षेत्रीयता के सभी बंधन खुल जाए। बड़ा-छोटा, मालिक-नौकर, अधिकारी, वकील व्यापारी, प्रोफेसर, उद्योगपति, श्रमिक, किसान, बुद्धिजीवी आदि बाह्य उपाधियां हैं।

विशिष्टता आवरण या उपाधि के छिलके के भीतर जो सामान्य मनुष्य है, वही लोक है। लोक सर्वजन सत्ता, समष्टि जनसत्ता, सामान्य जन सत्ता है। यह बात ध्यान रखने की है कि संविधान तो लोकतंत्र की देह है, लोकतंत्र की आत्मा और लोकचेतना। महात्मा गांधी ही थे, जिन्होंने लोकचेतना की गहराई में विद्यमान अक्षय ऊर्जा को पहचाना था। वे स्वयं इस लोकचेतना में रस-बस गए थे। इसी कारण लोकचेतना पर उनका सीधा असर होता था। लोकचेतना ही लोकतंत्र का प्राण है।

भाजपा नेताओं की उदासीनता का परिणाम



निरंकार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कितने जिलों में संगठन को मजबूत करने के लिए कितनी बार दौरा किया, इसका कोई ब्यौरा पार्टी संगठन के पास नहीं है।

लोकसभा के चुनाव में उत्तर प्रदेश में सीटें कम मिलने के कारण भाजपा बहुमत का आंकड़ा पार नहीं कर पाई। प्रदेश में भाजपा की सीटें घटने के कई कारण बताए जा रहे हैं। पहला कारण दो बार लगातार चुनाव जीतने वाले सांसदों का अपने-अपने क्षेत्र में भाजपा के कार्यकताओं के साथ जनता से संपर्क टूटना है। यदि आप सांसद या विधायक हैं तो आपको अपने क्षेत्र का बराबर दौरा करना चाहिए। लोगों के दुःख दर्द में शामिल होना चाहिए। उनकी समस्याएं जाननी चाहिएं। जनता आप से यही अपेक्षा करती है। ये लोग मोदी और योगी के सहारे चुनाव जीतने की उम्मीदें लगाए बैठे थे, इसलिए अपने क्षेत्रों में जनता से संपर्क साधने की जरूरत नहीं समझी और अपने घर पर ही ठेका-पट्टा पाने वालों का दरबार लगाते रहे। ऐसे लोगों को दोबारा टिकट देने वाले नेता भी अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते हैं।

दूसरा बड़ा कारण भाजपा प्रदेश और जिला संगठन भी जनता से दूर हो गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कितने जिलों में संगठन को मजबूत करने के लिए कितनी बार दौरा किया, इसका कोई ब्यौरा पार्टी संगठन के पास नहीं है। प्रदेश पार्टी का आईटी सेल पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। यही कारण है कि ग्रामीण अंचलों में असंतुष्ट प्रधानों, उप प्रधानों, पूर्व प्रधानों आदि के जरिए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और भाजपाई नेताओं के फेक (फर्जी) वीडियो सोशल मीडिया पर फैलाए गए। इनके जरिए आरक्षण खत्म करने से लेकर संविधान बदलते तक की बातें तक कही गईं, जिसका प्रदेश भाजपा का आईटी सेल कोई जवाब नहीं दे पाया। हर लोकसभा और विधानसभा चुनावों के छह महीने पहले ही मतदाता सूची का पोलिंग, बूथ स्तर पर संशोधन और परिवर्धन होता है। यदि भाजपा संगठन के कार्यकर्ता अपनी-अपनी पोलिंग बूथों पर सक्रिय रहते तो हजारों भाजपा समर्थकों के नाम मतदाता सूची से नहीं कटते। विपक्षी दलों के सामने अपने अस्तित्व को बचाए रखने का सवाल था। इसलिए वे करो या मरो के संकल्प के साथ चुनाव लड़ रहे थे, उन्होंने हर तरह के छल प्रपंच को किया जो वे कर सकते थे। इसका भी अंदाजा भाजपा का प्रदेश और जिला संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता नहीं लगा सके।

राहुल गांधी का गारंटी कार्ड का फार्म खासतौर अल्पसंख्यक, अशिक्षित और निर्धन महिलाओं से भरवाया गया। उन्हें डर था कि तीन तलाक के मामले खत्म करने के कारण ये महिलाएं भाजपा को वोट दे सकती हैं। काट के लिए पार्टी स्तर पर कोई प्रयास नहीं किया गया। प्रमुखों की तमाम जिलों में फर्जी सूची बनाई गई जो वास्तव में कहीं थे ही नहीं। कई उम्मीदवारों ने इसकी शिकायत भी की है। यदि वास्तव में पन्ना प्रमुख होते तो उनके मोबाइल फोन नंबरों के जरिए इन फर्जी वीडियो का आईटी सेल जवाब दे सकता था। कुल मिलाकर फेक वीडियो और अफवाहों का जमीनी स्तर भाजपा का संगठन कोई जवाब नहीं दे सका और पार्टी कई जगह चुनाव हार गई। बहरहाल पार्टी संगठन इस हार की समीक्षा के लिए बनाई गई टास्क फोर्स के सूचनाओं का इंतजार कर रही है। पर यहां सवाल यह उठता है कि क्या कोई संगठन खुद अपनी कमियों को स्वीकार करेगा? इस टास्क फोर्स के काम के लिए दूसरे राज्यों के लोगों को लगाया गया होता तो शायद सही जानकारी सामने आती। लोकसभा चुनाव में भाजपा को उत्तर प्रदेश में 2019 में उसे जहां 62 सीटें मिली थीं, वहीं 2024 के आम चुनाव में 33 पर संतोष करना पड़ा है। भाजपा उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में 29 सीटें कम मिलने की पूरे देश में चर्चा है। अब पार्टी भी इस पर मंथन में जुटी है और पूरा फीडबैक लेने के बाद कुछ ऐक्शन हो सकता है। अब तक पार्टी नेतृत्व को प्रत्याशियों और स्थानीय नेताओं से जो फीडबैक मिला है, उसके मुताबिक सांसदों को राज्य के कर्मचारियों से सहयोग न मिलना। पार्टी कार्यकर्ताओं का ही खिलाफ हो जाना और संविधान बदलने का गलत नैरेटिव जनता के बीच चला जाना नुकसान का कारण रहा है। यही नहीं भाजपा का राज्य नेतृत्व एक विस्तृत रिपोर्ट भी तैयार कर रहा है। इस रिपोर्ट को इस सप्ताह के अंत तक हाईकमान को सौंपा जाएगा।

ये चुनाव नतीजे प्रदेश सरकार के मंत्रियों के लिए सबक है। मंत्रियों को भाजपा के कार्यकर्ताओं और जनता के संपर्क में रहना चाहिए और उनकी जनहित की समस्याओं का समाधान करते रहना चाहिए। यदि वे ऐसा नहीं करेंगे तो आगामी विधानसभा के चुनाव में उनका और पार्टी का चुनाव जीतना मुश्किल हो जाएगा।

सोशल फोरम

सत्य का साथ नहीं छोड़ना चाहिए

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

मध्य प्रदेश के एक कथावाचक प्रदीप मिश्र ने राधा रानी के विवाह और जन्मस्थान के विषय में ऐसा कुछ कहा था, जिस पर ब्रज क्षेत्र ने उनके बहिष्कार का निर्णय लिया था। उस बहिष्कार से बचने के लिए उन्होंने बरसाने के राधा मंदिर में आकर सबके सामने नाक रगड़ कर राधा रानी से माफी मांगी। इस घटना पर मुझे योरोपीय खगोलशास्त्री कापर्निकस की याद आ गई। निकोलस कापर्निकस (1473-1543) पोलैंड का एक प्रसिद्ध खगोलशास्त्री था जिसने पश्चिमी जगत में पहली बार कहा कि इस ब्रह्मांड का केंद्र पृथ्वी न होकर सूर्य है और पृथ्वी समेत सभी ग्रह उसकी परिक्रमा करते हैं। पृथ्वी वर्ष में एक बार सूर्य का चक्कर लगाती है तथा पृथ्वी भी अपनी धुरी पर 24 घंटे में एक बार घूमती है। ईसाई पादरियों ने कापर्निकस की भर्त्सना करते हुए कहा कि यह उनकी मान्य परंपरा के प्रतिकूल है, जिसमें ब्रह्मांड का केंद्र पृथ्वी को माना गया था। कापर्निकस के ऊपर अभियोग चला जिसमें कापर्निकस ने क्षमा मांगते हुए कहा कि उसने गलत कहा था, वास्तव में पृथ्वी ही ब्रह्मांड का केंद्र है और सूर्य सहित सभी आकाशीय पिंड उसकी परिक्रमा करते हैं। अपनी क्षमा याचना के आधार पर वह मुक्त हो गया लेकिन बाहर आने पर उसने कहा "इट स्टिल मूव्स" यानी मेरे पृथ्वी को केंद्र मानने के बाद भी पृथ्वी घूमती है। उसने सजा से बचने के लिए पृथ्वी को केंद्र कहा तो, लेकिन अपने सिद्धांत को गलत नहीं माना। यह उसकी सत्य के प्रति प्रतिबद्धता थी। किसी को भी किसी धर्म की मान्यताओं के विरुद्ध कुछ नहीं कहना चाहिए जब तक कि इसका पुष्ट प्रमाण न हो। प्रदीप का कथन किन साक्ष्यों पर आधारित था, यह मुझे ज्ञात नहीं है, लेकिन यदि उनका कथन पुष्ट साक्ष्यों पर आधारित नहीं था तो उन्हें यह बात कहनी नहीं चाहिए थी और यदि वह प्रामाणिक साक्ष्य पर था तो उन्हें माफी नहीं मांगनी थी। यदि माफी किसी विवशता में मांग भी ली तो बाद में अपनी बात पर टिकना चाहिए था। लोभ और भय वश ऐसी बात कहना या माफी मांगना, उनके हजारों श्रोताओं के प्रति विश्वास घात है। प्रदीप मिश्र को सत्य का साथ नहीं छोड़ना चाहिए था।

-फेसबुक वॉल से

ब्रिटेन चुनाव में प्रवासी भारतीयों के वोटों की बड़ी भूमिका

प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

सर्वेक्षणों से पता चलता है कि हिंदुओं का लेबर पार्टी की मुख्य प्रतिद्वंद्वी कंजर्वेटिव पार्टी के प्रति झुकाव बढ़ रहा है। हिंदू मतदाता इस कंजर्वेटिव पार्टी के लिए सामूहिक रूप से मतदान कर सकते हैं। यह खबर सुनक और उनकी कंजर्वेटिव पार्टी के लिए राहत भरी हो सकती है।

ब्रिटेन में 4 जुलाई को आम चुनाव होने जा रहे हैं। कई बड़े सवाल उभरते हैं-क्या वहां रह रहे भारतीय ब्रिटेन के पहले भारतीय मूल के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और कंजर्वेटिव पार्टी के साथ खड़े आएंगे? या फिर लेबर पार्टी को प्रवासी भारतीयों के भी वोट मिलेंगे? साथ ही क्या भारत-यूनाइटेड किंगडम मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) जो दोनों देशों के लिए अपार संभावनाएं लिए हैं, पर वार्ता अधरझूल में लटक सकती है? इसके अलावा यूके में आर्थिक परिदृश्य चुनौतियों से भरा है। सार्वजनिक ऋण पिछले 63 वर्ष के उच्चतम स्तर पर है और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में 2023 के आखिर तक पिछली पांच तिमाहियों में से चार में गिरावट देखी गई है।

प्रवासन व शरणार्थियों का मुद्दा भी इस चुनाव में चरम पर है। इस चुनाव को 'इमिग्रेशन इलेक्शन' भी कहा जाने लगा है। एग्जिट पोल, राजनीतिक विश्लेषकों के निष्कर्षों में प्रधानमंत्री सुनक की रेटिंग में भारी गिरावट की खबरें हैं। एग्जिट पोल के नतीजों से भारतवंशी मतदाताओं में मायूसी का माहौल है। ब्रिटेन में रहने वाले अप्रवासियों की तुलना में भारतीयों की आबादी सबसे ज्यादा है। अन्य अप्रवासी समूहों की तुलना में भारतीय अच्छी तरह शिक्षित हैं और सबसे धनी लोगों में माने जाते हैं। 2011 की ब्रिटिश जनगणना के अनुसार, यूके में भारतीय मूल के लगभग 1.5 मिलियन लोग हैं, जो कुल जनसंख्या का 2.5 प्रतिशत है। ऐतिहासिक रूप से यहां भारतीय प्रवासियों का झुकाव लेबर पार्टी की ओर रहा है। भारत को ब्रिटिश शासन से आजादी मिलने के समय भी लेबर पार्टी सत्तारुढ़ थी। हालांकि हाल के सर्वेक्षणों से पता चलता है कि हिंदुओं का लेबर पार्टी की मुख्य प्रतिद्वंद्वी कंजर्वेटिव पार्टी के प्रति झुकाव बढ़ रहा है। हिंदू मतदाता इस कंजर्वेटिव पार्टी के लिए सामूहिक रूप से मतदान कर सकते हैं। यह खबर सुनक और उनकी कंजर्वेटिव पार्टी के लिए राहत भरी हो सकती है।

यहां यह गौर करना जरूरी हो जाता है कि हम जब ब्रिटेन में रहने वाले भारतीयों की बात करते हैं तो उसमें वह लोग भी शामिल होते हैं, जो पूर्वी अफ्रीका, कैरेबियन द्वीप समूह और अन्य स्थानों से आकर यहां बस गए हैं। 1960 से 1980 के दशक तक, बड़ी संख्या में भारतीय अप्रवासी युगांडा, केन्या और कैरेबियाई द्वीपों से ब्रिटेन में बस गए। 1960 के दशक में खुद सुनक का परिवार केन्या से ब्रिटेन आया था। मूल रूप से उनके पूर्वज पंजाब के रहने वाले थे। इसके अलावा यह विश्वास भी बढ़ा है कि 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से ब्रिटेन में रहने वाले भारतीय बड़ी संख्या में कंजर्वेटिव पार्टी के समर्थक बन गए हैं। इस संख्या मे हिन्दुओं का एक बड़ा हिस्सा है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2015 की अपनी ब्रिटेन यात्रा में लंदन के वेम्बली स्टेडियम में भारतीयों को संबोधित किया था। इसमें भारतीय मूल के साठ हजार से ज्यादा लोग मौजूद थे और इसमें भी बड़ी संख्या गुजरातियों और पंजाबियों की थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री बोर्स जॉनसन खुद को गर्व से 'भारत का दामाद' कहते थे।

गहन विश्लेषण में एक तथ्य और उभरकर सामने आया है कि पिछले 20-25 वर्षों में भारत से ब्रिटेन में बड़ी संख्या में लोग डॉक्टर, इंजीनियर, आईटी पेशेवर आदि के रूप में गए हैं। 2022 में इस बीच, ऋषि सुनक ब्रिटेन के पहले हिंदू प्रधानमंत्री बने। ऐसे में यह कहना अभी जल्दबाजी ही होगी कि इस चुनाव में हिंदू कंजर्वेटिव पार्टी के पक्ष में सामूहिक रूप से मतदान करेंगे या नहीं। एक बात और ब्रिटिश मुद्रा पाउंड अस्थिरता के दौर में है। दांव पर मुख्य मुद्दा निवेशकों का विश्वास है। कीर स्टार्मर के नेतृत्व वाली लेबर पार्टी जो चुनावों में आगे है, ने अशांत राजनीतिक माहौल से बाहर निकलने का वादा किया है। पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस के मिनी-बजट विफलता, जिसके चलते बाजार में गिरावट आई, लोगों में याद को ताजा बनाए हुए है। प्रवासन और पाउंड की स्थिरता का मुद्दा ब्रिटेन की राजनीति के लिए एक यक्ष प्रश्न के रूप में है। 14 वर्ष के शासन के बाद कंजर्वेटिव पार्टी इस बार भी सत्ता में आएगी या फिर लेबर पार्टी सत्ता संभालेगी? अब देखना है कि 5 जुलाई को बकिंघम पैलेस में किंग चार्ल्स III से मिलने के लिए प्रधानमंत्री और कंजर्वेटिव पार्टी के ऋषि सुनक या लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर में से कौन जाएगा?

आषाढ़ तेरे विविध रंग



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

जिस मास की पूर्णिमा को चन्द्रदेव पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र पर होते हैं उसे आषाढ़ कहा जाता है। यह वर्षा ऋतु का प्रथम मास है और इसके विविध रंग और आयाम हैं। इंसान से लेकर भगवान तक और किसान से लेकर कवि और साहित्यकार तक इसने अपनी छाप छोड़ी है और इन वर्गों ने इसे अपने-अपने तरीके से उपयोग किया है।

पृथ्वी पर हरीतिमा का जनक होने के कारण यह कृषकों को अति प्रिय है और इस मास के आगमन पर अपनी फसल की तैयारी उन्हें बहुत जल्द करनी पड़ती है। कहावत है "कातिक तेरह तीन असाढ़"। यानी तीन दिन के अंदर असाढ़ू फसल के लिए किसान को कार्यवाही कर लेनी होती है। यद्यपि खेती किसानी के काम में व्यस्ततावश उन्हें इस मास में कपड़े सिलवाने की फुरसत नहीं होती है, जिसके परिणामस्वरूप दर्जी खाली बैठे रहते हैं। अतः बेरोजगार और ठलुहे के लिए गांव की लोकोक्ति है "असाढ़ के दर्जी"। मगर भगवान (विष्णु) दूसरा रास्ता अपनाते हैं। वे इस मास के आगमन के चंद रोज पहले ही सो जाते हैं।

ऋतु वर्णन के प्रवीण कवि सेनापति ने लिखा है कि चूंकि आषाढ़ में मेघों की घटा घनघोर छाई रहती है तो दिन में भी रात का भ्रम होने लगता है, अतः भगवान सो जाते हैं। साहित्यकार मोहन राकेश ने 1959 में अपना बहु चर्चित नाटक इसी मास के नाम पर लिखाः "आषाढ़ का एक दिन"। अब चूंकि मुशी प्रेमचंद्र ने अपनी मशहूर कहानी "पूस की रात" लिखकर पूस मास को आगे बढ़ाया, तो आषाढ़ भी पीछे क्यों रहे। यह कमी मोहन राकेश ने पूरी कर दी। कविकुलगुरु कालिदास के विरही यक्ष को रामटेक पर्वत पर "आषाढ़स्य प्रथम दिवसे" ही मेघ मिले, जिन्हें उसने अपनी अलकापुरी में रह रही पत्नी के पास दूत बनाकर भेजा।

हालांकि मलिक मोहम्मद जायसी की वियोगिनी नायिका नागमती को आषाढ़ कष्ट कारक लगता है। 'पद्मावत्' में पति का वियोग सहन करते हुए वह वह कहती है- चढ़ा असाढ़ गगन घन गाजा। साजा विरह दुंद दल बाजा।। धूम साम धौरे घन आये। सेत धजा बग पाति देखाये।।

कवि ने वियोगिनी के लिए इस मास को एक आक्रमणकारी राजा के रूप में दिखाया है। बात सही है, जब भगवान राम तक को पत्नी पास न होने पर बादल की गरज चमक से डर लगने लगता है तो भला लौकिक नारी नागमती की क्या बिसात! श्रीराम कहते हैं "घन घमंड गरजत नभ घोरा। प्रिया हीन डरपत मन मोरा"।। आषाढ़ में गांव की ताल तलैयां भर जाती हैं। पं.नरेंद्र शर्मा इस मास की शुरुवात में अपने गांव की तलैया 'असाढ़ी' की याद आ जाती है और वह स्मरण करते हैं कि 'अब असाढ़ी पानी से लबरेज हो गई होगी'। "चौड़ी छाती खोल आसाढ़ी पड़ी पी रही होगी आल"।

वेंकैया गारू : भारत की सेवा में समर्पित जीवन

नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

> 1990 के दशक में बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व ने वेंकैया गारू के परिश्रम और प्रयासों को पहचानते हुये उन्हें पार्टी का अखिल भारतीय महासचिव नियुक्त किया। 1993 में यहीं से राष्ट्रीय राजनीति में उनका कार्यकाल शुरू हुआ था। एक ऐसा व्यक्ति, जो किशोरावस्था में अटल जी और आडवाणी जी के दौरों की तैयारी करता था, उनके लिए ये कितना बड़ा मुकाम था। पार्टी महासचिव के रूप में, उनका एक ही लक्ष्य था कि अपनी पार्टी को सत्ता में कैसे लाया जाए! उनका एक ही संकल्प था कि कैसे देश को बीजेपी का पहला प्रधानमंत्री मिले। दिल्ली आने के बाद, उनकी मेहनत का ही परिणाम था कि उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

आज भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति और राष्ट्रीय राजनीति में शुचिता के प्रतीक हमारे एम. वेंकैया नायडू गारू का जन्मदिवस है। वेंकैया नायडू आज 75 वर्ष के हो गए हैं। उन्होंने राष्ट्रसेवा और जनसेवा को हमेशा सर्वोपरि रखा है। मैं उनके दीर्घायु होने और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। देश में उनके लाखों चाहते वाले हैं। मैं उनके सभी शुभचिंतकों और समर्थकों को भी बधाई देता हूं। वेंकैया जी का 75वां जन्मदिवस एक विशाल व्यक्तित्व की व्यापक उपलब्धियों को समेटे हुये है। उनका जीवन सेवा, समर्पण और संवेदनशीलता की ऐसी यात्रा है, जिसके बारे में सभी देशवासियों को जानना चाहिए।

राजनीति में अपने प्रारम्भिक दिनों से लेकर उपराष्ट्रपति जैसे शीर्ष पद तक, नायडू गारू ने भारतीय राजनीति की जटिलताओं को जितनी सरलता और विनम्रता से पार किया, वो अपने आपमें एक उदाहरण है। उनकी वाकपटुता, हाजिरजवाबी और विकास से जुड़े मुद्दों के प्रति उनकी सक्रियता के कारण उन्हें दलगत राजनीति से ऊपर हर पार्टी में सम्मान मिला है।

वेंकैया गारू और मैं दशकों से एक-दूसरे से जुड़े रहे हैं। हमने लंबे समय तक अलग-अलग दायित्वों को संभालते हुए साथ काम किया है, और मैंने हर भूमिका में उनसे बहुत कुछ सीखा है। मैंने देखा है, जीवन के हर पड़ाव पर आम लोगों के प्रति उनका स्नेह और प्रेम कभी नहीं बदला।

वेंकैया जी सक्रिय राजनीति से आंध्र प्रदेश में छात्र नेता के रूप में जुड़े थे। उन्होंने राजनीति के पहले पड़ाव पर ही प्रतिभा, वक्तृत्व क्षमता और संगठन कौशल की अलग छाप छोड़ी थी। किसी भी राजनीतिक दल में उन्हें कम समय में बड़ा स्थान मिल सकता था। लेकिन उन्होंने संघ परिवार के साथ काम करना पसंद किया, क्योंकि उनकी आस्था राष्ट्र प्रथम के विजन में थी। उन्होंने विचार को व्यक्तिगत हितों से ऊपर रखा और बाद में जनसंघ एवं बीजेपी को मजबूत किया। लगभग 50 साल पहले जब काँग्रेस पार्टी ने देश में आपातकाल लगाया था, तब युवा वेंकैया गारू ने आपातकाल विरोधी आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्हें लोकनायक जेपी को आंध्र प्रदेश में आमंत्रित करने के लिए जेल जाना पड़ा। लोकतंत्र के लिए उनकी ये प्रतिबद्धता, उनके राजनीतिक जीवन में हर जगह दिखाई देती है। 1980 के दशक के मध्य में, जब महान एनटीआर की सरकार को कांग्रेस ने गलत तरीके से बर्खास्त कर दिया था, तब वे फिर से लोकतांत्रिक सिद्धांतों की रक्षा के लिए हुए आंदोलन की अग्रिम पंक्ति में थे।

1978 में आंध्र प्रदेश ने जब कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया था, तब वेंकैया जी प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद एक युवा विधायक के रूप में जीतकर आए थे। पांच साल बाद, राज्य चुनाव में एनटीआर की लोकप्रियता अपने सर्वोच्च स्तर पर थी। तब भी वे बीजेपी के विधायक चुने गए। उनकी जीत ने आंध्र समेत दक्षिण में बीजेपी के लिए भविष्य के बीज बोये थे।

युवा विधायक के रूप में ही, वे विधायी मामलों में अपनी दृढ़ता और अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की आवाज उठाने के लिए सम्मानित होने लगे। उनकी वाकपटुता, शब्दशैली और संगठन सामर्थ्य से प्रभावित होकर एनटीआर जैसे दिग्गज ने उनकी प्रतिभा को पहचाना। एनटीआर उन्हें अपनी पार्टी में शामिल करना चाहते थे, लेकिन वेंकैया गारू हमेशा की तरह अपनी मूल विचारधारा पर अडिग रहे। उन्होंने आंध्र प्रदेश में बीजेपी को मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभाई, गांवों में जाकर सभी क्षेत्रों के लोगों से जुड़े। उन्होंने विधानसभा में पार्टी का नेतृत्व किया और आंध्र प्रदेश बीजेपी के अध्यक्ष भी बने।

1990 के दशक में बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व ने वेंकैया गारू के परिश्रम और प्रयासों को पहचानते हुये उन्हें पार्टी का अखिल भारतीय महासचिव नियुक्त किया। 1993 में यहीं से राष्ट्रीय राजनीति में उनका कार्यकाल शुरू हुआ था। एक ऐसा व्यक्ति, जो किशोरावस्था में अटल जी और आडवाणी जी के दौरों की तैयारी करता था, उनके लिए ये कितना बड़ा मुकाम था। पार्टी महासचिव के रूप में, उनका एक ही लक्ष्य था कि अपनी पार्टी को सत्ता में कैसे लाया जाए! उनका एक ही संकल्प था कि कैसे देश को बीजेपी का पहला प्रधानमंत्री मिले। दिल्ली आने के बाद, उनकी मेहनत का ही परिणाम था कि उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। कुछ ही समय बाद वे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बने। वर्ष 2000 में, जब अटल जी सरकार बना रहे थे तो वो वेंकैया गारू को अपनी सरकार में मंत्री बनाना चाहते थे।

अटल जी ने उनसे उनकी इच्छा पूछी तो वेंकैया गारू ने ग्रामीण विकास मंत्रालय को अपनी प्राथमिकता के रूप में चुना। उनकी इस पसंद ने तब कई लोगों को हैरान किया था। क्योंकि, उसके पहले नेताओं के लिए दूसरे मंत्रालय पहली पसंद हुआ करते थे। लेकिन, वेंकैया गारू की सोच बिल्कुल स्पष्ट थी- वह एक किसान पुत्र थे, उन्होंने अपने शुरुआती दिन गांवों में बिताए थे और इसलिए, अगर कोई एक ऐसा क्षेत्र था जिसमें वह काम करना चाहते थे, तो वह ग्रामीण विकास था। उस समय एक मंत्री के रूप में 'प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना' को जमीन पर उतारने में उनकी अहम भूमिका थी।

2014 में एनडीए सरकार ने सत्ता संभाली, तो उन्होंने शहरी विकास, आवासन एवं शहरी गरीबी उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों को संभाला। उनके कार्यकाल के दौरान ही हमने स्वच्छ भारत मिशन और शहरी विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू कीं। शायद, वह उन नेताओं में से एक हैं जिन्होंने इतने लंबे समय तक ग्रामीण और शहरी विकास दोनों के लिए काम किया है।

2014 के उन शुरुआती दिनों में वेंकैया जी का अनुभव मेरे भी बहुत काम आया था। मैं उस समय दिल्ली के लिए एक बाहरी व्यक्ति था। मेरा करीब डेढ़ दशक गुजरात में ही काम करते हुये बीता था। ऐसे समय में वेंकैया गारू का सहयोग मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। वह एक प्रभावी संसदीय कार्य मंत्री थे। वो सदन में पक्ष-विपक्ष की बारीकियों को समझते थे। साथ ही, जब संसदीय मानदंडों और नियमों की बात आती थी, तब वो नियमों को लेकर भी उतना ही स्पष्ट नज़र आते थे।

वर्ष 2017 में, हमारे गठबंधन ने उन्हें हमारे उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामित किया। ये हमारे लिए एक कठिन और दुविधा से भरा निर्णय था। हम ये जानते थे कि वेंकैया गारू के स्थान को भरना बेहद कठिन होगा। लेकिन साथ ही, हमें ये भी पता था कि उपराष्ट्रपति पद के लिए उनसे बेहतर कोई और उम्मीदवार नहीं है। मंत्री और सांसद पद से इस्तीफा देते हुए उन्होंने जो भाषण दिया था, उसे मैं कभी नहीं भूल सकता। जब उन्होंने पार्टी के साथ अपने जुड़ाव और इसे बनाने के प्रयासों को याद किया तो वह अपने आंसू नहीं रोक पाए। इससे उनकी गहरी प्रतिबद्धता और जुनून की झलक मिलती है। उपराष्ट्रपति बनने पर उन्होंने कई ऐसे कदम उठाए जिससे इस पद की गरिमा और भी बढ़ी। वह राज्यसभा के एक उत्कृष्ट सभापति थे, जिन्होंने यह सुनिश्चित किया कि युवा सांसदों, महिला सांसदों और पहली बार चुने गए सांसदों को बोलने का अवसर मिले। उन्होंने सदन में उपस्थिति पर बहुत जोर दिया, समितियों को अधिक प्रभावी बनाया। उन्होंने सदन में बहस के स्तर को भी ऊंचा उठाया।

जब अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को हटाने का निर्णय राज्यसभा के पटल पर रखा गया, तो वेंकैया गारू ही सभापति थे। मुझे यकीन है कि यह उनके लिए एक भावनात्मक क्षण था। वह युवा जिसने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के एक विधान, एक निशान, एक प्रधान के संकल्प के लिए अपना जीवन समर्पित किया था, जब वह सपना पूरा हुआ तो वह सभापति के पद पर आसीन था। किसी निष्ठावान देशभक्त के जीवन में इससे बड़ा समय और क्या होगा!

काम और राजनीति के अलावा, वेंकैया गारू एक उत्साही पाठक और लेखक भी हैं। दिल्ली के लोगों के बीच, उन्हें उस व्यक्ति के रूप में जाना जाता है जो शहर में गौरवशाली तेलुगु संस्कृति लेकर आए। उनके द्वारा आयोजित उगादी और संक्रांति कार्यक्रम स्पष्ट रूप से शहर के सबसे पसंदीदा समारोहों में से एक हैं। मैं वेंकैया गारू को हमेशा एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जानता हूं जो भोजन प्रेमी हैं और शानदार मेजबानी करना जानते हैं। लेकिन, पिछले कुछ समय से उनका संयम भी सबके सामने दिखने लगा है। फिटनेस के प्रति उनकी प्रतिबद्धता इस बात से झलकती है कि वह अभी भी बैडमिंटन खेलना और ब्रिस्क वॉक करना पसंद करते हैं।

उपराष्ट्रपति पद का कार्यकाल पूरा करने के बाद भी, वेंकैया गारू सार्वजनिक जीवन में बेहद सक्रिय हैं। वह लगातार देश के लिए जरूरी मुद्दों और विकास कार्यों को मुझसे बात करते रहते हैं। हाल ही में जब हमारी सरकार तीसरी बार सत्ता में लौटी, तो मेरी उनसे मुलाक़ात हुई थी। वह बहुत खुश हुए और उन्होंने मुझे व हमारी टीम को अपनी शुभकामनाएं दीं। मैं एक बार फिर उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। मुझे आशा है कि युवा कार्यकर्ता, निर्वाचित प्रतिनिधि और सेवा करने का जुनून रखने वाले सभी लोग उनके जीवन से सीख लेंगे और उन मूल्यों को अपनाएंगे। यह वेंकैया गारू जैसे लोग ही हैं जो हमारे राष्ट्र को बेहतर और अधिक जीवंत बनाते हैं।

आरक्षण की मूल भावना से खिलवाड़ नहीं होने देगी सपा : अखिलेश यादव

आरक्षण और संविधान की सुरक्षा के लिए हम सदैव जनता के साथ रहेंगे

ध्रुव यादव के भतीजे बादल को श्रद्धांजलि देते पूर्व सीएम अखिलेश यादव। अमृत विचार

पूर्व सीएम ने वर-वधू को दिया आशीर्वाद

भरथना। सपा अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव रविवार को दोपहर भरथना पहुंचे। उन्होंने भरथना कस्बे के प्रमुख सपा नेताओं के विशेष व निजी कार्यक्रमों में भाग लिया। सबसे पहले दिवियापुर के विधायक प्रदीप यादव के भरथना स्थित गार्डन में आयोजित उनके नाती आर्यन यादव की शादी समारोह में वर वधू को आशीर्वाद दिया। यहां पूर्व मुख्यमंत्री श्री यादव ने भोजन भी ग्रहण किया। पूर्व सीएम ताखा की ब्लाक प्रमुख प्रीति यादव के प्रतिनिधि पति ध्रुव कुमार चीनी यादव के बृजराज नगर आवास पर पहुंचे। बीते माह उनके भतीजे बादल यादव का असामयिक निधन हो गया था। उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त की। इसके बाद भरथना नगर पालिका के चेयरमैन अजय यादव गुल्लू की बृजराज नगर अवध विहार स्थित प्रतिष्ठित सीबीएसई संस्था संस्कृति इंटर नेशनल कालेज पहुंचे जहां चेयरमैन परिवार पूर्व मंत्री अशोक यादव, अजय यादव गुल्लू, राहुल यादव, अंकित यादव, सार्थक यादव छोटू ने पूर्व मुख्यमंत्री श्री यादव का जोरदार स्वागत सम्मान किया। साथ ही तमाम सपा नेताओं कार्यकर्ताओं से भी मिले।

संवाददाता भरथना, इटावा

अमृत विचार। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा कि वर्तमान सरकार लगातार आरक्षण की मूल भावना के साथ खिलवाड़ कर रही है। वह दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक आदिवासी सहित अन्य ऐसी जातियां जिन्हें आरक्षण का लाभ मिलना चाहिये, उन्हें इसके लाभ से वंचित रखना चाहती है। समाजवादी पार्टी आरक्षण व संविधान सुरक्षा के लिए सदैव जनता के साथ अडिग रहेगी।

पूर्व मुख्यमंत्री ने पूर्व मंत्री अशोक यादव के शान्ता आश्रम (अवध गार्डन) में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि देश और प्रदेश की जनता अब जागरूक हो चुकी है, वह धीरे-धीरे भारतीय जनता पार्टी का साथ छोड़ रही है। प्रदेश में होने वाले आगामी उपचुनाव व विधान सभा आम चुनाव में भाजपा बुरी तरह हारेगी। पेपर लीक के संबंध में पूछे गये प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि सरकार लगातार युवाओं के जीवन व भविष्य के साथ खिलावाड़ कर रही है। कम से कम नीट की परीक्षा तो नीट एण्ड क्लीन होनी चाहिये। संसद में डिप्टी स्पीकर के पद को लेकर पूछे गये सवाल पर उन्होंने कहा कि गठबंधन की जो सहमति बनती है, समाजवादी पार्टी उसके साथ है। इस दौरान सपा विधायक प्रदीप यादव, ब्लाक प्रमुख हरिओम यादव, पुष्पेंद्र यादव रिंकू, पूर्वमंत्री अशोक यादव, पूर्वमंत्री विनोद यादव कक्का, चेयरमैन अजय यादव गुल्लू समेत कई सपा नेताओं ने उनका स्वागत किया।

एक घर से उठीं तीन अर्थियां किया गया अंतिम संस्कार

संवाददाता, अतर्रा, बांदा

- सड़क हादसे में हुई थी शिक्षक दंपति व पुत्र की मौत

अमृत विचार। कस्बे के शास्त्री नगर निवासी शिक्षक समेत उनकी पत्नी और पुत्र की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद एक साथ तीन अर्थी उठने से कस्बे में मातम छा गया। आसपास के घरों में चूल्हे भी नहीं जले। बेहद गमगीन माहौल में तीन का अंतिम संस्कार किया गया।

कस्बे के शास्त्री नगर निवासी कुलदीप द्विवेदी (38) पुत्र राम प्रताप द्विवेदी पिछले पांच वर्षों से छत्तीसगढ़ में नवोदय विद्यालय पर शिक्षक थे। शनिवार को वह अपनी कार से पत्नी रुचि (35), बेटे गोपाल (10) और पांच वर्षीय बेटी के साथ अतर्रा आ रहे थे। सतना (मध्य प्रदेश) के पथरहटा टोल प्लाजा के पास अचानक एक सरियों से ओवरलोड भरा ट्रक ओवरटेक करने के चक्कर में पलट कर कार के ऊपर गिर पड़ा। कार सवार दंपती दब गए।

सूचना पर पहुंचे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने क्रेन की मदद से ट्रक हटवाया। तब तक शिक्षक कुलदीप, पत्नी रुचि व बेटे गोपाल की मौत हो चुकी थी। वहीं दंपति की पांच वर्षीय बेटी बाल बाल बच गई है। जिसे इलाज के लिए सतना के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही तीनों शव घर पहुंचे तो परिजनों में कोहराम मच गया। पूरे मोहल्ले व कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। एक साथ तीन अर्थियां उठने से लोगों की आंखें नम हो गईं। गमगीन माहौल में तीनों शवों का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया।

सर्प दंश से महिला की मौत

बांदा। कमासिन थाना क्षेत्र के ओझा नगर निवासी 40 वर्षीय सीमा पतनी चंदी शुक्रवार की रात घर के बाहर सो रही थी। बारिश होने पर वह कमरे में जा रही थी। तभी सर्प ने डस लिया। घरवालों ने झाड़ फूक करवाई इसके बाद अस्पताल में भर्ती कराया। हालत में सुधार न होने पर शनिवार की रात उसे जिला अस्पताल लाया जा रहा था, रास्ते में दम तोड़ दिया।

सार-संक्षेप

फर्जी नंबर से तीन प्रांतों में दौड़ रही थी स्लीपर बस

उरई (जालौन)। मध्यप्रदेश के भिंड से चलकर जालौन के माधौगढ़ होकर दिल्ली आने और जाने वाली स्लीपर बस को रविवार को माधौगढ़ पुलिस ने चेकिंग के दौरान पकड़ लिया। हैरानी की बात यह है कि तीन प्रांतो और तकरीबन एक दर्जन जिले और सैकड़ों थानों की पुलिस, प्रशासनिक और परिवहन विभाग की आंखों में धूल झोंक कर यह फर्जी नंबर की बस हजारों किलो मीटर का सफर तय करती रही और सारा अमला मूक दर्शक बना रहा। जानकारी के अनुसार यह फर्जी बस जिस नंबर से संचालित हो रही थी, वह नंबर झांसी के अभिषेक वर्मा के नाम रजिस्टर्ड है और वही नंबर अपनी स्लीपर बस में डाल कर मध्यप्रदेश के भिंड का रहने वाला अंकित चौरसिया बस का संचालन कर रहा था, मालूम रहे कि पिछले दिनों झांसी निवासी अभिषेक वर्मा ने फर्जी नंबर से स्लीपर बस संचालित होने की शिकायत जालौन पुलिस अधीक्षक इरज रजा से की थी, एसपी के निर्देश पर आज माधौगढ़ कोतवाली पुलिस ने फर्जी तौर से केएस ट्रैवल्स के नाम से संचालित बस को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने धोखाधड़ी समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालक को गिरफ्तार कर लिया।

पहले वीडियो बनाया फिर फांसी पर झूल गया युवक

राठ (हमीरपुर)। चिकासी थाने के बिलगांव डांडा गांव निवासी ध्रुवराम लोधी के तीन पुत्र पुष्पेंद्र, वीरू और शैलेंद्र हैं। पुष्पेंद्र ने बताया कि शनिवार की दोपहर बाद उसका भाई शैलेंद्र (30) घर से कहीं चला गया। जंगल में काफी तलाशने के बाद करीब 3 बजे उसके भाई शैलेंद्र का शव पेड़ पर लटका मिला। बताया कि उसके भाई ने मरने से पहले वीडियों बनाते हुए गांव के कुछ युवकों को आरोपित करते हुए उसका उत्पीड़न करने और धमकी देने की बात कही। वहीं मृतक के चाचा हरीशंकर पुत्र मुरलीधर ने तहरीर के माध्यम से थाना पुलिस को गांव के रघुवीर, बब्बलू, गंगा, पूरन के भड़काने का आरोप लगाते हुए उसके भतीजे द्वारा फांसी लगाने की तहरीर दी है।

जंगल में मिला युवक का शव

राठ (हमीरपुर)। मझगवां थाने के गिरवर गांव के जंगल में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। युवक की पहचान महोबा जनपद के पनवाड़ी थाने के नकरा गांव के एक युवक रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार महोबा जनपद के नकरा गांव निवासी रामपाल पुत्र गोविंद दास लोधी ने बताया कि बीते 26 जून को उसका भाई मूलचंद्र (28) घर से लापता हो गया था। बताया कि काफी तलाशने के बाद भी उसके भाई का पता नहीं चल रहा। बताया कि उसने पनवाड़ी थाने में भाई के गुम होने की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। रविवार की सुबह मझगवां थाने के गिरवर गांव के जंगल में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त की तो युवक नकरा गांव का निकला। सूचना पर परिजनों ने मौके पर पहुंच कर शव की पहचान की। रामपाल ने बताया कि उसका भाई मानसिक रूप से परेशान रहता था। मूलचंद्र की शादी नहीं हुई थी।

सड़क हादसे में घायल रोडवेज बस के चालक की मौत

फतेहपुर। हाइवे पर ट्रक चालक को झपकी आने पर चालक ने रोडवेज बस में जोरदार टक्कर मार दिया। हादसे में बस चालक घायल हो गया। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के कानपुर प्रयागराज हाइवे पर मौहार गांव के पास शनिवार की रात में ट्रक चालक को झपकी आने पर रोडवेज बस में जोरदार टक्कर मार दी ती। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस चालक सोमदत्त तिवारी को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां मौजूद डॉक्टर ने हालत गंभीर देखते हुए कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। बस चालक सोमदत्त तिवारी की कानपुर में मौत हो गई।

जेवर न बनवाने पर पत्नी ने की खुदकुशी

फतेहपुर। चांदपुर थाना क्षेत्र के मदरी गांव के रहने वाले पीयूष यादव की 24 वर्षीय पत्नी ने घर के अंदर धन्नी पर रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब परिजनों ने शव को देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला के पति पीयूष ने बताया कि उसकी शादी 20 जून 2020 को हमीरपुर थाना क्षेत्र के कुरारा के पतारा

कुएं में मिला किशोर का शव

फतेहपुर। एक दिन पूर्व मदरसा से एक किशोर अचानक से गायब हो गया था। जिसकी तलाश परिजन कर रहे थे, लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चल पा रहा था। गांव के पास ही मौजूद एक कुएं के पास किशोर की टोपी और चप्पल मिलने से आशंका हुई तो ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने कुएं से एक बोरी निकाली जिसमें किशोर का शव बरामद हो गया।

मलवां थाना क्षेत्र के बरौरा गांव निवासी अख्तर अली का दस वर्षीय पुत्र आलिम सौंरा स्थित मदरसा में रहकर पढ़ाई कर रहा था। शनिवार की शाम वह वहां से अचानक गायब हो गया था। शाम तक घर वापसी न करने पर परिजनों ने तलाश शुरू की लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चल सका। रविवार दोपहर बाद ग्रामीणों को सिंगरहा कब्रिस्तान के पास कुएं के पास टोपी और चप्पल पड़े देखे। किशोर के परिजनों को जानकारी दी तो परिजनों ने मौके पर पहुंचकर अपने बेटे की टोपी और चप्पल की पहचान की।

तीमारदार बेटे को स्वास्थ्य कर्मियों ने पीटा

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- वीडियो वायरल होने के बाद दो कर्मियों पर हुई कार्रवाई

अमृत विचार। नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार रात बीमार पिता का इलाज कराने आए बेटे ने तत्काल इलाज न करने पर आक्रोश जताया। भला बुरा कहने से आक्रोशित फार्मासिस्ट समेत अन्य स्टाफ ने उसकी जमकर धुनाई की। जिसका वीडियो भी वायरल हो गया। अमृत विचार वीडियो की पुष्टि नहीं करता। विभाग ने दो लोगों पर कार्रवाई की है।

महोबा जनपद के ग्राम खन्ना निवासी राहुल अपने पिता बदलू (60) की पेशाब रुकने पर शनिवार रात नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज कराने लाया था। जब उसने इमरजेंसी में मौजूद फार्मासिस्ट से पिता का इलाज करने को कहा लेकिन स्टाफ उसकी बात पर ध्यान न देकर एक अन्य मरीज के टांके लगाने में जुटे रहे। इधर पिता को तड़पता देख राहुल ने स्टाफ से पुनः इलाज करने की विनती की। कथिततौर पर शराब के नशे में राहुल ने अपना आपा खो स्वास्थ्य कर्मियों को भला बुरा कहना शुरू कर दिया। राहुल की इस हरकत से नाराज फार्मासिस्ट व अन्य स्टाफ ने उसे जमकर पीट दिया। जबकि राहुल की मां अपने बेटे की तरफ से गलती मानते हुए कर्मियों से क्षमा करने की मिन्नतें करती रही। लेकिन कर्मियों ने उसकी एक न सुनी और मारपीट कर कमरे में बंद कर सूचना पुलिस को दी। इस मामले को लेकर प्रभारी अधीक्षक डॉ संदीप पाल ने बताया कि राहुल ने नशे में कर्मियों के साथ गाली गलौज कर मारपीट शुरू कर दी थी। कहा उसके पिता का यूरिन रुका था, वह परेशान था। उसी समय एक मरीज के टांका लग रहा था। जिस पर पूरा स्टाफ उसी में लगा था। कहा नशे की हालत में उसने फार्मासिस्ट के गुप्तांग में लात मारा। जिस पर स्टाफ ने उसे बलपूर्वक काबू में कर पुलिस के हवाले किया है।

सम्मान समारोह — 75 फीसद व उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले लगभग 550 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया

प्रतिभा धर्म-जाति की मोहताज नहीं होती : राठौर

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

मेधावियों को सम्मानित करते नगरीय विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर व अन्य।

- एसआर इंटर कालेज में ग्यारहवां जनपदीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

अमृत विचार। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी एसआर. ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स, उरई के द्वारा एसआर इंटर कालेज में ग्यारहवां जनपदीय प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ।

जनपद के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट 2024 की इंटरमीडिएट टॉपर राधिका गुप्ता (एस.आर. बालिका) प्रदेश में 9वां स्थान, सिद्धार्थ शुक्ला एस.आर. पब्लिक, जनपद में सी.बी.एस.ई. से प्रथम स्थान, मेहेर प्रतीक सिंह एस.आर. इंटर कालेज, अंशुल प्रजापति एस.आर. इ.का., आरूष पटेल एस.आर. पब्लिक स्कूल, रिया सिंह परमार एस.आर. बालिका इ.का. सहित 550 से अधिक मेधावियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश राठौर 'गुरु' नगर विकास राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में उपस्थित जनपद के 75 प्रतिशत व उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले लगभग 550 छात्र/छात्राओं को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि राकेश राठौर 'गुरु' नगर विकास राज्य मंत्री ने एस.आर. ग्रुप इन्स्टीट्यूशन्स के शिक्षा क्षेत्र में जो प्रगति की उसके योगदान की प्रशंसा करते हुए बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रतिभा किसी धर्म-जाति या मजहब की मोहताज नहीं होती।

नगरीय विकास राज्य मंत्री का किया स्वागत

कालपी जालौन। रविवार को प्रदेश के नगरीय विकास राज्य मंत्री राकेश सिंह राठौर गुरु का बुंदेलखंड के प्रवेश द्वार कालपी में विभागीय अधिकारियों तथा भाजपा कार्यकर्ताओं ने माला पहनकर स्वागत किया। लखनऊ से उरई के कार्यक्रम में जाते वक्त सुबह 10 बजे यमुना नदी पुल के पास दुर्गा मंदिर हाईवे चौराहे में नगरीय विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु का काफिला जैसे ही पहुंचा तो वहां पर पहले से ही मौजूद नगर पालिका परिषद कालपी के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला, शिशुपाल सिंह यादव, नगर पंचायत अमरौधा के प्रतिनिधि नासिर कुरैशी आदि कर्मचारियों के अलावा भाजपा नगर अध्यक्ष भारत सिंह यादव, अरविंद सिंह राठौर, रवि राठौर, दीपचंद सैनी, ब्रह्मा सिंह यादव, संदीप शर्मा, श्री कृष्णा गौतम, राजन सिंह चौहान, मुन्ना चौधरी, सौरव गुप्ता, संदीप साहू, मोहन शुक्ला, अशिवनी आदि रहे।

निचली गंग नहर में मिला अधेड़ का शव

तिर्वा, कन्नौज। रविवार की दोपहर थाना ठठिया के सुखी पुल के पास निचली गंग नहर में एक अधेड़ का शव ग्रामीणों को उतराता दिखाई दिया। जिसे देखकर ग्रामीणों में हडकंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को निकलवा कर शिनाख्त शुरू कराई।

थानाध्यक्ष अरुण चौधरी ने बताया कि शव काफी पुराना प्रतीत हो रहा है। शव कहीं से नहर में बहकर आने की संभावना है। शव की शिनाख्त के लिए निचली गंग नहर के पास के सभी थानो में शव मिलने की सूचना दी गई है। अगर कहीं गुमशुदगी किसी की दर्ज है तो उसकी जल्द शिनाख्त हो जाएगी। अधेड़ की उम्र करीब 50 साल लग रही है।

ट्रैक दोहरीकरण का कार्य पूर्ण, रिपोर्ट 'ओके'

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। महोबा कुलपहाड़ के रेल लाइन दोहरीकरण कार्य पूर्ण होने के बाद अब दूसरे रेल खंड का कार्य पूरा हो गया। रेल संरक्षा आयुक्त ने मंडल व निर्माण संगठन के अधिकारियों के साथ रेल लाइन महोबा-झांसी में पड़ने वाले मऊरानीपुर, रानीपुर टेहरका के रेल लाइन दोहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डाली गई दूसरी नई रेल लाइन पूरी तरह से सुरक्षित होने की संतुष्टि मिल गई है। अब जल्द ही दूसरे ट्रैक पर ट्रेनों का आवागमन शुरु हो जाएगा।

उत्तर मध्य रेलवे झांसी मण्डल द्वारा यात्री सुविधाओं के उन्नयन एवं परिचालन सुगमता के लिए मूलभूत ढ़ांचे के विस्तार अंतर्गत मऊरानीपुर, रानीपुर रोड से किमी संख्या 1173 के मध्य नवनिर्मित दूसरी लाइन का संरक्षा परीक्षण पूर्वोत्तर परिक्षेत्र के रेल संरक्षा आयुक्त प्रणजीव सक्सेना द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक दीपक सिन्हा समेत मंडल व निर्माण संगठन के अधिकारियो की उपस्थिति में झांसी मानिकपुर खंड के तेहरका, मऊरानीपुर खंड के रेल लाइन दोहरीकरण का सघन निरीक्षण करते हुए आवश्यक परिचालन के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण दौरान तेहरका से मऊरानीपुर के मध्य स्पीड ट्रायल भी किया गया।

भारत जीता, रामलला को अर्पित किया तिरंगा

हनुमानगढ़ी में आतिशबाजी, महंत राजूदास ने टीम को एक लाख की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार। भारत ने टी 20 वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में जैसे ही खिताब अपने नाम किया। वैसे ही अयोध्या जश्न में डूब गया। युवा खेल प्रेमियों में ही नहीं बल्कि मठ-मंदिरों में काफी उत्साह देखा गया। टीम इंडिया के मैच जीतने पर राम मंदिर में पुजारी ने रामलला को तिरंगा अर्पित किया। वहीं हनुमानगढ़ी में आतिशबाजी हुई। पुजारी राजू दास ने टीम को एक लाख रुपये प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है।

साउथ अफ्रीका के बीच टी 20 वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला बारबडोस के केंसिग्टन ओवल मैदान पर खेला गया था। भारत ने देर रात रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज की। इसके बाद हर तरफ आतिशबाजी का दौर शुरू हो गया। राम मंदिर के सहायक पुजारी संतोष कुमार तिवारी ने रामलला के समक्ष तिरंगा अर्पित किया। हनुमान गढ़ी मंदिर पर भी जीत के जश्न पर पुजारी राजू दास ने समर्थकों से साथ मंदिर के मुख्य द्वार पर आतिशबाजी की और एक दूसरे को बधाई दी। टीम इंडिया की जीत पर राजूदास ने 1 लाख रुपये देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि देश के लिए यह गर्व की बात है। भारत की टीम ने बहुत बड़ा इतिहास रचा है और सभी से मुलाकात करने के बाद प्रोत्साहन राशि उन्हें सौंपी जाएगी। इस जीत से हम बहुत ही उत्साहित हैं।

रामलला की मूर्ति के सामने लगा तिरंगा।

पुजारियों के एंड्रायड फोन ले जाने पर प्रतिबंध

अयोध्या। राम मंदिर में दर्शनार्थियों के बाद अब पुजारियों के भी मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके साथ ही श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने रामलला के पुजारियों के लिए एक ड्रेस कोड भी बना दिया है। अब उसी ड्रेस में पुजारी नजर आएंगे। मंदिर में प्रवेश से पहले पुजारी पीली चौबंदी और धोती पहनने के साथ साफा लगाएंगे। राम मंदिर में पुजारियों की संख्या को बढ़ाया जाएगा। अब रामलला के पूजन अर्चन के लिए 26 पुजारी अलग-अलग शिफ्टों में सेवा देंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा गठित धार्मिक समिति ने 21 नए प्रशिक्षित पुजारी को पूजन पद्धति में शामिल करने का निर्णय लिया है, जिसके लिए ट्रस्ट ने सभी पुजारी के आई कार्ड जारी कर दिए हैं। पुजारियों को प्रशिक्षण के सर्टिफिकेट के साथ नियुक्ति पत्र भी सौंपा जाएगा। हालांकि रविवार को धार्मिक समिति की बैठक की जानी थी, लेकिन किसी कारण से नहीं हो सकी। नियुक्ति पत्र अब तीन जुलाई या पांच जुलाई को वितरित किए जा सकते हैं। रामलला के सहायक पुजारी अशोक उपाध्याय बताते हैं कि ट्रस्ट ने राम मंदिर में आने वाले पुजारियों को एंड्रॉयड फोन लाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। उनके मुताबिक सिर्फ बात करने के लिए कीपैड वाला ही फोन ले जा सकते हैं। विशेष ड्रेस कोड की भी तैयारी है, जिसमें चौबंदी, धोती और साफा लगाये जाने विचार कर रहा है। हालांकि ट्रस्ट के द्वारा अभी कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है।

श्रीराम अस्पताल से राम मंदिर को जोड़ेगा एक नया कॉरिडोर

अयोध्या। रामलला के दर्शन के लिए आने वाली लाखों की भीड़ को देखते हुए एक नया पथ बनकर लगभग तैयार हो गया है। श्रीराम अस्पताल के निकट से राम मंदिर तक बन रहे कॉरिडोर की लंबाई 290 मीटर है। आने वाले दिनों में श्रद्धालु दर्शन करने के बाद इसी मार्ग से वापस आएंगे। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से प्रतिदिन लगभग दो से ढाई लाख श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं, जिससे आए दिन जाम की समस्या सामने आ रही है। इसे देखते हुए सरकार ने अयोध्या में एक नए कॉरिडोर के निर्माण पर कार्य करना प्रारंभ कर दिया था, जो अब श्रद्धालुओं के लिए पूर्ण रूप से बनकर तैयार होने वाला है। यह कॉरिडोर श्रीराम अस्पताल के बगल से सुग्रीव किला को जोड़ेगा। 11.81 करोड़ की लागत से बन रहे कॉरिडोर में अकेले 5.1 करोड़ का उपयोग भूमि अधिग्रहण में किया गया है। कॉरिडोर की चौड़ाई लगभग 17 मीटर है। कार्यदायी संस्था के रूप में लोक निर्माण विभाग को जिम्मेदारी दी गई थी। अधिशाषी अभियन्ता एसबी सिंह ने बताया कि भूमि अधिग्रहण, ध्वस्तीकरण, सीवर का कार्य, यूटिलिटी डक्ट, ड्रेन, वाटर पाइप लाइन, डीएलसी, पीक्यूसी, मिट्टी डालने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। आरसीसी सहित अन्य सभी कार्य 15 जुलाई तक पूरे कर लिए जाएंगे।

भगवती सिंह बने माशि. परिषद के सचिव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- डॉ महेंद्र देव शिक्षा निदेशक माध्यमिक बने
- भारी पैमाने पर हुए माध्यमिक शिक्षा विभाग में तबादले

अमृत विचार। राज्य सरकार ने रविवार को भारी पैमाने पर माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के तबादले कर दिये। शिक्षा निदेशक माध्यमिक कार्यालय में तैनात संयुक्त शिक्षा निदेशक शिविर को भगवती सिंह को माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज का सचिव बनाया गया है। प्रभारी शिक्षा निदेशक माध्यमिक डॉ महेंद्र देव को शिक्षा निदेशक माध्यमिक उत्तर प्रदेश बनाया गया है।

अपर सचिव शोध माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज दल सिंगार यादव को जिला विद्यालय निरीक्षक चंदौली,. विधि अधिकारी शिक्षा निदेशालय प्रयागराज अंशुमान को प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक भदोही, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज देवरिया प्रदीप कुमार शर्मा को जिला विद्यालय निरीक्षक महाराजगंज, जिला विद्यालय निरीक्षक मुजफ्फरनगर धर्मेंद्र शर्मा को इसी पद पर गाजियाबाद, जिला विद्यालय निरीक्षक गाजियाबाद राजेश कुमार श्रीवास को इसी पद पर मुजफ्फरनगर, जिला विद्यालय निरीक्षक-द्वितीय मेरठ सर्वेश कुमार को इसी पद पर मुरादाबाद, जिला विद्यालय निरीक्षक कानपुर देहात अचल कुमार मिश्र को इसी पद पर पीलीभीत, जिला विद्यालय निरीक्षक रायबरेली ओमकार राणा को प्रतापगढ़, प्रभारी उप शिक्षा निदेशक माध्यमिक मुरादाबाद रवींद्र सिंह को जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा, प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा भाष्कर मिश्र को गाजीपुर, जिला विद्यालय निरीक्षक गोंडा राकेश कुमार को फतेहपुर, सहायक निदेशक समग्र शिक्षा माध्यमिक लखनऊ संजीव कुमार सिंह को जिला विद्यालय निरीक्षक रायबरेली, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज बरेली राकेश कुमार को जिला विद्यालय निरीक्षक हापुड़ व जिला विद्यालय निरीक्षक अजय कुमार सिंह को सहायक शिक्षा निदेशक प्रयागराज बनाया गया है।

इसी तरह, जिला विद्यालय निरीक्षक बलिया रमेश कुमार सिंह को मऊ, जिला विद्यालय निरीक्षक मऊ देवेंद्र गुप्ता को बलिया, जिला विद्यालय निरीक्षक बुलंदशहर शिव कुमार ओझा को सहायक निदेशक समग्र शिक्षा लखनऊ और सह जिला विद्यालय निरीक्षक वाराणसी जय राम को प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक सोनभद्र भेजा गया है।

अरुण कुमार दुबे मंडलीय उप शिक्षा निदेशक मुरादाबाद बने

प्रभारी मंडलीय उप शिक्षा निदेशक कानपुर राजू राणा को मंडलीय उप शिक्षा निदेशक कानपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, औरैया व प्रतापगढ़ के जिला विद्यालय निरीक्षकों क्रमश: रामाज्ञा कुमार को उप शिक्षा निदेशक संस्कृत प्रयागराज, अरुण कुमार दुबे को मंडलीय उप शिक्षा निदेशक मुरादाबाद व अतिरिक्त प्रभार जिला विद्यालय निरीक्षक, श्याम प्रकाश यादव को उप शिक्षा निदेशक विज्ञान प्रयागराज और सरदार सिंह को अपर सचिव प्रशासन माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज बनाया गया है। उप शिक्षा निदेशक अर्थ प्रयागराज राजेंद्र प्रताप को उप शिक्षा निदेशक-सेवा एक प्रयागराज और मंडलीय उप शिक्षा निदेशक देवीपाटन आनंदकर पांडेय को उप शिक्षा निदेशक अर्थ प्रयागराज के पद पर तैनाती दी गई है।

नहीं कम हो रही मुश्किल, पूर्व विधायक सोनू पर हत्या का केस

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। अभी हाल ही में हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद जेल से छूटकर आए पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। रविवार को गोसाईगंज पुलिस ने पूर्व विधायक चन्द्रभद्र सिंह सोनू, उनके भाई पूर्व ब्लाक प्रमुख यशभद्र सिंह मोनू सहित छह लोगों के खिलाफ हत्या, जानलेवा हमला व साजिश रचने जैसे गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। यह मुकदमा पुलिस ने निवर्तमान प्रधान के भाई की सड़क दुर्घटना में हुई मौत के बाद मिली तहरीर के आधार पर लिखा है। धनपतगंज थाना क्षेत्र के मायंग गांव निवासी निवर्तमान प्रधान रामदेव निषाद ने गोसाईगंज पुलिस को तहरीर दी है। बताया है कि जब वह ग्राम पंचायत का प्रधान था। पूर्व विधायक उससे कुछ फर्जी कार्य कराना चाह रहे थे। जिसका उसने विरोध करते हुए मुकदमा भी दर्ज कराया था। जिससे उनकी पूर्व विधायक सोनू सिंह से रंजिश चली आ रही है। राम देव निषाद का कहना है कि शुक्रवार शाम उनका भाई जगदेव निषाद अपने मित्र विनय यादव निवासी गोविंदा का पुरवा मायंग के साथ बाइक से ज़िला मुख्यालय से घर वापस आ रहा था। मायंग कटका मार्ग पर महिलौ आशापुर गांव से पांच सौ मीटर पहले अज्ञात वाहन ने जान बूझकर टक्कर मार दी। घायल अवस्था में जगदेव निषाद, विनय यादव को सुलतानपुर मेडिकल कालेज ले जाया गया। रात में इलाज के दौरान जगदेव निषाद की मौत हो गई। रामदेव निषाद का आरोप है कि चंद्रभद्र सिंह सोनू व यशभद्र सिंह मोनू व उनके सहयोगी सूर्यप्रकाश सिंह, मंजीत सिंह उर्फ रोशन, सत्येंद्र सिंह निवासी मायंग ने साजिशन अज्ञात वाहन चालक से हत्या करवाई है। पुलिस ने वायरल वीडियो की भी जांच शुरू कर दी है।

राजीव राणा के सिटी स्टार होटल पर जल्द चलेगा बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- होटल को बीडीए पहले ही कर चुका है सील, अब ध्वस्तीकरण की तैयारी

अमृत विचार। पीलीभीत बाईपास पर प्लॉट पर कब्जे के लिए हुए गोलीकांड के आरोपियों के दो अवैध निर्माण बीडीए ध्वस्त कर चुका है। अब राजीव राणा के सिटी स्टार होटल पर भी जल्द बुलडोजर चलेगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। इस होटल को बीडीए पहले ही सील कर चुका है।

गोलीकांड के मुख्य आरोपी राजीव राणा के होटल और दूसरे पक्ष के आदित्य उपाध्याय के अवैध बैंक्वेट हाल पर जांच के बाद बीडीए ने बुलडोजर चला दिया। अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण के आदेश दो साल पहले हुए थे लेकिन सत्ता के दबाव में कार्रवाई नहीं हुई थी। अब गोलीकांड के बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। बीडीए ने पिछले दिनों राजीव राणा के सिटी स्टार होटल को सील किया गया था। यह होटल भी पूरी तरह से अवैध बना हुआ है। अब इसे ध्वस्त करने की तैयारी है। इससे पहले बीडीए राजीव राणा के होटल सिटी स्टार एवं रेस्टोरेंट और आदित्य उपाध्याय के सांवरिया लॉन पर बुलडोजर चला चुका है। राणा का एक और होटल सिटी स्टार के नाम से दर्ज है। इसे बीडीए ने सील किया है लेकिन इसे भी ध्वस्त करने की तैयारी है।

राणा व आदित्य की मदद करने वाले पुलिस के निशाने पर

- पीलीभीत बाईपास पर प्लॉट पर कब्जे के लिए हुए गोलीकांड में एसएसपी अनुराग आर्य की सख्ती के बाद पुलिस ने विवेचना तेज कर दी है। पुलिस घटना के समय के वीडियो और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की मदद करने वालों की पहचान कर रही है। सभी के नाम विवेचना में शामिल किए जाएंगे। इस मामले में एक मुकदमे में मार्बल कारोबारी आदित्य उपाध्याय, उसके बेटे अभिराज, चौकीदार और उसके अज्ञात साथी आरोपी बनाए थे। दूसरा मुकदमा मार्बल कारोबारी आदित्य उपाध्याय के कर्मचारी शीशगढ़ के गांव बैरमनगर के रहने वाला रोहित शर्मा की ओर से राजीव राणा, हरिओम, गौरीशंकर, संजय, राधे, आशीष, राजन, रोहित ठाकुर, केपी यादव, शिवम ठाकुर, पूर्व विधायक राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल और 150 अज्ञात के खिलाफ लिखाया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। पुलिस अफसरों का कहना है कि मामले में सभी आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर और एनएसए लगाया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी है। विवेचना में साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। गैंगस्टर के बाद सभी आरोपियों की प्रॉपर्टी चिह्नित कर जब्त की जाएगी।

सर्राफ से गहनों से भरा बैग 1.80 लाख लूटे, तड़तड़ाई गोलियां

संवाददाता, थरवई, प्रयागराज

- तमंचे की बट से मार कर किया घायल

अमृत विचार। दुकान बंद कर घर जा रहे सराफा कारोबारी को बाईक सवार पांच बदमाशों ने घेरकर तमंचे की बट से मारकर घायल कर दिया। बदमाशों ने सराफा कारोबारी के पास रहे जेवरात से भरे बैग और लाखों रुपये नकदी लूट लिया। घटना के मौके पर भीड़ जुट गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते बदमाशों ने कई राउंड गोली चलाकर दहशत फैलाते हुए भाग निकले। घटना की जानकारी पर पहुंची स्थानीय पुलिस और डीसीपी गंगा नगर ने घटना का जायजा लिया। भुक्तभोगी को पुलिस ने नजदीकी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है। घटना थरवई इलाके के रेलवे फाटक के पास रविवार रात की है।

थरवई थाना अंतर्गत बनर्जी बंगला निवासी सौरभ सोनी पुत्र शिवाकांत सोनी की थाना बाजार में चौराहे पर ही सौरभ ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। रोज की तरह रविवार को भी सौरभ रात आठ बजे अपनी दुकान बंद कर बाईक से घर जा रहे था। उस दौरान पहले से पीछा कर रहे अपाचे सवार तीन और पैशन प्रो सवार दो बदमाश घात लगाए हुये थे। सौरभ जैसे ही रेलवे फाटक के पास पहुंचा तो फाटक बंद था। उस दौरान अपाचे सवार तीन बदमाशों ने सौरभ के सिर पर तमंचे की बट से मारकर उसे घायल कर दिया और घेर कर उसके पास रहे सोने चांदी से भरे बैग व एक लाख 80 हजार रुपये नकदी लूट लिया। सौरभ ने शोर मचाया तो आस पास मौजूद रहे लोग भी पहुंचे लेकिन फाटक के दूसरी तरफ रहे बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर दहशत फैला दी। जिससे आसपास रहे लोग घबरा गये। बदमाश मौके का फायदा उठाते हुए भाग निकले।

नैनी झील के ऊपर दिन भर छाया रहा कोहरा दिखा मनोरम दृश्य

नैनीताल। सरोवर नगरी में ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन अंतिम पड़ाव पर है। रविवार को बड़ी संख्या में सैलानी नैनीताल पहुंचे। सुबह के समय सैलानियों की संख्या कम रही। मगर दोपहर में एकाएक भीड़ बढ़ गई।

सैलानियों की भीड़ के कारण नगर की सड़कों में जाम लग गया। देर शाम तक वाहन जाम में फंसे रहे। जिससे पर्यटकों के साथ ही स्थानीय लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। नैनीझील में नौका विहार करने के लिए दिनभर सैलानियों का तांता लगा रहा। वहीं पंत पार्क समेत भोटिया बाजार में सैलानियों की भारी भीड़ रही। स्नोव्यू, राजभवन, चिड़ियाघर, हिमालय दर्शन व केव गार्डन में काफी भीड़ रही। शाम के समय भारी संख्या में सैलानी हनुमानगढ़ी में सूर्यास्त का विहंगम नजारा देखने पहुंचे।

'कबूतरबाजों' ने विदेश भेजने के नाम पर थमाया फर्जी स्टडी वीजा

संवाददाता, रुद्रपुर

- इंदिरा गांधी एयरपोर्ट में पकड़ में आया मामला
- कोर्ट के आदेश पर 2 पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

अमृत विचार। मलसी किच्छा में कबूतरबाजों की ओर से विदेश भेजने के नाम पर एक युवक से लाखों रुपये ठगी का मामला सामने आया है। युवक को इंग्लैंड में स्टडी के लिए भेजने के नाम पर फर्जी स्टडी वीजा थमा दिया गया। यह मामला दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट में पकड़ में आया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्राम मलसी किच्छा निवासी अवतार सिंह पुत्र गुरबाज सिंह ने कोर्ट को सौंपे शिकायती पत्र में कहा था कि उसकी गौरव कुमार व बलराज सिंह से अच्छी जान-पहचान है। दोनों गोल्ड ओवरसीज के नाम से गावा चौक रुद्रपुर में विदेश भेजने का काम करते हैं। जुलाई 2022 में गौरव कुमार व बलराज सिंह ने उसे विश्वास दिलाया कि वह स्टडी के लिए उसे इंग्लैंड भिजवा देंगे। इसके लिए उन्होंने 9 लाख रुपये का खर्चा बताया। उनकी बातों पर आकर उसने गावा चौक स्थित कार्यालय पहुंचकर 6.30 लाख रुपये नकद दे दिए। इसके अलावा 196200 रुपये 20 जुलाई 2022 को अपनी मां जसवीर कौर के खाते से उनके खाते में ट्रांसफर करवाए। शिकायतकर्ता का आरोप है कि गौरव कुमार व बलराज सिंह ने इंश्योरेंस कराने के नाम पर 74171 रुपये भी ऑनलाइन ट्रांसफर करवाए, 20 जनवरी 2023 को जब वह स्टडी वीजा लेकर दिल्ली इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचा तो उसे एयरपोर्ट अथॉरिटी ने रोक दिया और वापस भेज दिया। उन्होंने बताया कि उनका इंग्लैंड का स्टडी वीजा फर्जी है। इसके बाद वे घर पहुंचा और उनके कार्यालय गया। रुपये वापस मांगे तो वह गाली गलौज और धमकी देने लगे।

मन की बात से देशवासियों को जोड़ते हैं प्रधानमंत्री : टम्टा

संवाददाता, अल्मोड़ा

- भाजपा पार्टी दफ्तर में आयोजित हुआ मन की बात कार्यक्रम
- केंद्रीय राज्य मंत्री टम्टा समेत कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

अमृत विचार। भाजपा दफ्तर में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल की पहली 'मन की बात' के 111 वें संस्मरण को कार्यकर्ताओं ने सुना। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

केंद्रीय राज्य मंत्री टम्टा ने कहा कि प्रधानमंत्री की मन की बात देशवासियों को जोड़ती है। इस बार मन की बात कार्यक्रम काफी ऊर्जा से भरा रहा। उन्होंने सभी से एक पेड़ अपनी मां को समर्पित करते हुए लगाने की अपील की। कहा कि मन की बात के माध्यम से समाजिक जीवन मे कार्य करने की प्रेरणा मिलती है और प्रधानमंत्री मोदी का यह तीसरा कार्यकाल देश हित में ऐतिहासिक निर्णय लेने वाला है। यहां जागेश्वर विधायक मोहन सिंह मेहरा, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, गोविंद पिलख्वाल, धर्मेन्द्र बिष्ट, ललित लटवाल, कैलाश गुरुरानी, प्रेम लटवाल, रणजीत सिंह भंडारी, राजीव गुरुरानी, लता पांडे, महेश बिष्ट आदि मौजूद रहे।


अजय टम्टा।

'भारत को बदनाम न करे अमेरिका'

बरेली। भारत में अल्पसंख्यकों के मुद्दों को लेकर अमेरिका द्वारा जारी रिपोर्ट को ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने गुमराह करने वाली बताया है। कहा है कि मुस्लिम जमात अमेरिका की रिपोर्ट को खारिज करती है। प्रेस को जारी बयान में मौलाना का कहना है कि अमेरिका के अंदर मानवधिकारों का हनन होता है, इसलिए वह भारत के मामलों में हस्तक्षेप न करे। भारत में अल्पसंख्यक अपने को सुरक्षित और स्वतंत्र समझते हैं। वे संविधान के अधीन और भारतीय परंपराओं के तहत आजादी के साथ अपने धार्मिक कार्यक्रम हमेशा करते रहते हैं। मौलाना ने कहा कि इसके अलावा भारत-पाकिस्तान के तनाव के पीछे भी अमरीका का हाथ नजर आएगा।

बागेश्वर में स्वास्थ्य सुविधा दिलाने को दिए 40 लाख

संवाददाता, बागेश्वर

अमृत विचार। विकास खंड के बमराड़ी निवासी व गुजरात के प्रमुख व्यवसायी भुवन गिरी गोस्वामी ने अपने गृह जनपद के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा दिलाने के लिए 40 लाख रुपये जिला प्रशासन को दिए हैं। उन्होंने अपने माता-पिता के नाम की जमुना-किशन गिरी फाउंडेशन की प्रेरणा से यह कार्य किया है। इस राशि से विभिन्न स्थानों पर हेल्थ एटीएम लगाने की योजना है।

बमराड़ी निवासी व्यवसायी भुवन गोस्वामी व उनके अनुज गोपाल गोस्वामी गुजरात के प्रमुख व्यवसायी हैं। जनपद को स्वास्थ्य सुविधा के लिए 40 लाख रुपये दान करने वाले भुवन गोस्वामी की शिक्षा बमराड़ी, रवाईखाल, वज्यूला व नैनीताल से हुई। इसके बाद उन्होंने एनआईटी सूरत से एमटेक किया। सिविल इंजीनियर की पढ़ाई के बाद 8 साल नौकरी के बाद उन्होंने अपना व्यवसाय शुरू किया। वर्तमान में वह कई कंपिनयों के मालिक हैं। उनके अनुज गोपाल का भी अपना व्यवसाय है। कोविड काल में गोपाल गोस्वामी ने जनपद में पहला ऑक्सीजन प्लांट लगाया था तथा दूरस्थ गांवों के कोविड मरीजों के लिए ऑक्सीजन कंस्टेटर दान किए थे। इसके अलावा वे समय-समय पर गरीब बच्चों की शिक्षा व अन्य सामाजिक कार्यों में भी खर्च करते हैं।

देवेश कुमार, डॉ. अजय ने शूटिंग में जीता गोल्ड

अयोध्या कार्यालय

- श्रीलंका में आयोजित शूटिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत कर देश का मान बढ़ाया

अमृत विचार। जिले के शूटिंग खिलाडियों देवेश कुमार और डॉ अजय कुमार सिंह ने श्रीलंका में आयोजित शूटिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर देश और जिले का मान बढ़ाया है।

देवेश कुमार।

देवेश कुमार ने प्रतियोगिता में भाग लेकर कुल दो मेडल अपने नाम किए। जिसमें एक गोल्ड और एक सिल्वर शामिल हैं। देवेश कुमार भवदीय शूटिंग रेंज के खिलाड़ी हैं। वहीं इस अंतरराष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में हैरिंग्टनगंज ब्लॉक पीटीआई डॉ अजय कुमार सिंह ने व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक एवं टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस उपलब्धि के लिए राष्ट्रीय खेल रत्न पुरस्कार से भी नवाजा गया।

डॉ अजय कुमार।

बेसिक शिक्षा परिवार एवं शिक्षकों में खुशी की लहर है। उन्होंने इसका श्रेय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय एवं सहायक शिक्षा निदेशक राम सागर पति त्रिपाठी को दिया है।

मानसून आया | मौसम विभाग ने जताई 24 घण्टे के दौरान तेज बारिश की आशंका

प्रदेश में 63 .3 मिमी वर्षा, बिजली को लेकर यलो अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार। प्रदेश में लखनऊ सहित कई अन्य स्थानों पर बारिश के साथ बादल छाए हुए हैं। कई जिलों में हवाओं के साथ तेज बारिश भी रिकार्ड की गई। प्रदेश में 24 घण्टे के दौरान कुल 63.3 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई। मौसम अनुसंधान केंद्र के मुताबिक, आने वाले 24 घण्टों में कई स्थानों पर तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली भी गिर सकती है। तेज हवाओं की भी संभावनाएं बन रही हैं।

मौसम अनुसंधान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एम दानिश के अनुसार, दक्षिण पश्चिम मानसून पूरे प्रदेश में पहुंच गया है। 24 घण्टे के भीतर पूर्वी उत्तर प्रदेश 55.1 मिमी वर्षा हुई। पश्चिम में इसकी मात्रा 75 मिमी रिकार्ड की गई। पूरे प्रदेश में कुल वर्षा 63.3 मिमी रिकार्ड हुई है, जो सामान्य से 34 मिमी कम है। अगले 24 घण्टे के भीतर होने वाली तेज बारिश और आकाशीय बिजली को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।

इन स्थानों पर होगी अधिक बारिश

- सीतापुर, लखीमपुर खीरी, बहराइच, बाराबंकी, शाहजहांपुर, अयोध्या, गोंडा, बागपत, आजमगढ़, मऊ, बस्ती, फर्रुखाबाद, कन्नौज, अमेठी सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर, शामली, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद, हापुड़, अलीगढ़, आगरा, अमरोहा।

इन स्थानों पर चमक के साथ गिरेगी आकाशीय बिजली

- लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, अयोध्या, अंबेडकरनगर, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, गोरखपुर, कुशीनगर, गोंडा, बुलंदशहर, अमरोहा, मुरादाबाद, कानपुर नगर, उन्नाव

झांसी में अधिक वर्षा

- प्रदेश के झांसी जनपद में सबसे अधिक 37 .4 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई। जालौन जनपद में 15 .4 मिमी वर्षा हुई। चुर्क में 11 .4 और प्रयागराज में 10 .4 वर्षा रिकार्ड की गई। बस्ती में 4 और बरेली में एक मिमी बारिश हुई। लखनऊ में हल्की बारिश हुई।

लखनऊ का तापमान सबसे अधिक

- रविवार को लखनऊ में अधिकतम तापमान 36 .3 और न्यूनतम 28 .1 डिग्री सेल्सियस रहा। बाराबंकी में अधिकतम 34 डिग्री न्यूनतम 23 .5 और हरदोई में अधिकतम 34, न्यूनतम 28 रिकार्ड किया गया। कानपुर शहर में अधिकतम 30 .8, न्यूनतम तापमान 26 .8, इटावा में अधिकतम 32 .8 तो न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। गोरखपुर में अधिकतम 35, न्यूनतम 26 .5 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा।

प्रो. आनन्द कुमार त्यागी काशी विद्यापीठ के कुलपति नियुक्त

लखनऊ। प्रो. आनन्द कुमार त्यागी को वाराणसी स्थित महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ का कुलपति नियुक्त किया गया है। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने रविवार को प्रो. त्यागी को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अगले तीन वर्षों के लिए काशी विद्यापीठ का कुलपति नियुक्त किया है। राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डा. सुधीर एम. बोवड़े ने रविवार को आदेश जारी कर दिया।

सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र शैलेंद्र कुमार द्विवेदी और पुत्र वधु साधना द्विवेदी उर्फ रानी को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। मुझे इनसे कोई वास्ता नहीं रहा है। इनके द्वारा किए गये किसी भी कार्यो के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **–सुरेश चंद्र द्विवेदी पुत्र स्व0 बृजभूषण द्विवेदी, निवासी–सिकंदरपुरा, राठ (हमीरपुर) उप्र**

एक नजर

राघवेंद्र प्रताप मदरसा शिक्षा परिषद के रजिस्ट्रार बने

अमृत विचार, लखनऊ : अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय में तैनात राघवेंद्र प्रताप सिंह को उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद का रजिस्ट्रार बनाया गया है। इस सिलसिले में राज्य सरकार की ओर से आदेश जारी किये गये।

एक लाख का इनामी नोएडा से गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र. एसटीएफ ने बिहार के एक लाख के इनामी अभियुक्त मुन्नीलाल राय उर्फ मुन्ना राय को नोएडा से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी पर हत्या के दो मुकदमें दर्ज थे। बिहार पुलिस ने आरोपी की लोकेशन नोएडा में मिलने पर उसकी गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ से सहयोग मांगा था।

अनुदानित मदरसों में आज से बायोमेट्रिक हाजिरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कैमरों की निगरानी में दिन भर रहेंगे शिक्षक-छात्र, रोज देना होगा ब्योरा
- 560 अनुदानित मदरसों में आज से आरंभ होगी नई व्यवस्था

अमृत विचार : यूपी मदरसा बोर्ड के शिक्षक और छात्र बायोमेट्रिक हाजिरी के साथ सीसीटीवी की निगरानी में अपने अध्ययन और अध्यापन कार्य करेंगे। सोमवार से शुरू होने वाले नए सत्र में संशोधित पाठ्यक्रमों को भी विस्तार दिया जा रहा है। नई व्यवस्था 560 अनुदानित मदरसों पर प्रभावी होगी।

उप्र मदरसा शिक्षा परिषद के रजिस्ट्रार आरपी सिंह ने बताया है कि सोमवार से मदरसों में अध्ययन कार्य आरंभ होंगे। नई व्यवस्था प्रदेश के सभी 560 अनुदानित मदरसों पर प्रभावी की जा रही है। मदरसों में आने वाले हर शिक्षक और छात्र-छात्राओं को बायोमेट्रिक हाजिरी लगानी होगी। कार्यालय और कक्षा में लगे सीसीटीवी का सामना भी करना होगा। ताकि ये पता चल सके कि कौन कितने बजे और आया और फिर वापसी का समय क्या था। रजिस्ट्रार का कहना है कि फिलहाल ये व्यवस्था अनुदानित मदरसों में शुरू कराई जा रही है, आगे मान्यता प्राप्त मदरसों में भी इसमें शामिल किया जाना है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी और मदरसा संचालकों को निर्देशित करते हुए कहा गया है कि उन्हें रोजाना की अपडेट राज्य मुख्यालय कार्यालय पर प्रेषित की जानी है।

नए सत्र में अनिवार्य विषय होंगे सम्मिलित

नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) के तहत सोमवार से नया सत्र आरंभ किया जा रहा है। इसमें कक्षा एक से हाईस्कूल और इण्टर तक की पढ़ाई में गणित, प्राथमिक विज्ञान, नागरिक शास्त्र, इतिहास आदि विषयों को बतौर अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ाया जाएगा। ऑल इण्डिया टीचर्स एसोसिएशन मदारिसे अरबिया के महासचिव वहीदुल्ला खान सईदी ने बताया है कि अनुदानित और मान्यता प्राप्त मदरसों के लिए ये प्रस्ताव तो 12 अक्टूबर 2021 को ही प्रभावी हो गया था, लेकिन लागू नहीं हो सका। नए सत्र में इसे समायोजित करने से विद्यार्थियों को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा।

इस तरह से होती है पढ़ाई

यूपी मदरसा शिक्षा परिषद की आधिकारिक वेबसाइट के मुताबिक, ताथानिया (प्राथमिक स्तर), फौकानिया (जूनियर हाई स्कूल स्तर) के प्रदेश में कुल 14677 मदरसे हैं। वहीं आलिया (मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल, फाजिल) के कुल 4536 मदरसे हैं। मुंशी– मौलवी (समकक्ष हाईस्कूल) उच्च शिक्षा एवं नियुक्ति की ओर से शासन द्वारा अनुमोदित किया गया है।

27 लाख छात्र अध्ययनरत

प्रदेश के कुल मदरसों में लगभग 27 लाख छात्र अध्ययनरत हैं। इसमें 16,513 मदरसे मान्यता प्राप्त हैं। वहीं गैर मान्यता प्राप्त मदरसों की संख्या 8,449 है। 16,513 मदरसों में से 558 मदरसों को राज्य सरकार की ओर से वित्त पोषित किया जाता है। इन मदरसों में शिक्षक/कर्मचारियों की संख्या 9000 है।

इस तरह से अब तक होता रहा अध्ययन कार्य

मुंशी– मौलवी में अनिवार्य विषय के तौर पर धर्मशास्त्र (शिया/सुन्नी), ए– अरबी साहित्य (मौलवी उम्मीदवार के लिए), बी फारसी साहित्य (लेखक उम्मीदवार के लिए), उर्दू साहित्य, सामान्य अंग्रेजी, सामान्य हिंदी की पढ़ाई कराई जाती रही है। अब तक वैकल्पिक विषय के तौर पर गणित / गृह विज्ञान / तर्क और दर्शन / सामान्य अध्ययन / विज्ञान / तिब्बती की भी पढ़ाई को छात्रों द्वारा चुना जाता रहा है। इसके अतिरिक्त मदरसों में धार्मिक शिक्षा में कुरान, हदीस, तफसीर, फिकह की पढ़ाई होती है।

पात्र को योजनाओं की परिधि में लाने को गठित होगी ट्रांसफार्मेशन टीम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योजनाओं का अध्ययन कर बदलाव के लिए समाधान प्रस्तावित करेगी टीम

अमृत विचार: वृद्धावस्था पेंशन व परिवारिक लाभ योजनाओं में बदलाव कर अधिक से अधिक पात्र लोगों को परिधि में लाया जाएगा। इसके लिए समाज कल्याण विभाग की ओर से ट्रांसफार्मेशन टीम गठित होगी।

शासन के अधिकारियों के अनुसार यह टीम समाज कल्याण विभाग में योजनाओं का अध्ययन कर बदलाव के लिए समाधान प्रस्तावित करेगी। विभाग को सात कार्य दिवस में टीम गठित करने का निर्देश दिया गया है। टीम में विभिन्न क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल होंगे।

अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर बदलाव की प्रक्रिया शुरू हुई है। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने अगले सात कार्य दिवसों में ट्रांसफार्मेशन टीम व कंसलटेंट नियुक्त करने का लिखित निर्देश निदेशक समाज कल्याण को दिया है। कहा गया है कि प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी के 'रिफार्म-परफॉर्म' व 'ट्रांसफॉर्म' के मंशा को आगे बढ़ाने और अच्छे परिणाम प्राप्त करने के लिए विभाग की चुनिंदा योजनाओं की प्रणाली को रूपांतरित किया जाए।

बारिश होने से घटी बिजली की मांग, फिर भी संकट जारी

उत्पादन इकाइयों के लगातार बंद होने के चलते हो रही समस्या

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रविवार को भी करीब दो हजार मेगावाट उत्पादन प्रभावित हुआ
- बिजली की अधिकतम मांग 25,942 मेगावाट दर्ज की गई

अमृत विचार: बारिश के कारण प्रदेश में बिजली की मांग काफी घट गई है, पर उत्पादन इकाइयां के लगातार ठप होने से समस्या दूर नहीं हो पा रही है। प्रदेश की ठप इकाइयों के चालू न हो पाने से रविवार को भी करीब दो हजार मेगावाट उत्पादन प्रभावित हुआ। इससे बिजली संकट की स्थिति बनी रही, हालांकि एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्त्रोतों से बिजली आयात कर स्थिति काबू में की गई। स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश में बिजली आपूर्ति बाधित होती रही।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार शनिवार को ठप हुई ओबरा की दो-दो सौ की मेगावाट की दो इकाइयां व 660 मेगावाट की एक इकाई चालू नहीं हो सकीं। हरदुआगंज की 105 मेगावाट, मेजा की 660 मेगावाट, रिहंद की पांच सौ मेगावाट व सिंगरौली की दो सौ मेगावाट क्षमता की इकाइयों में भी उत्पादन ठप रहा। बिजली अभियंता इन इकाइयों को चालू करने के प्रयास में लगे रहे। सूत्रों ने बताया कि शनिवार को प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 25,942 मेगावाट दर्ज हुई, जबकि भीषण गर्मी के दिनों में अधिकतम मांग 30 हजार मेगावाट पर कर गई थी। पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि वैकल्पिक व्यवस्था के तहत मांग के अनुसार बिजली उपलब्ध कराई जा रही है, पर स्थानीय खराबी दूर करने में काफी समय लग रहा है। वितरण निगमों के अधिकारियों को बिजली आपूर्ति समय पर बहाल करने के निर्देश दिये गये हैं।

निदेशकों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाना गाइडलाइन का उल्लंघन

अमृत विचार : ऊर्जा निगमों में निदेशकों की सेवानिवृत्ति आयु तीन साल बढ़ाकर 65 वर्ष किये जाने का मामला तूल पकड़ रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इसे केंद्र सरकार की गाइड लाइन का उल्लंघन बताते हुए मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2023 में बिजली कंपनियों में सुधार के लिए नई गाइड लाइन जारी की थी, जिसमें अधिकतम आयु सीमा 58 वर्ष व अधिकतम कार्यकाल 60 वर्ष निर्धारित किया गया, पर राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के प्रस्ताव को आधार बनाकर अधिकतम आयु सीमा 65 साल कर दी। गाइड लाइन में कहा गया था कि जिन वितरण निगमों में आठ से 12 निदेशक होंगे, उनकी नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा 58 साल से ज्यादा नहीं होगी। उनका कार्यकाल दो वर्ष का होगा यानी 60 वर्ष की सेवा के बाद निदेशक सेवानिवृत्त होंगे। उन्होंने गाइड लाइन का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मालूम हो कि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ ने भी निदेशकों की आयु सीमा बढ़ाने का कड़ा विरोध किया है।

26 चिकित्सा अधिकारी इधर से उधर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: स्वास्थ्य विभाग में बड़े स्तर पर तबादले करते हुए रविवार को 26 चिकित्सा अधिकारियों को इधर से उधर कर दिया गया। तबादलों के इस क्रम में डॉ. रेनू पंत को लखनऊ के वीरांगना अवनतीबाई महिला अस्पताल का मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) और डॉ. फौजिया अंजुम को उमाशंकर दीक्षित महिला चिकित्सालय उन्नाव का मुख्य चिकित्सा अधीक्षक बनाया गया है। इसके साथ ही डॉ. अनवर सादात को रामपुर महिला चिकित्सालय का सीएमएस नियुक्त किया गया है। डॉ. जगवीर सिंह वर्मा को सीएमएस मलखान सिंह जिला अस्पताल अलीगढ़ बनाया गया है।

इसके अलावा अयोध्या, सीतापुर, झांसी, जौनपुर, लखीमपुरखीरी, फिरोजाबाद, हमीरपुर समेत कई जिलों में नए सीएमएस तैनात कर दिए गए हैं। डॉ. भावना शर्मा को सीएमएस टीबी सप्रू चिकित्सालय प्रयागराज, डॉ निर्मला कुमारी को सीएमएस महिला चिकित्सालय रायबरेली, डॉ. शोभावती को सीएमएस महिला चिकित्सालय मथुरा, डॉ. राज नारायण को सीएमएस महिला अस्पताल झांसी और डॉ. विनोद कुमार वर्मा को सीएमएस श्रीराम चिकित्सालय अयोध्या बनाया गया है।

डॉ. रामबाबू को संयुक्त चिकित्सालय चकिया चंदौली का सीएमएस, जयशंकर प्रसाद सिंह को सीएमएस महिला अस्पताल मऊ, डॉ. शिवदत को सीएमएस जिला अस्पताल बांदा, डॉ. धनंजय कुमार को सीएमएस जिला संयुक्त अस्पताल मऊ, डॉ राकेश कुमार को सीएमएस जिला एमएमजी अस्पताल गाजियाबाद, डॉ. बालचंद्र पाल को सीएमएस यूएचएम अस्पताल कानपुर नगर, डॉ. महेंद्र कुमार गुप्ता को सीएमएस महिला अस्पताल जौनपुर और डॉ. इंद्र सिंह को सीएमएस जिला अस्पताल सीतापुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह डॉ. किशोर कुमार आहूजा को सीएमएस जिला संयुक्त अस्पताल शामली, डॉ. राज कुमार कोली को सीएमएस जिला अस्पताल लखीमपुर खीरी, डॉ. सुजीत कुमार यादव को सीएमएस जिला अस्पताल बलिया, डॉ. अशोक प्रियदर्शी को सीएमएस डॉ आरएमएल जिला पुरुष अस्पताल फर्रुखाबाद, डॉ. रमेश चन्द्र केशव को सीएमएस संयुक्त अस्पताल शिकोहाबाद फिरोजाबाद, डॉ. पुष्पलता को सीएमएस जिला महिला अस्पताल हाथरस, डॉ. वंदना अग्रवाल को सीएमएस जिला अस्पताल वृंदावन मथुरा और डॉ. अंजुला गुप्ता को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला अस्पताल हमीरपुर और डॉ. अलका शर्मा को सीएमएस जिला महिला अस्पताल गाजियाबाद नियुक्त किया गया है।

जमीन पर कब्जा बर्दाश्त नहीं: योगी

मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित जनता दर्शन में महिला के प्रार्थना पत्र को पढ़ते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री के सामने जनता दर्शन में जमीन पैमाइश में हीलाहवाली के कई मामले आए

अमृत विचार: जमीन कब्जे के मामलों को लेकर लापरवाह अधिकारियों को चेतावनी दे चुके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को ज्यादा नाराज दिखे। सरकारी आवास पर जनता दर्शन के दौरान जैसे ही कानपुर, आगरा समेत अन्य जिलों के ऐसे मामले उनके सामने आने लगे वह बिफर पड़े। जमीन कब्जे व पैमाइश में हीलाहवाली से जुड़ी अधिकांश शिकायतें शाहजहांपुर की रहीं।

इस दौरान फरियादियों ने लेखपाल-कानूनगो की लापरवाही की शिकायत भी योगी से की। जिस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल शाहजहांपुर के जिलाधिकारी को तीन दिन के भीतर कार्रवाई कर अवगत कराने का निर्देश दिया। इसी तरह के निर्देश उन्होंने आगरा-कानपुर के प्रकरणों का संज्ञान लेते हुए दिए। योगी ने सभी फरियादियों को आश्वस्त किया कि उन्हें कतई परेशान होने की जरूरत नहीं है। जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि फरियादियों की शिकायत जिला स्तर पर हर हाल में सुनी जाए।

कंछल की टीम तय, 102 पदों पर निर्वाचित हुए व्यापारी नेता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

राजधानी स्थित रविंद्रालय में आयोजित महासम्मेलन में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का स्वागत करते व्यापारी नेता। अमृत विचार

- रमेश अग्रहरी, नवीन मक्कड़ और सचिन कंछल चुने गए वरिष्ठ महामंत्री
- वरिष्ठ व्यापारी नेता राजेंद्र और अमरनाथ को भी अहम जिम्मेदारी मिली

अमृत विचार: रविवार को रविंद्रालय में आयोजित उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महासम्मेलन में प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने मंच से अपनी नई टीम का एलान किया। मुख्य अतिथि उपमुख्य मंत्री ब्रजेश पाठक को व्यापारियों की आगामी तीन वर्ष की जरूरतों का 20 सूत्रीय मांगपत्र उन्हें सौंपा।

इससे पूर्व मोतीनगर स्थित महाराजा अग्रसेन विद्यालय में 102 पदों के लिए 124 प्रतिनिधियों ने नामांकन किया। प्रांतीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ महामंत्री के चुनाव में जिन सदस्यों ने नामांकन किया था। उन्होंने अपने नामांकन वापस ले लिए। निर्वाचन में प्रांतीय अध्यक्ष बनवारीलाल कछल, वरिष्ठ महामंत्री रमेश अग्रहरि की घोषणा के बाद निर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। प्रांतीय अध्यक्ष ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष, । कोषाध्यक्ष, 2 प्रदेश प्रभारी, 2 वरिष्ठ महामंत्री, 5 महामंत्री, 3 संयुक्त महामंत्री और 13 मंत्रियों को मनोनीत किया। महासम्मेलन के दौरान करीब 72 जनपद के 1,000 से अधिक व्यापारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

व्यापारियों को वरिष्ठ महामंत्री अग्रहरि के अलावा अमरनाथ मिश्र लखनऊ, वेद प्रकाश गुप्ता शाहजहांपुर, रामकिशोर अग्रवाल गाजियाबाद, शत्रुघ्न केसरी मिर्जापुर, बसंत सिंह बग्गा रायबरेली, नरेश कुच्छल नोएडा, नवीन मक्कड़ सहारनपुर, सचिन कंछल और प्रदेश अध्यक्ष ने संबोधित किया।

सरकार व्यापारियों के साथ : ब्रजेश पाठक

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सरकार हमेशा व्यापारियों के साथ है। व्यापारियों की समस्याओं पर सरकार बड़े दिल के साथ काम करती आ रही है। व्यापारी नेताओं को आश्वस्त करते हुए उन्होंने कहा कि मांगों के रूप में दी गई आपकी बात को एक मैसेंजर की तरह संबंधित महकमों तक पहुंचा दूंगा। कंछल समेत नव निर्वाचित पदाधिकारियों को उन्होंने मंच से बधाई दी और व्यापारियों के सहयोग में सदैव तत्पर रहने का भरोसा दिलाया।

30 सूत्री मांगों को लेकर संघर्ष करेंगे: कंछल

नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष बनवारीलाल कंछल ने अपने सम्बोधन में कहा कि अगले तीन वर्षों के लिए व्यापार मण्डल 30 सूत्री मांगों को पूरा कराने के लिए संघर्ष करेगा। इनमें व्यापारियों का 10 लाख का स्वास्थ्य बीमा, दुकान लूटने व जलने का 25 लाख का बीमा, दुर्घटना बीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख करने, व्यापारी पेंशन 3 हजार से बढ़ाकर 30 हजार करने की बात कही। व्यापारियों से वसूला जाने वाला 18 प्रतिशत ब्याज घटाकर 6 प्रतिशत किया जाए।

लखनऊ की टीम को भी प्रमुख जिम्मेदारी : व्यापारी नेता और लखनऊ व्यापार मंडल के संरक्षक राजेंद्र अग्रवाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र को वरिष्ठ महामंत्री, संयुक्त महामंत्री पद पर भारतभूषण गुप्ता, अशोक मोतियानी, अनिल बजाज, संगठन मंत्री पद पर स्टेशनरी एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह चौहान के अलावा प्रदेश प्रभारी अनिल बरमानी और श्याम कृश्नानी को अहम जिम्मेदारी दी गई है।

वर्ग पहेली-117

बाएं से दाएं

1. महुए का पका हुआ फल, कोलेंदा।
4. गरम चीज़ें आदि पकड़ने का एक कैंचीनुमा यंत्र।
6. 1. एक प्रकार का धान 2. एक प्रकार का पक्षी 3. शिव।
8. आत्मकेंद्रित व्यवहार, अपने मुंह मियां मिट्ठू होना, अपनी प्रशंसा आप करना।

ऊपर से नीचे

2. 1. धन, संपत्ति, (वेल्थ) 2. कोई अमूल्य या महत्वपूर्ण वस्तु
3. 1. जो फ़ासीवाद का समर्थक हो, (फ़ासिस्ट) 2. जो तानाशाही का समर्थक हो, तानाशाह, निरंकुश।
5. 1. नष्ट अथवा बरबाद होना 2. ख़राब होना।
7. 1. खट्टे स्वाद की चीज़ 2. खट्टा होने की अवस्था 3. खटास पैदा करने वाली चीज़



वर्ग पहेली -116 का हल

1 कॉ			2 कू		
ग		3 लू	ट	मा	र
ड़ी			नी		
			ति		4 के
5 बो		6 अ	क	थि	त
ग		हिं			ली
7 स	ह	सा			

सुडोकू -30

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

5			3			7		8
		2		1			3	5
		9		6				1
6	8				4			
4		3				8		2
			5				1	6
1				3		5		
7	5			4		6		
2		4			9			7

सुडोकू -29 का हल

7	6	3	8	2	4	5	1	9
5	8	1	7	3	9	6	2	4
4	2	9	5	1	6	3	7	8
2	9	4	6	7	1	8	5	3
3	1	5	9	4	8	7	6	2
8	7	6	3	5	2	9	4	1
1	5	7	4	9	3	2	8	6
6	3	2	1	8	7	4	9	5
9	4	8	2	6	5	1	3	7

आज का भविष्यफल

-पं. डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 जुलाई सोमवार 2024 संवत–2081, शक संवत 1946 मास–आषाढ़, पक्ष–कृष्ण पक्ष, तिथि–दशमी 10 .26 तक तत्पश्चात एकादशी।

मेष: आज कीमती वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। आय के नए साधनों में वृद्धि होगी। बड़े निर्णय लेने में हिचकिचाहट का अनुभव नहीं करेंगे। अचानक आए खर्चों में कमी आएगी। आपकी धन संबंधित समस्या सुलझ सकती है।

वृष: आज आपमें हीन–भावना घर कर सकती है। अपनी कार्यशैली को लोगों से शेयर न करें। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। आपको आराम करने की आवश्यकता है। मानसिक रूप से अशांत महसूस कर सकते हैं। दूसरों से अपनी तुलना न करें।

मिथुन: आज विपरीत लिंग के जातकों के प्रति आकर्षित रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। काम का दबाव बढ़ने के बावजूद उसे अच्छी संभाल लेंगे।

कर्क: आज अटके हुए काम तेजी से पूरे होंगे। इससे आपका मनोबल बढ़ेगा। घर की महिलाओं की सेहत का ध्यान रखें। आप सभी कार्य सावधानी पूर्वक कर करेंगे। व्यापार में सहकर्मियों पर विश्वास करें। गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा।

सिंह: आज बुद्धि व विवेक से काम करने से आपको लाभ मिलेगा। मानसिक रूप से मजबूत रहेंगे। सामाजिक क्रियाकलापों में आपकी गतिविधियां बढ़ेंगी। आप थोड़े अव्यावहारिक हो सकते हैं। बेवजह की चर्चाओं और विवादों से दूर रहें।

कन्या: आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। यात्रा के दौरान आपको परेशानी होने की आशंका है। विवाहेतर संबंधों से पूरी तरह दूरी बनाकर रखनी चाहिए। सहयोगियों से ज्यादा अपेक्षा न करें। सेहत थोड़ी कमजोर रहेगी।

तुला: आज रुके हुए कार्यों को पूरा करने के लिए शानदार दिन है। कार्यक्षेत्र में आपका दबदबा बढ़ेगा। दूसरों के दबाव में आकर काम न करें। अधिकारी आपके काम की प्रशंसा करेंगे। नए व्यवसाय में आप निवेश कर सकते हैं। धन संबंधित परेशानियां सुलझ सकती हैं।

वृश्चिक: आज अपने विचारों को सदैव सकारात्मक बनाए रखें। शाम के समय परिवार के साथ बहुत अच्छा समय बिताएंगे। आशा के अनुरूप परिणाम मिलने से मन हतोत्साहित हो सकता है। पारिवारिक जीवन सामान्य रहेगा।

धनु: आज संतान को लेकर मन अप्रसन्न हो सकता है। जॉब में उच्च पद प्राप्त हो सकता है। शिक्षा में आ रही परेशानियों का निवारण होगा। प्रभावशाली लोगों के संपर्क में आएंगे। आगामी लक्ष्यों को लेकर थोड़े संशय में आ सकते हैं।

मकर: आज ऐश्वर्य के साधनों पर आपका धन खर्च होगा। आप आराम के मूड में रहेंगे। विवादों को समझदारी पूर्वक सुलझाने का प्रयास करें। अपने काम में दूसरों का हस्तक्षेप न होने दें। उत्साह और प्रसन्नता के समाचार प्राप्त होंगे।

कुंभ: आज तकनीकी संबंधी परेशानियों का निवारण होगा। जीवनसाथी से आपको उपहार प्राप्त हो सकता है। नौकरी में पदोन्नति होने के योग बन रहे हैं। प्रेम संबंधों में निकटता बढ़ेगी। परिवार के हित को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं।

मीन: आज आय में अचानक कमी आ सकती है। जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा। पूर्व में लिए गए निर्णयों के कारण हानि हो सकती है। समाज में आपकी पहचान अच्छी बनेगी। मन की चंचलता दूर होगी।

आज का पंचांग



दिशाशूल–पूर्व। ऋतु–वर्षा।
चन्द्रबल– मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल–अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र–अश्विनी 06 .26 तक तत्पश्चात भरणी।

आज की फिल्में

चैनल	फिल्म	समय
B4U Movies	शिव शक्ति	दोपहर : 12 .00
B4U Movies	लोहा	रात : 09 .00
&pictures	मि. इंडिया	सुबह : 10 .24
&pictures	सूर्यवंशी	रात : 08 .00
Sony Pix	जर्नी 2	सुबह : 09 .17
Sony Pix	डंकिर्क	दोपहर : 03 .03
Zee Cinema	कार्तिकेय 2	सुबह : 11 .22
Zee Cinema	आरआरआर	रात : 08 .00
Colors Cineplex	कादम्बन	सुबह : 10 .04
Colors Cineplex	बेटिंग राजा	शाम : 05 .58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति– अगर मुझे लॉटरी लगी तो तुम क्या करोगी?
पत्नी– आधे पैसे लेकर हमेशा के लिए मायके चली जाऊंगी। मैं भी खुश और आप भी खुश।
पति– 100 रुपये की लगी है, ये ले 50 और निकल ले।

चंपकलाल दारू पीकर अपने घर गया और दरवाजा खटखटाया। पत्नी ने दरवाजा खोला।
चंपकलाल ने पूछा– तू कौन है और मेरे घर में क्या कर रही है?
पत्नी ने कहा – मुझे ही भूल गए?
चंपकलाल बोला – दारू पीकर आदमी हर गम भूल जाता है।

एक नजर

महाविकास आघाडी मिलकर महाराष्ट्र विस चुनाव लड़ेगा : पवार

पुणे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार प्रमुख शरद पवार ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी, कांग्रेस और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) मिलकर इस साल अक्टूबर में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पवार ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र में प्रमुख विपक्षी दलों की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वे राज्य के विधानसभा चुनावों में छोटे सहयोगियों के हितों की रक्षा करें, जो 2024 के लोकसभा चुनावों में गठबंधन का हिस्सा थे। राकांपा (शरदचंद्र पवार), कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) विपक्षी महा विकास अघाडी (एमवीए) के घटक हैं। पवार ने कहा कि विपक्ष चुनावों में महाराष्ट्र की जनता के सामने सामूहिक रूप से उतरेंगे। पवार ने कहा कि राज्य में बदलाव की जरूरत है और इसे पूरा करना विपक्षी गठबंधन की नैतिक जिम्मेदारी है।

डेयरी कर्मी एवं महिला की गोली मारकर हत्या

समस्तीपुर। बिहार में समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर सकरा गांव स्थित त्रिमूर्ति डेयरी सह ग्राहक सेवा केन्द्र पर रविवार को बेखौफ बदमाशों ने धावा बोलकर हजारों रुपये लूट लिए और प्रतिरोध करने पर दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जिले के मोहम्मदपुर सकरा गांव में त्रिमूर्ति डेयरी सह सीएसपी संचालक रजनीश कुमार के यहां आज बाइक सवार तीन हथियार बंद अपराधियों ने धावा बोला। इसके बाद अपराधकर्मी लूटपाट शुरू कर दी। इस दौरान विरोध करने पर अपराधियों ने डेयरी कर्मी अजय यादव एवं ग्राहक सुशीला देवी को गोली मार दी। जिसमें दोनों की मौत हो गई।

मणिपुर में पुल टूटा ट्रक चालक लापता

इंफाल। मणिपुर के काकचिंग जिले के मुतुम फिबो में रविवार को एक पुल उस समय टूट गया जब एक ट्रक उसके ऊपर से गुजर रहा था। पुलिस के अनुसार पुल टूटने के कारण ट्रक पानी में डूब गया। चालक का पता नहीं चल पाया है जबकि ट्रक पर सवार तीन अन्य लोगों को बचा लिया गया है। बचाव दल मौके पर पहुंच गया है। अंतिम समाचार मिलने तक ट्रक चालक की तलाश जारी थी।

आप तो हमें मुसलमान कहने से भी डरने और कतराने लगे

इंडियन मुस्लिम सिविल राइट्स की राष्ट्रीय कांफ्रेंस में मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने विपक्षी दलों की भूमिका पर कसा तंज

संवाददाता, नई दिल्ली

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के बाद मजबूत हुए विपक्ष को मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने आड़े हाथ लेते हुए तंज कसा है कि 'आप तो हमें मुसलमान कहने से भी कतराने लगे हैं, किस डर के मारे अल्पसंख्यक कहते हैं, यह मत भूलिए कि हमारे वोट से ही आज इतने ताकतवर हुए हैं।' इंडियन मुस्लिम सिविल राइट्स की यहां नेहरु भवन में हुई राष्ट्रीय कांफ्रेंस में विपक्षी दलों को इस बात पर घेरा गया कि मुस्लिमों के खिलाफ घटनाएं नहीं रुकने के बावजूद आखिर किस वजह से उन्होंने जुबान पर ताला लगा रखा है।

इंडियन मुस्लिम सिविल राइट्स की राष्ट्रीय कांफ्रेंस अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष और तीन दशक तक राज्यसभा सदस्य रहे मोहम्मद अदीब ने बुलाई थी।

मोहम्मद अदीब ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि 'याद रखिए किसी भी अत्याचार पर सरकार से बाद में, पहले आपसे जवाब मांगेंगे, क्योंकि मुसलमानों ने ही आपको यहां तक पहुंचाया है।' पंजाब से आये दया सिंह ने कहा कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ही उनके राज्य ने विपक्ष को इतनी सीटें दी हैं। इंडियन नेशनल लीग के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद सुलेमान ने कहा कि 15 प्रतिशत मुसलमानों का विश्वास जीते बिना देश को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता है। टीडीपी के प्रतिनिधि ने सफाई भरे लहजे में कहा कि उनकी पार्टी ने एडीए में शामिल जरूर हुई है, लेकिन मुसलमानों के लिए जो सहूलियतें हैं, उसमें कोई कटौती नहीं होने दी जाएगी। कार्यक्रम में मौजूद विपक्षी दलों के सांसदों ने यकीन दिलाया कि मुसलमानों के हर मुद्दों को संसद में उठाया जाएगा और उनके साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

दिल्ली में आयोजित आईएमसीआर के सम्मलेन में शिरकत करते राज्यसभा सदस्य संजय सिंह व अन्य लोग। ● अमृत विचार



सम्मलेन में विपक्ष के सांसदों से सवाल पूछते पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद।

कांफ्रेंस में राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, सांसद ताहिर बर्क, सांसद इकरा चौधरी, सांसद ईटी बशीर, सांसद आगा रोहुल्ला, पंजाब से अमन कारवां के प्रमुख दया सिंह, एनडीए गठबंधन में सहयोगी टीडीपी के प्रतिनिधि, कानपुर से इंडियन नेशनल लीग के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद सुलेमान, जमाअते इस्लामी के अमीर सआदत उल्लाह, मौलाना सज्जाद नोमानी के अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद, एआर रहमान, कुंवर दानिश अली, शाहिद सिद्दीकी समेत देश के करीब 700 जनप्रतिनिधियों और बुद्धिजीवियों ने शिरकत की।

केरल में गूगल मैप्स के भरोसे उफनती नदी में कार लेकर चले गए दो युवक

कासरगोड (केरल), एजेंसी

- वाहन के एक पेड़ से फंस जाने के कारण बची जान

केरल के सुदूर उत्तरी कासरगोड जिले में गूगल मैप्स का उपयोग करके अस्पताल का रास्ता तलाश रहे दो युवक अपनी कार को उफनती नदी में लेकर चले गए, लेकिन वाहन के एक पेड़ से फंस जाने के कारण चमत्कारिक रूप से बच गए।

रविवार को सोशल मीडिया पर इसका वीडियो व्यापक रूप से प्रसारित हुआ। इस वीडियो में पल्लांची में उफनती नदी से दमकल कर्मी उन्हें सुरक्षित बाहर निकालते हुए दिखाई दे रहे हैं। जब उनका वाहन पानी के तेज बहाव में बहकर एक पेड़ में फंस गया तो उन्होंने किसी तरह गाड़ी से निकलकर दमकलकर्मियों को अपनी स्थिति (लोकेशन) से अवगत कराया। बाद में, अग्निशमन दल के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और रस्सियों की सहायता से दोनों व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकाला। बचाए गए युवकों ने बताया कि वे पड़ोसी राज्य कर्नाटक के एक अस्पताल जा रहे थे, जिसके लिए गूगल मैप्स का उपयोग करके आगे बढ़ रहे थे। युवकों में से एक अब्दुल रशीद ने बताया कि गूगल मैप्स से उन्हें आगे एक संकरी सड़क होने का पता चला, जिसके बाद वे अपनी कार लेकर गए। गूगल मैप्स एक वेब सेवा है जो दुनिया भर के भौगोलिक क्षेत्रों और स्थानों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करती है। पारंपरिक सड़क मानचित्रों के अलावा, गूगल मैप्स कई स्थानों के हवाई और उपग्रह दृश्य प्रदान करता है। उन्होंने कहा-वाहन की हेडलाइट की मदद से हमें लगा कि हमारे सामने कुछ पानी है, लेकिन हम यह नहीं देख पाए कि दोनों तरफ नदी थी और बीच में एक पुल था।

किसान का बेटा होने से उपराष्ट्रपति पद तक की नायडू की यात्रा प्रेरणादायी

हैदराबाद, एजेंसी

- प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व उपराष्ट्रपति के योगदान को किया याद
- 75वें जन्मदिन की पूर्व संध्या पर तीन पुस्तकों का किया विमोचन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू के 75वें जन्मदिन की पूर्व संध्या पर उनकी जीवन यात्रा पर आधारित तीन पुस्तकों का रविवार को विमोचन किया और आपातकाल के खिलाफ लड़ाई और केंद्रीय मंत्री तथा उपराष्ट्रपति के रूप में उनके योगदान को याद किया।

उन्होंने हाल में आपातकाल की 50वीं बरसी मनाए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि नायडू आपातकाल के खिलाफ लड़ाई के दौरान लगभग 17 महीने जेल में भी रहे थे। मोदी ने आरोप लगाया कि देश के संविधान की छवि को धूमिल करके कांग्रेस ने आपातकाल लगाया था। मोदी ने दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पुस्तकों का विमोचन किया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि वह खुश हैं कि उन्हें पुस्तकों का विमोचन करने का अवसर मिला और उन्होंने विश्वास जताया कि पूर्व उपराष्ट्रपति की जीवनी लोगों को प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि उनके समेत पार्टी के हजारों कार्यकर्ताओं को नायडू से सीखने का अवसर मिला है। मोदी ने कहा कि किसान का बेटे होने से लेकर केंद्रीय मंत्री और उपराष्ट्रपति जैसे उच्च पदों पर आसीन होने तक

नायडू का सफर कई अनुभवों से भरा है। कहा कि नायडू ने पार्टी में वरिष्ठ होने के बावजूद पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की कैबिनेट में ग्रामीण विकास मंत्रालय का कार्यभार संभाला, क्योंकि वह गांवों, किसानों की सेवा करना चाहते थे। कहा कि शहरी विकास मंत्री रहे नायडू ने स्वच्छ भारत मिशन और स्मार्ट सिटी मिशन शुरू करने में अहम योगदान दिया। प्रधानमंत्री ने जिन पुस्तकों का विमोचन किया, उनमें वेंकैया नायडू-लाइफ इन सर्विस, सेलेब्रेटिंग भारत-द मिशन एंड मैसेज ऑफ श्री एम. वेंकैया नायडू एज थर्टीन्थ वाइस प्रेजीडेंट ऑफ इंडिया' और तेलुगु में चित्र वृत्तांत महानेता-लाइफ एंड जर्नी ऑफ श्री एम वेंकैया नायडू शामिल हैं।

एम्स स्थापना को लेकर थरूर-चंद्रशेखर के बीच वाकयुद्ध

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

केरल में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना को लेकर कांग्रेस सांसद शशि थरूर और भाजपा नेता राजीव चंद्रशेखर के बीच वाकयुद्ध जारी रहा।

थरूर ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि तिरुवनंतपुरम लोकसभा क्षेत्र के लिए उनके भरसक प्रयासों के बावजूद, केंद्र सरकार ने कोझिकोड जिले में एम्स स्थापित करने के केरल सरकार के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने एक्स पर कहा कि राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने राज्य विधानसभा को सूचित किया है कि केंद्र ने कोझिकोड के किनालूर में एम्स स्थापित करने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। वहीं चंद्रशेखर ने कहा कि कांग्रेस सांसद ने 15 वर्ष तक तिरुवनंतपुरम का प्रतिनिधित्व किया है लेकिन उन्होंने अपना कोई भी वादा पूरा नहीं किया है। चंद्रशेखर ने दावा किया कि यदि तिरुवनंतपुरम का प्रतिनिधित्व भाजपा सांसद करते तो स्थिति अलग होती और वह इसके लिए लड़ते। उन्होंने कहा-15 वर्ष तक तिरुवंतपुरम का प्रतिनिधित्व करने वाले कांग्रेस के इन सांसद ने अपने किसी भी वादे को पूरा नहीं किया है।

कॉमेडियन डेनियल फर्नांडिस का शो भाजपा नेता की धमकी पर रद

हैदराबाद। हैदराबाद में शनिवार को आयोजित 'स्टेंड-अप कॉमेडियन' डेनियल फर्नांडिस का शो भारतीय जनता पार्टी के विधायक राजा सिंह की कथित धमकी के बाद रद कर दिया गया था। जैन समुदाय के खिलाफ कॉमेडियन की कथित टिप्पणी के बाद भाजपा विधायक ने कथित रूप से धमकी दी थी। सोशल मीडिया मंच पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए फर्नांडिस ने कहा कि हैदराबाद में शो को उनके 'पिछले शो के कारण हुई अशांति' के कारण पुनर्निर्धारित करना पड़ा। उन्होंने कहा कि लोगों को ठेस पहुंचाने वाले वीडियो को हटा दिया गया और माफीनामा पोस्ट किया गया है।

छत्तीसगढ़ में बस पलटने से नवजात बच्ची की मौत 30 से अधिक लोग घायल

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में रविवार को एक बस के पलट जाने से एक नवजात बच्ची की मौत हो गई और 30 से अधिक यात्री घायल हो गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह हादसा तोरवा थाना क्षेत्र में लालखदान फ्लाईओवर के पास सुबह करीब 11 बजे हुआ। बस बिलासपुर शहर से सारंगढ़ कस्बे की ओर जा रही थी। उन्होंने बताया कि कुछ राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। राहगीरों ने एक एंबुलेंस को भी मौके पर बुलाया। उन्होंने बताया कि इस हादसे में एक नवजात बच्ची की मौत हो गई तथा घायलों को छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सीआईएमएस) और अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

नीट विवाद-अग्निपथ योजना पर संसद में आज हो सकती बहस

नई दिल्ली, एजेंसी

- विपक्षी दल बेरोजगारी का भी उठा सकता है मुद्दा

संसद की कार्यवाही के सोमवार को पुनः आरंभ होने पर, राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) प्रश्नपत्र लीक, अग्निपथ योजना और महंगाई जैसे मुद्दों पर जोरदार बहस होने की संभावना है। विपक्ष प्रश्नपत्र लीक मामले के अलावा बेरोजगारी का मुद्दा भी उठा सकता है।

लोकसभा में, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत करेंगे। भाजपा की दिवंगत नेता सुषमा स्वराज की बेटी एवं पहली बार की लोकसभा सदस्य बांसुरी स्वराज इस प्रस्ताव का अनुमोदन करेंगी। लोकसभा ने धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के लिए 16 घंटे का समय निर्धारित किया है, जिसका समापन मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जवाब के साथ होगा। राज्यसभा में चर्चा के लिए 21 घंटे का समय निर्धारित किया गया है और प्रधानमंत्री के बुधवार को (चर्चा पर) जवाब देने की संभावना है। नीट मुद्दे पर संसद में इस सप्ताह काफी हंगामा हुआ। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने पांच मई को नीट-यूजी का आयोजन किया था, जिसमें करीब 24 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे। नतीजे चार जून को घोषित किए गए, लेकिन इसके बाद बिहार जैसे राज्यों में प्रश्नपत्र लीक होने के अलावा परीक्षा से जुड़ी अन्य अनियमितताओं के आरोप लगे। राज्यसभा में चर्चा की शुरुआत करते हुए भाजपा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने मोदी को ''अतुलनीय'' बताया था और कहा था कि देश के सामने आने वाले मुद्दों से निपटने के उनके दृष्टिकोण और देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा अपनाए गए दृष्टिकोण में बहुत अंतर है। भाजपा सदस्य कविता पाटीदार ने प्रस्ताव का समर्थन किया था और चर्चा में अब तक नौ अन्य सदस्य भाग ले चुके हैं। लोकसभा में शुक्रवार को विपक्षी सदस्यों ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी' में कथित अनियमितता पर चर्चा कराने की मांग को लेकर हंगामा किया, जिस कारण सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। नीट विवाद पर चर्चा कराने की मांग को लेकर विपक्ष ने राज्यसभा में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया तथा विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे भी अपने साथी सदस्यों के साथ आसन के करीब आ गए। नीट मुद्दे पर हंगामे के बीच छत्तीसगढ़ से कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम उच्च रक्तचाप के कारण अचानक बेहोश हो गईं, जिसके बाद उन्हें राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

कारोबार/कृषि

एक नजर

पंजाब एंड सिंध बैंक की 2,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक ने कारोबार वृद्धि के लिए योग्य संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिए चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में 2,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बनाई है। पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) स्वरूप कुमार साहा ने पीटीआई-भाषा से कहा, "निदेशक मंडल ने पहले ही मंजूरी दे दी है और मर्चेंट बैंकरों को अगस्त तक शामिल कर लिया जाएगा।" बाजार परिस्थितियों के आधार पर, धन जुटाने का काम दूसरी तिमाही या तीसरी तिमाही में पूरा हो सकता है।

अर्थव्यवस्था ऊंची वृद्धि दर के चरण के लिए तैयार

नई दिल्ली। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य शशांक भिड़े ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था संभावित रूप से स्थिर उच्च वृद्धि के चरण के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि आज देश जिन महत्वपूर्ण जोखिमों का सामना कर रहा है उनको लेकर भी देश की अर्थव्यवस्था बेहतर स्थिति में है। भिड़े ने पीटीआई-भाषा से कहा कि आमदनी में वृद्धि से घरेलू मांग को समर्थन मिलेगा और पिछले कुछ वर्षों में निवेश व्यय के उच्चस्तर से उत्पादन या आपूर्ति क्षमता में वृद्धि हो रही है जिससे घरेलू आर्थिक गतिविधियों की रफ्तार बरकरार रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा-वृद्धि की गति और मुद्रास्फीति के रुख से पता चलता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था संभावित रूप से स्थिर उच्च वृद्धि के चरण के लिए तैयार है। कहा-हमारी अर्थव्यवस्था सामने मौजूद महत्वपूर्ण जोखिमों के संदर्भ में भी मजबूत स्थिति में है।

सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों का 2.89 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया बाजार पूंजीकरण

आंकड़ों के मुताबिक मार्केट कैप में पिछले सप्ताह सबसे अच्छी मासिक वृद्धि रही

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 2,89,699.42 करोड़ रुपये का उछाल दर्ज हुआ। शेयर बाजार में जोरदार तेजी के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे अधिक लाभ में रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,822.83 अंक या 2.36 प्रतिशत चढ़ गया। बीएसई सेंसेक्स जून में 7.14 प्रतिशत चढ़ा है। यह इसकी सबसे अच्छी मासिक वृद्धि है। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स ने पहली बार 79,000 अंक के स्तर को पार किया।

समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का बाजार मूल्यांकन चढ़ गया। वहीं भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मूल्यांकन में गिरावट आई। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 1,52,264.63 करोड़ रुपये बढ़कर 21,18,951.20 करोड़ रुपये हो गया। टीसीएस के बाजार मूल्यांकन में 34,733.64 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है।

एफपीआई ने बाजारों में 26,565 करोड़ रुपये डाले

लगातार दो माह की बिकवाली के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) जून में भारतीय शेयर बाजारों में एक बार फिर लिवाल बन गए हैं। शेयर बाजारों में जोरदार तेजी के बीच जून में एफपीआई ने शुद्ध रूप से 26,565 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे हैं। वॉटरफील्ड एडवाइजर्स के निदेशक (सूचीबद्ध निवेश) विपुल भोवर ने कहा, ''आगे चलकर उनका ध्यान धीरे-धीरे बजट और चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के नतीजों की ओर स्थानांतरित होगा। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने जून में भारतीय शेयर बाजार शुद्ध रूप से 26,565 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे पहले मई में चुनावी नतीजों को लेकर असमंजस के बीच एफपीआई ने शेयरों से 25,586 करोड़ रुपये निकाले थे। मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि की चिंता के बीच अप्रैल में भी एफपीआई ने 8,700 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर बेचे थे। इससे पहले, एफपीआई ने मार्च में शेयरों में 35,098 करोड़ रुपये शुद्ध निवेश किया था।

विदेशी मुद्रा भंडार 81.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 653.7 अरब डॉलर पर

मुंबई। स्वर्ण भंडार में बढ़ोतरी होने से 21 जून को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 81.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 653.7 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.92 अरब डॉलर कम होकर 652.9 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 21 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 10.6 डॉलर की गिरावट के साथ 574.1 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 98.8 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 56.95 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 5.7 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह कम होकर 18.05 अरब डॉलर पर आ गया।

ईपीएफओ से जुड़ने वाले नए सदस्यों की संख्या में 4 प्रतिशत की आई कमी

नई दिल्ली, एजेंसी

- सांख्यिकी मंत्रालय ने बीते वित्त वर्ष के जारी किए आंकड़े

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के नए सदस्यों की कुल संख्या बीते वित्त वर्ष (2023-24) में 4 प्रतिशत घटकर 1.09 करोड़ रही है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

ईपीएफओ की भारत में पेरोल रिपोर्टिंगः एक रोजगार परिप्रेक्ष्य-जनवरी से अप्रैल, 2024 रिपोर्ट के अनुसार, ईपीएफओ ने 2022-23 में कुल 1,14,98,453 नए सदस्य जोड़े थे। यह संख्या 2023-24 में घटकर 1,09,93,119 रह गई है। महामारी के कारण ईपीएफओ से जुड़ने वाले नए सदस्यों की कुल संख्या में 2020-21 में गिरावट आई थी और यह 85,48,898 रही थी। इससे पिछले वित्त वर्ष यानी 2019-20 में ईपीएफओ से 1,10,40,683

नए सदस्य जुड़े थे। 2021-22 में ईपीएफओ से जुड़ने वाले नए सदस्यों की संख्या 1,08,65,063 रही थी। देश में कोरोना वायरस महामारी के प्रसार को रोकने के लिए केंद्र और राज्यों ने 2020 और 2021 में लॉकडाउन लगाया था, जिससे आर्थिक गतिविधियों के साथ-साथ रोजगार भी प्रभावित हुआ था। 2023-24 तक पिछले पांच वित्तीय वर्षों में, ईएफपीओ द्वारा जोड़े गए कुल नए सदस्य 2018-19 के पूर्व-कोविड स्तर तक नहीं पहुंचे थे।

सिग्नलट्रॉन का पहला 4जी आधार शिविर भारतीय सेना में शामिल

नई दिल्ली। भारतीय सेना ने पहला स्वदेशी चिप-आधारित 4जी मोबाइल आधार शिविर शामिल किया है, जिसे उसने गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस पोर्टल के माध्यम से बैंगलोर की कंपनी सिग्नलट्रॉन से खरीदा है। सिग्नलट्रॉन कंपनी के संस्थापक हिमांशु खासनीस ने बताया है कि सह्याद्रि एलटीई आधार शिविरों में प्रयुक्त चिप सिग्नलचिप द्वारा विकसित की गई है। खासनीस और उनकी टीम ने 2010 में 4जी और 5जी नेटवर्क के लिए चिप बनाने के लिए एक फैबलेस सेमीकंडक्टर कंपनी सिग्नलचिप की स्थापना की थी।

दूरसंचार विभाग कंपनियों को भुगतान के लिए जारी करेगा मांग पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

दूरसंचार विभाग इस सप्ताह दूरसंचार कंपनियों को हाल ही में संपन्न नीलामी में खरीदे गए स्पेक्ट्रम के भुगतान के लिए मांग पत्र जारी कर सकता है। एक सूत्र ने यह जानकारी दी है।

सात दौर में दो दिनों तक चली नीलामी में 141.4 मेगाहट्र्ज रेडियो तरंगों की बिक्री 11,340.78 करोड़ रुपये में हुई। इस बार 25 जून को शुरू हुई नीलामी के दौरान कुल 96,238 करोड़ रुपये मूल्य की 10,500 मेगाहट्र्ज रेडियो तरंगें बोली के लिए रखी गईं। इस नीलामी

स्पेक्ट्रम नीलामी

में बेचे गए 11,341 करोड़ रुपये मूल्य के स्पेक्ट्रम में लगभग 60 प्रतिशत सुनील मित्तल की एयरटेल ने हासिल किए। वह रेडियो तरंगों के लिए सबसे बड़ी बोलीदाता के रूप में उभरी। एयरटेल ने बोली लगाकर 6,856.76 करोड़ रुपये मूल्य की एयरवेव हासिल कीं। इस नीलामी में रिलायंस जियो ने 973.62 करोड़ रुपये का स्पेक्ट्रम हासिल किया, जबकि वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) ने लगभग 3,510.4 करोड़ रुपये मूल्य के स्पेक्ट्रम के लिए बोली लगाई।

तम्बाकू किसानों ने योजना के तहत क्षेत्र को शामिल करने की मांग की

नई दिल्ली। तम्बाकू निर्यातकों ने सरकार से अनुरोध किया है कि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए शुल्क वापसी योजना आरओडीटीईपी को इस क्षेत्र में भी लागू किया जाए। शनिवार को हैदराबाद में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बैठक में व्यापारियों ने कहा कि तम्बाकू निर्यातक किसी भी ऐसी योजना के अंतर्गत नहीं आते हैं जो निर्यात प्रोत्साहन प्रदान करती हो। मंत्रालय ने एक बयान में कहा-उन्होंने तंबाकू निर्यातकों को आरओडीटीईपी योजना के अंतर्गत शामिल करके उन्हें समर्थन देने का अनुरोध किया है।

शादी में सबसे ज्यादा खर्च करते हैं भारतीय

नई दिल्ली, एजेंसी

- ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने रिपोर्ट में किया खुलासा

भारतीय विवाह उद्योग का आकार 10 लाख करोड़ रुपये है, जो खाद्य और किराना के बाद दूसरे स्थान पर है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए कहा गया कि आम हिंदुस्तानी शिक्षा की तुलना में विवाह समारोह पर दोगुना खर्च करते हैं।

भारत में सालाना 80 लाख से एक करोड़ शादियां होती हैं, जबकि चीन में 70-80 लाख और अमेरिका में 20-25 लाख शादियां होती हैं। ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने एक रिपोर्ट में कहा कि भारतीय विवाह उद्योग अमेरिका (70 अरब अमेरिकी डॉलर) के उद्योग के आकार का

लगभग दोगुना है। हालांकि, यह चीन (170 अरब अमेरिकी डॉलर) से छोटा है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में खपत श्रेणी में शादियों का दूसरा स्थान है। अगर शादी एक श्रेणी होती, तो वे खाद्य और किराना (681 अरब अमेरिकी डॉलर) के बाद दूसरी सबसे बड़ी खुदरा श्रेणी होती। भारत में शादियां भव्य होती हैं और इनमें कई तरह के समारोह और खर्च होते हैं। इससे आभूषण और परिधान जैसी श्रेणियों में खपत बढ़ती है और अप्रत्यक्ष रूप से ऑटो तथा इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को लाभ मिलता है। खर्चीली शादियों पर अंकुश लगाने के प्रयासों के बावजूद, विदेशी स्थानों पर होने वाली आलीशान शादियां भारतीय वैभव को प्रदर्शित करती रहती हैं। जेफरीज ने कहा, हर साल 80 लाख से एक करोड़ शादियां होने के साथ, भारत दुनिया भर में सबसे बड़ा विवाह स्थल है। कैट के अनुसार इसका आकार 130 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है।

टीम भावना ने भारत को बनाया टी-20 विश्व विजेता

जीत में शामिल था समर्पण, एकजुटता, संयम और विश्वकप का जुनून, 2007 वर्ल्ड कप में कप्तान द्रविड़ की हार का रोहित की टीम ने चुकाया कर्ज

बारबाडोस, एजेंसी

रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीत लिया है। फाइनल मैच में भारत ने साउथ अफ्रीका को 7 रनों से हराया है। भारत ने 17 सालों के लंबे इंतजार के बाद टी20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया है। भारतीय टीम ने कमाल का प्रदर्शन किया है। टीम के सभी प्लेयर्स ने जीत में योगदान दिया और पूरे टूर्नामेंट में कोई भी विरोधी टीम भारतीय टीम को हरा नहीं पाई। सही मायनो में देखा जाए तो इस जीत में टीम के हर सदस्य का समर्पण, एकजुटता, संयम और वर्ल्ड कप जीतने का जुनून शामिल था।

मैच'वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के क्लब में भारत: वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बाद भारत 4 या उससे ज्यादा बार क्रिकेट वर्ल्ड कप चैंपियन बना। वेस्टइंडीज ने 4 वर्ल्ड कप जीते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 7 बार वर्ल्ड कप जीता है। भारत दूसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप जीता है। उसके अलावा भारत ही दो बार टी-20 वर्ल्ड कप जीता है। भारत ने पहले ही संस्करण में 2007 में टी-20 वर्ल्ड कप अपने नाम किया था। इसके बाद टीम 2014 में श्रीलंका से फाइनल में हारी थी। भारतीय टीम पिछले 1 साल में तीसरी बार आईसीसी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची थी। क्रिकेट खेल ही एक टीम का है, जिसमें व्यक्तिगत प्रदर्शन नहीं, बल्कि जीत में पूरी टीम का योगदान होता है। भारतीय टीम के इस शानदार प्रदर्शन का सबसे बड़ा श्रेय रोहित शर्मा की कप्तानी को जाता है।

गेंदबाजों ने किया बेहतर प्रदर्शन: इस टूर्नामेंट में भारत के लिए सबसे ज्यादा प्रभावित गेंदबाजों ने किया। पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसे बड़ी टीमों के खिलाफ गेंदबाजों ने जिस तरह का प्रदर्शन किया वो तारीफ के काबिल था। जसप्रीत बुमराह की अगुआई में तेज गेंदबाजों ने जहां शुरुआत से विपक्षी टीमों को दबाव में रखा, वहीं मध्य ओवरों में जब भी भारत को सफलता की जरूरत पड़ी तो स्पिनरों ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई। भारत के आईसीसी टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन का काफी श्रेय मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को भी जाता है। पाकिस्तान के खिलाफ जब बल्लेबाजी आक्रमण फ्लॉप साबित हुआ तो गेंदबाजों ने प्रभावी प्रदर्शन कर टीम को जीत दिलाई। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सुपर आठ चरण और इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में भारतीय टीम पूरी तरह एकजुट दिखी और हर खिलाड़ी एक दूसरे की सफलता का जश्न मनाता दिखा।

अविस्मरणीय योगदान: रोहित शर्मा- आयरलैंड के खिलाफ न्यूयॉर्क की मुश्किल पिच पर कप्तान रोहित ने फिफ्टी लगाई। उन्होंने अगले 4 मैच तक अपना अटैकिंग रोल जारी रखा। रोहित ने फिर सेमीफाइनल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 41 बॉल पर 92 रन बनाए। _उन्होंने सेमीफाइनल में भी अहम फिफ्टी लगाई। कप्तान टीम के टॉप रन स्कोरर भी हैं।

सूर्यकुमार यादव: आयरलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ सूर्यकुमार कुछ खास नहीं कर सके, लेकिन अमेरिका के खिलाफ शुरुआती 3 विकेट गिर जाने के बाद टीम को संभाला। सूर्या ने फिफ्टी लगाई और टीम को जीत दिलाई। वह अफगानिस्तान के खिलाफ अर्धशतक लगाकर प्लेयर ऑफ द मैच बने। ऑस्ट्रेलिया के सामने सूर्या ने 16 बॉल पर 31, इंग्लैंड के खिलाफ 36 बॉल पर 47 रन बनाए और टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया।

ऋषभ पंत: पाकिस्तान के खिलाफ 42 और आयरलैंड-बांग्लादेश के खिलाफ मुश्किल पिच पर 36-36 रन की पारी खेलकर जीत में अहम भूमिका निभाई। पाकिस्तान के खिलाफ तो उन्होंने 3 अहम कैच भी पकड़े थे। पंत टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 11 कैच पकड़ चुके हैं।

टॉप-3 ऑलराउंडर्स- हार्दिक पंड्या: उप कप्तान हार्दिक ने बैटिंग, बॉलिंग के साथ फील्डिंग में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया।

अक्षर पटेल: सेमीफाइनल के प्लेयर ऑफ द मैच अक्षर टूर्नामेंट में भारत के सेकेंड बेस्ट ऑलराउंडर और सेकेंड बेस्ट स्पिनर साबित हुए।

शिवम दुबे: अमेरिका के खिलाफ दुबे को एक ओवर गेंदबाजी का मौका मिला, इसमें उन्होंने 11 रन दिए। इसके अलावा उन्होंने टूर्नामेंट में कोई ओवर नहीं फेंका। हालांकि, बांग्लादेश (34), अमेरिका (31*) और ऑस्ट्रेलिया (28) और साउथ अफ्रीका के खिलाफ (27) उन्होंने छोटी लेकिन उपयोगी पारियां खेलीं।

विश्वकप टूर्नामेंट में बिना एक भी मैच गंवाए ट्रॉफी तक पहुंचने के सफर का भारतीय टीम ने कुछ ऐसे जश्न मनाया जो सालों तक लोगों के दिलों पर राज करेगा। ● एजेंसी

मेरे लिए जिंदगी भर की यादें, पर मैं विरासत, भारमुक्ति में भरोसा नहीं करता : द्रविड़

ब्रिजटाउन। आम तौर पर शांतचित रहने वाले राहुल द्रविड़ टी-20 विश्व कप जीतने के बाद बच्चों की तरह उछलते नजर आए और बतौर खिलाड़ी जो ट्रॉफी नहीं जीत सके, उसे कोच के तौर पर दिलाने के लिये उन्होंने अपनी टीम को धन्यवाद दिया। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने रोमांचक फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर आईसीसी खिताब के लिए 11 साल का इंतजार खत्म किया। द्रविड़ ने जीत के बाद कहा पिछले कुछ घंटों में मेरे पास शब्द नहीं है। मुझे इस टीम पर गर्व है, जिस तरह से कठिन परिस्थितियों में टीम ने संघर्ष किया। पहले छह ओवर में तीन विकेट गंवाने के बाद इस तरह की जीत दर्ज करना बताता है कि यह टीम जुझारूपन छोड़ने वाली नहीं है। एक खिलाड़ी के तौर पर मैं इतना खुशकिस्मत नहीं रहा कि विश्व कप जीत सकूं। मैंने खेलने के दिनों में अपनी ओर से पूरी कोशिश की लेकिन किस्मत में यह सब होता है। द्रविड़ के लिए यह जीत एक तरह से भार मुक्ति की तरह भी रही जिनकी कप्तानी में 2007 वनडे विश्व कप में टीम पहले दौर में बाहर हो गई थी। द्रविड़ ने हालांकि कहा कि वह इस तरह के शब्दों में विश्वास नहीं करते। पहली बात तो यह कि यह कोई भार मुक्ति नहीं है। मैं इस तरह की बातें नहीं सोचता।

विश्वकप की जीत से संन्यास तक एक साथ रोहित-विराट

नई दिल्ली। जीत के जश्न में गले मिलते, हार के दुख में एक दूसरे के आंसू पोंछते, क्रीज पर एक दूसरे की उपलब्धि को सराहते विराट कोहली और रोहित शर्मा फिल्म शोले के जय और वीरू की तरह हमेशा एक दूसरे के साथ खड़े नजर आए और अब दोनों ने टी-20 क्रिकेट से विदा भी साथ में ली। जीत के बाद कंधे पर तिरंगा लपेटे या एक दूसरे के गले लगकर रोते दोनों की तस्वीरें 140 करोड़ भारतीयों के दिल में घर कर गई। दोनों की शख्सियत में कोई समानता नहीं। एक आग है तो दूसरा पानी। एक 'वड़ा पाव' खाने वाला ठेठ मुंबइया तो दूसरा 'छोले भटूरे' का शौकीन दिल्ली वाला लेकिन फिर भी पिछले 15 साल से दोनों एक दूसरे के पूरक रहे हैं। दुख में, खुशी में, जीत में और हार में। वेस्टइंडीज में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी-20 विश्व कप जीतने के बाद रोहित मैदान पर लेट गए, आंखें आंसुओं से भीगी थीं।

रविंद्र जडेजा ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय को कहा अलविदा

ब्रिजटाउन। भारत के अनुभवी हरफनमौला रविंद्र जडेजा ने भी विश्व कप जीतने के बाद विराट कोहली और रोहित शर्मा की तरह टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फील्डरों में शुमार जडेजा ने कहा कि वह टेस्ट और वनडे खेलते रहेंगे। 35 वर्षीय जडेजा ने इंस्टाग्राम पर टी-20 विश्व कप ट्रॉफी के साथ अपनी तस्वीर डालकर लिखा मैं पूरी कृतज्ञता के साथ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ले रहा हूं। मैने हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देश को दिया है और बाकी प्रारूपों में आगे भी देता रहूंगा। टी-20 विश्व कप जीतना सपना सच होने जैसा था। यादों, हौसलाअफजाई के लिये धन्यवाद। जय हिंद।

सूर्यकुमार को जय शाह से मिला सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार

ब्रिजटाउन। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सूर्यकुमार यादव को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार प्रदान किया जिन्होंने खतरनाक डेविड मिलर का शानदार कैच लपका जो भारत की जीत में निर्णायक साबित हुआ। भारतीय क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप ने खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक चुनने की प्रथा शुरू की थी। उन्होंने भारतीय टीम के क्षेत्ररक्षण की प्रशंसा भेड़ियों के झुंड से की जिन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सूर्यकुमार ने यह पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा, दिलीप सर, मुझे यह मौका देने और जय (शाह) सर से यह पदक लेने के लिए आपका धन्यवाद।

टी-20 विश्वकप चैंपियन भारतीय टीम को मिले 20.36 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी-20 विश्वकप चैंपियन बनी भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम को पुरस्कार स्वरूप 20 .36 करोड़ रुपये मिले। इस बार टूर्नामेंट शुरु होने से पहले आईसीसी रिकार्ड पुरस्कार राशि का बजट 93 .51 करोड़ रुपये रखा था। उसी के अनुसार फाइनल में जीतने वाली भारतीय टीम को 20 .36 करोड़ रूपये की राशि दी गई है। वहीं फाइनल में हारने वाली टीम दक्षिण अफ्रीका को 10 .64 करोड़ रुपये से संतोष करना पड़ा। इस बार टूर्नामेंट में रिकॉर्ड 20 टीमों ने भाग लिया था। सेमीफाइनल खेलकर बाहर होने वाली टीमों को 6 .54 करोड़ रुपये। इनमें अफगानिस्तान और इंग्लैंड की टीमें शामिल हैं। दूसरे दौर यानी सुपर-8 को पार करने में नाकाम रहने वाली टीमों को 3 .17 करोड़ रुपये तथा नौ से 12वें स्थान पर रहने वाली टीमों को 2 .05 करोड़ रुपये तथा 13 से 20वें स्थान पर रहने वाली हर एक टीम को 1.87 करोड़ रुपये मिले। इसके अलावा हर एक टीम को टूर्नामेंट में जीतने वाले मैच पर अतिरिक्त 25 .89 लाख रुपये दिए गए है।

जय शाह ने टीम के लिए 125 करोड़ रुपये के पुरस्कार की घोषणा की

नई दिल्ली। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने टी-20 विश्व कप में भारत की ऐतिहासिक खिताबी जीत की सराहना करते हुए रविवार को टीम के लिए 125 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की। शाह ने कहा, ''रोहित शर्मा के असाधारण नेतृत्व में इस टीम ने शानदार दृढ़ संकल्प और लचीलापन दिखाया है जो आईसीसी टी-20 विश्व कप के इतिहास में एक भी मैच गंवाए बिना टूर्नामेंट को जीतने वाली पहली टीम बन गई है। खिलाड़ियों ने आलोचकों का सामना किया और बार बार शानदार प्रदर्शन से उन्हें चुप कराया। खिलाड़ियों का सफर प्रेरणादायक रहा है और आज वे महान खिलाड़ियों की श्रेणी में शामिल हो गए हैं। शाह ने 'एक्स' पर लिखा, मुझे आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 जीतने के लिए टीम इंडिया के लिए 125 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इस टीम ने अपने समर्पण, कड़ी मेहनत और अदम्य जज्बे से सभी को गौरवान्वित किया है। रोहित शर्मा के नेतृत्व में और विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और अन्य खिलाड़ियों की मदद से उन्होंने 1.4 अरब भारतीयों के सपनों और उम्मीदों को पूरा किया है।

लंबे समय बाद शानदार जीत। पहले मैं कहता था कि भारतीय टीम 90 पर आउट हो जा रही है, शतक नहीं बना पा रही क्योंकि सेमीफाइनल, फाइनल में हार रही थी। अब शतक बनाया है और शानदार शतक।

-सुनील गावस्कर, पूर्व भारतीय खिलाड़ी

देश को चौथा सितारा मिल गया है (1983, 2007, 2011 विश्व कप के बाद)। टीम इंडिया की जर्सी पर लगने वाला हर स्टार देश के बच्चों को अपने सपने पूरे करने की दिशा में अगला कदम बढ़ाने की प्रेरणा देगा। भारत को चौथा स्टार मिल गया। हमारा दूसरा टी-20 विश्व कप। वेस्टइंडीज में भारतीय क्रिकेट के लिए जीवन चक्र पूरा हुआ। 2007 वनडे विश्व कप में पहले दौर में हारने से अब 2024 में टी-20 विश्व कप जीतने तक। रोहित शर्मा के बारे में क्या कहूं। बेहतरीन कप्तानी। जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और विराट कोहली प्लेयर ऑफ द मैच। दोनों इसके हकदार थे जिन्होंने जरूरत के समय शानदार प्रदर्शन किया।

सचिन तेंदुलकर, पूर्व भारतीय खिलाड़ी

विश्व कप चैंपियन 2024। मेरी दिल की धड़कनें तेज हो गई थी। शांतिचित्त होकर, आत्मविश्वास बनाए रखकर शानदार प्रदर्शन किया। देश में और दुनिया भर में सभी भारतीयों की ओर से विश्व कप घर लाने की बधाई। जन्मदिन के शानदार उपहार के लिये धन्यवाद।

-महेंद्र सिंह धोनी, पूर्व भारतीय कप्तान

रोहित शर्मा और टीम को बधाई। क्या शानदार जीत। बुमराह का शानदार प्रदर्शन। विराट, अक्षर, हार्दिक सभी ने अच्छा खेला। राहुल द्रविड़ और सहयोगी स्टाफ को बधाई।

-सौरव गांगुली, पूर्व भारतीय खिलाड़ी

आखिर तुमने कर दिखाया। हार्दिक पंड्या तुम हीरो हो। जसप्रीत बुमराह एक ओवर में भारत को मैच में लौटाया। रोहित शर्मा के लिए बहुत खुश हूं। दबाव में शानदार कप्तान। कोहली, द्रविड़ और पूरी टीम को बधाई। सूर्या ने क्या कैच लपका।

-युवराज सिंह, पूर्व भारतीय खिलाड़ी

टीम इंडिया को टी-20 विश्व चैंपियन बनने पर बधाई। टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ और अजेय टीम। पांच ओवर बाकी रहते जो हालात थे, उसके बाद इस तरह का शानदार प्रदर्शन। हर खिलाड़ी बधाई का पात्र है।

-वीवीएस लक्ष्मण, प्रमुख, राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी

विश्व कप जीत के साथ संन्यास लिया जो शायद किसी भी लिखी गई स्क्रिप्ट से बेहतर था। दोनों खिलाड़ी शानदार हैं। उन्होंने भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत कुछ किया है और मैं उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। मुझे यकीन है कि वे देश और टीम के लिए योगदान देते रहेंगे।

-गौतम गंभीर, पूर्व भारतीय खिलाड़ी

एक नजर

प्रज्ञानानंदा ने गिरी को हराया गुकेश ने अलीरजा से ड्रॉ खेला

बुकारेस्ट (रोमानिया)। जीत का मौका गंवाने के बाद ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने आखिरकार सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी को हराया। विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने काले मोहरों से खेलते हुए फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को ड्रॉ पर रोका। वहीं फेबियानो कारूआना ने रोमानिया के डीक बोगडेन डेनियल को हराया। कारूआना ने अब एकल बढत हासिल कर ली है और लाइव विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं।

पूर्व भारतीय मिड फील्डर भूपिंदर सिंह रावत का निधन

सूरत। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बताया कि 1969 में मलेशिया में मर्डेका कप में खेलने वाले पूर्व भारतीय मिडफील्डर भूपिंदर सिंह रावत का संक्षिप्त बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 85 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटा और बेटी है। रावत अपनी फुर्ती और छोटे कद के बावजूद प्रतिद्वंद्वी डिफेंस को भेदने की क्षमता के कारण दर्शकों के चहेते थे जिससे वे उन्हें स्कूटर के नाम से पुकारते थे। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा भूपिंदर सिंह रावत शानदार विंगर और शानदार गोल स्कोरर थे जिन्होंने खेल में बेहतरीन प्रदर्शन किया। मैं दुख की इस घड़ी में उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।

मालविका यूएस ओपन के सेमीफाइनल में हारी

फोर्ट वर्थ (अमेरिका)। भारत की छठी वरीयता प्राप्त मालविका बंसोड़ अहम मौकों को भुनाने में विफल रहीं और यहां यूएस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में जापान की नात्सुकी निदाइरा से सीधे गेम में हार गईं। विश्व रैंकिंग में 49वें स्थान पर काबिज इस खिलाड़ी को 43 मिनट तक चले मुकाबले में नात्सुकी से 16-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। नागपुर की 22 वर्षीय खिलाड़ी ने इस साल अजरबैजान इंटरनेशनल चैलेंज जीता था। उनकी हार से टूर्नामेंट में भारत की चुनौती खत्म हो गई।

मन की बात में प्रधानमंत्री मोदी ने ओलंपिक दल का किया उत्साहवर्द्धन

नई दिल्ली, एजेंसी

आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए औपचारिक पोशाक और खेल किट के लॉन्च के दौरान एथलीटों के साथ केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मंडाविया, केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी और आईओए प्रमुख पीटी उषा। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जन लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात में रविवार को 26 जुलाई से शुरु होने वाले पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए भारतीय ओलंपिक दल का उत्साहवर्द्धन करते हुए शुभकामनाएं दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा मेरे प्यारे देशवासियो, अगले महीने इस समय तक पेरिस ओलंपिक शुरू हो चुके होंगे। मुझे विश्वास है कि आप सब भी ओलंपिक खेलों में भारतीय खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का इंतजार कर रहे होंगे। मैं भारतीय दल को ओलंपिक खेलों की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूँ। हम सबके मन में टोक्यों ओलंपिक की यादें अब ताजा हैं।

उन्होंने कहा साथियों, पेरिस ओलंपिक में आपको कुछ चीजें पहली बार देखने को मिलेंगी। निशानेबाजी में हमारे खिलाड़ियों की प्रतिभा निखरकर सामने आ रही है। टेबल टेनिस में पुरुष और महिला दोनों टीमें क्वालीफाइ कर चुकी हैं। भारतीय शॉटगन टीम में हमारी निशानेबाज बेटियाँ भी शामिल हैं। इस बार हमारा हैशटैग चीयर 4 भारत है। इस हैशटैग के जरिए हमें अपने खिलाड़ियों को चीयर करना है... उनका उत्साह बढ़ाते रहना है। तो गति को बनाए रखिए... आपका ये गति.भारत का जादू, दुनिया को दिखाने में मदद करेगा।

गलतियों को सुधार कर ओलंपिक में बेहतर खेल दिखाऊंगा : साबले

पंचकुला (हरियाणा)। भारतीय 3000 मीटर स्टीपलचेस धावक अविनाश साबले ने वादा किया कि वह अतीत की गलतियों से सीख कर आगामी पेरिस ओलंपिक में यादगार प्रदर्शन करेंगे। साबले घरेलू स्तर पर बड़े नाम है लेकिन वह वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिभा के साथ न्याय नहीं कर सके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आठ मिनट 11.20 सेकंड है। साबले ने 2015 में दौड़ना शुरू किया है और राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम करने के बाद कई बार उसमें सुधार किया है। 2023 में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक भी जीता है। पेरिस ओलंपिक में उनके पास खुद को साबित करने का एक और मौका होगा। साबले सितंबर में 30 साल के हो जाएंगे और ऐसे में यह उनका आखिरी ओलंपिक भी हो सकता है। साबले ने कहा मैंने पिछले दो वर्षों में गलतियां की हैं।

अर्जेंटीना ने मेस्सी के बिना पेरू को हराया

कोपा अमेरिका

गार्डन्स। लौरेटो मार्टिनेज के दो गोल की मदद से अर्जेंटीना ने लियोनेल मेस्सी के बिना खेलते हुए कोपा अमेरिका फुटबॉल के आखिरी ग्रुप मैच में पेरू को 2-0 से हराया। मार्टिनेज ने एंजेल डि मारिया के पास पर 47वें मिनट में पहला गोल किया। वह गोल करने के बाद अर्जेंटीना बेंच के पास खड़े मेस्सी को गले लगाने गए। उन्होंने 86वें मिनट में दूसरा गोल दागा जो टूर्नामेंट में उनका चौथा गोल है। मेस्सी को चिली के खिलाफ पिछले मैच में पैर में चोट लगी थी जिसकी वजह से वह इस मैच में नहीं खेले। चिली को एक गोल से हराकर अर्जेंटीना क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुका है।

कनाडा कोपा अमेरिका के क्वार्टर फाइनल में

ओरलैंड। गोलकीपर मैक्सिम क्रेपीयू के शानदार प्रदर्शन की मदद से कनाडा ने चिली से गोलरहित ड्रॉ खेलकर पहली बार खेलते हुए कोपा अमेरिका फुटबॉल के अंतिम आठ में जगह बना ली। चिली को दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा जब गैब्रियल सुआजो को 27वें मिनट में दूसरा पीला कार्ड दिखाया गया। उन्हें 12वें मिनट में पहला पीला कार्ड मिला था। कनाडा ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली जब ग्रुप ए में शीर्ष पर काबिज अर्जेंटीना ने पेरू को 2-0 से हराया। कनाडा ने दूसरे मैच में पेरू को हराया था।

यूरो 2024: जर्मनी क्वार्टर फाइनल में

डॉर्टमंड। मेजबान जर्मनी ने बारिश और तूफान के बीच हुए मैच में डेनमार्क को 2-0 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब जर्मनी टीम 14 जुलाई को होने वाले फाइनल से दो जीत दूर है। जर्मनी के लिए केइ हावर्त्ज ने पहला और जमाल मुसियाला ने दूसरा गोल दागा जो टूर्नामेंट में उनका तीसरा गोल था। जर्मनी की 2016 के बाद किसी बड़े टूर्नामेंट के नॉकआउट मैच में यह पहली जीत थी। अब उसका सामना स्पेन या जॉर्जिया से होगा।

फॉलोऑन खेल रही दक्षिण अफ्रीका ने पकड़ मजबूत की

चेन्नई, एजेंसी

सुने लुस (109) की शतकीय और कप्तान लॉरा वुलफार्ट नाबाद (93) रनों की पारियों के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 337 रनों से पिछड़ने के बाद तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 232 रन कर मुकाबले पर अपनी पकड़ बना ली हैं। फॉलोऑन खेल रही दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही अन्नेका बोश (9) का विकेट गवां कर संकट में फंस गयी थी। ऐसे समय में सुने लुस और कप्तान लॉरा वुलफार्ट ने पारी को संभाला। दूसरे विकेट के रूप में सुने लुस 109 रन बनाकर आउट हुईं।

दिन का खेल समाप्त होने तक दखिण अफ्रीका ने दो विकेट पर 232 रन बना लिए है हालंकि वह अभी 105 रन पीछे है। कप्तान लॉरा वुलफार्ट नाबाद (93) और मैरिजान कप्प (15) रन बनाकर क्रीज पर है। भारत की ओर से दूसरी पारी में दीप्त शर्मा और हरमीत कौर ने एक-एक विकेट लिए। इससे पहले स्नेह राणा (आठ विकेट) के शानदार स्पैल की बदौलत भारतीय महिला टीम ने बल्लेबाजी के लिये मुफीद चेपॉक की सपाट पिच मेहमान दक्षिण अफ्रीका रविवार को पहली पारी में 266 रन पर ढ़ेर कर 337 रनों की बढ़त बना ली है। दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट पर 236 रनों के कल के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। खेल समाप्त होने के समय मैरिजान कप्प (69) और नडीन डी क्लर्क ने (27) ने पारी को आगे बढ़ाया। स्नेहा राणा ने शुरुआत स्पैल में मैरिजान कप्प (74) को बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका को पहला झटका दिया। इसके बाद तो दक्षिण अफ्रीका की टीम मात्र 30 रन जोड़कर ताश के पत्तों की तरह ढ़ह गई। नडीन डी क्लर्क (39), जाफ्टा (शून्य), अनरी डर्कसन (5), क्लास (1) और म्लाबा (2) रन बनाकर आउट हुई और पूरी टीम 266 रनों पर सिमट गई। भारत को पहली पारी में बनाए गए (छह विकेट पर 603 पारी घोषित) के स्कोर के आधार पर 337 रनों की बढ़त मिली है। भारत की ओर से स्नेह राणा ने 25.3 में 77 रन पर आठ विकेट लिये। दीप्ति शर्मा को 21 ओवर में 47 रन देकर दो विकेट मिले।

संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी : 603/6 पर पारी घोषित, सैफाली 205, स्मृति मंधाना 149, जेमिमा 55, हरमनप्रीत 69, रिचा 86। **विकेट :** डेल्मी ट्रकर 2, क्लार्क 1, म्लाबा 1।

दक्षिण अफ्रीका पहली पारी : 266/10 मैरिजान कप्प 74, सुने लुस 65, क्लर्क 39। **विकेट :** स्नेहा राणा 8, दीप्ति 2।

दक्षिण अफ्रीका (फॉलओन) : 232/2। सुने लुस 109, लॉरा 93 नाबाद, मैरिजान 15 नाबाद। **विकेट :** हरमनप्रीत 1, दीप्ति 1।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

कहर

दक्षिणी स्विट्जरलैंड के मैगिया घाटी में विसलेटो में भीषण तूफान उठा। इस कारण यहा पुल नष्ट हो गया। बचावकर्मियों ने यहां से दो शव भी बरामद किए हैं। तूफान के कारण विभिन्न यातायात मार्गों भी क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस के अनुसार, एक व्यक्ति अभी भी लापता है। ● एजेंसी

अमेरिका में पुलिस अधिकारी ने 13 वर्षीय किशोर को गोली मारी

न्यूयॉर्क। अमेरिका के न्यूयार्क में एक पुलिस अधिकारी ने 13 साल के किशोर को गोली मार दी। शनिवार देर रात इस संबंध में एक वीडियो वीडियो भी जारी की गई है। पुलिस ने बताया कि मैनहट्टन से करीब 400 किलोमीटर उत्तरपश्चिम में पुलिस ने एक लूटपाट की जांच के संबंध में शुक्रवार देर रात 10 बजे दो किशोरों को रोका था, जिसके बाद एक किशोर को अधिकारियों ने गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। दोनों किशोरों का विवरण लूटपाट की एक घटना के संदिग्धों से मेल खा रहा था और वे लूटपाट वाले दिन उसी इलाके में थे। फुटेज में एक अधिकारी को यह कहते हुए सुना जा सकता है उसे इन दोनों किशोरों की तलाशी लेनी होगी।

विदेश मंत्री राजधानी दोहा पहुंचे, द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा के साथ कई मुद्दों पर दिया जोर

कतर से व्यापारिक संबंधों पर जयशंकर ने की चर्चा

दोहा, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर रविवार को कतर की राजधानी दोहा में पहुंचे। उन्होंने वहां के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी से मुलाकात करके द्विपक्षीय संबंधों पर बातचीत की जिसमें राजनीति, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, संस्कृति और लोगों से लोगों के संबंध से जुड़े मुद्दों पर जोर दिया गया।

यहां एक दिवसीय यात्रा के तहत पहुंचे जयशंकर ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी शेख मोहम्मद के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया। शेख मोहम्मद के पास विदेश मंत्री का भी प्रभार है। जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा रविवार दोपहर दोहा में कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री एमबीए अलथानी से मिलकर खुशी हुई। महामहिम अमीर तक उनको प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से दी गई शुभकामनाएं पहुंचाईं। उन्होंने कहा राजनीतिक, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, संस्कृति और लोगों से लोगों के संबंधों पर ध्यान केंद्रित करते हुए हमने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। गाजा स्थिति पर उनकी साझा अंतर्दृष्टि की सराहना करते हैं।

कतर के प्रधानमंत्री के साथ विदेश मंत्री जयशंकर ● एजेंसी

इब्राहिम फखरू ने हवाई अड्डे पर किया स्वागत

जयशंकर की यह यात्रा भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को कतर द्वारा रिहा किये जाने के साढ़े चार महीने बाद हो रही है, जिन्हें अगस्त 2022 में गिरफ्तार होने के बाद मौत की सजा सुनाई गई थी। कतर में भारतीय दूतावास ने दिन की शुरुआत में 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "विदेश मंत्री एक दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर दोहा पहुंचे। प्रोटोकॉल प्रमुख महामहिम इब्राहिम फखरू ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया।

एक नजर

नाइजीरिया में विस्फोटों में 18 लोगों की मौत

अबुजा। पूर्वोत्तर नाइजीरियाई राज्य बोर्नो में हुए सिलसिलेवार विस्फोटों में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई जबकि 48 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी बोर्नो राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने दी। एजेंसी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर कहा कि अब तक, हताहतों की संख्या का पता लगाया गया है, जिसमें 18 मृत हैं, जिनमें पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल हैं, और 48 गंभीर रूप से घायल पीड़ितों का इलाज चल रहा है। एजेंसी ने कहा कि पहला विस्फोट एक शादी समारोह में हुआ और कुछ मिनट बाद ग्वोजा शहर के मुख्य अस्पताल में एक और विस्फोट हुआ।

ऑस्ट्रेलिया में बस दुर्घटना में तीन की मौत

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया के उत्तरपूर्वी राज्य क्वींसलैंड में रविवार को बस और कार की भीषण टक्कर से तीन लोगों की मौत हो गई तथा 20 लोग घायल हो गए। ब्रिस्बेन स्थित द कूरियर-मेल सहित क्वींसलैंड मीडिया आउटलेट ने बताया कि घटना उत्तरी क्वींसलैंड तट पर ब्रूस हाईवे पर बोवेन के उत्तर में गुमलू के पास हुई। घायलों में से चार की हालत गंभीर है। बस में कुल 33 लोग और कार में दो लोग सवार थे।

रूसी वायु रक्षा ने 36 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया

मास्को। रूसी वायु रक्षा ने अपने कुर्स्क, लिपेत्स्क, वोरोनिश, ब्रांस्क, ओरयोल और बेलगोरोड क्षेत्रों में 36 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि पिछली रात, कीव शासन द्वारा रूसी संघ के क्षेत्र पर लक्ष्यों के खिलाफ मानव रहित विमान का उपयोग करके हमले को अंजाम देने के प्रयास को रोका गया।

फिरोजपुर में हेरोइन व तरनतारन में ड्रोन बरामद

जालंधर। सीमा सुरक्षा बल और पंजाब पुलिस ने पंजाब के सीमावर्ती जिलों फिरोजपुर और तरनतारन से एक पैकेट हेरोइन और एक ड्रोन बरामद किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि सुबह के समय बीएसएफ के सतर्क जवानों ने फिरोजपुर जिले के कालू गांव में सुरक्षा बाड़ के नजदीक से 522 ग्राम हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया। मादक पदार्थ पीले रंग के चिपकने वाले टेप में लिपटे हुए थे और पैकेट से एक छोटा प्लास्टिक टॉर्च भी जुड़ा हुआ मिला। एक अन्य घटना में बीएसएफ के खुफिया विंग द्वारा तरनतारन जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में एक ड्रोन की मौजूदगी के बारे में दी गई जानकारी के आधार पर, पंजाब पुलिस के सहयोग से बीएसएफ के जवानों द्वारा संदिग्ध क्षेत्र में एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया।

हिंदू मतदाताओं को लुभाने मंदिर पहुंचे ऋषि सुनक और कीर स्टार्मर

ब्रिटेन में 4 जुलाई को हैं आम चुनाव, प्रचार के तरीके बदले

लंदन, एजेंसी

● सुनक नेसडेन में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर पहुंचे

● लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर भी उत्तरी लंदन के मंदिर पहुंचे

ब्रिटेन में गुरुवार को होने वाले आम चुनाव से पहले प्रचार के अंतिम सप्ताहांत में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पार्टी की तरफ से इस पद के उम्मीदवार लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर ब्रिटिश हिंदू मतदाताओं को लुभाने के लिए मंदिर पहुंचे। सुनक (44) रविवार को नेसडेन में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर पहुंचे तो वहीं स्टार्मर (61) शुक्रवार को उत्तरी लंदन के किंग्सबरी में स्थित स्वामीनारायण मंदिर पहुंचे।

दोनों नेताओं द्वारा यह कदम ब्रिटिश हिंदू संगठनों के एक प्रमुख समूह द्वारा ब्रिटेन में होने वाले आम चुनाव से पहले पहली बार जारी किए गए, हिंदू घोषणापत्र के बाद उठाया गया है। इस घोषणापत्र में निर्वाचित प्रतिनिधियों से हिंदू पूजा स्थलों की रक्षा करने और हिंदुओं के प्रति घृणा से निपटने के लिए सक्रिय कदम उठाने का आह्वान किया गया है। सुनक ने प्रतिष्ठित नेसडेन मंदिर में अपने उद्बोधन में कहा यह मंदिर इस समुदाय द्वारा ब्रिटेन के लिए दिए गए योगदान का एक महान उदाहरण है। उन्होंने मंदिर में प्रार्थना की और वहां उपस्थित बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। इस बीच किंग्सबरी मंदिर में स्टार्मर का स्वागत किया गया। उन्होंने भी यहां सुनक की तरह ही जय स्वामीनारायण बोलकर अपना भाषण शुरू किया।

लंदन में स्वामी नारायण मंदिर में संतों से साथ राष्ट्रपति सुनक। ● एजेंसी

ब्रिटेन में हिंदूफोबिया के लिए कोई जगह नहीं : लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर ने कहा ब्रिटेन में हिंदूफोबिया के लिए कोई जगह नहीं है। हिंदूफोबिया से आशय हिंदू धर्म और हिंदुओं के प्रति विरोधी, विनाशकारी व अपमानजनक दृष्टिकोण और व्यवहार करना है।

बाइडन को चुनावी दौड़ से हटने की मांग बढ़ी

वाशिंगटन। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव के तहत अटलांटा में हुई बहस में खराब प्रदर्शन के बाद सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी और मुख्यधारा की अमेरिकी मीडिया में राष्ट्रपति जो बाइडन के चुनावी दौड़ से हटने की मांग बढ़ रही है। बाइडन (81) और उनके प्रचार अभियान ने कहा कि वह हार नहीं मान रहे हैं और पांच नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए सफलतापूर्वक मुकाबला करने के लिए कटिबद्ध हैं। प्रचार अभियान के नेतृत्व ने कहा बाइडन डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रत्याशी हैं। प्रत्याशी नहीं बदला जा रहा है। अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति बाइडन ने डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने के लिए प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल कर ली है।

रूस ने 31 जुलाई तक गैसोलीन निर्यात के लिए परमिट बढ़ाया

मॉस्को। रूसी सरकार ने गैसोलीन निर्यात के लिए परमिट को 31 जुलाई तक बढ़ा दिया है। यह जानकारी सरकार की आधिकारिक कानूनी सूचना पोर्टल पर प्रकाशित प्रासंगिक दस्तावेज के माध्यम से मिली। दस्तावेज 29 फरवरी के सरकारी संकल्प संख्या 243 में संशोधन करता है रूस से वाणिज्यिक गैसोलीन के निर्यात पर अस्थायी प्रतिबंध लगाने पर।

रूसी ऊर्जा मंत्री सर्गेई त्सिविलेव ने कहा कि घरेलू बाजार में पर्याप्त ईंधन भंडार बना गया है और मांग पूरी तरह से आपूर्ति के अनुरूप है, उन्होंने कहा कि बाजार की जरूरतों के आधार पर आगे कदम उठाए जाएंगे। यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन देशों को छोड़कर अन्य देशों में गैसोलीन के निर्यात पर प्रतिबंध एक मार्च को लगाया गया था। मई के अंत में, सरकार ने 30 जून तक प्रतिबंध को निलंबित कर दिया था। गैसोलीन निर्यात पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध हटाने का निर्णय रूसी बाजार की संतृप्ति के संबंध में किया गया था, ताकि कई रिफाइनरियों द्वारा प्रसंस्करण में कमी और बंदरगाहों में अनलोडिंग से रोका जा सके।

इजरायल-लेबनान के बीच संघर्ष समाप्ति का प्रयास

वाशिंगटन, एजेंसी

● वाशिंगटन पोस्ट ने रिपोर्ट में कहा अमेरिकी अधिकारी बातचीत से हल निकालने में जुटे

अमेरिकी अधिकारी इजरायल और लेबनान के बीच संघर्ष को सुलझाने के लिए विभिन्न विकल्पों पर काम कर रहे हैं। यह जानकारी वाशिंगटन पोस्ट ने शनिवार को दी। सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी अधिकारी हिजबुल्लाह की मांगों को जानते हैं लेकिन फिर भी वे तनाव कम करने के लिए काम कर रहे हैं।

इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने 18 जून को ने घोषणा किया था कि उसने लेबनान में आक्रामक अभियान के लिए परिचालन योजनाओं को मंजूरी दे दी है। इजरायली विदेश मंत्री काट्ज ने बाद में कहा कि इजरायल हिजबुल्लाह और लेबनान के खिलाफ नियमों को बदलने के फैसले के बहुत करीब था, जिससे आंदोलन को युद्ध में समाप्त करने और लेबनान पर गंभीर प्रहार करने की धमकी दी गई।

हिजबुल्लाह के महासचिव हसन नसरल्ला ने कहा कि अगर युद्ध और तेज हुआ तो आंदोलन उत्तरी इजरायल पर आक्रमण कर सकता है। अक्टूबर 2023 में गाजा पट्टी में इजरायल के सैन्य अभियान शुरू होने के बाद इजरायल-लेबनानी सीमा पर स्थिति खराब हो गई। आईडीएफ और लेबनानी हिजबुल्लाह लड़ाके सीमा से लगे इलाकों में एक-दूसरे के ठिकानों पर रोजाना गोलीबारी कर रहे हैं। लेबनानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि लगभग 1,00,000 लोगों को सीमावर्ती क्षेत्रों में अपने घर छोड़ने पड़े।

गाजा पट्टी में इजरायली हमलों में 40 लोगों की मौत

काहिरा। गाजा पट्टी पर पिछले 24 घंटों में तीन इजरायली हमलों में चालीस लोग मारे गए और 224 अन्य घायल हो गए। एन्क्लेव के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि पीड़ितों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मंत्रालय ने टेलीग्राम पर कहा इजरायली रक्षा बलों ने गाजा पट्टी में परिवारों के तीन नरसंहार किए हैं। मंत्रालय ने कहा कि गाजा पर इजरायल के युद्ध में मारे गये फिलिस्तीनियों की कुल संख्या बढ़कर 37,834 हो गयी और घायलों की संख्या 86,858 हो गई। फिलिस्तीनी आंदोलन हमास ने सात अक्टूबर 2023 को इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया था।

सिंगापुर की धर्मगुरु को साढ़े दस साल की जेल

सिंगापुर, एजेंसी

● 43 करोड़ ठगे, आदेश न मानने पर दांत निकलवाए, कैंची से मारा

यहां की धर्मगुरु वू मे हो (54) को साढ़े दस साल जेल की सजा हुई है। कोर्ट ने उन्हें अपने भक्तों के साथ धोखाधड़ी करने और उन्हें चोट पहुंचाने समेत 5 आरोपों में दोषी पाया। वू मे हो पर आरोप है कि वह अपने भक्तों का ब्रेनवॉश कर उन्हें बताती थी कि वह एक देवी है। अगर भक्त उसके आदेश का पालन नहीं करते तो वह उन्हें क्रूर सजा देती थी।

वह भक्तों को उनका मल खिलाती थी और प्लास से उनके दांत निकालने को कहती थी। यही नहीं, वह भक्तों पर कैंची से वार करती थी और उन्हें इमारत की दूसरी मंजिल से कूदने को भी कहती थी। सिंगापुर के न्यूज चैनल सीएनए की रिपोर्ट के मुताबिक, वू मे हो खुद को भारतीय धर्मगुरु शक्ति नारायणी अम्मा का भक्त बताती है। शक्ति नारायणी अम्मा के भक्त उनको देवी नारायणी का पहला ज्ञात अवतार बताते हैं। वू मे हो सिंगापुर में साल 2012 से 30 भक्तों के समूह वाला एक आश्रम चला रही है।

वू मे हो 2012 में श्री शक्ति नारायणी अम्मा से जुड़ी

वू मे हो साल 2012 में ही श्री शक्ति नारायणी अम्मा से सीधे तौर पर जुड़ी थी। इस दौरान उसने देवताओं और आत्माओं से बात करने वाली देवी के रूप में खुद की पहचान बनानी शुरू की। इसके बाद उसने अपने भक्तों से खुद को भगवान कहने को कहा। कोर्ट में वू मे हो के भक्तों ने बताया कि हम अपनी बीमारियां ठीक करने और जीवन बेहतर करने के लिए उसके पास जाते थे। इसी दौरान वू मे हो लोगों से पैसे मांगती थी।

कजाकिस्तान जाएंगे जिनपिंग, राष्ट्राध्यक्षों की बैठक में लेंगे हिस्सा

अल्माटी। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग दो से चार जुलाई तक कजाकिस्तान की राजकीय यात्रा पर रहेंगे और शंघाई सहयोग संगठन के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद में हिस्सा लेंगे। यह जानकारी कजाख राष्ट्रपति प्रेस सेवा ने रविवार को दी। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने कहा कि ताजिकिस्तान के राष्ट्रपति इमोमाली रहमान के निमंत्रण पर चीनी नेता अगले सप्ताह ताजिकिस्तान का दौरा भी करेंगे। विदेश मंत्रालय द्वारा प्रकाशित एक बयान में चुनयिंग ने कहा 2 से 6 जुलाई तक, राष्ट्रपति शी जिनपिंग कजाकिस्तान और ताजिकिस्तान का राजकीय दौरा करेंगे। ताजिक विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि जिनपिंग की ताजिकिस्तान यात्रा के दौरान नेता सीमित और व्यापक प्रारूपों में द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। चीनी राष्ट्रपति अन्य आधिकारिक कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेंगे।

संसदीय चुनाव शुरू, मुश्किल में मैक्रों

पेरिस, एजेंसी

● फ्रांस में मध्यावधि हो रहे हैं चुनाव, राष्ट्रपति ने यूरोपीय यूनियन के चुनाव में हार से चुनाव का फैसला लिया था

फ्रांस में संसदीय चुनाव के पहले दौर के लिए रविवार को मतदान जारी है और यह अनुमान जताया जा रहा है कि नाजी युग के बाद, सत्ता की बागडोर पहली बार राष्ट्रवादी एवं धुर-दक्षिणपंथी ताकतों के हाथों में जा सकती है। दो चरणों में हो रहे संसदीय चुनाव सात जुलाई को संपन्न होंगे। माना जा रहा है कि राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों यह चुनाव हार सकते हैं। चुनाव परिणाम से यूरोपीय वित्तीय बाजारों, यूक्रेन के लिए पश्चिमी देशों के समर्थन और वैश्विक सैन्य बल एवं परमाणु शस्त्रागार के प्रबंधन के फ्रांस के तौर-तरीके पर काफी प्रभाव पड़ने की संभावना है।

फ्रांस में वोट डालते सीनियर लीडर। ● एजेंसी

कई फ्रांसीसी मतदाता महंगाई और आर्थिक चिंताओं से परेशान हैं और वे राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के नेतृत्व से भी निराश हैं। मरीन ले पेन की आव्रजन विरोधी 'नेशनल रैली' पार्टी ने इस असंतोष को चुनाव में भुनाया है और उसे विशेष रूप से 'टिकटॉक' जैसे ऑनलाइन मंचों के जरिए हवा दी है। चुनाव-पूर्व सभी जनमत सर्वेक्षणों में 'नेशनल रैली' की जीत का अनुमान जताया गया है। नया वामपंथी गठबंधन 'न्यू पॉपुलर फ्रंट' भी व्यापार समर्थक मैक्रों और उनके मध्यमार्गी गठबंधन 'टुगेदर फॉर द रिपब्लिक' के लिए चुनौती पेश कर रहा है। फ्रांस में संसदीय चुनाव के लिए रविवार सुबह आठ बजे मतदान शुरू हुआ और चुनाव परिणाम के शुरुआती रुझान रात आठ बजे आने की उम्मीद है।

सऊदी अरब ने अपने नागरिकों से लेबनान छोड़ने का किया आह्वान

काहिरा। लेबनान के शिया आंदोलन हिजबुल्लाह और इजरायल के बीच युद्ध से जुड़े सुरक्षा खतरों के बीच सऊदी अरब ने अपने नागरिकों से तुरंत लेबनान छोड़ने का आह्वान किया है। लेबनान में सऊदी दूतावास ने यह जानकारी दी।

दूतावास ने शनिवार को कहा लेबनान गणराज्य में सऊदी अरब का दूतावास दक्षिणी लेबनान में वर्तमान घटनाओं पर चिंता व्यक्त करता है, हम एक बार फिर सभी सऊदी नागरिकों से लेबनान की यात्रा पर प्रतिबंध लगाने के फैसले का पालन करने का आह्वान करते हैं और वहां के नागरिकों से तुरंत लेबनान छोड़ने का आह्वान करते हैं। इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने 18 जून को ने घोषणा किया कि उसने लेबनान में आक्रामक अभियान के लिए परिचालन योजनाओं को मंजूरी दे दी है।

बॉलीवुड हलचल

कल्कि 2898 एडी ने तीन दिनों में 415 करोड़ की कमाई की

मुंबई। बहुप्रतीक्षित फिल्म कल्कि 2898 एडी ने तीन दिनों में वर्ल्डवाइड 415 करोड़ की कमाई कर ली है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित यह फिल्म 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो गयी है। इस फिल्म को लेकर फैंस में जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' जब से थिएटर्स में रिलीज हुई है, इसका क्रेज लोगों में देखने को मिल रहा है। फिल्म को क्रिटिक्स की ओर से भी पॉजिटिव रिव्यू मिले हैं। इस फिल्म को ऑडियंस और क्रिटिक्स से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। बॉक्स ऑफिस पर भी यह फिल्म तगड़ी कमाई कर रही है। 29 जून को एक तरफ पूरा देश टी-20 वर्ल्ड कप का फाइनल देखने में बिजी था, जिसके चलते ये भी माना जा रहा था कि फैन इंडिया फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की कमाई पर अब इसका असर पड़ सकता है, लेकिन उम्मीद से बिल्कुल उल्टा हुआ।

सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म ककुडा का दमदार पोस्टर रिलीज

मुंबई। सोनाक्षी सिन्हा पिछले कुछ समय से जहीर इकबाल के साथ अपनी शादी को लेकर चर्चा में हैं। 23 जून को अभिनेत्री ने जहीर के साथ रजिस्टर्ड मैरिज की और फिर शानदार रिसेप्शन से महफिल में चार-चांद लगाया। पर्सनल लाइफ में अपनी जिंदगी की नई शुरुआत करने के बाद नई-नवेली दुल्हन सोनाक्षी सिन्हा फिर से अपने काम पर लग गई हैं। शादी के बाद पहली बार उनका सामना भूत-प्रेत से होगा। अभिनेत्री की आगामी फिल्म ककुड़ा की अनाउंसमेंट कुछ दिन पहले ही हुई है। मुंज्या से बॉक्स ऑफिस पर तहलका लाने के बाद आदित्य सरपोतदार एक और हॉरर-कॉमेडी से दर्शकों का मनोरंजन करने जा रहे हैं। मुंज्या तो सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी लेकिन ककुड़ा को ओटीटी पर उतारा जाएगा। इसमें सोनाक्षी सिन्हा भी नजर आने वाली हैं। फिल्म से उनका पोस्टर भी रिवील कर दिया गया है। ककुड़ा में सोनाक्षी सिन्हा इंदिरा की भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म के लेटेस्ट पोस्टर में सोनाक्षी के चेहरे पर खौफ दिख रहा है।

टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत पर सितारों ने दी बधाई

मुंबई। टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत के बाद फिल्मी सितारों ने टीम इंडिया को बधाई दी है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया ने धमाकेदार जीत हासिल की है इस जीत पर बॉलीवुड से लेकर साउथ तक के सितारों ने इंडियन टीम को बधाई दी है। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने एक्स पर लिखा कि टी 5057, आंसू बह रहे हैं। टीम इंडिया के आंसुओं के साथ। विश्व चैंपियन भारत। भारत माता की जय। जय हिन्द जय हिन्द जय हिन्द। अजय देवगन ने अपने ट्वीट में लिखा, ''शब्द खुशी को बयां नहीं कर सकते! बधाई टीम इंडिया, आपने इतिहास रच दिया।

कनाडा में वेस्टजेट की 400 से अधिक उड़ानें रद

टोरंटो। कनाडा की दूसरी सबसे बड़ी विमानन कंपनी वेस्टजेट ने रखरखाव कर्मचारी संघ की हड़ताल की घोषणा के बाद 407 उड़ानें रद कर दीं, जिससे 49,000 यात्री प्रभावित हुए। एयरक्राफ्ट मैकेनिक्स फ्रेटरनल एसोसिएशन ने कहा कि उसके सदस्यों ने विमानन कंपनी की संघ के साथ बातचीत करने की अनिच्छा के कारण शुक्रवार शाम को हड़ताल शुरू कर दी। वेस्टजेट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलेक्सिस वॉन होन्सब्रोच ने इस स्थिति के लिए कनाडा में पैठ बनाने की कोशिश कर रहे अमेरिका के एक संघ को दोषी ठहराया। टोरंटो पीयरसन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल तीन पर शनिवार को धरना दे रहे वेस्टजेट विमान के रखरखाव इंजीनियर सीन मैकवे ने कहा कि हड़ताल विमानन कंपनी को सम्मानजनक तरीके से बातचीत के लिए मजबूर करने का एक प्रयास है।

तैयारी

उत्तर कोरिया ने अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया पर लगाया आरोप

नाटो का एशियाई संस्करण बनाने का आरोप

प्योंगयांग, एजेंसी

● कहा-तीनों देश पहले से ही मिसाइल खतरे का डेटा करते हैं साझा

● राज्य द्वारा संचालित समाचार एजेंसी ने साझा की जानकारी

उत्तर कोरियाई विदेश मंत्रालय ने त्रिपक्षीय सैन्य अभ्यास आयोजित करने को लेकर जापान, अमेरिका और दक्षिण कोरिया पर एशियाई संस्करण का नाटो बनाने का आरोप लगाया है। उत्तर कोरियाई राज्य द्वारा संचालित समाचार एजेंसी केसीएनए ने रविवार को यह जानकारी दी।

जापान, अमेरिका और दक्षिण कोरिया का तीन दिवसीय सैन्य अभ्यास फ्रीडम एज शनिवार को पूर्वी चीन सागर में संपन्न हुआ। उत्तर कोरिया द्वारा बैलिस्टिक मिसाइलों के बढ़ते परीक्षणों के बीच कोरियाई प्रायद्वीप पर तनाव के बीच सैन्य सहयोग को बढ़ावा देने के लिए पिछले अगस्त में कैंप डेविड में तीन-तरफा शिखर सम्मेलन में सालाना

आयोजित होने वाले अभ्यास को डिजाइन किया गया था। बयान में कहा गया है कि कैंप डेविड शिखर सम्मेलन के समापन पर अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया अपने खिलाफ किसी भी खतरे का तुरंत जवाब देने पर सहमत हुए। बयान में कहा गया है कि तीनों देश पहले से ही वास्तविक समय में मिसाइल खतरे का डेटा साझा करते हैं।

बयान में कहा गया है कि नया त्रिपक्षीय सैन्य गुट एक युद्ध और आक्रामकता तंत्र है और वाशिंगटन के आदेश पर अन्य देशों के साथ सैन्य टकराव में प्रवेश करने के लिए तैयार है। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि वाशिंगटन, सोल और टोक्यो के बीच त्रिपक्षीय सैन्य गठबंधन का उद्देश्य न केवल उत्तर कोरिया के खिलाफ है, बल्कि रूस और चीन को भी रोकना है। मंत्रालय ने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एकमात्र वास्तविक खतरा अमेरिकी नीति है, जबकि उत्तर कोरिया की मिसाइल नीति सहित अन्य मुद्दों को सामूहिक प्रतिक्रिया के माध्यम से हल किया जाना चाहिए।